आदितेयः (पुं०) देवता, यह शब्द बहुवचनान्त वायुवाचक है जो कि ४९ हैं।
आदित्यः (पुं०) सूर्य्य, देवता, यह शब्द बहुवचनान्त गणदेवतावाची है जो कि १२ हैं।
आदीनवः (पुं०) दोष, क्लेश।
आदृत (त्रि०) (तः। ता। तम्) आदर किया गया = ई।
आद्य (त्रि०) (द्यः। द्या। द्यम्) पहिला = ली।
आद्यून (त्रि०) (नः। ना। नम्)

जो जीतने की इच्छा वा बड़ाई की इच्छा नहीं करता = ती अर्थात् अत्यन्त भूखा = स्त्री ।
आद्योतः (पुं०) प्रकाश ।
आधारः (पुं०) आधार, पानी का बाँध ।
आधिः (पुं०) बन्धक वा गीरों, विपत्ति, मन की पीड़ा, बैठना ।
आधूत (त्रि०) (तः । ता । तम्) थोड़ा कंपा वा कंपाया गया ।
आधोरणः (पुं०) हाथीवान् ।
आध्यानम् (नपुं०) स्मरण ।
आनकः (पुं०) एक प्रकार का नगाड़ा जिसको भेरी वा पटह कहते हैं ।
आनकदुन्दुभिः (पुं०) वसुदेव ।
आनत (त्रि०) (तः । ता । तम्) जिसने मुख नीचे किया है ।
आनद्धम् (नपुं०) मृदङ्ग ढोलक इत्यादि चमड़े से मढ़ा बाजा
आननम् (नपुं०) मुख ।
आनन्दः (पुं०) सुख ।
आनन्दथुः (पुं०) तथा ।
आनन्दनम् (नपुं०) कुशलप्रश्नादि से किया गया आनन्द ।
आनर्तः (पुं०) आनर्त देश, संग्राम, नृत्य का स्थान ।
आनायः (पुं०) जाल ।
आनाय्यः (पुं०) एक प्रकार का यज्ञ का अग्नि जो गार्हपत्य से ल्याय करके दक्षिणाग्नि बनाया जाता है ।
आनाहः (पुं०) मल मूत्र का रोध वा रोकावट ।
आनुपूर्वम् (नपुं०) क्रम वा परम्परा
आनुपूर्वी (स्त्री) तथा ।
आनुपूर्व्यम् (नपुं०) तथा ।
आन्त्रम् (नपुं०) पेट की अंतड़ी ।
आन्त्री (स्त्री) पेट की अंतड़ी, वृन्दारक नाम एक वृक्ष ।
आन्धसिकः (पुं०) रसोईदार ।
आन्वीक्षिकी (स्त्री) तर्कविद्या ।
आपः, बहुवचनान्त, इसका मूल शब्द "अप्" है, (स्त्री) जल ।
आपक्कम् (नपुं०) पौलि में देखो ।
आपगा (स्त्री) नदी ।
आपणः (पुं०) बजार ।
आपणिकः (पुं०) बनिया ।
आपत्प्राप्त (त्रि०) (प्तः । प्ता । प्तम्) जो विपत्ति को प्राप्त है ।
आपद् (स्त्री) (त्-द्) विपत्ति ।
आपन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) जो विपत्ति को प्राप्त है ।
आपन्नसत्वा (स्त्री) गर्भवती स्त्री ।
आपमित्यकम् (नपुं०) बदल कर

ली हुई चीज़ जैसा—एक चीज़ देकर दूसरी चीज़ लिई।
आपानम् (नपुं०) मद्यपान के लिये सभा।
आपीड़ः (पुं०) शिखा में बाँधने की माला।
आपीनम् (नपुं०) गैया के स्तन का ओहा।
आपूपिकः (पुं०) तैलपक्व इत्यादि भक्ष्य पदार्थ का बनानेवाला।
आपूपिकम् (नपुं०) रोटियों का राशि।
आप्त (त्रि०) (प्तः। प्ता। प्तम्) विश्वस्त अर्थात् जिसके ऊपर विश्वास होता है।
आप्य (त्रि०) (प्यः। प्या। प्यम्) जल का विकार वा जल से बनी वस्तु।
आप्यायनम् (नपुं०) तृप्त करना।
आप्रच्छनम् (नपुं०) कुशलप्रश्ना-दि से किया गया अनुमोदन वा आनन्द, अपने जाने के लिये पूछना।
आप्रपदम् (नपुं०) पाद के अग्र-भाग तक।
आप्रपदीन (त्रि०) (नः। ना। नम्) जो वस्त्र इत्यादि पैर तक लम्बा होय।
आप्लवः (पुं०) स्नान। [आप्लावः]
आप्लवव्रतिन् (पुं०) (ती) स्नातक में देखो।
आप्लुतव्रतिन् (पुं०) (ती) तथा।
आबन्धः (पुं०) योक्त्र में देखो।
आभरणम् (नपुं०) भूषण वा गहना।
आभाषणम् (नपुं०) बातचीत करना।
आभास्वराः, बहुवचनान्त (पुं०) ६४ गणदेवता।
आभीरः (पुं०) ग्वाल वा अहिर [अभीरः]
आभीरपल्ली (स्त्री) गोपका गाँव वा घर [आभीरपल्लिः]
आभीरी (स्त्री) अहिर जाति-वाली स्त्री वा अहिर की स्त्री।
आभील (त्रि०) (लः। ला। लम्) (नपुं०) शरीर की पीड़ा, (त्रि०) पीड़ायुक्तशरीरवाला = ली।
आभोगः (पुं०) परिपूर्णता।
आमगन्धि (त्रि०) (न्धिः। न्धिः —न्धी। न्धि) (नपुं०) कच्चे माँस इत्यादि का गन्ध (त्रि०) कच्चे मांस का गन्धवाला = ली
आमनस्यम् (नपुं०) मन की पीड़ा।
आमयः (पुं०) रोग।

आमयाविन् (त्रि०) (वी । विनी । वि) रोगी ।

आमलक (त्रि०) (कः । की । कम्) अंवरा ।

आमिक्षा (स्त्री) पक्के और उष्ण दूध में दही डालने से जो वस्तु बनजाता है अर्थात् छेना ।

आमिषम् (नपुं०) माँस, दूध ।

आमिशाशिन् (त्रि०) (शी । शिनी शि) मत्स्य मांस का खानेवा-ला = ली ।

आमुक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) (त्रि०) पहिना गया हार इत्यादि, (पुं०) जिस योद्धा ने कवच पहिना है ।

आमोदः (पुं०) हर्ष, अत्यन्त मनोहर गन्ध ।

आमोदिन् (त्रि०) (दी । दिनी । दि) मुख को सुगन्ध देनेवाला बीड़ा इत्यादि, गन्धयुक्त, हर्षयुक्त ।

आम् (अव्यय) हाँ वा इसी प्रकार से [आँ]

आम्नायः (पुं०) वेद, गुरुपरम्परा से चला आया अच्छा उपदेश ।

आम्रः (पुं० । नपुं०) (म्रः । म्रम्) (पुं०) आम वृक्ष, (नपुं०) आम फल ।

आम्रातकः (पुं०) अमड़ा, [अम्रातकः]

आम्रेडित (त्रि०) (तः । ता । तम्) जो दो वा तीन बार कहा गया जैसा—सांप सांप ।

आम्लिका (स्त्री) इमिली [आम्लीका]

आयत (त्रि०) (तः । ता । तम्) लम्बा = म्बी ।

आयतनम् (नपुं०) घर, यज्ञस्थान, नाम रक्खा हुआ वृक्ष ।

आयतिः (स्त्री) आनेवाला समय, प्रभाव, लम्बाई ।

आयत्त (त्रि०) (त्तः । त्ता । त्तम्) अधीन वा परतन्त्र ।

आयामः (पुं०) लम्बाई ।

आयुधम् (नपुं०) शस्त्र खड्ग इत्यादि ।

आयुधिकः (पुं०) शस्त्रजीविका वाला ।

आयुधीयः (पुं०) तथा ।

आयुष् (नपुं०) (युः) जीवनकाल ।

आयुष्मत् (त्रि०) (ष्मान् । ष्मती । ष्मत्) प्रशस्त वा बड़े आयुर्बल वाला = ली ।

आयोधनम् (नपुं०) सङ्ग्राम ।

आरकूट (पुं० । नपुं०) (टः ।

टम्) पीतर ।

आरग्वधः (पुं॰) अमिलतास [आर्ग्वधः] [अरग्वधः] [अर्ग्वधः]

आरतिः (स्त्री) बड़ी प्रीति, उपरति में देखो ।

आरनालकम् (नपुं॰) काँजी ।

आरम्भः (पुं॰) प्रारम्भ, उत्पत्ति ।

आरवः (पुं॰) शब्द ।

आरा (स्त्री) लकड़ी चीरने का आरा ।

आरात् (अव्यय) दूर, समीप ।

आराधनम् (नपुं॰) सन्तुष्ट करना, सिद्ध करना, लाभ ।

आरामः (पुं॰) घर का उपवन वा बगीचा ।

आरालिकः (पुं॰) रसोईंदार ।

आरावः (पुं॰) शब्द ।

आरेवतः (पुं॰) अमिलतास ।

आरोग्यम् (नपुं॰) आरोग्य वा रोग का न रहना ।

आरोहः (पुं॰) चढ़ना, श्रेष्ठ स्त्री का कटिभाग, वृक्ष इत्यादि की उंचाई ।

आरोहणम् (नपुं॰) चढ़ना, पत्थर इत्यादि की सीढ़ी ।

आर्तगलः (पुं॰) नीली कठसरैया [अन्तर्गलः]

आर्तवम् (नपुं॰) महीने भर पर स्त्री को जो रुधिर जाता है

आर्द्र (त्रि॰) (द्रः । द्रा । द्रम्) ओदा = दी ।

आर्द्रकम् (नपुं॰) आदी नाम एक प्रकार का तीता कन्द ।

आर्य (त्रि॰) (र्यः । र्या । र्यम्) (त्रि॰) श्रेष्ठ वा कुलीन (स्त्री) सास ।

आर्यावर्तः (पुं॰) विन्ध्य और हिमालय के बीच का देश ।

आर्षभ्यः (पुं॰) साँड़ होने के योग्य बैल ।

आर्हकः (पुं॰) स्याद्वादिक में देखो

आलबालम् (नपुं॰) वृक्षों का थाला [आलवालम्]

आलम् (नपुं॰) हरताल ।

आलम्भः (पुं॰) मार डालना, स्पर्श वा आलिङ्गन करना ।

आलयः (पुं॰) घर ।

आलवालम् (नपुं॰) वृक्षों का थाला ।

आलस्य (त्रि॰) (स्यः । स्या । स्यम्) (त्रि॰) आलसी (नपुं॰) आलस्य वा सुस्ती ।

आलानम् (नपुं॰) हाथी के बाँधने का खूंटा ।

आलापः (पुं॰) बात चीत करना

आलिः (स्त्री) सखी, पंक्ति, बिच्छी,

सेतु वा पुल [आली]
आलिङ्ग्य (त्रि०) (ङ्ग्यः। ङ्ग्या। ङ्ग्यम्) (त्रि०) आलिङ्गन करने के योग्य, (पुं०) गोपुच्छ के सदृश मृदङ्ग।
आलीढम् (नपुं०) बाण चलाने के समय में वीर की स्थिति विशेष अर्थात् जिस में दहिनी जङ्घा फैली रहती है और बायीं जङ्घा सङ्कुचित रहती है
आलुः (स्त्री) चावल इत्यादि के धोने का पात्र करवेती वा कठवत [आलूः]
आलोकः (पुं०) प्रकाश, देखना।
आलोकनम् (नपुं०) देखना।
आवपनम् (नपुं०) पात्र।
आवर्तः (पुं०) जल का घूमना जिस को नाँद कहते हैं, एक प्रकार का राजा इत्यादि कों का घर।
आवलिः (स्त्री) पंक्ति।
आवसित (त्रि०) (तः। ता। तम्) साफ करके ढेरी किया हुआ अन्न [अवसितम्]
आवापः (पुं०) वृक्षों का थाला।
आवापकः (पुं०) प्रकोष्ठ का गहना कड़ा वा पहुंची।
आवालम् (नपुं०) वृक्षों का थाला
आविग्नः (पुं०) करौंदा वृक्ष।
आविद्ध (त्रि०) (द्धः। द्धा। द्धम्) टेढ़ा = ढ़ी, प्रेरित वा चलाया गया = ई।
आविधः (पुं०) बढ़ई का बरमा जिस से काठ छेदते हैं।
आविर् (अव्यय) (विः) प्रगट अर्थ में।
आविल (त्रि०) (लः। ला। लम्) मलिन।
आवुकः, नाट्य में (पुं०) पिता।
आवुत्तः, नाट्य मे (पुं०) बहनोई [आवूत्तः]
आवृत (त्रि०) (तः। ता। तम्) लपेटा वा घेरा हुआ = ई।
आवृत् (स्त्री) क्रम वा परिपाटी।
आवेगी (स्त्री) वृद्धदारक ओषधी।
आवेशनम् (नपुं०) कारीगर का घर।
आवेशिकः (पुं०) घरपर जो आवे अर्थात् अतिथि वा पहुना।
आशयः (पुं०) अभिप्राय।
आशरः (पुं०) राक्षस।
आशा (स्त्री) बड़ी तृष्णा, दिशा
आशित (त्रि०) (तः। ता। तम्) जहाँ गैया इत्यादि को पहिले खिलाया गया वह स्थान, खायामया = ई।

आशितङ्गवीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) जहां गैया इत्यादि को पहिले खिलायागया वह स्थान
आशिष् (स्त्री) (शीः) आशीर्वाद, सर्प का विषदन्त ।
आशीविषः (पुं०) सर्प ।
आशु (अव्यय) जल्दी ।
आशु (त्रि०) (शुः । शुः । शु) (त्रि०) जल्दीबाज (पुं०) धान ।
आशुगः (पुं०) बाण, वायु ।
आशुव्रीहिः (पुं०) धान ।
आशुशुक्षणिः (पुं०) अग्नि ।
आशंसितृ (त्रि०) (ता । त्री । तृ) वाञ्छा करने वाला = ली
आशंसु (त्रि०) (सुः । सुः । सु) तथा ।
आश्चर्य (त्रि०) (र्यः । र्या । र्यम्) (नपुं०) आश्चर्य्य, अद्भुत रस, (त्रि०) आश्चर्यवाला = ली, अद्भुतरसवाला = ली ।
आश्रम (पुं० । नपुं०) (मः । मम्) ब्रह्मचर्य, गार्हपत्य, वानप्रस्थ, सन्यास-इन में प्रत्येक का यह नाम है ।
आश्रयः (पुं०) आश्रय वा अवलम्ब [आशयः]
आश्रयाशः (पुं०) अग्नि ।
आश्रव (त्रि०) (वः । वा । वम्) (पुं०) अङ्गीकार, (त्रि०) कहना माननेवाला = ली ।
आश्रुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) अङ्गीकार किया गया = ई ।
आश्लिष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) अप्रकट बोलना ।
आश्वम् (नपुं०) घोड़ों का समूह ।
आश्वत्थम् (नपुं०) पीपर का फल ।
आश्वयुजः (पुं०) कुआर महीना ।
आश्विनः (पुं०) तथा ।
आश्विनेयौ, द्विवचनान्त (पुं०) अश्विनीकुमार ।
आश्वीनम् (नपुं०) जो रस्ता घोड़ा एक दिन में जा सकता है ।
आषाढः (पुं०) असाढ़ महीना, ब्रह्मचर्य में पलाश का दण्ड ।
आसक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) आसक्त वा तत्पर ।
आसन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) (पुं०) बिजयसार (नपुं०) पीढ़ा इत्यादि आसन, हाथियों का काँधा, बैठना ।
आसना (स्त्री) बैठना ।
आसन्दी (स्त्री) एक प्रकार का मञ्च ।
आसनपर्णी (स्त्री) पटसण ।
आसन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) समीपवाला = ली ।
आसवः (पुं०) मैरेय मद्य ।

आसादित (त्रि०) (तः। ता। तम्) प्राप्त कियागया वा पाया गया = ई।

आसारः (पुं०) वृष्टि, चारो ओर सेना का फैलना।

आसित (त्रि०) (तः। ता। तम्) बैठने का स्थान, जहां गैयां इत्यादि को पहिले खिलाया-गया वह स्थान।

आसुरी (स्त्री) राई।

आसेचनक (त्रि०) (नकः। निका। नकम्) जिसके देखने से नेत्र और मन को तृप्ति न हो वा तृप्ति का अन्त न हो।

आस्कन्दनम् (नपुं०) युद्ध।

आस्कन्दित (त्रि०) (तः। ता। तम्) (त्रि०) दबायागया वा जीता गया = ई, एक प्रकार की घोड़े की गति जिसमें कि घोड़ा न देखता है न सुनता है।

आस्तरणम् (नपुं०) बिछौना, हाथी का झूल।

आस्था (स्त्री) सभा, प्रयत्न वा उपाय।

आस्थानम् (नपुं०) सभा।

आस्थानी (स्त्री) तथा।

आस्पदम् (नपुं०) प्रतिष्ठा, कार्य।

आस्फोट (पुं०। स्त्री) (टः। टा) (पुं०) मंदार [आस्फोतः] (स्त्री) वन में उत्पन्न भई बेला का फूल, विष्णुक्रान्ता वा कौवा-ठोंठी फूल, [आस्फोता]

आस्फोटनी (स्त्री) मोती इत्यादि के बेधने की सूई [लास्फोटनी]

आस्यम् (नपुं०) मुख।

आस्या (स्त्री) बैठना।

आस्रवः (पुं०) क्लेश।

आहत (त्रि०) गुणित—जैसे,—पांच से गुणित चार बीस हो-ता है, मिथ्यार्थक—जैसा,—"वन्ध्या का पुत्र जाता है", ताड़ित।

आहतलक्षणः (पुं०) शौर्यादि गुणों से प्रसिद्ध [आहितलक्षणः]

आहवः (पुं०) युद्ध।

आहवनीय (त्रि०) (यः। या। यम्) होम करने के योग्य प-दार्थ, (पुं०) यज्ञ में एक प्र-कार का अग्नि।

आहारः (पुं०) भोजन।

आहार्य (त्रि०) (र्यः। र्या। र्यम्) (त्रि०) बुद्धि से आरोप करने के योग्य, भोजन करने के योग्य, (पुं०) पर्वत।

आहावः (पुं०) कूप के समीप में रचित जलाधार वा हौद।

आहितुण्डिकः (पुं०) सर्प का पकड़नेवाला वा सर्प से खेलनेवाला।
आहेय (त्रि०) (यः । यी । यम्) सर्पसम्बन्धी हड्डी विष इत्यादि वस्तु ।
आहो (अव्यय) विकल्प अर्थ में ।
आहोपुरुषिका (स्त्री) अपने में शक्ति का प्रकाश करना ।
आह्वयः (पुं०) नाम ।
आह्वा (स्त्री) तथा ।
आह्वानम् (नपुं०) पुकारना ।

—०❋०—

(इ)

इ (पुं० । अव्यय) (इः । इ) (पुं०) कामदेव, (अव्यय) विस्मय वा आश्चर्य ।
इक्षुः (पुं०) ऊख ।
इक्षुगन्धा (स्त्री) भ्यौड़ी वृक्ष, काश एक प्रकार का तृण, गोखरू ओषधी, तालमखाना, सपेद भूमिकोंहड़ा ।
इक्षुरः (पुं०) तालमखाना।
इक्षुरसोदः (पुं०) एक प्रकार का समुद्र जो ऊख के रस से भरा है
इक्षुरस्यः (पुं०) एक तरह का ऊख ।
इक्ष्वाकुः (पुं०) सूर्यवंशी एक राजा, कड़ुवा तुम्बा ।
इङ्ग (त्रि०) (ङ्गः । ङ्गा । ङ्गम्) (त्रि०) गमनस्वभाववाला (पुं०) अभिप्राय के अनुरूप चेष्टा ।
इङ्गितम् (नपुं०) अभिप्राय के अनुसार चेष्टा ।
इङ्गुदी (स्त्री) इंगुआ एक वृक्ष वा जीयापूता ।
इच्छा (स्त्री) चाह ।
इच्छावत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) धन इत्यादि की इच्छा करनेवाला = ली ।
इज्जलः (पुं०) स्थल का बेंत, समुद्र का फल ।
इज्या (स्त्री) यज्ञ वा याग ।
इज्याशीलः (पुं०) यज्ञ करनेका जिसका स्वभाव है ।
इट्चरः (पुं०) साँड़ [इट्वरः]
इडा (स्त्री) एक प्रकार की नाड़ी, गैया, पृथ्वी, वाणी, [इला]
इतर (त्रि०) (रः । रा । रत्) अन्य, नीच ।
इतरेद्युस् (अव्यय) (द्युः) इतर वा अन्य दिवस ।

इति (अव्यय) समाप्ति, हेतु, प्रकरण, प्रकाश, इस प्रकार से।
इतिह (अव्यय) ऐतिह्य में देखो
इतिहासः (पुं०) भारत इत्यादि कथा ।
इत्वरः (पुं०) साँड़ ।
इत्वरी (स्त्री) कुलटा वा खानगी स्त्री ।
इदानीम् (अव्यय) इसघड़ी ।
इध्मम् (नपुं०) इन्धन वा लकड़ी ।
इनः (पुं०) प्रभु वा स्वामी, सूर्य ।
इन्दिरा (स्त्री) लक्ष्मी ।
इन्दीवरम् (नपुं०) नील कमल ।
इन्दीवरी (स्त्री) सतावर ओषधी
इन्दुः (पुं०) चन्द्रमा ।
इन्द्रः (पुं०) इन्द्र ।
इन्द्रद्रुः (पुं०) अर्जुन वृक्ष वा कौपातक ।
इन्द्रयव (पुं० । नपुं०) (वः । वम्) इन्द्रजव ओषधी ।
इन्द्रलुप्तकः (पुं०) केशघ्न एक प्रकार का रोग है जिससे मोंछ दाढ़ी वा सिर के बाल झड़ जाते हैं ।
इन्द्रवारुणी (स्त्री) इन्द्रारुनवृक्ष ।
इन्द्रसुरसः (पुं०) स्योंड़ी वृक्ष ।
इन्द्रसुरिसः (पुं०) तथा ।
इन्द्राणिका (स्त्री) तथा ।
इन्द्राणी (स्त्री) इन्द्र की स्त्री ।
इन्द्रायुधम् (नपुं०) इन्द्र का धनुष् जो प्रायः वर्षाकाल में आकाश में देख पड़ता है ।
इन्द्रारिः (पुं०) असुर वा दैत्य ।
इन्द्रावरजः (पुं०) वामनावतार विष्णु, दैत्य ।
इन्द्रियम् (नपुं०) चक्षुरादि इन्द्रिय, वीर्य ।
इन्द्रियार्थः (पुं०) रूप रस गन्ध स्पर्श और शब्द ये इन्द्रियार्थ कहलाते हैं ।
इन्धनम् (नपुं०) आग जलाने की लकड़ी ।
इभ (पुं० । स्त्री) (भः । भी) (पुं०) हाथी, (स्त्री) हथिनी ।
इभ्य (त्रि०) (भ्यः । भ्या । भ्यम्) धनवान् ।
इरणम् (नपुं०) सूनसान वा वीरान स्थान, ऊसर, [इरिणम्] [ईरणम्] [ईरिणम्]
इरम्मदः (पुं०) परस्पर टक्कर लगने से जो तेज मेघ से निकल कर वृक्षादि पर गिरता है अर्थात् मेघज्योति ।
इरा (स्त्री) मद्य, भूमि, वाणी, जल ।
इर्वारुः (स्त्री) ककड़ी फल ।

[इर्वालुः] [ईर्वालुः]

इला (स्त्री) बुध की पत्नी, इडा में देखो।

इल्वलाः, बहुवचन (स्त्री) मृगशिरा नक्षत्र के मस्तक देश में रहने वाले पाँच छोटे तारा।

इव (अव्यय) तुल्यता अर्थ में।

इषः (पुं०) कुआर महीना।

इषिका (स्त्री) हाथियों का नेत्रगोलक, [ईषिका] [इषीका] [ईषीका]

इषु (पुं० । स्त्री) (षुः । षुः) बाण वा तीर।

इषुधि (पुं० । स्त्री) (धिः । धिः—धी) बाण का घर वा तरकस।

इष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) (त्रि०) इष्ट वा चाही हुई वस्तु, (नपुं०) यज्ञ, दान।

इष्टकापथम् (नपुं०) खस वा एक प्रकार की सुगन्धयुक्त घास।

इष्टगन्धः (पुं०) मनोहर गन्ध।

इष्टार्थोद्युक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) इष्ट वा चाहे हुये अर्थ में उद्योग करनेवाला = ली।

इष्टिः (स्त्री) यज्ञ, इच्छा।

इष्वासः (पुं०) धनुष्।

इह (अव्यय) इस स्थान पर।

(.......o.......)

(ई)

ईः (स्त्री) लक्ष्मी।

ईक्षणम् (नपुं०) नेत्र, देखना।

ईक्षणिका (स्त्री) विप्रश्निका में देखो।

ईडित (त्रि०) (तः । ता । तम्) स्तुति कियागया = ई, [ईलित]

ईतिः (स्त्री) ईति सात प्रकार की होती है—अतिवृष्टि, सूखा पड़ना, खेतों में मूसा का लगना, टिड्डियों का उपद्रव, सुग्गों से हानि, और राजाओं से वैर, इन प्रत्येक को 'ईति' कहते हैं, प्रवास वा परदेश में वास।

ईरित (तः । ता । तम्) फेंकागया = ई वा चलायागया = ई वा प्रेरित हुआ = ई।

ईर्म्मम् (नपुं०) व्रण वा घाव।

ईर्ष्या (स्त्री) दूसरे की उन्नति को न सहना।

ईलित (त्रि०) (तः । ता । तम्) ईडित में देखो।

ईली (स्त्री) एक प्रकार की तलवार जिसको खाँड़ा वा गुप्ती कहते हैं [ईलिः] [इली]

ईशः (पुं०) स्वामी, शिव।

ईशानः (पुं०) शिव।

ईशानी (स्त्री) पार्वती ।
ईशितृ (त्रि०) (ता । त्री । तृ) प्रभु वा स्वामी ।
ईशित्वम् (नपुं०) प्रभुता ।
ईश्वरः (पुं०) स्वामी, शिव ।
ईश्वरी (स्त्री) पार्वती ।
ईषत् (अव्यय) थोड़ा ।
ईषा (स्त्री) हल का दण्ड, [ईशा]
ईषिका (स्त्री) सींक, तूलिका में देखो [इषिका] [इषीका]
ईहा (स्त्री) इच्छा ।
ईहामृगः (पुं०) हुंडार वा वृक नामक वनजन्तु ।

——000——

(उ)

उ (पुं० । अव्यय) (उः । उ) (पुं०) शिव, (अव्यय) वितर्क अर्थ में, क्रोध से बोलने में ।
उक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) (नपुं०) बोलना, (त्रि०) कहागया = ई ।
उक्तिः (स्त्री) बोलना ।
उक्थम् (नपुं०) सामभेद ।
उक्षन् (पुं०) (क्षा) बैल ।
उखा (स्त्री) बटलोही इत्यादि अर्थात् दाल भात इत्यादि चुराने का बरतन [उषा]
उख्य (त्रि०) (ख्यः । ख्या । ख्यम्) जो बटलोही में पकाया गया = ई ।
उग्र (त्रि०) (ग्रः । ग्रा । ग्रम्) (पुं०) शिव, क्षत्रिय से शूद्रा स्त्री में उत्पन्न, (नपुं०) रौद्ररस, (त्रि०) रौद्ररसवाला = ली ।
उग्रगन्धा (स्त्री) बच ओषधी, अजवाइन ओषधी ।
उच्च (त्रि०) (च्चः । च्चा । च्चम्) ऊंचा = ची ।
उच्चटा (स्त्री) मोथा वा एक प्रकार की घास ।
उच्चण्ड (त्रि०) (ण्डः । ण्डा । ण्डम्) (नपुं०) जलदी, (त्रि०) जलदीबाज वा जल्दी करने वाला = ली ।
उच्चारः (पुं०) विष्ठा ।
उच्चावच (त्रि०) (चः । चा । चम्) बहुत प्रकार का वस्तु, ऊंचा नीचा ।
उच्चैर्घुष्टम् (नपुं०) ऊंचा शब्द ।
उच्चैश्श्रवस् (पुं०) (वाः) इन्द्र का

घोड़ा ।
उच्चैस् (अव्यय) (च्चैः) बड़ा, बड़ाई ।
उच्छ्रयः (पुं०) ऊंचाई ।
उच्छ्रायः (पुं०) तथा ।
उच्छ्रित (त्रि०) (तः । ता । तम्) ऊंचा = ची, उत्पन्न, अहङ्कार-युक्त, अत्यन्त बड़ा = ड़ी ।
उज्जासनम् (नपुं०) मारडालना
उज्ज्वल (त्रि०) (लः । ला । लम्) (पुं०) श्वेत रङ्ग, शृङ्गार रस, (त्रि०) निर्मल, सफेद वा श्वेत, शृङ्गाररसवाला = ली ।
उञ्छः (पुं०) लवने के समय खेत में गिरे हुये अन्न का एक एक दाना करके बीनना ।
उटज (पुं० । नपुं०) (जः । जम्) पत्तों से छाया घर वा मुनियों की कुटी ।
उडु (स्त्री । नपुं०) (डुः । डु) अश्विन्यादि तारा ।
उडुपम् (नपुं०) तृण इत्यादि से बना हुवा पार उतरने का साधन जैसा—घरनई इत्यादि ।
उड्डीनम् (नपुं०) पक्षी का ऊपर चलना वा उड़ना ।
उत (अव्यय) विकल्प जैसा—यह वा वह, 'भी' इस अर्थ में वा 'अपि' इस अर्थ में ।
उत (त्रि०) (तः । ता । तम्) पोयागया = ई वा सीयागया = ई । [ऊत]
उताहो (अव्यय) विकल्प जैसा—यह वा वह ।
उत् (अव्यय) ऊपर ।
उत्क (त्रि०) (त्कः । त्का । त्कम्) उत्कण्ठितचित्तवाला = ली वा अत्यन्त लालसायुक्त ।
उत्कट (त्रि०) (टः । टा । टम्) तेज वा तीखा = खी, मतवाला = ली ।
उत्कण्ठा (स्त्री) बड़ी इच्छा ।
उत्करः (पुं०) राशि वा ढेरी ।
उत्कर्षः (पुं०) प्रकर्ष वा प्रकृष्टता वा बड़ाई ।
उत्कलिका (स्त्री) उत्कण्ठा वा बड़ी इच्छा, कल्लोल वा खेलना ।
उत्कारः (पुं०) धान्यादि के साफ करने के लिये वा ओसावने के लिये पात्र दौरी इत्यादि ।
उत्क्रोशः (पुं०) कुररी एक पक्षी ।
उत्त (त्रि०) (त्तः । त्ता । त्तम्) ओदा = दी, गीला = ली ।
उत्तप्तम् (नपुं०) सूखा माँस ।
उत्तम (त्रि०) (मः । मा । मम्)

प्रधान वा श्रेष्ठ ।

उत्तमर्णः (पुं०) ऋणदेनेवाला ।

उत्तमाङ्गम् (नपुं०) मस्तक ।

उत्तर (त्रि०) (रः । रा । रम्) (त्रि०) उत्तर देश में उत्पन्न भया = ई, श्रेष्ठ वा मुख्य, (पुं०। स्त्री) उत्तर दिशा, (पुं०)विराट का पुत्र, ऊपर (स्त्री) विराट की पुत्री, (नपुं०) उत्तर वा जवाब ।

उत्तरायणम् (नपुं०) सूर्य की उत्तर दिशा में गति ।

उत्तरासङ्गः (पुं०) दुपट्टा इत्यादि वस्त्र जो काँधे पर रक्खा जाता है ।

उत्तरीयम् (नपुं०) तथा ।

उत्तरेद्युस् (अव्यय) (द्युः) अगाड़ी आनेवाला दिन ।

उत्तान (त्रि०) (नः । ना । नम) छिछिला, उताना = नी ।

उत्तानशय (त्रि०) (यः । या । यम्) (स्त्री) छोटी लड़की, (त्रि०) उताना सूतनेवाला = ली

उत्तंसः (पुं०) कर्णफूल नाम कान का गहना, सिरपेंच ।

उत्थानम् (नपुं०) उठना वा खड़ा होना, उद्योग, कुटुम्बकार्य, सिद्धान्त, उत्तम औषध ।

उत्थित (त्रि०) (तः । ता । तम्) (त्रि०) उत्पन्न, उठा वा खड़ा हुआ = ई, वृद्धि – मान् = मती, तैयार वा उद्यत हुआ = ई ।

उत्पतित्व (पुं०) (ता) उड़नेवाला ।

उत्पलिच्छुः (पुं०) तथा ।

उत्पत्तिः (स्त्री) जन्म ।

उत्पन्न (स्त्री) (न्नः । न्ना । न्नम्) पैदा हुवा = ई ।

उत्पलम् (नपुं०) कमल, कोई फूल, कुट्ट ओषधी ।

उत्पलशारिवा (स्त्री) सरिवन ओषधी ।

उत्घातः (पुं०) उपद्रव वा उत्पात ।

उत्फुल्ल (त्रि०) (ल्लः । ल्ला । ल्लम्) फूला हुआ वृक्ष इत्यादि

उत्सः (पुं०) पानी का झरना जो पर्वत इत्यादि से निकलता है

उत्सर्जनम् (नपुं०) दान ।

उत्सवः (पुं०) उत्सव वा मङ्गल कार्य, औद्धत्य वा गर्व वा बड़ाई, कोप, इच्छा का वेग, आनन्द का समय ।

उत्सादनम् (नपुं०) नाश करना वा उखाड़ देना, उबटना जैसा तैल इत्यादि से शरीर में लेप करना ।

उत्साहः (पुं०) मन की वेग से प्रवृत्ति वा लगना ।
उत्साहनम् (नपुं०) उभाड़ना ।
उत्साहवर्द्धन (त्रि०) (नः । नी । नम्) उत्साह को बढ़ानेवाला =ली ।
उत्सुक (त्रि०) (कः । का । कम्) इष्ट अर्थ में उद्योग करनेवाला =ली ।
उत्सृष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) त्याग किया गया = ई ।
उत्सेधः (पुं०) उंचाई, शरीर ।
उदकम् (नपुं०) जल ।
उदक् (अव्यय) उत्तर दिशा वा उत्तर देश ।
उदक्या (स्त्री) रजस्वला वा रजोधर्मवती स्त्री ।
उदग्भव (त्रि०) (वः । वा । वम्) उत्तर दिशा में उत्पन्न भया = ई
उदग्र (त्रि०) (ग्रः । ग्रा । ग्रम्) उन्नत, ऊंचा = ची ।
उदजः (पुं०) पशु अर्थात् गैया इत्यादि का हाँकना ।
उदधिः (पुं०) समुद्र ।
उदन्तः (पुं०) वृत्तान्त वा समाचार ।
उदन्या (स्त्री) पिपासा वा पियास
उदन्वत् (पुं०) (न्वान्) समुद्र ।
उदपान (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) कूप वा कूआँ ।
उदयः (पुं०) उदय होना, वृद्धि, उदयाचल पर्वत ।
उदरम् (नपुं०) पेट ।
उदर्कः (पुं०) अगाड़ी होनेवाला फल ।
उदवसितम् (नपुं०) घर ।
उदश्वित् (नपुं०) आधा जल मिलाकर मथेहुए दही का मंठा ।
उदात्तः (पुं०) बड़ा, उदात्तस्वर ।
उदानः (पुं०) कण्ठ का वायु ।
उदारः (पुं०) दाता, बड़ा, सरल वा सूधा ।
उदासीनः (पुं०) जो न किसी का शत्रु न किसी का मित्र है ।
उदाहारः (पुं०) जिसका वर्णन करना है ऐसे उपयोगी वा उपकारक अर्थ का वर्णन वा प्रकृत वा प्रसंगोपात्त का साधक दृष्टान्तादि वा उदाहरण ।
उदित (त्रि०) (तः । ता । तम्) कहागया = ई, बाँधा हुवा = ई
उदीची (स्त्री) उत्तर दिशा ।
उदीचीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) उत्तर दिशा में उत्पन्न भया = ई ।
उदीचीपतिः (पुं०) कुबेर ।

उदीच्य (त्रि०) (च्यः। च्या। च्यम्) उत्तर दिशा सैं वा देश में उत्पन्न भई वस्तु (पुं०) शरावती नदी से पश्चिम उत्तर का देश, (नपुं०) नेत्रबाला ओषधी।

उदुम्बर (पुं०। नपुं०) (रः। रम्) (पुं०) गुल्लर का वृक्ष, (नपुं०) गुल्लर का फूल, ताँबा धातु।

उदुम्बरपर्णी (स्त्री) वज्रदन्ती ओषधीवृक्ष। [उडुम्बरपर्णी] [ऊदुम्बरपर्णी]

उदूखलम् (नपुं०) कूटने के लिये ऊखल वा ओखरी, गुगुल का वृक्ष।

उद्गत (त्रि०) (तः। ता। तम्) उत्पन्न भया = ई निकला = ली, वमन किया गया अन्नादि।

उद्गमनीयम् (नपुं०) धोये हुए कपड़ों का जोड़ा।

उद्गाढ (त्रि०) (ढः। ढा। ढम्) (नपुं०) अतिशय, (त्रि०) अतिशयवाला = ली।

उद्गातृ (पुं०) (ता) यज्ञ में सामवेद का जाननेवाला ऋत्विक्।

उद्गारः (पुं०) वमन करना।

उद्गीथः (पुं०) सामभेद।

उद्गूर्ण (त्रि०) (र्णः। र्णा। र्णम्) मारने के लिये उठाया खड्गादि।

उद्ग्राहः (पुं०) टेकारना।

उद्घः (पुं०) प्रशस्त वा प्रशंसा के योग्य।

उद्घनः (पुं०) जिस काठ पर काठ रख के काटते हैं।

उद्घाटनम् (नपुं०) खोलना, रहट वा एक प्रकार का पानी खींचने का यन्त्र।

उद्घातः (पुं०) प्रारम्भ, ठोकर।

उद्दानम् (नपुं०) बन्धन।

उद्दालः (पुं०) लिसोड़ा वृक्ष, एक ऋषि।

उद्दालकः (पुं०) तथा।

उद्दित (त्रि०) (तः। ता। तम्) बाँधाहुआ = ई। [उदित]

उद्द्रावः (पुं०) भागना।

उद्धर्षः (पुं०) उत्सव।

उद्धवः (पुं०) कृष्ण का मन्त्री, उत्सव।

उद्धानम् (नपुं०) चूल्हा, [उद्ध्मानम्] [उद्धारम्]

उद्धान्त (त्रि०) (न्तः। न्ता। न्तम्) वमन कियागया अन्नादिक [उद्वान्त] [उद्धात]

उद्धारः (पुं०) ऋण, खींच के निकालना।

उद्धृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) खींच के निकाला हुआ = हुई ।
उद्भवः (पुं०) जन्म वा उत्पत्ति ।
उद्भिज्ज (त्रि०) (ज्जः । ज्जा । ज्जम्) पृथ्वी को फाड़ के उत्पन्न होने-वाले वृक्ष लता इत्यादि ।
उद्भिदम् (नपुं०) तथा ।
उद्भिद् (त्रि०) (त्-द् । त्-द् । त्-द्) तथा ।
उद्भ्रमः (पुं०) उद्वेग वा घबराहट ।
उद्यत (त्रि०) (तः । ता । तम्) तैयार, मारने के लिये उठाया खड्गादि ।
उद्यमः (पुं०) बोझा इत्यादि का उठाना ।
उद्यानम् (नपुं०) बगीचा, नि-कालना, प्रयोजन ।
उद्योगः (पुं०) उत्साह ।
उद्रः (पुं०) एक प्रकार का जल-जन्तु ।
उद्रवः (पुं०) तथा ।
उद्वर्तनम् (नपुं०) उबटना वा तैलादि से मल दूर करने के लिये देह का मर्दन करना ।
उद्वान्त (त्रि०) (न्तः । न्ता । न्तम्) विमन किया हुआ पक्वादि, (पुं०) जिस हाथी का मद निकल गया है ।
उद्वासनम् (नपुं०) मारडालना ।
उद्वाहः (पुं०) विवाह ।
उद्वेग (पुं० । नपुं०) (गः । गम्) (पुं०) घबराहट, सुपारी का वृक्ष (नपुं०) सुपारी का फल ।
उन्दुरः (पुं०) मूसा, [उन्दुरुः]
उन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) भोदा = दी ।
उन्नत (त्रि०) (तः । ता । तम्) ऊंचा = ची ।
उन्नद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) गर्वित, उठाय करके बांधा गया = ई ।
उन्नयः (पुं०) ऊपर लेजाना, तर्क करना ।
उन्नायः (पुं०) तथा ।
उन्मत्त (त्रि०) (त्तः । त्ता । त्तम्) पागल, (पुं०) धतूरा वृक्ष ।
उन्मदिष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः । ष्णु) उन्मत्त वा सनकी ।
उन्मनस् (त्रि०) (नाः । नाः । नः) उत्कण्ठित वा लालसायुक्त चित्त-वाला = ली ।
उन्माथः (पुं०) मृग और पक्षियों के बझाने के लिये जाल इत्या-दि, मारडालना; [उन्मथः]
उन्मादः (पुं०) चित्त का बिगड़ जाना वा ठिकाने पर न रहना

उन्मादवत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) पागल ।
उपकण्ठः (पुं०) समीप ।
उपकारिका (स्त्री) राजा का घर ।
उपकार्या (स्त्री) तथा ।
उपकुञ्चिका (स्त्री) छोटी लाइची, कालीजीरी ओषधी ।
उपकुल्या (स्त्री) पीपर वृक्ष ।
उपक्रमः (पुं०) प्रारम्भ, प्रथम प्रारम्भ, उपायपूर्वक प्रारम्भ, मन्त्री के स्वभाव की परीक्षा का उपाय, चिकित्सा वा दवाई करना ।
उपक्रोशः (पुं०) निन्दा ।
उपगत (त्रि०) (तः । ता । तम्) अङ्गीकार किया गया = ई ।
उपगूहनम् (नपुं०) आलिङ्गन ।
उपग्रहः (पुं०) कैदी जो चोर इत्यादि को होती है ।
उपग्राह्य (त्रि०) (ह्यः । ह्या । ह्यम्) भेंट वा नज़र जो राजा इत्यादि को दी जाती है ।
उपघ्नः (पुं०) समीप का आश्रय वा अवलम्ब ।
उपचरित (त्रि०) (तः । ता । तम्) जिसकी सेवा की गई ।
उपचाय्यः (पुं०) यज्ञ में एक प्रकार का अग्नि का स्थान, उस स्थान का अग्नि ।
उपचित (त्रि०) (तः । ता । तम्) वृद्धि को प्राप्त भया = ई, बढाया गया = ई, निदिग्ध में देखो ।
उपचित्रा (स्त्री) मूसाकर्णी ओषधी, एक प्रकार के छन्द का नाम ।
उपजापः (पुं०) फोड़फाड़ करना वा मिले हुवों को जुदा करना (इस शब्द को राज्यकार्य में लेना चाहिये)
उपज्ञा (स्त्री) प्रथम ज्ञान जैसा— व्याकरण पाणिनि की उपज्ञा ।
उपतप्त (त्रि०) (प्तः । प्ता । प्तम्) गरम हुवा = ई, दुःखित हुवा = ई ।
उपतप्तृ (पुं०) (प्ता) उपताप नाम रोग ।
उपतापः (पुं०) रोग ।
उपत्यका (स्त्री) पर्वत की समीप की भूमि ।
उपदा (स्त्री) उपग्राह्य में देखो ।
उपधा (स्त्री) धर्म अर्थ काम और भय से मन्त्री इत्यादिकों की परीक्षा करना ।
उपधानम् (नपुं०) सिर के नीचे रखने की तकिया ।
उपधिः (पुं०) कपट ।

उपनाहः (पुं०) जहाँ वीणा का तार बाँधा जाता है उसके ऊपर की जगह।

उपनिधिः (पुं०) धरोहर।

उपनिषद् (स्त्री) (त्—द्) धर्म, एकान्त, वेदान्त।

उपनिष्करम् (नपुं०) पुर से निकलने का मार्ग।

उपन्यासः (पुं०) वचन का प्रारम्भ।

उपपतिः (पुं०) स्त्री का जार वा यार।

उपबर्हः (पुं०) माथे के नीचे रखने को तकिया।

उपभृत् (स्त्री) एक प्रकार का स्रुवा जिससे अग्नि में घृत डालते हैं।

उपभोगः (पुं०) सुखादि का उपभोग।

उपम (त्रि०) (मः । मा । मम्) सदृश वा तुल्य—इसका विशेष अर्थ प्रतीकाश में देखो।

उपमा (स्त्री) सादृश्य वा तुल्यता

उपमातृ (स्त्री) (ता) धाय।

उपमानम् (नपुं०) जिससे उपमा दी जाती है वह पदार्थ।

उपयमः (पुं०) विवाह।

उपयामः (पुं०) तथा।

उपरक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) (त्रि०) क्लेश से पीड़ित, प्रतिबिम्बित वा जिसका प्रतिबिम्ब पड़ा है (पुं०) राहुग्रस्त चन्द्र वा सूर्य।

उपरक्षणम् (नपुं०) पहरा देना।

उपरतिः (स्त्री) रुक जाना, समीप में क्रीड़ा।

उपरमः (पुं०) रोक देना, रुक जाना, समीप में क्रीड़ा।

उपरागः (पुं०) सूर्य चन्द्र का ग्रहण, प्रतिबिम्ब जैसा—दर्पण में मुख का वा पानी इत्यादि में मुख इत्यादि का, प्रतिबिम्ब पड़ना।

उपरामः (पुं०) उपरम में देखो।

उपरि (अव्यय) ऊपर।

उपल (पुं० । स्त्री) (लः । ला) (पुं०) पत्थर, रत्न, (स्त्री) सिकटी।

उपलब्धार्था (स्त्री) आख्यायिका में देखो।

उपलब्धिः (पुं०) लाभ, बुद्धि।

उपलम्भः (पुं०) साक्षात्कार वा प्रत्यक्ष।

उपला (स्त्री) चीनी, बालू।

उपवनम् (नपुं०) लगाये हुये वृक्षों का बगीचा।

उपवर्तनम् (नपुं०) देश, स्थान।

उपवासः (पुं०) उपवास वा भोजनाभाव वा भूखा रहना ।
उपविषा (स्त्री) अतीस औषधी ।
उपवीतम् (नपुं०) जनेऊ ।
उपशल्यम् (नपुं०) ग्राम इत्यादि का समीप देश ।
उपशायः (पुं०) पहरूदार इत्यादि का पारी से सूतना ।
उपश्रुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) अङ्गीकार कियागया = ई ।
उपसम्पन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) रमादि करके वा पाक करके संस्कृत व्यञ्जनादिक, प्रमीत में देखो ।
उपसरः (पुं०) प्रथम गर्भग्रहण ।
उपसर्गः (पुं०) उत्पात वा उपद्रव, प्र परा इत्यादि जो धातु के पूर्व में बोले जाते हैं ।
उपसर्जनम् (नपुं०) अप्रधान वा असुख्य ।
उपसर्या (स्त्री) वह गैया जो बरदाने के योग्य है ।
उपसूर्यकम् (नपुं०) चन्द्र और सूर्य के चारो ओर जो मण्डल पड़ता है ।
उपसंव्यानम् (नपुं०) अधोवस्त्र धोती इत्यादि ।
उपस्करः (पुं०) वेसवार में देखो
उपस्थः (पुं०) स्त्री वा पुरुष का मूत्रद्वार ।
उपस्पर्शः (पुं०) जलादि का आचमन ।
उपहारः (पुं०) उपग्राह्य में देखो ।
उपह्वरम् (नपुं०) एकान्त पास ।
उपाकरणम् (नपुं०) वेद के पाठ के आरम्भ का एक प्रकार का विधि अर्थात् उपनयनसंस्कारपूर्वक वेद का ग्रहण ।
उपाकृतः (पुं०) जो पशु वेदमन्त्र से अभिमन्त्रित करके मारा गया ।
उपात्ययः (पुं०) क्रम का उल्लङ्घन ।
उपादानम् (नपुं०) ग्रहण करना, इन्द्रियों का आकर्षण ।
उपाधिः (पुं०) उपनाम वा खिताब, पदार्थ का धर्म, कुटुम्बपालन में तत्पर ।
उपाध्यायः (पुं०) पढ़ानेवाला ।
उपाध्याया (स्त्री) पढ़ानेवाली स्त्री
उपाध्यायानी (स्त्री) पढ़ानेवाले की स्त्री ।
उपाध्यायी (स्त्री) पढ़ानेवाली स्त्री, पढ़ाने वाले की स्त्री ।
उपानह् (स्त्री) (त्-द्) पैर का जूता ।

उपायः (पुं०) साम दान भेद और दण्ड ये चार उपाय हैं कहीं कहीं तीन और उसमें मिलाते हैं जैसा,—माया उपेक्षा और इन्द्रजाल ये मिल कर सात उपाय कहलाते हैं।

उपायनम् (नपुं०) उपग्राह्य में देखो।

उपालम्भः (पुं०) धिक्कारना (वह दो प्रकार का है, १ स्तुतिपूर्वक, २ निन्दापूर्वक, पहिला जैसा— महाकुलीन जो तुम हो सो तुमको यह उचित है? दूसरा जैसा,—कुलटा पुत्र जो तू है सो तुझे यह उचितही है)

उपावृत्तः (पुं०) श्रम के दूर होने के लिए भूमि पर लोटा हुआ घोड़ा।

उपासङ्गः (पुं०) बाण का घर वा तरकस।

उपासनम् (नपुं०) सम्मुख बैठना वा शुश्रूषा करना, बाण चलाने का अभ्यास।

उपासना (स्त्री) तथा।

उपासित (त्रि०) (तः। ता। तम्) जिसको उपासना वा शुश्रूषा वा सेवा की गई।

उपाहित (त्रि०) (तः। ता। तम्) (पुं०) आकाशादिक में अग्निविकार (त्रि०) संयोजित में देखो।

उपांशु (अव्यय) मौन, एकान्त।

उपेन्द्रः (पुं०) वामनावतार विष्णु।

उपोदिका (स्त्री) पोय की साग [उपोदिका]

उपोद्घातः (पुं०) ग्रन्थ के प्रारम्भ में जो कुछ ग्रन्थ के विषय में लिखते हैं जिसको ग्रन्थ की भूमिका भी कहते हैं, उदाहरण।

उपोषणम् (नपुं०) उपवास वा भोजन न करना।

उपोषित (त्रि०) (तः। ता। तम्) जिसने उपवास किया है (नपुं०) उपवास।

उप्तकृष्ट (त्रि०) (ष्टः। ष्टा। ष्टम्) पहिले बोया गया पीछे जोता गया खेत इत्यादि।

उभ, द्विवचनान्त (त्रि०) (भौ। भे। भे) दो।

उभय (पुं०। नपुं) पुल्लिङ्ग में इस शब्द का द्विवचन किसी के मत में नहीं होता और किसी के मत में होता है (यः। यम्) दो अवयव वाला वा दोनों, (‘दोनों’-यह अर्थ प्रायः नपुं-

सक में होता है)

उभयद्युस् (अव्यय) (द्युः) दो दिन

उभयेद्युस् (अव्यय) (द्युः) तथा ।

उमा (स्त्री) पार्वती, तीसी वृक्ष वा फल वा दाना ।

उमापतिः (पुं०) शिव ।

उम् (अव्यय) प्रश्न में । [ऊम्]

उम्यम् (नपुं०) तीसी का खेत ।

उरगः (पुं०) सर्प [उरङ्गः]

उरणः (पुं०) बकरा ।

उरणाक्षः (पुं०) चकवड़ वा पुआड़ वृक्ष ।

उरणाख्यः (पुं०) तथा ।

उरभ्रः (पुं०) बकरा ।

उररी (अव्यय) अङ्गीकार, विस्तार ।

उररीकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) अङ्गीकार कियागया = ई ।

उरश्छदः (पुं०) कवच ।

उरस् (नपुं०) (रः) छाती वा वक्षःस्थल ।

उरसिल (त्रि०) (लः । ला । लम्) बड़ी छाती वाला = ली ।

उरस्य (पुं० । स्त्री) (स्यः । स्या) विवाहिता सवर्णा स्त्री में उत्पन्न लड़का वा लड़की ।

उरस्वत् (त्रि०) (स्वान् । स्वती । स्वत्) बड़ी छाती वाला = ली

उरःसूत्रिका (स्त्री) मोतियों की बनी ललंतिका वा एक प्रकार का हार ।

उरीकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) अङ्गीकार कियागया = ई ।

उरु (त्रि०) (रुः । रु--र्वी । रु) विस्तीर्ण वा बड़ा = ड़ी ।

उरुवुकः (पुं०) रेंड़ [उरुबूकः]

उर्वरा (स्त्री) सब धान्य से युक्त भूमि ।

उर्वशी (स्त्री) एक स्वर्ग की वेश्या।

उर्वारुः (स्त्री) ककड़ी ।

उर्वी (स्त्री) पृथिवी ।

उलपः (पुं०) शाखा पत्रादिकों का जिस में समूह है ऐसी लता, बगई वृक्ष ।

उलूकः (पुं०) उल्लू पक्षी ।

उलूखलम् (नपुं०) ऊखल वा ओखरी जिस में धान इत्यादि कूटा जाता है ।

उलूखलकम् (नपुं०) गुग्गुल वृक्ष ।

उलूपिन् (पुं०) (पी) सुइंस मत्स्य

उल्का (स्त्री) तेज का समूह वा लुक ।

उल्मुकम् (नपुं०) जलता वा बुता आगका लुकेठा ।

उल्लाघ (त्रि०) (घः । घा । घम्) निरोग वा बीमारी से अच्छा हुआ = ई ।

उल्लोचः (पुं०) कपड़ा इत्यादि से बना चंदवा ।
उल्लोलः (पुं०) जलका बड़ा तरङ्ग
उल्वम् (नपुं०) जरायु में देखो, (कोई कहते हैं कि यह वीर्य और रुधिर के समूह का वा उनके मेल का नाम है)
उल्वण (त्रि०) (णः । णा । णम्) स्पष्ट वा प्रकाश ।
उशनस् (पुं०) (ना) शुक्र वा दैत्यगुरु ।
उशीर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) खस वा गाँडर की जड़ ।
उषणा (स्त्री) पीपर एक प्रकार की तीती ओषधी । [ऊषणा]
उषर्बुधः (पुं०) अग्नि ।
उषस् (नपुं०) (षः) प्रातःकाल ।
उषा (स्त्री । अव्यय) (षा । षा) (स्त्री) बटलोही वा दाल भात इत्यादि पकाने का बर्तन (अव्यय) रात्रि की समाप्ति ।
उषापतिः (पुं०) अनिरुद्ध वा कामदेव का पुत्र ।
उषित (त्रि०) (तः । ता । तम्) वास किया गया = ई, वा टिकागया = ई, जलायागया = ई ।
उष्ट्रः (पुं०) ऊंट ।
उष्ण (त्रि०) (ष्णः । ष्णा । ष्णम्) गरम, चतुर, (पुं०) जेठ और असाढ़ महीने का ऋतु ।
उष्णरश्मिः (पुं०) सूर्य ।
उष्णिका (स्त्री) लपसी ।
उष्णीषः (पुं०) पगड़ी, किरीट ।
उष्णोपगमः (पुं०) जेठ और असाढ़ का ऋतु ।
उष्मकः (पुं०) तथा ।
उस्रः (पुं०) किरण ।
उस्रा (स्त्री) गैया ।

—०※०—

(ऊ)

ऊः (पुं०) लक्षण, रक्षण, ब्रह्म ।
ऊत (त्रि०) (तः । ता । तम्) पोया वा सीयागया = ई ।
ऊधस् (नपुं०) (धः) गैया के स्तन का आधार वा ओहा ।
ऊनः (पुं०) थोड़ा, कम ।
ऊम् (अव्यय) प्रश्न में ।
ऊररी (अव्यय) अङ्गीकार, विस्तार
ऊरव्यः (पुं०) वैश्य ।
ऊरी (अव्यय) अङ्गीकार, विस्तार
ऊरीकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्)

अङ्गीकार कियागया = ई ।

ऊरुः (पुं०) घुटने के ऊपर का भाग अर्थात् जङ्घा ।

ऊरुजः (पुं०) वैश्य ।

ऊरुपर्वन् (नपुं०) (र्व) पैर का घुटना ।

ऊर्जः (पुं०) कार्तिक महीना ।

ऊर्जस्वलः (पुं०) अत्यन्त पराक्रम-वाला ।

ऊर्जस्विन् (पुं०) (स्वी) तथा ।

ऊर्णनाभः (पुं०) मकड़ी ।

ऊर्णा (स्त्री) भेंड़ी का बार, दोनो भौँ के बीच की बार की भौँरी ।

ऊर्णायुः (पुं०) कम्बल, बकरा ।

ऊर्ध्वकः (पुं०) यव के सदृश जिसका मध्य है ऐसा मृदङ्ग ।

ऊर्ध्वजानु (त्रि०) (नुः । नुः । नु) ऊंची जङ्घा वाला = ली ।

ऊर्ध्वज्ञ (त्रि०) (ज्ञः । ज्ञा । ज्ञम्) तथा ।

ऊर्ध्वज्ञु (त्रि०) (ज्ञुः । ज्ञुः । ज्ञु) तथा ।

ऊर्म्मि (पुं० । स्त्री) (र्म्मिः । र्म्मि—र्म्मी) पानी की लहर वा तरङ्ग ।

ऊर्म्मिका (स्त्री) हाथ की अंगूठी ।

ऊर्म्मिमत् (त्रि०) (मान् । मती । मत्) लहरयुक्त, वक्र वा टेढ़ा = ढ़ी ।

ऊर्वी (स्त्री) भूमि ।

ऊषः (पुं०) खारी मट्टी ।

ऊषणम् (नपुं०) मिरिच [उषणम्]

ऊषर (त्रि०) (रः । रा । रम्) ऊसर अर्थात् जिस खेत इत्यादि में अन्न न उत्पन्न हो ।

ऊषवत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) तथा ।

ऊषा (स्त्री) अनिरुद्ध की स्त्री ।

ऊष्मकः (पुं०) जेठ और असाढ़ का ऋतु ।

ऊष्मागमः (पुं०) तथा ।

ऊहः (पुं०) तर्क ।

—***—

(ऋ)

ऋट (स्त्री) (आ—री) देवों की माता ।

ऋकथम् (नपुं०) धन ।

ऋक्ष (पुं० । नपुं०) (क्षः । क्षम्) (पुं०) भालू, सोनापाढ़ा, (नपुं०) अश्विन्यादि तारा ।

ऋचगन्धा (स्त्री) वृद्धदारक औषधी ।

ऋचगन्धिका (स्त्री) काला भुंइं-कोंहड़ा ।

ऋच् (स्त्री (क्-ग्) वेद की ऋचा, ऋग्वेद ।

ऋजीषम् (नपुं०) तावा वा कराही अथवा रोटी वा तरकारी बनाने का बर्तन [ऋचीषम्]

ऋजु (त्रि०) (जुः । जुः-ज्वी । जु) सूधा = धी ।

ऋणम् (नपुं०) ऋण वा कर्ज़ ।

ऋत (त्रि०) (तः । ता । तम्) सच्चा बोलने वाला = ली(नपुं०) सच्चा वचन इत्यादि, उञ्छशिलवृत्ति अर्थात् पूर्वकाल में ऋषि लोगों की एक प्रकार की जीविका ।

ऋतीया (स्त्री) घिन करना, निन्दा करना, दया करना ।

ऋतुः (पुं०) वसन्तादि ६ ऋतु, माघ फागुन का महीना, स्त्री का रज ।

ऋतुमती (स्त्री) रजस्वला स्त्री ।

ऋते (अव्यय) विना ।

ऋत्विज् (पुं०) (क्-ग्) याजक में देखो ।

ऋद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) समृद्ध वा धनदौलतवाला वा सम्पत्तिवाला = ली (नपुं०) तृण इत्यादि के दूर करने से साफ किया हुआ अन्न ।

ऋद्धिः (स्त्री) समृद्धि वा सम्पत्ति, सिद्धिनामक वा वृद्धिनामक औषध ।

ऋभुः (पुं०) देवता ।

ऋभुक्षिन् (पुं०) (क्षाः) इन्द्र ।

ऋषभः (पुं०) बैल, ऋषभनामक स्वरविशेष जिस स्वर से गाय बोलती है, ऋषभनामक औषध, पुङ्गव में देखो (पुङ्गव शब्द की नाईं इस शब्द का भी प्रयोग होता है)

ऋषिः (पुं०) ऋषि ।

ऋष्टिः (स्त्री) एक प्रकार की तरवार ।

ऋष्यः (पुं०) एक प्रकार का मृग जो बहुत जल्दी दौड़ता है । [ऋश्यः]

ऋष्यकेतुः (पुं०) कामदेव, अनिरुद्ध । [ऋश्यकेतुः]

ऋष्यगन्धा (स्त्री) वृद्धदारक औषधी ।

ऋष्यप्रोक्ता (स्त्री) केवाँच, सतावर।

—*—

(ॠ)

ॠ (अव्यय) वाक्यारम्भ में,
ॠः (स्त्री) दानवों की माता अर्थात् दनु, देवों की माता अर्थात् अदिति ।

—**—

(ऌ)

ऌ (अव्यय) पृथिवी, पर्वत ।
ऌ (स्त्री) (आ) देवजातियों की माता ।

—**—

(ॡ)

ॡ (अव्यय) देवाङ्गना ।
ॡः (स्त्री) माता वा जननी ।

—**—

(ए)

एः (पुं०) विष्णु ।
एक (त्रि०) (कः । का । कम्) एक, मुख्य वा प्रधान, दूसरा = री, अकेला = ली ।
एकक (त्रि०) (ककः । किका । ककम्) अकेला = ली ।
एकतान (त्रि०) (नः । ना । नम्) एकाग्र वा तत्पर ।
एकतालः (पुं०) नृत्य गीत और वाद्य इनकी समता ।
एकदन्तः (पुं०) गणेश ।
एकदा (अव्यय) एक समय में ।
एकदृष्टिः (पुं०) कौवा पक्षी ।
एकधुर (त्रि०) (रः । रा । रम्) एक बोझा का ढोनेवाला = ली
एकधुरावह (त्रि०) (हः । हा । हम्) तथा ।
एकधुरीण (त्रि०) (णः । णा । णम्) तथा ।
एकपदी (स्त्री) रस्ता वा पगडंडी
एकपिङ्गः (पुं०) कुवेर ।
एकसर्ग (त्रि०) (र्गः । र्गा । र्गम्) एकाग्र वा तत्पर ।
एकहायनी (स्त्री) एक बरस की गैया इत्यादि ।

एकाकिन् (त्रि०) (की । किनी । कि) अकेला = ली ।
एकाग्र (त्रि०) (ग्रः । ग्रा । ग्रम्) एकाग्र वा तत्पर, स्वस्थचित्त ।
एकाग्र्य (त्रि०) (ग्र्यः । ग्र्या । ग्र्यम्) तथा ।
एकान्त (त्रि०) (न्तः । न्ता । न्तम्) अतिशय वा अत्यन्त (इस लिङ्ग में यह शब्द द्रव्यवाची है) (नपुं०) अतिशय वा अत्यन्त (इस लिङ्ग में अद्रव्यवाची है) (त्रि०) एकान्त वा अकेला गृह इत्यादि ।
एकाब्दा (स्त्री) एक बरस की ।
एकायन (त्रि०) (नः । ना । नम्) एकाग्र वा तत्पर ।
एकायनगत (त्रि०) (तः । ता । तम्) तथा ।
एकावली (स्त्री) एक लड़ का हार ।
एकाष्ठीलः (पुं०) गुम्मा भाजी ।
एकाष्ठीला (स्त्री) सोनापाढ़ा ।
एड (त्रि०) (डः । डा । डम्) बहिरा = री ।
एडक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) (पुं०) भेंड़ा, (नपुं०) हाड़ इत्यादि की भीत ।
एडगजः (पुं०) पुआड़ वा चकवड़ वृक्ष ।
एडमूक (त्रि०) (कः । का । कम्) बोलने और सुनने में अशिक्षित वा मूर्ख, बहिरा = री गूंगा = गी ।
एडुकम् (नपुं०) हाड़ इत्यादि की भीत ।
एडूकम् (नपुं०)तथा । [एडोकम्]
एण (पुं० । स्त्री) (णः । णी । (पुं०) वह मृग जिसके आँख की कवि लोग उपमा देते हैं (स्त्री) मृगी ।
एत (त्रि०) (तः । ता । तम्) (पुं०) चितकबरा रङ्ग, (त्रि०) चितकबरा रङ्गवाला = ली ।
एतर्हि (अव्यय) इस घड़ी ।
एधः (पुं०) आग जलाने के लिए तृण काष्ठ इत्यादि ।
एधस् (नपुं०) (धः) तथा ।
एधा (स्त्री) उपचय वा वृद्धि ।
एधित (त्रि०) (तः । ता । तम्) वृद्धि को प्राप्त भया = ई ।
एनस् (नपुं०) (नः) पाप ।
एरण्डः (पुं०) रेंड वृक्ष ।
एर्वारुः (स्त्री) ककड़ी फल ।
एलगजः (पुं०) पुआड़ वा चकवड़ वृक्ष ।
एला (स्त्री) बड़ी लाइची ।
एलापर्णी (स्त्री) एलापर्णी लता-

विशेष ।

एलाबालुकम् (नपुं०) बालुका-नाम गन्धद्रव्य ।

एव (अव्यय) अवधारण वा निश्चय-पूर्वक ज्ञान ।

एवम् (अव्यय) तुल्यता, इस प्र-कार से, अङ्गीकार, अवधारण ।

एषणिका (स्त्री) तौलने का काँटा

—०००—

(ऐ)

ऐः (पुं०) शिव ।

ऐकागारिकः (पुं०) चोर ।

ऐङ्गुदम् (नपुं०) इङ्गुदी वृक्ष का फल ।

ऐण (त्रि०) (णः । णी । णम्) मृग का चमड़ा हाड़ मास इत्यादि ।

ऐणेय (त्रि०) (यः । यी । यम्) मृगी का चमड़ा हाड़ मास इत्यादि ।

ऐतिह्यम् (नपुं०) परम्परा से जो सुन पड़ता चला आता है ।

ऐन्द्रियक (त्रि०) (कः । का । कम्) इन्द्रिय से ग्रहण करने के योग्य ।

ऐन्द्री (स्त्री) पूर्वदिशा, इन्द्रश-क्तिदेवता ।

ऐरावणः (पुं०) इन्द्र का हाथी ।

ऐरावतः (पुं०) इन्द्र का हाथी, नारङ्गी फल ।

ऐरावती (स्त्री) बिजुली ।

ऐलविलः (पुं०) कुवेर ।

ऐलेयम् (नपुं०) बालुकानामक गन्धद्रव्य ।

ऐशानीपतिः (पुं०) शिव ।

ऐश्वर्यम् (नपुं०) अणिमादि आठ प्रकार की सिद्धि ।

ऐषमस् (अव्यय) (मः) वर्तमान वर्ष ।

—***—

(ओ)

ओ (पुं०) (ओः) ब्रह्मा ।

ओकस् (पुं० । नपुं) (काः । कः) (पुं०) आश्रय वा अवलम्ब, (नपुं०) घर ।

ओघः (पुं०) समूह, जल का त-

रखा, द्रुत (चलता अर्थात् शी-घ्रतायुक्ततालवाला) नृत्य वाद्य गीत ।

ओङ्कारः (पुं०) ओङ्कार, ब्रह्मा, शेषनाग ।

ओजस् (नपुं०) (जः) बल, प्र-काश ।

ओड्रपुष्पम् (नपुं०) उड़हुल का फूल

ओतुः (पुं०) बिलार वा बिल्ली ।

ओदन (पुं० । नपुं०) (नः । नम) भात ।

ओम् (अव्यय) अङ्गीकार अर्थ में ।

ओषः (पुं०) दाह ।

ओषधी (स्त्री) फल पकने पर जिस वृक्ष का नाश होजाय वह वृक्ष जैसा,—जव गेंहूं इत्यादि अन्न, ओषधी वा दवाई ।

ओषधीशः (पुं०) चन्द्रमा ।

ओष्ठः (पुं०) ओंठ वा मुख का एक अंश ।

—***—

(औ)

औः (पुं०) आश्चर्य, सर्प ।

औक्षकम् (नपुं०) बैलों का झुंड ।

औचिती (स्त्री) योग्यता ।

औचित्यम् (नपुं०) तथा ।

औत्तानपादिः (पुं०) उत्तानपाद-नामक एक राजा का पुत्र जिस का नाम ध्रुव है ।

औत्सुक्यम् (नपुं०) उत्कण्ठा ।

औदनिकः (पुं०) रसोंईदार ।

औदरिक (त्रि०) (कः । का । कम्) "आद्यून" में देखो ।

औदुम्बरम् (नपुं०) गुल्लर वृक्ष का फल, ताँबा धातु ।

औपगवकम् (नपुं०) गैया के र-क्षकों के सन्तति का समूह ।

औपयिक (त्रि०) (कः । की । कम्) न्याय से च्युत नहीं वा न्याय के सदृश ।

औपवस्तम् (नपुं०) उपवास ।

औरभ्रकम् (नपुं०) भेड़ों का झुंड ।

औरस (पुं० । स्त्री) (सः । सी) विवाहिता जो सवर्णा स्त्री उ-ससे उत्पन्न बेटा =टी ।

औरस्य (पुं० । स्त्री) (स्यः । स्या) तथा ।

और्द्ध्वदेहिक (त्रि०) (कः । की । कम्) मरण दिन से ले दस दिन पर्य्यन्त जो मृत के निमि-त्त पिण्डादि का दान [औ-

र्द्देहिक]
और्वः (पुं०) समुद्र का बड़वाग्नि।
औलूक्यः (पुं०) वैशेषिक में देखो।
औशीर (पुं०।नपुं०) (रः।रम्) (पुं०) चंवर का दण्ड (नपुं०) शयन और आसन, (किसी के मत में यह शब्द पृथक् २ शयन और आसन का वाचक है)
औषधम् (नपुं०) औषध वा दवाई।
औष्ट्रकम् (नपुं०) ऊंटों का झुंड।

—※※—

(क)

क (पुं०। नपुं०) (कः। कम्) (पुं०) कौन, वायु, ब्रह्मा, सूर्य (नपुं०) कौन, सिर, जल, सुख
ककुद (पुं०। नपुं०) (दः। दम्) राजचिन्ह अर्थात् राजा का छत्र चमर इत्यादि, बैल के पीठ पर जो पिंड के सदृश रहता है वह वा बैल का डील, प्रधानता।
ककुद्मती (स्त्री) कमर।
ककुभः (पुं०) वीणा का तुम्बा, अर्जुन वृक्ष।
ककुभ् (स्त्री) (प-ब्) पूर्वादि दिशा।
कक्कोलकम् (नपुं०) गहुला फल वा कंकोल।
कक्षः (पुं०) काँख वा बगल, तृण वा घास, लता।
कक्ष्या (स्त्री) 'दूष्या' में देखो, राजा की डेवढ़ी, स्त्रियों के कमर का गहना जिसका नाम 'काञ्ची' 'मेखला' और 'क्षुद्रघंटिका' भी है, हाथियों के मध्यशरीर का बन्धन उसको 'वरत्रा' भी कहते हैं।
कङ्कः (पुं०) कंकहड़ा पक्षी जिसका पर तीर में लगाते हैं, (इसी लिये बाण 'कङ्कपत्र' कहा जाता है)
कङ्कटकः (पुं०) योद्धों के पहिनने का कवच।
कङ्कणम् (नपुं०) हाथ का गहना जिसको 'कङ्गन' कहते हैं।
कङ्कणी (स्त्री) घुंघुरू, [किङ्किणिः] [किङ्किणी]
कङ्कतिका (स्त्री) बाल साफ करने की कंगही।
कङ्कालः (पुं०) शरीर के हड्डी का ठाट।
कङ्कोलकम् (नपुं०) गहुला फल।

कङ्गुः (स्त्री) ककुनी अन्न जिसको टंगुनी वा काँक भी कहते हैं।
कचः (पुं०) केश वा बाल, बृहस्पति का पुत्र।
कचपाशः (पुं०) केशों का समूह।
कच्चर (त्रि०) (रः। रा। रम्) मलिन।
कच्चित् (अव्यय) प्रश्न वा पूछने अर्थ में।
कच्छः (पुं०) अधिक जलयुक्त देश, तुन्न वृक्ष, काछा।
कच्छपः (पुं०) कछुवा जलजन्तु, एक प्रकार का निधि।
कच्छपी (स्त्री) कछुई, सरस्वती की वीणा।
कच्छुर (त्रि०) (रः। रा। रम्) जिसको ओदी खजुली का रोग है।
कच्छुरा (स्त्री) जवासा वा हिंगुवा नाम एक काँटा का वृक्ष।
कच्छूः (स्त्री) ओदी खजुली।
कञ्चुकः (पुं०) साँप की केंचुलो, योद्धा लोगोँ का युद्ध के समय पहिरने का चोलना।
कञ्चुकिन् (पुं०) (की) राजों किहाँ के डेवढ़ीदार "सौविद" में देखो, सर्प।
कटः (पुं०) हाथी का गण्डस्थल, कमर, कमर के दोनोँ बगल, डिबिया, हाथी का गाल।
कटक (पुं०। नपुं०) (कः। कम्) "आवापक" में देखो, पर्वत का मध्य भाग, पर्वत का पीछा, कड़ा नाम हाथ का भूषण, चक्र।
कटभी (स्त्री) मालकंगुनी।
कटम्बरा (स्त्री) कुब्जप्रसारिणी वृक्ष, कटुकी वृक्ष।
कटम्भरा (स्त्री) तथा।
कटाक्षः (पुं०) नेत्रोँ के कोने, नेत्रों के कोनोँ से देखना।
कटाहः (पुं०) कड़ाहा, खप्पड़, खपड़ा, कछुवा की पीठ, टाल, पंड़वा वा भैंस का बच्चा।
कटिः (स्त्री) कमर, [कटी] "प्रोथ" में देखो।
कटिप्रोथौ, द्विवचन (पुं०) 'प्रोथ' में देखो।
कटु (त्रि०) (टुः। टुः-ट्वी। टु) तीखा वा तेज़, कड़ुई वस्तु, (पुं०) कड़ुआ रस, (नपुं०) करने के अयोग्य कार्य, (स्त्री) ईर्ष्या वा डाह (स्त्री) कुटकी।
कटुतुम्बी (स्त्री) कड़ुआ तुम्बा।
कटुरोहिणी (स्त्री) कुटकी।
कट्फलः (पुं०) कायफल नाम एक वृक्ष का फल।

कट्वङ्गः (पुं०) सोनापाढ़ा ।

कठिञ्जरः (पुं०) कठसरैया पुष्प-वृक्ष ।

कठिन (त्रि०) (नः । ना । नम्) कठोर वा कड़ा = ड़ी ।

कठिल्लकः (पुं०) करैला तर-कारी [कटिल्लकः]

कठोर (त्रि०) (रः । रा । रम्) कठोर वा कड़ा = ड़ी ।

कडङ्गरः (पुं०) भूसा [कडङ्करः]

कडम्बः (पुं०) भाजी का डंठा ।

कडार (त्रि०) (रः । रा । रम्) (पुं०) कपिल रङ्ग जैसा तृण के अग्नि का होता है, (त्रि०) कपिलरङ्गवाला = ली ।

कडुरा (स्त्री) केवाँच वृक्ष ।

कणः (पुं०) अत्यन्त सूक्ष्म, धान्य का टुकड़ा जैसा तण्डुल-कण ।

कणा (स्त्री) जीरा, पीपर ।

कणिका (स्त्री) जयपर्णी वा अरणी अर्थात् अगेथू ।

कणिशम् (नपुं०) जव इत्यादि की वाल ।

कण्टक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) सूई का अग्र, रोमाञ्च, काँटा, छोटा शत्रु ।

कण्टकफलः (पुं०) कटहर [कण्टकिफलः]

कण्टकारिका (स्त्री) भटकटैया एक कंटैली लता, भटकटैया का फल ।

कण्ठः (पुं०) कण्ठ वा गला ।

कण्ठभूषा (स्त्री) कण्ठा नाम गले का गहना ।

कण्ठीरवः (पुं०) सिंह ।

कण्डूः (स्त्री) सूखी खजुली रोग । [कण्डुः]

कण्डूया (स्त्री) तथा ।

कण्डूरा (स्त्री) केवाँच वृक्ष [कण्डुरा]

कण्डोलः (पुं०) झाँपी ।

कण्डोलवीणा (स्त्री) किंगरी बाजा [कण्डोली]

कण्वः (पुं० । नपुं०) (ण्वः । ण्वम्) (पुं०) एक ऋषि, (नपुं०) तण्डुलादि द्रव्य से बना मद्य का वीज [किण्वम्]

कत्तृणम् (नपुं०) रोहिस एक प्रकार का घास ।

कथा (स्त्री) कादम्बरी इत्यादि कथा वा कहानी ।

कदध्वन् (पुं०) (ध्वा) खराब रास्ता ।

कदम्ब (पुं० । नपुं०) (म्बः । म्बम्) (पुं०) कदम्ब वृक्ष,

(नपुं०) समूह वा झुण्ड ।
कदम्बक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) (पुं०) सरसों, (नपुं०) समूह वा झुण्ड ।
कदम्बिनी (स्त्री) मेघों की पंक्ति ।
कदरः (पुं०) सपेद खैर ।
कदर्य (त्रि०) (र्यः । र्या । र्यम्) सूम ।
कदलम् (नपुं०) केला का फल ।
कदली (स्त्री) केला का वृक्ष एक प्रकार का हरिण जिस के खाल का मृगचर्म बनता है ।
कदाचित् (अव्यय) कदाचित् वा कभी ।
कदुष्ण (त्रि०) (ष्णः । ष्णा । ष्णम्) थोड़ा गरम वस्तु, (नपुं०) थोड़ा गरम ।
कद्रु (त्रि०) (द्रुः । द्रुः । द्रु) जिस वस्तु का सोना के सदृश रङ्ग है, (पुं०) सोना के सदृश रङ्ग, (स्त्री) नागों की माता ।
कद्वद (त्रि०) (दः । दा । दम्) निन्दित बोलनेवाला = ली ।
कनक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) (पुं०) धतूरा वृक्ष, (नपुं०) सुवर्ण वा सोना ।
कनकालुका (स्त्री) पानी की झारी ।
कनकाह्वयः (पुं०) धतूरा वृक्ष ।
कनिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त छोटा, अत्यन्त जवान, (पुं०) छोटा भाई, (स्त्री) हाथ के अंगुलियों में से सब से छोटी अंगुली ।
कनीनिका (स्त्री) आँख की पुतली ।
कनीयस् (त्रि०) (यान् । यसी । यः) अत्यन्त जवान, अत्यन्त छोटा (पुं०) छोटा भाई, ।
कन्था (स्त्री) कथरी ।
कन्दः (पुं०) कमल का कन्द, सूरन तरकारी, गुद्देदार वृक्ष की जड़ ।
कन्दर (पुं० । स्त्री) (रः । रा) पर्वत की कन्दरा वा गुहा ।
कन्दरालः (पुं०) अखरोट मेवा, गेठी वृक्ष ।
कन्दर्पः (पुं०) कामदेव ।
कन्दली (स्त्री) एक प्रकार का मृग जिसके खाल का मृगचर्म बनता है ।
कन्दु (त्रि०) (न्दुः । न्दुः । न्दु) मद्य बनाने का पात्र ।
कन्दुकः (पुं०) गेंदा ।
कन्धरा (स्त्री) गरदन ।
कन्या (स्त्री) प्रथम वय वाली

स्त्री वा अविवाहिता स्त्री वा लड़की, राशिविशेष अर्थात् कन्या राशि।

कपट (पुं० । नपुं०) छल ।

कपर्दः (पुं०) शिव के जटा का जूड़ा ।

कपर्दिन् (पुं०) (र्दी) शिव ।

कपाट (त्रि०) (टः । टी । टम्) केवाड़ा [कवाट]

कपाल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) सिर की खोपड़ी, घट का अवयव खपड़ा वा खप्पर ।

कपालभृत् (पुं०) शिव ।

कपिः (पुं०) वानर ।

कपिकच्छुः (स्त्री) केवाँच । [कपिकच्छूः]

कपिञ्जलः (पुं०) एक प्रकार का पक्षी ।

कपित्थः (पुं०) कइत वृक्ष ।

कपिल (त्रि०) (लः । ला । लम्) कपिल रङ्गवाला = ली, (पुं०) कपिल रङ्ग, कपिलमुनि ।

कपिला (स्त्री) पुण्डरीक दिग्गज की स्त्री, रेणुकबीज नाम एक गन्धद्रव्य 'भस्मगर्भा' में देखो।

कपिवल्ली (स्त्री) गजपीपर ओषधी ।

कपिश (त्रि०) (शः । शा । शम्) वानर के रोम के समान काला पीला मिश्रित रङ्गवाला = ली, (पुं०) काला पीला मिश्रित रंग जैसा वानर के रोम का होता है ।

कपीतनः (पुं०) अमड़ा वृक्ष, गेठी वृक्ष, सिरसा वृक्ष ।

कपोतः (पुं०) कबूतर ।

कपोतपालिका (स्त्री) कबूतर इत्यादि पक्षियों के पालने के लिये गृहों के ऊपर जो स्थान बना रहता है छतरी इत्यादि ।

कपोताङ्घ्रिः (स्त्री) मालकंगुनी ओषधी ।

कपोलः (पुं०) गाल ।

कफः (पुं०) कफ ।

कफिन् (त्रि०) (फी । फिनी । फि) कफवाला = ली, (पुं०) एक प्रकार का हाथी ।

कफोणि (पुं० । स्त्री) (णिः । णिः—णी) हाथ की केहुनी ।

कबन्ध (पुं० । नपुं०) (न्धः । न्धम्) (पुं०) बिना सिर का धड़, (नपुं०) जल ।

कबरी (स्त्री) झार करके बाँधा केश अर्थात् चोटी जूड़ा ।

कमठः (पुं०) कछुवा जलजन्तु ।

कमठी (स्त्री) कछुई ।

कमण्डलु (पुं० । नपुं०) (लुः । लु) व्रतियों का जलपात्र वा कमण्डल ।

कमन (त्रि०) (नः । ना । नम) (पुं०) कामी पुरुष, (स्त्री) कामिनी स्त्री, (नपुं०) कामी कुल इत्यादि ।

कमल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) जल, कमल (पुं०) मृग ।

कमला (स्त्री) लक्ष्मी ।

कमलासनः (पुं०) ब्रह्मा ।

कमलोत्तरम् (नपुं०) कुसुम का फूल ।

कमलोद्भवः (पुं०) ब्रह्मा ।

कमिता (त्रि०) (ता । त्री । तृ) कामी वा कामिनी ।

कम्पः (पुं०) कम्प वा काँपना ।

कम्पन (त्रि०) (नः । ना । नम्) जिसका काँपने का स्वभाव है, (नपुं०) काँपना ।

कम्प्र (त्रि०) (म्प्रः । म्प्रा । म्प्रम्) जिसका काँपने का स्वभाव है ।

कम्बलः (पुं०) कम्बल, दुपट्टा, ऊन का वस्त्र ।

कम्बिः (स्त्री) करछुल अर्थात् रसोंई में का एक बरतन [कम्बी]

कम्बु (पुं० ।नपुं०) (म्बुः । म्बु) शङ्ख, (पुं०) कङ्कण वा कङ्गन ।

कम्बुग्रीवा (स्त्री) तीन रेखा से युक्त गला वा गरदन ।

कम्भारी (स्त्री) खंभारी वृक्ष ।

कम्र (त्रि०) (म्रः । म्रा । म्रम्) कामी वा कामिनी ।

करः (पुं०) हाथ, हाथी का सूंड़, किरण, मासूल वा कर ।

करक (पुं० । स्त्री) (कः । का । बनौरी जो कभी २ पानी के सङ्ग बरसती है, अनार फल, करवा वा कमण्डलु ।

करज (पुं० । नपुं०) (जः । जम्) (पुं०) नख, करंज वृक्ष, (नपुं०) व्याघ्रनखनामक गन्धद्रव्य ।

करञ्जक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) (पुं०) करंज वृक्ष, (नपुं०) व्याघ्रनखनामक गन्धद्रव्य ।

करटः (पुं०) कौवा, हाथी का गण्डस्थल ।

करण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) (नपुं०) क्रिया के सिद्ध में अत्यन्त उपकारक जैसा मारने में तरवार, खेत, शरीर, इन्द्रिय अर्थात् चक्षु इत्यादि, (पुं०) वैश्य से शूद्रा स्त्री में उत्पन्न ।

करतोया (स्त्री) नदीविशेष अर्थात् (पार्वती के विवाह में कन्यादान के जल से उत्पन्न भई)

करपत्रम् (नपुं०) आरा ।
करभः (पुं०) गट्टे से लेकर कनिष्ठा के शिखा तक हाथ का बाह्य भाग, ऊंट का बच्चा ।
करभूषणम् (नपुं०) कङ्कण ।
करमर्दकः (पुं०) करौंदा वृक्ष ।
करम्भः (पुं०) दही मिला सतुवा [करम्बः] (यह शब्द कहीं नपुंसक भी मिलता है)
कररुहः (पुं०) नख ।
करवालः (पुं०) तरवार [करपालः]
करवालिका (स्त्री) खाँड़ा वा गुप्ती ।
करवीरः (पुं०) कंदइल पुष्प-वृक्ष ।
करशाखा (स्त्री) अंगुली ।
करशीकरः (पुं०) हाथी के सूंड़ का पानी ।
करहाटः (पुं०) कमल का कन्द ।
करहाटकः (पुं०) मैनफल का वृक्ष ।
कराल (त्रि०) (लः । ला । लम्) भयङ्कर, ऊंचे दाँतवाला = ली, ऊंचा = ची ।
करिणी (स्त्री) हथिनी ।
करिन् (पुं०) (री) हाथी ।
करिपिप्पली (स्त्री) गजपीपर ओषधी ।
करिशावकः (पुं०) हाथी का बच्चा ।
करीर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) बाँस का कड़का (पुं०) करील वा टेंटी वृक्ष, एक प्रकार का काटेंदार वृक्ष, घटना वा मेल ।
करीष (पुं० । नपुं०) (षः । षम्) सूखा गोबर वा गोहरी ।
करुणः (पुं०) करुण रस ।
करुणा (स्त्री) करुणा वा दया ।
करेटुः (पुं०) 'कर्करेटु' में देखो, [करटुः]
करेणु (पुं० । स्त्री) (णुः । णुः) (पुं०) हाथी (स्त्री) हथिनी ।
करोटिः (स्त्री) सिर की खोपड़ी ।
कर्कः (पुं०) श्वेत घोड़ा, राशि-विशेष वा कर्क राशि ।
कर्कटकः (पुं०) केकड़ा जलजन्तु, एक प्रकार का ऊख ।
कर्कटी (स्त्री) केकड़ा की स्त्री, ककड़ी फल ।
कर्कन्धु (पुं० । स्त्री) (न्धुः । न्धुः) बदर फल ।
कर्करी (स्त्री) 'आलु' में देखो ।
कर्करेटुः (पुं०) कर्करुवा एक प्रकार का अशुभ बोलनेवाला पक्षी । [कर्कराटुः] [करटुः] [करेटुः]

कर्कश (त्रि०) (शः । शा । शम्) कठोर, दुःस्पर्श, साहसी वा विवेकहीन, (स्त्री) झगड़ालू स्त्री, (पुं०) कबीला ओषधी ।

कर्कारुः (स्त्री) ककड़ी फल ।

कर्चूरः (पुं०) आँबाहरदी [कर्बूरः] [कर्बुरः]

कर्चूरकः (पुं०) कचूर [कर्बूरकः]

कर्णः (पुं०) कान, एक राजा ।

कर्णजलौकस् (स्त्री) (काः) गोजर जन्तु ।

कर्णधारः (पुं०) नाव का पतवार पकड़नेवाला मल्लाह ।

कर्णपूरः (पुं०) कर्णफूल वा कान का गहना ।

कर्णवेष्टनम् (नपुं) कुण्डल नाम कान का गहना ।

कर्णिका (स्त्री) तरकी नाम कान का भूषण, हाथी के सूंड़ का अग्र भाग, कमल का छाता जिसके छिद्र में कमलगट्टा रहता है, मध्यम अंगुली ।

कर्णिकारः (पुं०) कठचम्पा पुष्प वृक्ष, झुमका पुष्प ।

कर्णीरथः (पुं०) "प्रवहण" में देखो ।

कर्णेजपः (पुं०) चुगलखोर ।

कर्तरी (स्त्री) कैंची [कर्तनी]

कर्दमः (पुं०) चहला वा कीचड़ ।

कर्पटः (पुं०) चिरकुट वा लत्ता ।

कर्परः (पुं०) कपाल, खपड़ा ।

कर्परालः (पुं०) अखरोट मेवा ।

कर्परी (स्त्री) तुतिया ओषधी ।

कर्पासी (स्त्री) कपास वा रूई । [कार्पासी]

कर्पूर (पुं० । नपुं) (रः । रम्) कपूर ।

कर्बुर (त्रि०) (रः । रा । रम्) चितकबरा रङ्गवाला = स्त्री, (पुं०) राक्षस, चितकबरा रंग (नपुं०) सुवर्ण वा सोना ।

कर्बूर (त्रि०) (रः । रा । रम्) तथा ।

कर्मकरः (पुं०) जो मजूरी ले के काम करता है अर्थात् मजूर ।

कर्मकरी (स्त्री) मजूरिन वा दासी ।

कर्मकारः (पुं०) कारीगर, बिना मजूरी काम करनेवाला जैसा घर का आदमी ।

कर्मक्षमः (पुं०) काम करने में समर्थ ।

कर्मठः (पुं०) प्रयत्न से आरम्भ किए हुए काम को जो समाप्त करता है ।

कर्मण्यभुज् (पुं०) (क्—ग्) मजूरी लेकर काम करनेवाला ।

कर्मण्या (स्त्री) मजूरी वा तलब ।
कर्मन् (नपुं०) (र्म) क्रिया वा काम ।
कर्मन्दिन् (पुं०) (न्दी) सन्यासी ।
कर्ममोटी (स्त्री) शक्तिदेवता ।
कर्मशीलः (पुं०) नित्य जो कार्यों में लगा रहता है ।
कर्मशूरः (पुं०) आरम्भ किए हुए कार्यों को जो प्रयत्न से समाप्त करता है ।
कर्मसचिवः (पुं०) कर्मों का उपयोगी मन्त्री ।
कर्मसाक्षिन् (पुं०) (क्षी) सूर्य्य ।
कर्मारः (पुं०) बाँस ।
कर्मेन्द्रियम् (नपुं०) वाणी, हस्त, पाद, मलेन्द्रिय और मूत्रेन्द्रिय ये सब 'कर्मेन्द्रिय' कहलाते हैं ।
कर्षः (पुं०) एक प्रकार की तौल वा बटखरा जो सोलह मासे का होता है ।
कर्षकः (पुं०) खेतिहर [कार्षकः]
कर्षफलः (पुं०) बहेरा फल ।
कर्षूः (पुं० । स्त्री) (र्षूः । र्षूः) (पुं०) पासा, एक प्रकार की तौल, पहिया, बहेरा फल, व्यवहार, करसी की आग, (स्त्री) जीविका, नदी ।
कल (त्रि०) (लः । ला । लम्) अस्पष्ट मधुर ध्वनि ।
कलकलः (पुं०) कोलाहल वा मनुष्यों का मिलकर बोलना ।
कलङ्कः (पुं०) चिह्न, लाञ्छन, अपवाद ।
कलत्रम् (नपुं०) भार्य्या वा पत्नी, कमर का पीछा वा चूतड़ ।
कलधौतम् (नपुं०) सोना, रुपया ।
कलभः (पुं०) हाथी का बच्चा, [करभः]
कलमः (पुं०) जड़हन धान ।
कलम्बः (पुं०) भाजी इत्यादि का डंठा, बाण ।
कलम्बी (स्त्री) करेमू साग ।
कलरवः (पुं०) परेवा वा एक प्रकार का कबूतर पक्षी ।
कललः (पुं०) वीर्य और रुधिर का सम्पात वा मेल वा समूह ।
कलविङ्कः (पुं०) गौरा पक्षी ।
कलशः (पुं०) घड़ा [कलसः]
कलशिः (स्त्री) छोटा घड़ा, पिठवन औषधी [कलशी]
कलहः (पुं०) झगड़ा वा कलह वा युद्ध ।
कलहंसः (पुं०) बत्तक पक्षी ।
कला (स्त्री) तीस काष्ठा एकसमय, कारीगरी, मूल धन, वृद्धि, टुकड़ा, चन्द्रका सोलहवाँ हिस्सा

सोलहवाँ हिस्सा ।

कलादः (पुं०) सोनार ।

कलानिधिः (पुं०) चन्द्र ।

कलापः (पुं०) समूह, मोर की पोंछ, स्त्री के कमर की पचीस लड़ की करधनी, भूषण वा गहना, तरकस ।

कलायः (पुं०) मटर ।

कलिः (पुं०) चौथा युग वा कलियुग, युद्ध वा कलह ।

कलिका (स्त्री) पुष्प इत्यादि की कली, दिया की टेम ।

कलिकारकः (पुं०) कंटैला करञ्ज ।

कलिङ्ग (त्रि०) (ङ्गः । ङ्गा । ङ्गम्) इन्द्रजव, (पुं०) तरबूज फल, कलिङ्ग देश जिस को तैलङ्ग देश कहते हैं, मस्तकचूड़ पक्षी (इसको कोई फेंचुहार भी कहते हैं)

कलिद्रुमः (पुं०) बहेड़ा ।

कलिमारकः (पुं०) कंटैला करंज ।

परिपणः (पुं॰) मूल धन ।

परिपन्थिन् (पुं॰) (न्थी) शत्रु।

परिपाटी (स्त्री) क्रम ।

परिपूर्णता (स्त्री) परिपूर्णता ।

परिपेलवम् (नपुं॰) मोथा घास।

परिप्लुव (त्रि॰) (वः । वा । वम्) चञ्चल वा अस्थिर ।

परिबर्हः (पुं॰) राजा का छत्र चवंर इत्यादि चिह्न, सामग्री ।

परिभवः (पुं॰) तिरस्कार वा अनादर ।

परिभावः (पुं॰) तथा ।

परिभाषणम् (नपुं॰) ठट्ठा करना, निन्दा के सहित तिरस्कार करना वा धिक्कारना ।

परिभूत (त्रि॰) (तः । ता । तम्)

अनादर किया गया वा अपमान किया गया = ई ।

परिमलः (पुं०) मर्दन से उत्पन्न भया मनोहर गन्ध, केसर इत्यादि का मर्दन ।

परिरम्भः (पुं०) आलिङ्गन । [परीरम्भः]

परिवर्जनम् (नपुं०) मार डालना ।

परिवर्तः (पुं०) अदल बदल करना वा उलट पलट करना । [परीवर्तः]

परिवादः (पुं०) लोकापवाद, निन्दा। [परीवादः]

परिवादिनी (स्त्री) सात तार की वीणा ।

परिवापित (त्रि०) (तः। ता। तम्) मुण्डित, मुड़ाया गया = ई ।

परिवाहः (पुं०) जल का प्रवाह । [परीवाहः]

परिवित्तिः (पुं०) "परिवेत्ता" का बड़ा भाई ।

परिवृढः (पुं०) स्वामी ।

परिवेत्तृ (पुं०) (त्ता) जेठे भाई के विवाह भये बिना वा उस के अग्निहोत्र लिये बिना अपना विवाह अथवा अग्निहोत्र करलेने वाला छोटा भाई ।

परिवेशः (पुं०) सूर्य्य वा चन्द्र के चारो ओर का मण्डल ।

परिक्षेपः (पुं०) तथा ।

परिव्याधः (पुं०) कठचम्पा (एक पुष्पवृक्ष), पानी में का बेंत ।

परिव्राज् (पुं०) (ट्—ड्) सन्यासी।

परिव्राजकः (पुं०) तथा ।

परिषद् (स्त्री) (त्—द्) सभा।

परिष्कन्दः (पुं०) दूसरे से बढ़ाया गया वा पालागया ।

परिष्कन्नः (पुं०) तथा ।

परिष्कारः (पुं०) साफ़ करना, सिंगारना ।

परिष्कृत (त्रि०) (तः। ता। तम्) भूषित वा सिंगारा हुवा = ई, साफ़ कियागया = ई ।

परिष्यन्दः (पुं०) माला इत्यादि की रचना ।

परिष्वङ्गः (पुं०) आलिङ्गन ।

परिसरः (पुं०) नदी इत्यादि के समीप की भूमि, समीप की भूमि ।

परिसर्पः (पुं०) परिजनादिकों से घेरा जाना ।

परिसर्या (स्त्री) चारो ओर से गमन ।

परिसारः (पुं०) तथा । [परीसारः]

परिस्कन्दः (पुं०) "परिष्कन्द" में देखो ।

परिस्कन्नः (पुं०) तथा ।
परिस्कारः (पुं०) "परिष्कार" में देखो ।
परिस्तोमः (पुं०) हाथी पर का बिछौना ।
परिस्पन्दः (पुं०) माला इत्यादि की रचना ।
परिस्रुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) चारो ओर से बहा = ही, (स्त्री) मदिरा वा मद्य ।
परिस्रुत् (स्त्री) मदिरा वा मद्य ।
परिहासः (पुं०) ठट्ठा करना, क्रीड़ा ।
परीक्षकः (पुं०) परीक्षा करने वाला, निगहबानी करने वाला ।
परीभावः (पुं०) "परिभव" में देखो ।
परीवर्तः (पुं०) "परिवर्त" में देखो।
परीवादः (पुं०) "परिवाद" में देखो ।
परीवापः (पुं०) तम्बू कनात इत्यादि सामग्री, बीज का बोना, थाला ।
परीवारः (पुं०) कुटुम्ब, तरवार इत्यादि की म्यान, लावलश्कर।
परीवाहः (पुं०) बहुत बढ़े जल के निकलने की राह, बहुत जल का चारो ओर से बहना ।
परीष्टिः (स्त्री) श्राद्ध में ब्राह्मणों की भक्तिपूर्वक शुश्रूषा करना।
परीसारः (पुं०) "परिसार" में देखो ।
परीहासः (पुं०) "परिहास" में देखो ।
परुत् (अव्यय) गतवर्ष अर्थात् परसाल ।
परुष (त्रि०) (षः । षा । षम्) कठोर, (नपुं०) कर्कश बोलना ।
परुष् (नपुं०) (रुः) बाँस इत्यादि की गाँठ वा पोर ।
परेत (त्रि०) (तः । ता । तम्) परलोक को गया वा मर गया = ई ।
परेतराज् (पुं०) (ट्—ड्) यमराज ।
परेद्यवि (अव्यय) परदिन अर्थात् आने वाला दिन वा कल्ह ।
परेष्टुका (स्त्री) बहुत ब्याने वाली गैया ।
परैधित (त्रि०) (तः । ता । तम्) दूसरे से बढ़ाया गया = ई वा दूसरे से पाला गया = ई।
परोष्णी (स्त्री) चपरा (एक जन्तु)। [परोष्टी]
पर्कटिः (स्त्री) पाकर वृक्ष ।
पर्कटी (स्त्री) तथा ।

पर्जनी (स्त्री) दारुहरदी ।
पर्जन्यः (पुं०) मेघ, इन्द्र, गरजने वाला मेघ ।
पर्ण (पुं० । नपुं०) (र्णः । र्णम्) (पुं०) पलाश वृक्ष, (नपुं०) पत्ता ।
पर्णशाला (स्त्री) पत्तों से छाया हुवा घर वा कुटी ।
पर्णासः (पुं०) काठसरैया पुष्पवृक्ष ।
पर्यङ्कः (पुं०) पलंग वा खटिया, कमरबन्ध ।
पर्यटनम् (नपुं०) घूमना वा फिरना ।
पर्ययः (पुं०) क्रम का उल्लङ्घन, अतिक्रमण ।
पर्यवस्था (स्त्री) विरोध ।
पर्याप्तम् (नपुं०) यथेष्ट वा इच्छा के सदृश, पूर्णता, बस ।
पर्याप्तिः (स्त्री) पूर्णता, मारने के लिए जो तयार है उस का रोकना ।
पर्यायः (पुं०) अवसर, क्रम, एक ही अर्थ के कई एक शब्द परस्पर के पर्याय कहलाते हैं (जैसा चन्द्र इन्दु विधु इत्यादि) ।
पर्युदञ्चनम् (नपुं०) ऋण वा कर्ज ।
पर्येषणा (स्त्री) श्राद्ध में ब्राह्मण की भक्तिपूर्वक शुश्रूषा, धर्म इत्यादि का खोजना ।
पर्वतः (पुं०) पहाड़, एक ऋषि का नाम ।
पर्वन् (नपुं०) (र्व) प्रतिपदा और पञ्चदशी (पौर्णिमा और अमावस्या) का अन्तर, बाँस इत्यादि की गाँठ, तिथिभेद (अष्टमी अमावास्या इत्यादि), उत्सव, ग्रन्थ का अध्याय ।
पर्शुका (स्त्री) पाँजर वा पंसुरी की हड्डी ।
पर्शूः (स्त्री) तथा ।
पलम् (नपुं०) एक दण्ड (२४ मिनिट काल) का आठवाँ हिस्सा, ६४ मासा, मांस, उंचाई का नाप ।
पलगण्डः (पुं०) लीपनेवाला ।
पलङ्कषा (स्त्री) गोखरू ओषधी ।
पललम् (नपुं०) मांस ।
पलाण्डुः (पुं०) प्याज (एक कन्द) ।
पलाल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) पुआरा ।
पलाश (पुं० । नपुं०) (शः । शम्) (पुं०) पलाश वृक्ष, आँबाहरदी, राक्षस, (नपुं०) पत्ता ।
पलाशिन् (पुं०) (शी) वृक्ष ।
पलिक्नी (स्त्री) बुड्ढी स्त्री ।
पलितम् (नपुं०) बुढाई से उत्पन्न

हुई शरीर पर की सफेदी ।
पल्यङ्कः (पुं०) पलंग वा खटिया ।
पल्लव (पुं० । नपुं०) (वः । वम्) वृक्ष का नया पत्ता ।
पल्वलम् (नपुं०) छोटा सरोवर।
पवः (पुं०) धान्य इत्यादि को पछोड़ कर साफ़ करना ।
पवन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) (पुं०) वायु, (नपुं०) "पव" में देखो ।
पवनाशनः (पुं०) सर्प ।
पवमानः (पुं०) वायु ।
पविः (पुं०) वज्र ।
पवित्र (त्रि०) (त्रः । त्रा । त्रम्) पवित्र वा शुद्ध, (नपुं०) कुश, कच्चे पाँच सूत से बटा हुआ डोरा जो कुलदेवी को चढ़ाया जाता है ।
पवित्रकम् (नपुं०) सन से बना हुआ जाल ।
पशुः (पुं०) जानवर, प्राणी ।
पशुपतिः (पुं०) शिव ।
पशुरज्जुः (स्त्री) वह डोरी जिस में अनेक पशु बाँधे जायं ।
पश्चात् (अव्यय) पीछे, पिछला, पश्चिम दिशा ।
पश्चात्तापः (पुं०) पछतावा ।
पश्चिम (त्रि०) (मः । मा । मम्) पिछला = ली, (पुं०) पश्चिम देश, (स्त्री) पश्चिम दिशा ।
पष्ठौही (स्त्री) प्रथम गर्भ धारण करने वाली गैया ।
पस्त्यम् (नपुं०) घर ।
पाकः (पुं०) रसोंई, पकना, लड़का, एक दैत्य का नाम ।
पाकलम् (नपुं०) कुट्ठ ओषधी ।
पाकशासनः (पुं०) इन्द्र ।
पाकशासनिः (पुं०) इन्द्र का बेटा।
पाकस्थानम् (नपुं०) रसोंई का घर ।
पाक्य (पुं० । नपुं०) (क्यः । क्यम्) (पुं०) जवाखार, (नपुं०) खारीनोन ।
पाखण्डः (पुं०) झूठे मत पर आरूढ़ होना, "सर्वलिङ्गी" में देखो । [पाषण्डः]
पाचक (त्रि०) (चकः । चिका । चकम्) रसोंई करने वाला = ली ।
पाञ्चजन्यः (पुं०) विष्णु का शङ्ख ।
पाञ्चालिका (स्त्री) वस्त्र वा हाथीदाँत से बनाई हुई पुतली ।
पाट् (अव्यय) हे ! (सम्बोधन में बोला जाता है) ।
पाटच्चरः (पुं०) चोर ।
पाटल (त्रि०) (लः । ला । लम्)

गुलाबी रङ्ग वाला = ली, (पुं०) गुलाबी रङ्ग, धान, (स्त्री)पाँडर, (पुं०। स्त्री) गुलाब का फूल।
पाटलि (पुं०। स्त्री) (लिः। लिः— ली) पाँड़र, (लिः) एक तरह की लोध, (पुं०) धान।
पाठः (पुं०) पढ़ना।
पाठा (स्त्री) एक प्रकार का सोनापाढ़ा।
पाठिन् (पुं०) (ठी) चीता (एक लकड़ी)।
पाठीनः (पुं०) पहिना (एक मछली)।
पाणिः (पुं०) हाथ।
पाणिगृहीती (स्त्री) विवाहिता स्त्री।
पाणिघः (पुं०) हाथ से ताल बजाने वाला।
पाणिपीडनम् (नपुं०) विवाह।
पाणिवादः (पुं०) हाथ से ताल बजाने वाला।
पाण्डर (त्रि०) (रः। रा। रम्) श्वेत रङ्ग वाला, (पुं०) श्वेतरङ्ग।
पाण्डु (त्रि०) (ण्डुः। ण्डुः। ण्डु) अधिक सफ़ेदी लिये पीला रङ्ग वाला = ली, (पुं०) अधिक सफ़ेदी लिये पीला रङ्ग।
पाण्डुकम्बलिन् (पुं०) (ली) श्वेत कम्बल से घेरा हुआ रथ।
पाण्डुर (त्रि०) (रः। रा। रम्) "पाण्डु" में देखो।
पातकम् (नपुं०) पाप।
पातालम् (नपुं०) पाताल, बड़वानल।
पातुक (त्रि०) (कः। का। कम्) जिस का गिरने का स्वभाव है।
पात्र (त्रि०) (त्रः। त्री। त्रम्) बरतन, (नपुं०) नदी इत्यादि का पाट, योग्य, पत्ता, राजा का मन्त्री, यज्ञ का पात्र, सवाँग (नाटक का)।
पात्रीवम् (नपुं०) एक प्रकार का यज्ञपात्र।
पाथस् (नपुं०) (थः) जल।
पादः (पुं०) चरण, चतुर्थांश वा चौथाई, बड़े पर्वत के अगल बगल वाले छोटे २ पर्वत, किरण
पादकटकः (पुं०) पैर का कड़ा (गहना), "मञ्जीर" में देखो।
पादग्रहणम् (नपुं०) "अभिवादन" में देखो।
पादपः (पुं०) वृक्ष।
पादबन्धनम् (नपुं०) गैया भैंस इत्यादि पशुरूप धन।
पादवल्मीकम् (नपुं०) "श्लीपद" में देखो।

पादस्फोटः (पुं०) बेवाय रोग (पैर में होता है) ।

पादाङ्गदम् (नपुं०) "मञ्जीर" में देखो ।

पादातः (पुं०) पैदल ।

पादातम् (नपुं०) पैदलों का समूह ।

पादातिकः (पुं०) पैदल ।

पादुका (स्त्री) जूता, खड़ाऊं ।

पादूः (स्त्री) तथा ।

पादूकृत् (पुं०) जूता बनानेवाला।

पाद्य (त्रि०) (द्यः । द्या । द्यम्) वह वस्तु जो कि चरण के पूजा के लिये है (जल इत्यादि) ।

पानगोष्ठिका (स्त्री) मद्य पीने वालों की सभा ।

पानीयम् (नपुं०) जल ।

पानीयशालिका (स्त्री) पौसरा अर्थात् पानी का घर ।

पान्थः (पुं०) राह चलने वाला ।

पाप (त्रि०) (पः । पा । पम्) द्रोह करने वाला = ली, पापयुक्त, (नपुं०) पाप ।

पापचेली (स्त्री) सोनापाढ़ा ।

पाप्मन् (त्रि०) (प्मा । प्मा । प्म) पापयुक्त, (नपुं०) पाप ।

पामन (त्रि०) (नः । ना । नम्) ओदी खजुली वाला = ली ।

पामन् (स्त्री) (मा) ओदी खजुली रोग ।

पामर (त्रि०) (रः । रा । रम्) अधम वा नीच ।

पामा (स्त्री) ओदी खजुली रोग ।

पायस (पुं० । नपुं०) (सः । सम्) (पुं०) "श्रीवास" में देखो, (नपुं०) खीर वा जाउर ।

पायुः (पुं०) दिसा की राह वा मलेन्द्रिय ।

पाय्यम् (नपुं०) मान वा नाप वा माप वा नपुवा ।

पारम् (नपुं०) नदी इत्यादि का पार ।

पारत (पुं० । नपुं०) (तः । तम्) पारा धातु ।

पारदः (पुं०) तथा ।

पारशवः (पुं०) ब्राह्मण से शूद्रा स्त्री में उत्पन्न, एक प्रकार का शस्त्र ।

पारश्वधिकः (पुं०) परशु शस्त्र का धारण करने वाला ।

पारसीकः (पुं०) पारस देश का घोड़ा ।

पारस्त्रैणेयः (पुं०) परस्त्री का पुत्र।

पारायणम् (नपुं०) कोई ग्रन्थ का पाठ करना, सम्पूर्णता ।

पारावतः (पुं०) कबूतर वा परेवा पक्षी ।

पारावताङ्घ्रि (स्त्री) (ङ्घ्रिः—ङ्घ्री) मालकंगुनी ।

पारावारः (पुं०) समुद्र ।

पारावारम् (नपुं०) नदी इत्यादि के दोनों तट ।

पाराशरिन् (पुं०) सन्न्यासी ।

पाराशर्यः (पुं०) कृष्णद्वैपायन व्यास ।

पारिकाङ्क्षिन् (पुं०) (क्षी) तपस्वी ।

पारिजातः (पुं०) हरसिंगार वृक्ष ।

पारिजातकः (पुं०) तथा, बकाइन वृक्ष ।

पारितथ्या (स्त्री) चोटी का गहना (मंद राखड़ी इत्यादि) ।

पारिप्लव (त्रि०) (वः । वा । वम्) चञ्चल ।

पारिभद्रः (पुं०) बकाइन वृक्ष, नीम का पेड़, मंदार, देवदार ।

पारिभद्रकः (पुं०) देवदार ।

पारिभाव्यम् (पुं०) कुट्ट ओषधी ।

पारियात्रकः (पुं०) एक पर्वत ।

पारियात्रिकः (पुं०) तथा ।

पारिषदः (पुं०) शिव के अनुचर ।

पारिहार्यः (पुं०) "आवापक" में देखो ।

पारी (स्त्री) हाथी के पैर की डोरी, बरतन ।

पारुष्यम् (नपुं०) कड़ाई वा कठोरता, अप्रिय वचन ।

पार्थिवः (पुं०) राजा ।

पार्वती (स्त्री) शिव की पत्नी ।

पार्वतीनन्दनः (पुं०) स्वामिकार्तिक, गणेश ।

पार्श्व (पुं० । नपुं०) (र्श्वः । र्श्वम्) पर्शू अर्थात् पाँजर की हड्डियों का समूह, पाँजर, पास ।

पार्ष्णि (पुं० । स्त्री) (र्ष्णिः । र्ष्णिः—र्ष्णी) एंड़ी अर्थात् पैर के पीछे का भाग ।

पार्ष्णिग्राहः (पुं०) राजा के युद्ध यात्रा में पीछे से उस के गढ़ मे अमल कर लेनेवाला राजा, योद्धा की पीछे से रक्षा करने वाला ।

पालघ्नः (पुं०) एक जलोत्पन्न तृण ।

पालङ्की (स्त्री) पालकी साग, कुंदुरू तरकारी ।

पालाश (त्रि०) (शः । शी । शम्) हरा रङ्ग वाला = ली, (पुं०) हरा रङ्ग ।

पालि (स्त्री) (लिः—ली) खड्ग इत्यादि का टोंका, कोना, धारा, चिह्न, पङ्क्ति ।

पालिन्दी (स्त्री) श्याम त्रिधारा ओषधी ।

पालिन्धी (स्त्री) तथा ।
पावकः (पुं०) अग्नि ।
पाशः (पुं०) फन्दा, (यह शब्द जब 'केश'वाचक शब्द के आगे रहता है तब इस का अर्थ समूह होता है, जैसे,—केशपाशः—बालों का समूह) ।
पाशकः (पुं०) पासा ।
पाशिन् (पुं०) (शी) फाँसीवाला, वरुण (जलदेवता) ।
पाशुपत (त्रि०) (तः । ती । तम्) पशुपतिमतावलम्बी, (पुं०) गुल्मा साग, (नपुं०) पाशुपतास्त्र ।
पाशुपाल्यम् (नपुं०) गैया की रक्षा इत्यादि वैश्यवृत्ति ।
पाश्चात्य (त्रि०) (त्यः । त्या । त्यम्) पश्चिम देशवासी, पिछला = ली।
पाश्या (स्त्री) फाँसियों का समूह।
पाषाणः (पुं०) पत्थर ।
पाषाणदारणः (पुं०) सङ्गतराश अर्थात् पत्थर फोड़ने वाला, पत्थर फोड़ने की टाँकी ।
पांशुः (पुं०) धूल, व्यभिचार अर्थात् पर पुरुष से स्त्री का वा परस्त्री से पुरुष का सम्भोग करना । [पांसुः]
पांशुला (स्त्री) "इत्वरी" में देखो। [पांसुला]

पिकः (पुं०) कोकिल पक्षी ।
पिङ्ग (त्रि०) (ङ्गः । ङ्गा । ङ्गम्) दीया के टेम के ऐसा रङ्ग वाला = ली, (पुं०) दीया के टेम के ऐसा रङ्ग ।
पिङ्गल (त्रि०) (लः । ला । लम्) पिशङ्ग रङ्ग से कुछ अधिक पीले रङ्ग वाला = ली, (पुं०) पिशङ्ग रङ्ग से कुछ अधिक पीला रङ्ग, एक सूर्य का पार्श्ववर्ती, (स्त्री) वामन दिग्गज की स्त्री ।
पिचण्डः (पुं०) पेट । [पिचिण्डः]
पिचण्डिल (त्रि०) (लः । ला । लम्) बड़े पेट वाला वा तोंदैला = ली । [पिचिण्डिल]
पिचिण्डः (पुं०) पेट ।
पिचुः (स्त्री) रुई वा कपास ।
पिचुमन्दः (पुं०) नीम का वृक्ष ।
पिचुमर्दः (पुं०) तथा ।
पिचुलः (पुं०) झाऊ वृक्ष ।
पिच्च (त्रि०) (च्चः । च्चा । च्चम्) पिचटा = टी वा चिपटा = टी।
पिच्चटम् (नपुं०) राँगा धातु ।
पिच्छम् (नपुं०) मोर की पोंछ।
पिच्छा (स्त्री) सेमर की गोंद, भात इत्यादि का माँड़ ।
पिच्छिल (त्रि०) (लः । ला । लम्) चिकना = नी, माँड़युक्त व्यञ्जन,

(स्त्री) सेमर वृक्ष, सीसो वृक्ष, (नपुं०) पतली छड़ी वा मण्ठा।

पिङ्गः (पुं०) मारडालना ।

पिञ्जर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) पिंजड़ा, (पुं०) एक प्रकार का घोड़ा, (नपुं०) हरताल, सोना ।

पिञ्जलः (पुं०) वह सेना जिस में बहुत आदमियों की भीड़ से ठसमस होय ।

पिञ्जूलः (पुं०) दीया का मल ।

पिञ्जूषः (पुं०) खूंट अर्थात् कान का मल ।

पिटः (पुं०) झांपी ।

पिटकः (पुं०) पेटारा वा सन्दूक, फोड़ा ।

पिटका (स्त्री) फोड़ा ।

पिठर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) (पुं०) "उखा" में देखो, (नपुं०) मोथा घास, मन्थनदण्ड वा मथनिया ।

पिण्ड (पुं० । नपुं०) (ण्डः । ण्डम्) (पुं०) झाँपी, कोई वस्तु का गोला, गन्धरस, (नपुं०) लोहा।

पिण्डकः (पुं०) लोहबान एक गन्धवस्तु ।

पिण्डिका (स्त्री) गोला, पहिया के काठ का आधारभूत मण्डलाकार चक्र का मध्यभाग ।

पिण्डीतकः (पुं०) मयनफल का वृक्ष ।

पिण्डी (स्त्री) "पिण्डिका" में देखो।

पिण्याकः (पुं०) सिह्लक एक प्रकार का पदार्थ, तिल की खरी।

पितरौ, ऋकारान्त, द्विवचन, (पुं०) माता पिता ।

पितामहः (पुं०) दादा अर्थात् पिता का पिता, ब्रह्मा ।

पितृ (पुं०) (ता) बाप ।

पितृपतिः (पुं०) यमराज ।

पितृप्रसूः (स्त्री) पिता की माता अर्थात् दादी, सन्ध्या का समय।

पितृयज्ञः (पुं०) अन्न जल से पितरों को तृप्त वा सन्तुष्ट करना।

पितृवनम् (नपुं०) श्मशान ।

पितृव्यः (पुं०) पिता का भाई अर्थात् चाचा ।

पित्तम् (नपुं०) पित्त एक शरीर का धातु ।

पित्र्य (त्रि०) (त्र्यः । त्र्या । त्र्यम्) पितासम्बन्धी (अधिकार वा राज्य जो परम्परा से चला आया है), अङ्गुष्ठ और तर्जनी के बीच का तीर्थ ।

पित्सत् (पुं०) (न्) पक्षी ।

पिधानम् (नपुं०) ढाँपना, ढपना, गुप्त होना ।

पिनद्धः (पुं०) कवच पहिने हुए योद्धा
पिनाक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) शिव का धनुष, शूल ।
पिनाकिन् (पुं०) (की) शिव ।
पिपासा (स्त्री) प्यास वा तृषा ।
पिपीलिका (स्त्री) चिउंटी ।
पिप्पलः (पुं०) पीपल वृक्ष ।
पिप्पलि (स्त्री) (लिः—ली) पीपर औषधी ।
पिप्पलीमूलम् (नपुं०) पिपरामूल।
पिप्लुः (पुं०) "कालक" में देखो ।
पियालः (पुं०) प्यारमेवा ।
पियालकः (पुं०) तथा ।
पिल्ल (त्रि०) (ल्लः । ल्ला । ल्लम्) "क्लिन्नाक्ष" में देखो ।
पिशङ्ग (त्रि०) (ङ्गः । ङ्गी । ङ्गम्) कमल के पराग के सदृश रङ्ग वाला = ली, (पुं०) कमल के पराग के सदृश रङ्ग ।
पिशाचः (पुं०) प्रेत वा एक देवयोनि ।
पिशितम् (नपुं०) मांस ।
पिशुन (त्रि०) (नः । ना । नम्) सूचक वा चुगलखोर, खल, (स्त्री) असवरक, (नपुं०) केसर ।
पिष्टकः (पुं०) एक तरह की पूड़ी जो चावल के पिसान से बनती हैं जिस को बारगा कहते हैं ।
पिष्टपचनम् (नपुं०) आँटे के वस्तु के पकाने का बरतन (तावा कड़ाही इत्यादि) ।
पिष्टातः (पुं०) बुक्का ।
पीठ (त्रि०) (ठः । ठी । ठम्) पीढ़ा ।
पीडनम् (नपुं०) दबाना, निचोड़ना, उपद्रव वा पीड़ा देना।
पीडा (स्त्री) पीड़ा ।
पीत (त्रि०) (तः । ता । तम्) पीला = ली, (पुं०) पीला रङ्ग, (स्त्री) हरदी ।
पीतदारु (नपुं०) देवदार वृक्ष ।
पीतद्रुः (पुं०) सरला वा सरल देवदार, दारुहरदी ।
पीतन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) (पुं०) अमड़ा वृक्ष, (नपुं०) केसर, हरताल ।
पीतसरकः (पुं०) विजयसार एक लकड़ी ।
पीतसालकः (पुं०) तथा ।
पीताम्बरः (पुं०) विष्णु ।
पीतिः (पुं०) घोड़ा ।
पीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) मोटा = टी ।
पीनसः (पुं०) "प्रतिश्याय" में देखो ।
पीनोध्नी (स्त्री) मोटे २ स्तन वाली गाय ।

पीयूषः (पुं॰) नई ब्यानी गैया के सात दिन तक का दूध (कोई कहते हैं कि पकाये हुये उस दूध का यह नाम है) । [पेयूषः]

पीयूषम् (नपुं॰) अमृत ।

पीलुः (पुं॰) अखरोट मेवा, हाथी, बाण, फूल ।

पीलुपर्णी (स्त्री) मुरहारा वा मुर्रा, कुन्दरू तरकारी ।

पीवन् (त्रि॰) (वा । वा । व) मोटा = टी ।

पीवर (त्रि॰) (रः । रा—री । रम्) मोटा = टी ।

पीव्र (पुं॰) (वा) मोटा वा तयार ।

पुक्कसः (पुं॰) चण्डाल वा डोम ।

पुङ्खः (पुं॰) बाण की पोंछ ।

पुङ्गवः (पुं॰) (पूर्वपदसहित इस का प्रयोग होता है) यह पद पूर्व पदार्थ की श्रेष्ठता को सूचित करता है जैसा—"ब्राह्मणपुङ्गवः"—ब्राह्मणों में श्रेष्ठ ।

पुच्छ (पुं॰ । नपुं॰) (च्छः । च्छम्) पोंछ ।

पुञ्जः (पुं॰) समूह ।

पुट (त्रि॰) (टः । टी । टम्) दोना ।

पुटभेदः (पुं॰) नाद वा भंवर (जो पानी में पड़ती है) ।

पुटभेदनम् (नपुं॰) नगर ।

पुण्डरीक (पुं॰ । नपुं॰) (कः । कम्) (पुं॰) अग्निकोण का दिग्गज, सिंह, व्याघ्र, अग्नि, (नपुं॰) श्वेत कमल ।

पुण्डरीकाक्षः (पुं॰) विष्णु ।

पुण्डर्यम् (नपुं॰) पुण्डरीय एक ओषधीवृक्ष ।

पुण्ड्रः (पुं॰) पौंढ़ा । [पौण्ड्रः]

पुण्ड्रकः (पुं॰) एक तरह का कुन्द जो वसन्त में फूलता है ।

पुण्य (त्रि॰) (ण्यः । ण्या । ण्यम्) पुण्यवान्, मनोहर, (नपुं॰) धर्म

पुण्यकम् (नपुं॰) चान्द्रायणादि व्रत ।

पुण्यजनः (पुं॰) राक्षस, यक्ष ।

पुण्यजनेश्वरः (पुं॰) कुबेर ।

पुण्यभूमिः (पुं॰) आर्यावर्त्त अर्थात् विन्ध्य और हिमालय का मध्य देश ।

पुण्यवत् (त्रि॰) (वान् । वती । वत्) भाग्यवान् ।

पुत्तिका (स्त्री) एक छोटी मधुमक्खी ।

पुत्रः (पुं॰) बेटा ।

पुत्री (स्त्री) बेटी ।

पुत्रौ, द्विवचन (पुं॰) बेटा और बेटी ।

पुद्गल (त्रि॰) (लः । ला । लम्) सुन्दर आकार वाला = ली,

(पुं॰) आत्मा, देह ।
पुनर् (अव्यय) (नः) फेर, भेद, अवधारण वा निश्चय ।
पुनर्नवः (पुं॰) नख ।
पुनर्नवा (स्त्री) गदहपूर्णा ओषधी ।
पुनर्भवः (पुं॰) नख ।
पुनर्भूः (पुं॰ । स्त्री) (भूः । भूः) "दिधिषू" में देखो ।
पुन्ध्वजः (पुं॰) मूसा जन्तु ।
पुन्नागः (पुं॰) नागकेसर वृक्ष ।
पुर (पुं॰ नपुं॰) (रः रम्) (पुं॰) गुग्गुल वृक्ष, (नपुं॰) घर, नगर, शरीर ।
पुरतस् (अव्यय) (तः) अगाड़ी वा आगे ।
पुरन्दरः (पुं॰) इन्द्र ।
पुरन्ध्रि (स्त्री) (न्ध्रिः—न्ध्री) पति पुत्र वाली स्त्री ।
पुरस् (अव्यय) (रः) अगाड़ी, पूर्व दिशा ।
पुरस्कृत (त्रि॰) (तः । ता । तम्) पूजित, शत्रु से अगाड़ी किया गया = ई, अगाड़ी किया गया = ई ।
पुरस्तात् (अव्यय) अगाड़ी ।
पुरस्सर (त्रि॰) (रः । रा । रम्) आगे चलने वाला = ली ।
पुरा (अव्यय) पूर्व काल, निरन्तर, बीत गया, निकट होने वाला, पूर्वदिशा, प्रथम, अगाड़ी
पुराण (त्रि॰) (णः । णी । णम्) पुराना = नी, (नपुं॰) मात्स्यादि पुराण ।
पुराणपुरुषः (पुं॰) विष्णु ।
पुरातन (त्रि॰) (नः । नी । नम्) पुराना = नी ।
पुरावृत्तम् (नपुं॰) पुरानी बात वा इतिहास, भारत इत्यादि इतिहास ।
पुरी (स्त्री) नगरी ।
पुरीतत् (नपुं॰) अंतड़ी वा एक नाड़ी जो पेट में है ।
पुरीषम् (नपुं॰) विष्ठा ।
पुरु (त्रि॰) (रुः । रुः । रु) बहुत, बड़ा = ड़ी ।
पुरुषः (पुं॰) पुरुष वा नर, आत्मा, नागकेसर वृक्ष, मनुष्य ।
पुरुषोत्तमः (पुं॰) विष्णु, पुरुषों में उत्तम ।
पुरुह (त्रि॰) (हः । हा । हम्) बहुत, बड़ा = ड़ी ।
पुरुहू (त्रि॰) (हूः । हूः । हु) तथा ।
पुरुहूतः (पुं॰) इन्द्र ।
पुरोग (त्रि॰) (गः । गा । गम्) अग्रगामी, अग्रगण्य ।
पुरोगम (त्रि॰) (मः । मा । मम) तथा

पुरोगामिन् (त्रि०) (मी । मिनी । मि) तथा ।
पुरोडाशः (पुं०) खपड़े पर भूंजा हुवा आटा का गोला ।
पुरोधस् (पुं०) (धाः) पुरोहित ।
पुरोभागिन् (त्रि०) (गी । गिनी । गि) केवल दोष का देखने वाला = ली ।
पुरोहितः (पुं०) पुरोहित ।
पुर् (स्त्री) (पूः) नगर ।
पुलस्त्यः (पुं०) एक ऋषि का नाम।
पुलहः (पुं०) एक ऋषि का नाम ।
पुलाकः (पुं०) धान की भूसी, सङ्क्षेप, भात का सीत ।
पुलिनम् (नपुं०) नदी इत्यादि का तट जो टटका निकला है।
पुलिन्दः (पुं०) एक प्रकार के म्लेच्छ मनुष्य जो पर्वतों पर रहते हैं ।
पुलोमजा (स्त्री) इन्द्राणी ।
पुषित (त्रि०) (तः । ता । तम्) पुष्ट, पोषा गया = ई ।
पुष्कर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) (पुं०) तलाव, (नपुं०) कमल, आकाश, जल, पुष्करमूल, हाथी के सूंड़ का अग्रभाग, बाजा का मुख ।
पुष्कराह्वः (पुं०) सहरस पक्षी ।
पुष्करिणी (स्त्री) पोखरी ।
पुष्कल (त्रि०) (लः । ला । लम्) बहुत, अत्यन्त सुन्दर ।
पुष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) पुष्ट, पोषा गया = ई ।
पुष्पम (नपुं०) फूल, स्त्री का रज अर्थात् प्रति मास में बहने वाला रुधिर, करौंदा वृक्ष ।
पुष्पकम् (नपुं०) कुबेर का विमान, "कुसुमाञ्जन" में देखो ।
पुष्पकेतुः (पुं०) "कुसुमाञ्जन" में देखो ।
पुष्पदन्तः (पुं०) वायुकोण का दिग्गज, महिमन् स्तोत्र का कर्त्ता।
पुष्पधन्वन् (पुं०) (न्वा) कामदेव ।
पुष्पफलः (पुं०) कइत वृक्ष ।
पुष्परथः (पुं०) हवा खाने का रथ । [पुष्यरथः] ।
पुष्पलिह (पुं०) (ट्—ड्) भंवरा।
पुष्पवती (स्त्री) रजस्वला स्त्री ।
पुष्पवत्,द्विवचन, (पुं०) (न्तौ) चन्द्र और सूर्य्य ।
पुष्पसमयः (पुं०) वसन्त ऋतु ।
पुष्पाह्वः (पुं०) स्त्री का रज ।
पुष्यः (पुं०) एक नक्षत्र का नाम ।
पुष्यरथः (पुं०) हवा खाने का रथ
पुस्तम् (नपुं०) मृत्तिका आदि से पुतली इत्यादि का बनाना ।

पुंश्चली (स्त्री) कुलटा वा खानगी ।
पुंस् (पुं०) (पुमान्) पुरुष वा नर ।
पूगः (पुं०) सुपारी वृक्ष वा फल, समूह ।
पूजनम् (नपुं०) पूजा करना ।
पूजा (स्त्री) पूजा वा बड़ों का आदर करना ।
पूजित (त्रि०) (तः । ता । तम्) पूजित वा आदर किया गया = ई ।
पूज्य (त्रि०) (ज्यः । ज्या । ज्यम्) पूजा करने के वा आदर करने के योग्य, (पुं०) ससुर ।
पूत (त्रि०) (तः । ता । तम्) पवित्र, ओसाय कर के साफ किया गया (अन्न) ।
पूतना (स्त्री) एक राक्षसी का नाम, हर्रे ।
पूतिकः (पुं०) कंटैला करञ्ज । [पूतीकः]
पूतिकरजः (पुं०) तथा । [पूतीकरजः] [पूतीकरञ्जः]
पूतिकाष्ठम् (नपुं०) सरला वा सरलदेवदार, देवदार ।
पूतिगन्धि (त्रि०) (न्धिः । न्धिः । न्धि) दुर्गन्धवस्तु, (पुं०) दुर्गन्ध ।
पूतिफला (स्त्री) बकुची ओषधी ।
पूपः (पुं०) चावल की पूड़ी वा घारगा ।
पूरः (पुं०) जल का प्रवाह ।
पूरण (त्रि०) (णः । णी । णम्) पूरा करने वाला = ली, (स्त्री) सेमर वृक्ष ।
पूरित (त्रि०) (तः । ता । तम्) भरा गया = ई, भर गया = ई ।
पूरुषः (पुं०) पुरुष वा नर ।
पूर्ण (त्रि०) (र्णः । र्णा । र्णम्) भर गया = ई, समग्र वा पूरा हुआ = ई । [पूर्व]
पूर्णिमा (स्त्री) पूर्णमासी तिथि ।
पूर्तम् (नपुं०) धर्म के लिये खुदवाया हुआ कूंवाँ तालाव बावली इत्यादि ।
पूर्व (त्रि०) (र्वः । र्वा । र्वम्) पहिला = ली, (पुं०, बहुवचन—पूर्वे), पूर्व पुरुष अर्थात् पुरुखा, (पुं०) ब्रह्मा, (स्त्री) पूर्वदिशा, (नपुं०) पहिले (क्रियाविशेषण)
पूर्वज (त्रि०) (जः । जा । जम्) पहिले उत्पन्न भया = ई, (पुं०) बड़ा भाई, पूर्व पुरुष अर्थात् बाप दादा इत्यादि पुरुखा, (स्त्री) बड़ी बहिन ।
पूर्वदेवः (पुं०) असुर ।
पूर्वपक्षः (पुं०) शुक्ल पक्ष वा उंजाला पाख, शङ्का वा सन्देह ।

पूर्वपर्वतः (पुं०) उदयाचल पर्वत ।
पूर्वद्युस् (अव्यय) (द्युः) कल (जो बीत गया) ।
पूषन् (पुं०) (षा) सूर्य ।
पृक्का (स्त्री) अस्परक ओषधी ।
पृक्तिः (स्त्री) स्पर्श करना वा छूना।
पृच्छा (स्त्री) पूछना ।
पृतना (स्त्री) सेना, वह सेना जिस में २४३ हाथी २४३ रथ ७२९ घोड़े और १२१५ पैदल रहते हैं ।
पृथक् (अव्यय) जुदा, बिना ।
पृथक्पर्णी (स्त्री) पिठवन ओषधी।
पृथग्जनः (पुं०) नीच वा अधम, मूर्ख ।
पृथग्विध (त्रि०) (धः । धा । धम्) दूसरे प्रकार का = की, नाना रूप वाला ।
पृथिवी (स्त्री) भूमि, एक छन्द का नाम ।
पृथु (त्रि०) (थुः । थ्वी—थुः । थु) विस्तीर्ण वा बड़ा = ड़ी, (पुं०) एक राजा का नाम, (स्त्री) काली जीरी, हींग का वृक्ष ।
पृथुकः (पुं०) चिउड़ा (अन्न), लड़का
पृथुरोमन् (पुं०) (मा) एक मछली।
पृथुल (त्रि०) (लः । ला । लम्) विस्तीर्ण वा बड़ा = ड़ी ।
पृथ्वी (स्त्री) भूमि, एक छन्द का नाम, कालीजीरी, हींग का वृक्ष
पृथ्वीका (स्त्री) बड़ी लाइची ।
पृदाकुः (पुं०) सर्प, बिच्छी, बाघ, चीता ।
पृश्निः (स्त्री) किरण, छोटे शरीर वाली, छोटा वा थोड़ा । [पृश्णिः]
पृश्निपर्णी (स्त्री) पिठवन ओषधी।
पृषतः (पुं०) जल का कण, एक तरह का मृग जिस के शरीर पर बूंद बूंद सा रहता है ।
पृषत् (नपुं०) जल का कण ।
पृषत्कः (पुं०) बाण ।
पृषदश्वः (पुं०) वायु ।
पृषदाज्यम् (नपुं०) दही से मिला घी ।
पृषातकम् (नपुं०) तथा ।
पृष्ठम् (नपुं०) पीठ ।
पृष्ठ्य (पुं० । नपुं०) (ष्ठ्यः । ष्ठ्यम्) (पुं०) बोझा ढोने वाला घोड़ा, (नपुं०) पीठों का समूह ।
पेचकः (पुं०) उल्लू पक्षी, हाथी के पुरीषद्वार का आच्छादक मांस ।
पेट (त्रि०) (टः । टी । टम्) पेटारा वा सन्दूक ।
पेटकः (पुं०) पेटारा वा सन्दूक,

झुण्ड वा समूह ।
पेटा (स्त्री) पेटारा वा सन्दूक ।
पेडा (स्त्री) तथा ।
पेलव (त्रि०) (वः । वा । वम्) सुन्दर, कोमल, विरल वा चौड़ा ।
पेशल (त्रि०) (लः । ला । लम्) चतुर, मनोहर ।
पेशि (स्त्री) (शिः—शी) अण्डा, थैली ।
पैठर (त्रि०) (रः । री । रम्) बटलोहिया में पकाया हुआ अन्न ।
पैतृष्वसेयः (पुं०) फूआ का लड़का
पैतृष्वस्त्रीयः (पुं०) तथा ।
पोटगलः (पुं०) नरकट, काश तृण
पोटा (स्त्री) वह स्त्री जिस के दाढ़ी मूछ के बाल निकले हों ।
पोतः (पुं०) नौका, लड़का ।
पोतवणिज् (पुं०) (क्—ग्) जहाजी सौदागर ।
पोतवाहः (पुं०) नाव का चलाने वाला अर्थात् मल्लाह ।
पोताधानम् (नपुं०) छोटे अण्डे की मछलियों का झुण्ड ।
पोत्रम् (नपुं०) शूकर का मुख, हल का अग्रभाग ।
पोत्रिन् (पुं०) (त्री) शूकर ।
पोष्टृ (त्रि०) (ष्टा । ष्ट्री । ष्टृ) पालन करने वाला = ली ।
पौण्डर्यम् (नपुं०) पुण्डरीय वृक्ष ।
पौत्तिकम् (नपुं०) मक्खी का सहद ।
पौत्रः (पुं०) पुत्र वा पुत्री का लड़का ।
पौत्री (स्त्री) पुत्र वा पुत्री की लड़की
पौर (त्रि०) (रः । री । रम्) पुरवासी, (नपुं०) रोहिस घास ।
पौरस्त्य (त्रि०) (स्त्यः । स्त्या । स्त्यम्) पूर्वदिशा वाला = ली, पहिला = ली ।
पौरुष (त्रि०) (षः । षा—षी । षम्) पोरसा भर गहिरा = री, (नपुं०) पौरुष वा पुरुष का धर्म ।
पौरोगवः (पुं०) रसोई के घर का अध्यक्ष वा स्वामी ।
पौर्णमासः (पुं०) पौर्णिमा में विहित याग वा यज्ञ ।
पौर्णमासी (स्त्री) पूर्णमासी तिथि ।
पौर्णिमा (स्त्री) तथा ।
पौलस्त्यः (पुं०) कुवेर, रावण (एक राक्षस) ।
पौलि (पुं० । स्त्री) (लिः । लि—ली) हरे वा घृतादि में भूंजे हुए जव इत्यादि से बनाया गया पक्वान्न (रोटी इत्यादि) (कोई कहते हैं कि यह भूंजे हरे जव

इत्यादि का भी नाम है) ।

पौषः (पुं०) पूस महीना ।

प्याट् (अव्यय) हे ! (सम्बोधन में बोला जाता है) ।

प्रकम्पनः (पुं०) महावायु ।

प्रकर्षः (पुं०) उत्कृष्टता वा बड़ाई।

प्रकाण्ड (पुं० । नपुं०) (ण्डः । ण्डम्) जड़ से ले शाखा तक का वृक्ष का भाग, (नपुं०) प्रशस्त वा प्रशंसा के लायक ।

प्रकामम् (पुं०) यथेष्ट वा इच्छा के अनुरूप ।

प्रकारः (पुं०) भेद वा तरह, तुल्यता ।

प्रकारक (त्रि०) (रकः । रिका । रकम्) उत्कृष्ट वा उत्तम कार्य करने वाला = ली ।

प्रकाशः (पुं०) अति प्रसिद्ध, घाम, उंजाला ।

प्रकीर्णकम् (नपुं०) चामर वा चंवर

प्रकीर्यः (पुं०) कंटैला करञ्ज वृक्ष ।

प्रकृतिः (स्त्री) स्वभाव, स्त्री वा पुरुष का मूत्रद्वार, कारण वा हेतु, प्रधान तत्व जो साङ्ख्य शास्त्र में कहा है, मन्त्री ।

प्रकृतयः, बहुवचन, (स्त्री) स्वामी अमात्य इत्यादि राज्य के आठ अङ्ग ("राज्याङ्ग" में देखो) ।

प्रकोष्ठः (पुं०) बाँह के केहुनी के नीचे का भाग ।

प्रक्रमः (पुं०) प्रारम्भ ।

प्रक्रिया (स्त्री) राजों का छत्रधारण इत्यादि व्यापार (कोई "व्यवस्था का स्थापन करना" कहते हैं), साधन करना ।

प्रक्वणः (पुं०) वीणा का शब्द ।

प्रक्वाणः (पुं०) तथा ।

प्रक्ष्वेडनः (पुं०) लोहे का बाण। [पृक्ष्वेदनः]

प्रगण्डः (पुं०) बाँह का केहुनी के ऊपर का भाग ।

प्रगतजानुक (त्रि०) (कः । का । कम्) वात इत्यादि रोग से जिस की जङ्घा बहुत दूर दूर हो गई हों ।

प्रगल्भ (त्रि०) (ल्भः । ल्भा । ल्भम्) ढीठा = ठी, तीव्र वा तीखी बुद्धि वाला = ली ।

प्रगाढ (त्रि०) (ढः । ढा । ढम्) दृढ़ वा मज़बूत, (नपुं०) अत्यन्त, दुःख ।

प्रगुण (त्रि०) (णः । णा । णम्) दृढ़ वा मज़बूत, सूधा = धी ।

प्रगे (अव्यय) प्रातःकाल वा भोर वा सबेरा ।

प्रग्रहः (पुं०) कैदी जो चोर इ

त्यादि अपराधी का दण्ड है, पगहा वा पशु बाँधने की डोरी।
प्रग्राहः (पुं०) तराजू, घोड़ा इत्यादि की लगाम । [प्रग्रहः]
प्रग्रीवम् (नपुं०) वृक्ष की फुनगी ।
प्रघणः (पुं०) चउखट के बाहर का स्थान जो चौतरा इत्यादि के सदृश रहता है ।
प्रघाणः (पुं०) तथा ।
प्रचक्रम् (नपुं०) वह सेना जिसने डेरा कूच किया है ।
प्रचलायित (त्रि०) (तः । ता । तम्) निद्रा से घूर्णित वा औंघाया ।
प्रचीरम् (नपुं०) गाँव इत्यादि के किनारे चारो ओर का काँटा इत्यादि का घेरा ।
प्रचुर (त्रि०) (रः । रा । रम्) बहुत ।
प्रचेतस् (पुं०) (ताः) वरुण ।
प्रचोदनी (स्त्री) भटकटैया ओषधी।
प्रच्छदपटः (पुं०) वीणा डोली पालकी इत्यादि का ओहार वा आच्छादन वस्त्र, स्त्रियों का घूंघट ।
प्रच्छन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) छिपा हुआ=ई, (नपुं०) खिड़की ।
प्रच्छर्दिका (स्त्री) वमन वा छाँट ।
प्रजन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) गर्भ का धारण करना ।
प्रजविन् (पुं०) (वी) वेगवान् ।
प्रजा (स्त्री) सन्तति वा लड़का लड़की, लोग वा रैय्यत ।
प्रजाता (स्त्री) वह स्त्री जिसको लड़का भया है ।
प्रजापतिः (पुं०) ब्रह्मा ।
प्रजावती (स्त्री) लड़के वाले वाली स्त्री, भाई की स्त्री ।
प्रज्ञ (त्रि०) (ज्ञः । ज्ञा । ज्ञम्) पण्डित, "प्रज्ञु" में देखो ।
प्रज्ञा (स्त्री) बुद्धि ।
प्रज्ञानम् (नपुं०) बुद्धि, चिह्न ।
प्रज्ञु (त्रि०) (ज्ञुः । ज्ञुः । ज्ञु) रोग से जिस की जङ्घा दूर २ हो गई है ।
प्रडीनम् (नपुं०) पक्षियों का तिरछा चलना ।
प्रणदः (पुं०) अनुराग वा प्रीति से उत्पन्न भया शब्द ।
प्रणयः (पुं०) प्रेम वा प्रीति, माँगना, विश्वास ।
प्रणवः (पुं०) ओङ्कार जो वेद पढ़ने के पहिले बोला जाता है।
प्रणादः (पुं०) अनुराग वा प्रीति से उत्पन्न भया शब्द ।

प्रणाल (पुं० । स्त्री) (लः । ली) पनारा वा पनारी, (स्त्री) परिपाटी वा क्रम ।
प्रणिधानम् (नपुं०) सावधानता वा चित्त की एकाग्रता ।
प्रणिधिः (पुं०) हलकारा, प्रार्थन ।
प्रणिहित (त्रि०) (तः । ता । तम्) लब्ध हुआ वा पाया गया = ई।
प्रणीत (त्रि०) (तः । ता । तम्) बनाया गया वा सिरजा गया वा निर्माण किया गया = ई, रसादि कर के वा पाक कर के संस्कृत व्यञ्जनादिक, (पुं०) मन्त्रादिक से संस्कृत अग्नि ।
प्रणुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) स्तुति किया गया वा वर्णन किया गया = ई ।
प्रणेय (त्रि०) (यः । या । यम्) वश में स्थित ।
प्रतन (त्रि०) (नः । नी । नम्) पुराना = नी ।
प्रतलः (पुं०) थपेड़ा ।
प्रतापः (पुं०) कोष वा खज़ाने से और सेना वा फौज से उत्पन्न हुआ तेज ।
प्रतापसः (पुं०) श्वेत मंदार वृक्ष ।
प्रति (अव्यय) मुख्य के सदृश, वीप्सा वा व्याप्त करने की इच्छा (जैसा,—"ग्रामङ्ग्रामम्प्रति गच्छति" = गाँव गाँव घूमता है), लक्षण वा चिह्न, उलटा वा विपरीत ।
प्रतिकर्मन् (नपुं०) (र्म) सिंगारना।
प्रतिकूल (त्रि०) (लः । ला । लम्) विपरीत वा विरुद्ध ।
प्रतिकृतिः (स्त्री) प्रतिमा वा मूर्ति वा तसवीर ।
प्रतिकृष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) नीच वा अधम ।
प्रतिक्षिप्त (त्रि०) (प्तः । प्ता । प्तम्) धिक्कारित ("अधिक्षिप्त" में देखो) ।
प्रतिख्यातिः (स्त्री) अत्यन्त प्रसिद्धि। [प्रतिविख्यातिः] [प्रविख्यातिः]
प्रतिग्रहः (पुं०) दान लेना, सेना का पृष्ठ भाग वा पीछा, पिकदानी।
प्रतिग्राहः (पुं०) पिकदानी ।
प्रतिघः (पुं०) कोप वा क्रोध ।
प्रतिघातनम् (नपुं०) मारडालना।
प्रतिच्छाया (स्त्री) "प्रतिकृति" में देखो ।
प्रतिजागरः (पुं०) वस्तुओं की निगहबानी करना ।
प्रतिज्ञा (स्त्री) प्रतिज्ञा वा कौल ।
प्रतिज्ञात (त्रि०) (तः । ता । तम्)

अङ्गीकृत वा अङ्गीकार किया गया = ई ।

प्रतिज्ञानम् (नपुं०) अङ्गीकार।

प्रतिदानम् (नपुं०) धरोहरवाले को उस की थाती सौंप देना, अदल बदल करना ।

प्रतिध्वानम् (नपुं०) प्रतिध्वनि वा गूंज अर्थात् कूआँ इत्यादि में शब्द करने से जो दूसरा शब्द निकलता है ।

प्रतिनिधिः (पुं०) "प्रतिकृति" में देखो, तुल्य वा सदृश ।

प्रतिपद् (स्त्री) (त्—द्) पड़िवा तिथि, बुद्धि ।

प्रतिपन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) जाना गया = ई ।

प्रतिपादनम् (नपुं०) दान ।

प्रतिबद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) जिस्का मन टूट गया वा उदास हो गया = ई ।

प्रतिबन्धः (पुं०) कार्य का प्रतिघात वा रुकावट ।

प्रतिभय (त्रि०) (यः । या । यम्) "प्रतीभय" में देखो ।

प्रतिभा (स्त्री) तर्क वितर्क वाली बुद्धि ।

प्रतिभूः (पुं०) मध्यस्थ वा निचवई ।

प्रतिमा (स्त्री) "प्रतिकृति" में देखो।

प्रतिमानम् (नपुं०) तथा, वाहित्थ का अधोभाग अर्थात् हाथी के दोनों दाँतों के बीच का हिस्सा

प्रतिमुक्तः (पुं०) कवच पहिने हुए योद्धा ।

प्रतियत्नः (पुं०) गुण का आरोपण करना वा गुण का स्थापन करना, लाभ की इच्छा, संस्कार।

प्रतियातना (स्त्री) "प्रतिकृति" में देखो, बदला लेना ।

प्रतिरोधिन् (पुं०) (धी) चोर ।

प्रतिवाक्यम् (नपुं०) उत्तरवाक्य वा जवाब ।

प्रतिवादिन् (पुं०) (दी) शङ्का का समाधान करने वाला वा झगड़ा करनेवाला वा मुद्दालह।

प्रतिबिम्बम् (नपुं०) "प्रतिकृति" में देखो, प्रतिबिम्ब वा छाया (जैसा मुखादिक की छाया दरपण इत्यादि में पड़ती है)।

प्रतिविषा (स्त्री) अतीस ओषधी।

प्रतिशासनम् (नपुं०) नौकरों को हुक्म देना वा आज्ञा देना।

प्रतिश्यायः (पुं०) एक तरह का नाक का रोग जिस को "पीनस" भी कहते हैं ।

प्रतिश्रयः (पुं०) सभा, आश्रय वा अवलम्ब, अङ्गीकार।
प्रतिश्रवः (पुं०) अङ्गीकार।
प्रतिश्रुत (त्रि०) (तः। ता। तम्) अङ्गीकार किया गया = ई।
प्रतिश्रुत् (स्त्री) "प्रतिध्वान" में देखो।
प्रतिष्टम्भः (पुं०) कार्य का प्रतिघात वा रुकावट।
प्रतिसरः (पुं०) सेना का पिछला हिस्सा, मन्त्र तन्त्र का डोरा।
प्रतिसीरा (स्त्री) कनात वा पर्दा।
प्रतिहत (त्रि०) (तः। ता। तम्) मन में टूट गया वा उदास हो गया = ई।
प्रतिहारकः (पुं०) ऐन्द्रजालिक वा बाजीगर। [प्रातिहारकः]
प्रतिहासः (पुं०) कंदूल पुष्पवृक्ष। [प्रतीहासः]
प्रतीक (त्रि०) (कः। का। कम्) प्रतिकूल वा विरोधी, (पुं०) अङ्ग, किसी चीज़ का एक हिस्सा।
प्रतीकारः (पुं०) वैर लेना।
प्रतीकाश (त्रि०) (शः। शा। शम्) तुल्य (यह पद किसी पद के उत्तर में अर्थात् अगाड़ी रह कर पूर्व पद की तुल्यता को बोधन करता है)।
प्रतीक्ष्य (त्रि०) (क्ष्यः। क्ष्या। क्ष्यम्) पूज्य वा मान्य वा आदर करने के योग्य।
प्रतीची (स्त्री) पश्चिम दिशा।
प्रतीचीन (त्रि०) (नः। ना। नम्) "प्रत्यग्भव" में देखो।
प्रतीचीपतिः (पुं०) वरुण देवता।
प्रतीत (त्रि०) (तः। ता। तम्) प्रसन्न, प्रसिद्ध।
प्रतीप (त्रि०) (पः। पा। पम्) विपरीत वा विरुद्ध।
प्रतीपदर्शिनी (स्त्री) स्त्री, विपरीत देखने वाली।
प्रतीभय (त्रि०) (यः। या। यम्) भयङ्कर वस्तु, (नपुं०) भयानक रस। [प्रतिभय]
प्रतीरम् (नपुं०) नदी इत्यादि का तीर।
प्रतीवापः (पुं०) दूध इत्यादि में मयठा इत्यादि का मिलाना।
प्रतीहारः (पुं०) द्वार, द्वारपाल। [प्रतिहारः]
प्रतीहारी (स्त्री) द्वार की निगहबानी करने वाली स्त्री।
प्रतीहासः (पुं०) कंदूल पुष्पवृक्ष। [प्रतिहासः]
प्रतोली (स्त्री) गल्ली।
प्रत्न (त्रि०) (त्नः। त्ना। त्नम्)

प्राचीन वा पुराना = नी ।
प्रत्यक् (अव्यय) पश्चिम दिशा, पश्चिम देश, पिछला समय ।
प्रत्यक्पर्णी (स्त्री) चिचिड़ा वृक्ष।
प्रत्यक्श्रेणी (स्त्री) मूसाकर्णी ओषधी, वज्रदन्ती ओषधी ।
प्रत्यक्ष (त्रि०) (क्षः । क्षा । क्षम्) इन्द्रियों से ग्रहण करने के योग्य वस्तु, (नपुं०) प्रत्यक्ष ज्ञान, चक्षु इत्यादि ६ ज्ञानेन्द्रिय ।
प्रत्यग्भव (त्रि०) (वः । वा । वम्) पश्चिम दिशा का वा पश्चिम दिशा में उत्पन्न भया = ई ।
प्रत्यग्र (त्रि०) (ग्रः । ग्रा । ग्रम्) नया = ई ।
प्रत्यन्तः (पुं०) म्लेच्छों का देश ।
प्रत्यन्तपर्वतः (पुं०) बड़े पर्वत के पास का छोटा पर्वत ।
प्रत्ययः (पुं०) वश, शपथ, ज्ञान, विश्वास, कारण ।
प्रत्ययित (त्रि०) (तः । ता । तम्) विश्वासपात्र अर्थात् जिस पर विश्वास है ।
प्रत्यर्थिन् (पुं०) (र्थी) शत्रु ।
प्रत्यवसित (त्रि०) (तः । ता । तम्) खाया गया = ई ।
प्रत्याख्यात (त्रि०) (तः । ता । तम्) अङ्गीकार न किया गया वा मना कर दिया गया ।
प्रत्याख्यानम् (नपुं०) निषेध करना वा मना करना ।
प्रत्यादिष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) आशा रहित किया गया = ई ।
प्रत्यादेशः (पुं०) निषेध करना वा मना करना ।
प्रत्यायित (त्रि०) (तः । ता । तम्) विश्वास कराया गया = ई ।
प्रत्यालीढम् (नपुं०) एक बाण चलाने का आसन जिस में बाँई जाँघ फैली और दहिनी सिकुड़ी रहती है ।
प्रत्यासारः (पुं०) सेना के समूह का पृष्ठभाग वा पीछा ।
प्रत्याहारः (पुं०) इन्द्रियों का आकर्षण वा खींचना अर्थात् कोई विषय में न जाने देना, संङ्क्षेप ।
प्रत्युत्क्रमः (पुं०) कर्म के प्रारम्भ में पहिला व्यवहार, युद्ध के लिये अत्यन्त उद्योग ।
प्रत्यूष (पुं० । नपुं०) (षः । षम्) प्रातःकाल । [प्रत्युष]
प्रत्यूषस् (नपुं०) (षः) प्रातःकाल। [प्रत्युषस्—(षः)]
प्रत्यूहः (पुं०) विघ्न वा रुकावट।
प्रथम (त्रि०) (मः । मा । मम्)

प्रहिला = ली, मुख्य वा प्रधान।
प्रथा (स्त्री) प्रसिद्धि वा ख्याति।
प्रथित (त्रि०) (तः । ता । तम्) प्रसिद्ध वा ख्यात ।
प्रदरः (पुं०) स्त्रियों का एक रोग जिस के होने से मूत्रद्वार से लोहू बहा जाता है, भङ्ग वा टूटना, बाण ।
प्रदीपः (पुं०) दीपक वा दीया ।
प्रदीपनः (पुं०) एक विष ।
प्रदेशः (पुं०) स्थान, तर्जनी से लेकर फैले हुए अंगुठे तक का विस्तार । [प्रादेशः]
प्रदेशनम् (नपुं०) भेंट वा नज़र जो राजा वा गुरु इत्यादि को दी जाती है ।
प्रदेशिनी (स्त्री) हाथ के अंगूठे के पास की अंगुली जिस को "तर्जनी" कहते हैं। [प्रदेशनी]
प्रदोषः (पुं०) रात्रि का प्रारम्भ वा साँझ ।
प्रद्युम्नः (पुं०) कृष्ण का पुत्र वा कामदेव ।
प्रद्योतनः (पुं०) सूर्य ।
प्रद्रावः (पुं०) भागना ।
प्रधनम् (नपुं०) युद्ध ।
प्रधान (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) प्रधान वा मुख्य, राजा का मुख्य सहाय, (नपुं०) परमात्मा, बुद्धि, साङ्ख्यशास्त्रोक्त प्रकृति।
प्रधिः (पुं०) रथ के पहिया का वह भाग जो भूमि को छूता जाता है ।
प्रपञ्चः (पुं०) जगत्, शब्द का विस्तार, वैपरीत्य वा उलटा-पुलटा, ठगना ।
प्रपदम् (नपुं०) पैर का अग्रभाग।
प्रपा (स्त्री) पौसरा वा पानी का घर ।
प्रपातः (पुं०) पानी का झरना वा सोता, पर्वत का वह स्थान कि जहाँ से कोई चीज़ गिरे तो बीच में न रुके ।
प्रपितामहः (पुं०) परदादा अर्थात् पितामह के पिता ।
प्रपुन्नाडः (पुं०) चकवड़ वृक्ष । [प्रपुन्नालः] [प्रपुनालः] [प्रपुनाडः] [प्रपुन्नडः]
प्रपौण्डरीकम (नपुं०) पुण्डरीय वृक्ष ।
प्रफुल्ल (त्रि०) (ल्लः । ल्ला । ल्लम्) फूला हुवा = ई (वृक्ष इत्यादि)
ईत्यादि कथा ।
प्रबोधनम् (नपुं०) सूते हुए को जगाना, "अनुबोध" में देखो।

प्रभञ्जनः (पुं०) वायु वा हवा ।
प्रभवः (पुं०) कारण वा हेतु, उत्पत्ति का पहिला स्थान (जैसा गङ्गा के प्रथमोत्पत्ति का स्थान हिमाचल) ।
प्रभा (स्त्री) प्रकाश ।
प्रभाकरः (पुं०) सूर्य ।
प्रभातम् (नपुं०) प्रातःकाल ।
प्रभावः (पुं०) "प्रताप" में देखो ।
प्रभिन्नः (पुं०) वह हाथी जिस को मद बह रहा है ।
प्रभुः (पुं०) स्वामी ।
प्रभूत (त्रि०) (तः । ता । तम्) बहुत ।
प्रभ्रष्टकम् (नपुं०) शिखा में लटकती हुई माला ।
प्रमथनम् (नपुं०) मार डालना ।
प्रमथाः, बहुवचन, (पुं०) शिव के गण ।
प्रमथाधिपः (पुं०) शिव ।
प्रमद (त्रि०) (दः । दा । दम्) उन्मत्त, (पुं०) सुख वा हर्ष ।
प्रमदवनम् (नपुं०) स्त्रियों के विहार का वन जहाँ राजा स्त्रियों के साथ विहार करता है ।
प्रमदा (स्त्री) काम से व्याप्त स्त्री
प्रमनस् (त्रि०) (नाः । नाः । नः) प्रसन्न चित्त वाला = ली ।

प्रमा (स्त्री) यथार्थ वा ठीक ज्ञान।
प्रमाणम् (नपुं०) प्रत्यक्ष अनुमान इत्यादि चार प्रमाण, सीमा, शास्त्र, कृत करना ।
प्रमातामहः (पुं०) परनाना अर्थात् माता का दादा ।
प्रमातामही (स्त्री) परनानी अर्थात् माता की नानी ।
प्रमादः (पुं०) भूल ।
प्रमापणम् (नपुं०) मार डालना । [प्रमापनम्]
प्रमितिः (स्त्री) यथार्थ वा ठीक ज्ञान
प्रमीत (त्रि०) (तः । ता । तम्) मर गया = ई, (पुं०) यज्ञ के लिये मारा गया पशु ।
प्रमीला (स्त्री) अत्यन्त परिश्रम से इन्द्रियों का असामर्थ्य वा शिथिल हो जाना ।
प्रमुख (त्रि०) (खः । खा । खम्) प्रधान वा मुख्य ।
प्रमुदित (त्रि०) (तः । ता । तम्) हर्षित वा खुश ।
प्रमोदः (पुं०) सुख वा हर्ष ।
प्रयत (त्रि०) (तः । ता । तम्) पवित्र, एकाग्र वा सावधान ।
प्रयस्त (त्रि०) (स्तः । स्ता । स्तम्) प्रयत्न से सिद्ध कियागया वा पकाया गया अन्न इत्यादि ।

प्रयामः (पुं०) धन धान्य इत्यादि में जनों के आदर की अधिकाई।
प्रयोगः (पुं०) मारण उच्चाटन इत्यादि क्रिया, उच्चारण वा बोलना, दृष्टान्त, युद्ध के लिये अत्यन्त उद्योग करना।
प्रलम्बघ्नः (पुं०) बलदेव (कृष्ण के बड़े भाई)।
प्रलयः (पुं०) "कल्प" का अन्त, मूर्च्छा, मरना, नाश।
प्रलापः (पुं०) पागल का बोलना वा व्यर्थ बड़ बड़ करना।
प्रवण (त्रि०) (णः। णा। णम्) नम्र, तत्पर, ढार वा क्रम से नीचा स्थान, (पुं०) चौरहा।
प्रवयस् (पुं०) (याः) बुड्ढा वा अधिक उमर वाला।
प्रवर्ह (त्रि०) (र्हः। र्हा। र्हम्) प्रधान वा मुख्य, पहिला = ली।
प्रवहः (पुं०) तीसरे मण्डल का वायु जिस के बल से नक्षत्रमण्डल घूमता है, बहना।
प्रवहणम् (नपुं०) स्त्रियों के चढ़ने की गाड़ी जिस पर वस्त्र का ओहार पड़ा रहता है, डोला।
प्रवह्लिका (स्त्री) पहेली वा बुझौवल
प्रवारणम् (नपुं०) तुलादान इत्यादि महादान [प्रहारणम्]।
प्रवाल (पुं०। नपुं०) (लः। लम्) मूंगा, नया पत्ता, अङ्कुर, (पुं०) वीणा का दण्ड।
प्रवासनम् (नपुं०) निकाल देना, मार डालना।
प्रवाहः (पुं०) जल इत्यादि पतली वस्तु की निरन्तर गति वा बहना।
प्रवाहिका (स्त्री) सङ्ग्रहणी रोग।
प्रविदारणम् (नपुं०) युद्ध।
प्रविश्लेषः (पुं०) अत्यन्त वियोग वा जुदाई।
प्रवीण (त्रि०) (णः। णा। णम्) चतुर।
प्रवृत्तिः (स्त्री) कोई काम में लगना, समाचार, जल इत्यादि की निरन्तर गति वा बहना।
प्रवृद्ध (त्रि०) (द्धः। द्धा। द्धम्) बहुत बढ़ गया = ई, बहुत फैल गया = ई।
प्रवेक (त्रि०) (कः। का। कम्) प्रधान वा मुख्य।
प्रवेणि (स्त्री) (णिः—णी) सर्पाकार बनाई हुई केशों की चोटी, हाथी पर का बिछौना।
प्रवेष्टः (पुं०) भुजा वा बाँह।
प्रव्यक्त (त्रि०) (क्तः। क्ता। क्तम्)

स्पष्ट वा साफ़ वा सन्देहरहित।
प्रश्नः (पुं०) पूछना वा सवाल।
प्रश्रयः (पुं०) प्रेम वा प्रीति।
प्रश्रित (त्रि०) (तः। ता। तम्) नम्र वा विनययुक्त।
प्रष्ठ (त्रि०) (ष्ठः। ष्ठा। ष्ठम्) अग्रगामी वा अगाड़ी चलने वाला =ली, (पुं०) बैलों की चञ्चलता दूर करने के लिये एक काठ
प्रष्ठवाह् (पुं०) (ट्—ड्) "प्रष्ठ" को ढोने वाला अर्थात् गाड़ी में जोतने के लिये पहिले पहिल सधाया जाता बैल (प्रष्ठ—बैलों की चञ्चलता दूर करने के लिये एक काष्ठ)।
प्रष्ठौही (स्त्री) प्रथम गर्भ धारण करने वाली गाय।
प्रसन्न (त्रि०) (न्नः। न्ना। न्नम्) प्रसन्न वा खुश, निर्मल, (स्त्री) मद्य।
प्रसन्नता (स्त्री) प्रसन्नता वा खुशी, निर्मलता।
प्रसभम् (नपुं०) हठ वा ज़बरदस्ती
प्रसरः (पुं०) फैलना वा फैलावट।
प्रसरणम् (नपुं०) चारो ओर से फैलना।
प्रसरणिः (स्त्री) तथा।
प्रसवः (पुं०) जनना, उत्पत्ति, फल, पुष्प वा फूल।
प्रसव्य (त्रि०) (व्यः। व्या। व्यम्) विपरीत वा उलटा=टी।
प्रसह्य (अव्यय) हठ से वा ज़बरदस्ती।
प्रसादः (पुं०) प्रसन्नता, निर्मलता, अनुग्रह वा मिहरबानी, काव्य का एक गुण, सावधानी।
प्रसाधनम् (नपुं०) सिंगारना, "आकल्प" में देखो।
प्रसाधनी (स्त्री) ककही।
प्रसाधित (त्रि०) (तः। ता। तम्) सिंगारा गया वा भूषित किया गया =ई।
प्रसारणी (स्त्री) कुब्जप्रसारणी ओषधी [प्रसारिणी]।
प्रसारिन् (त्रि०) (री। रिणी। रि) जिस का फैलने का स्वभाव है, जिस का फैलाने का स्वभाव है।
प्रसित (त्रि०) (तः। ता। तम्) बाँधा हुआ=ई, तत्पर वा आसक्त।
प्रसितिः (स्त्री) बन्धन।
प्रसिद्ध (त्रि०) (द्धः। द्धा। द्धम्) प्रसिद्ध वा ख्यात, भूषित वा अलङ्कृत।
प्रसूः (स्त्री) माता, घोड़ी।
प्रसूजनयितृ, द्विवचन, (पुं०)

(तारौ) माता पिता ।

प्रसूत (त्रि०) (तः । ता । तम्) पैदा हुवा वा उत्पन्न हुआ = ई, पैदा किया गया = ई, (स्त्री) वह स्त्री जिस को लड़का भया है

प्रसूतिः (स्त्री) पैदा करना वा जनना ।

प्रसूतिका (स्त्री) वह स्त्री जिस को लड़का भया है अर्थात् जब तक वह सौर के घर में है ।

प्रसूतिजम् (नपुं०) मन की पीड़ा वा शोक ।

प्रसूनम् (नपुं०) फूल, फल ।

प्रसृत (त्रि०) फैला हुआ = ई वा फैलावट के सहित, (स्त्री) पैर की पेंडुरी ।

प्रसृतिः (स्त्री) पसर वा अंजुरी का आधा । [प्रसृतः—(पुं०)]

प्रसेवः (पुं०) थैली, बोरा ।

प्रसेवकः (पुं०) वीणा का तुम्बा ।

प्रस्तरः (पुं०) पत्थर ।

प्रस्तावः (पुं०) प्रसङ्ग वा अवसर ।

प्रस्थ (पुं० । नपुं०) (स्थः । स्थम्) पर्वत की चोटी, पर्वत की सम भूमि, तौलने का वा नापने का सेर ।

प्रस्थपुष्पः (पुं०) मरुवा वृक्ष ।

प्रस्थमानम् (नपुं०) एक प्रकार का नाप वा परिमाण ।

प्रस्थानम् (नपुं०) यात्रा करना वा कूंच करना ।

प्रस्फोटनम् (नपुं०) सूप (जिस से अन्न पछोड़ा जाता है) ।

प्रस्रवण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) (पुं०) एक पर्वत का नाम, (नपुं०) झरना अर्थात् पर्वत का वह स्थान जहाँ से पानी बहता है ।

प्रस्रावः (पुं०) मूत्र वा मूत ।

प्रहरः (पुं०) पहर भर अर्थात् तीन घण्टा ।

प्रहरणम् (नपुं०) अस्त्र वा हथियार (खड्ग इत्यादि) ।

प्रहस्तः (पुं०) थपेड़ा वा सब अंगुली फैलाया हुआ हाथ, रावण के एक बेटे का नाम ।

प्रहारः (पुं०) मारना वा चोट करना ।

प्रहारणम् (नपुं०) तुलादान पुरुषदान इत्यादि महादान । [प्रवारणम्]

प्रहिः (पुं०) कूप वा कूंआँ वा इनारा ।

प्रहेलिका (स्त्री) पहेली वा बुझौवल

प्रहृष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) प्रसन्न वा हर्षित ।

प्राकाम्यम् (नपुं०) यथेष्ट वा इच्छा के सदृश ।

प्राकारः (पुं०) घेरा (जैसा शहर पनाह)।

प्राकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) नीचे वा अधम ।

प्राक् (अव्यय) पूर्व दिशा, पूर्व देश, पूर्व काल, बीत गया ।

प्राग्भव (त्रि०) (वः । वा । वम्) पूर्व दिशा में उत्पन्न भया = ई, पहिले भया = ई ।

प्राग्रहर (त्रि०) (रः । रा । रम्) प्रधान वा मुख्य ।

प्राग्र्य (त्रि०) (ग्र्यः । ग्र्या । ग्र्यम्) तथा ।

प्राग्वंशः (पुं०) अग्निशाला के पूर्व ओर का सदस्यादिकों का घर (सदस्य—यज्ञ में क्रिया-समूह का देखने वाला)।

प्रावारः (पुं०) बहना वा चूना ।

प्राघुणकः (पुं०) अतिथि वा पहुना ।

प्राघुणिकः (पुं०) तथा ।

प्राघूर्णिकः (पुं०) तथा ।

प्राचिका (स्त्री) बनमक्खी, एक प्रकार का पक्षी ।

प्राची (स्त्री) पूर्व दिशा ।

प्राचीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) पुराना = नी, पूर्व दिशा में भया = ई, (स्त्री) सोनापाटा एक लकड़ी ।

प्राचीनावीतम् (नपुं०) अपसव्य अर्थात् दहिने काँधे पर रक्खा हुआ जनेऊ ।

प्राचीपतिः (पुं०) इन्द्र ।

प्राचेतसः (पुं०) वाल्मीकि ऋषि ।

प्राच्यः (पुं०) शरावती नदी से पूर्व दक्षिण का देश ।

प्राजनम् (नपुं०) कोड़ा वा चाबुक ।

प्राजितृ (पुं०) (ता) सारथी ।

प्राज्ञः (पुं०) पण्डित ।

प्राज्ञा (स्त्री) बुद्धिमती स्त्री ।

प्राज्ञी (स्त्री) पण्डिता स्त्री । [प्रज्ञा]

प्राज्य (त्रि०) (ज्यः । ज्या । ज्यम्) बहुत ।

प्राड्विवाकः (पुं०) न्यायकर्ता वा मुकद्दमों का देखने वाला वा १८ प्रकार के विवादस्थानों का देखने वाला ।

प्राणः (पुं०) सामर्थ्य वा बल, गन्धरस ।

प्राणाः, बहुवचन, (पुं०) प्राण-वायु जो हृदय में रहता है ।

प्राणिन् (पुं०) (णी) मनुष्य इत्यादि प्राणधारी जीव ।

प्रातर् (अव्यय) (तः) प्रातःकाल वा सबेरा ।

प्राथमकल्पिकः (पुं०) वह विद्यार्थी जिस ने पहिले पहिल वेद पढ़ना आरम्भ किया है।

प्रादुर् (अव्यय) (दुः) नाम, प्रकट होना।

प्रादेशः (पुं०) तर्जनी से लेकर अङ्गुष्ठ तक का विस्तार।

प्रादेशनम् (नपुं०) दान ।

प्राध्वम् (अव्यय) अनुकूलता वा अनुसार।

प्रान्तरम् (नपुं०) चौगान वा पटपर वा छायारहित भूमि ।

प्राप्त (त्रि०) (प्तः । प्ता । प्तम्) पहुँचा = ची, पाया गया = ई

प्राप्तपञ्चत्व (त्रि०) (त्वः । त्वा । त्वम्) मर गया = ई ।

प्राप्तरूप (त्रि०) (पः । पा । पम्) पण्डित, सुन्दर ।

प्राप्तिः (स्त्री) लाभ, उत्पत्ति ।

प्राप्य (त्रि०) (प्यः । प्या । प्यम्) प्राप्त करने के शक्य वा योग्य ।

प्राभृतम् (नपुं०) नज़र वा भेंट जो राजा वा गुरु इत्यादि को दी जाती है।

प्रायः (पुं०) सन्यासपूर्वक भोजन का त्याग, मृत्यु वा मरण, तुल्य ।

प्रायस् (अव्यय) (यः) बहुधा वा अवसर ।

प्रार्थित (त्रि०) (तः । ता । तम्) माँगा गया = ई ।

प्रालम्बम् (नपुं०) कण्ठ में सूधी लटकती हुई माला इत्यादि ।

प्रालम्बिका (स्त्री) सुवर्ण से बनी हुई "ललन्तिका" वा एक तरह का भूषण जो कण्ठ में पहिना जाता है ।

प्रालेयम् (नपुं०) हिम वा पाला।

प्रावरः (पुं०) दुपट्टा ।

प्रावरणम् (नपुं०) ओढ़ना ।

प्रावारः (पुं०) दुपट्टा ।

प्रावृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) लपेटा = टी ।

प्रावृष् (स्त्री) (ट्—ड्) वर्षाकाल वा बरसात ।

प्रावृषायणी (स्त्री) केवाँच ।

प्रावृषेण्य (त्रि०) (ण्यः । ण्या । ण्यम्) बरसाती ।

प्रासः (पुं०) साँग वा साँगी (एक शस्त्र) ।

प्रासङ्गः (पुं०) बैलों के जोतने के पहिले अभ्यास के लिये वा चपलता के शान्ति के लिये काँधे पर रखने का काठ ।

प्रासङ्ग्यः (पुं०) "प्रासङ्ग" नाम काठ का ढोने वाला बैल ।

प्रासादः (पुं०) देवतों वा राजों का घर ।

प्रासिकः (पुं०) बल्लम वा साँग-नामक शस्त्र का धारण करने वाला ।

प्रास्थिक (त्रि०) (कः । की । कम्) जिस में "प्रस्थ" भर अन्न बोया जा सकता है (खेत) ।

प्राह्णः (पुं०) दिन का प्रारम्भ ।

प्रांशु (त्रि०) (शुः । शुः । शु) ऊंचा = ची, लम्बा = म्बी ।

प्रिय (त्रि०) (यः । या । यम्) प्यारा = री, (पुं०) स्त्री का पति।

प्रियकः (पुं०) कदम वृक्ष, बिजयसार एक लकड़ी, एक प्रकार का मृग, गोंदी वृक्ष ।

प्रियङ्गुः (स्त्री) कंगुनी वा टंगुनी वा काँक वा कक्कुनी (एक अन्न), गोंदी वृक्ष ।

प्रियता (स्त्री) प्रेम ।

प्रियंवद (त्रि०) (दः । दा । दम्) प्रिय वचन बोलने वाला = ली।

प्रियालः (पुं०) प्यारमेवा जिस में से चिरौंजी निकलती है।

प्रियालकः (पुं०) तथा ।

प्रीणनम् (नपुं०) प्रसन्न करना वा खुश करना, तृप्ति ।

प्रीत (त्रि०) (तः । ता । तम्) प्रसन्न वा हर्षित वा खुश ।

प्रीतिः (स्त्री) सुख, स्नेह ।

प्रुष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) जलाया गया = ई ।

प्रेक्षा (स्त्री) बुद्धि, देखना ।

प्रेङ्खा (स्त्री) हिंडोला, डोली ।

प्रेङ्खादोला (स्त्री) तथा ।

प्रेङ्खित (त्रि०) (तः । ता । तम्) थोड़ा कम्पित वा हिला।

प्रेत (त्रि०) (तः । ता । तम्) मर गया = ई, (पुं०) मुरदा, पिशाच ।

प्रेताः, बहुवचन, (पुं०) वे प्राणी जो कि नरक में गिराये जाते हैं।

प्रेत्य, ल्यबन्त (अव्यय) दूसरा जन्म, मरने के बाद ।

प्रेम (नपुं०) स्नेह वा प्यार ।

प्रेमन् (पुं०) (मा) तथा ।

प्रेषणम् (नपुं०) भेजना ।

प्रेष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त प्रिय वा प्यारा ।

प्रेष्यः (पुं०) दास वा नौकर ।

प्रैयङ्गवीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) जिस में प्रियङ्गु वा कंगुनी बोई जाती है (खेत) ।

प्रैषः (पुं०) भेजना, मर्दन करना, आज्ञा देना ।

प्रैष्यः (पुं०) दास वा नौकर ।

प्रोक्षणम् (नपुं०) जल से सींचना वा जल छिड़कना, यज्ञ के पशु का मारना ।
प्रोक्षित (त्रि०) (तः । ता । तम्) जिस पर जल छिड़का गया है, मारा गया यज्ञ का पशु ।
प्रोथ (पुं० । नपुं०) (थः । थम्) घोड़ा की नाक, (पुं०) कुल्हा अर्थात् कमर के पास का पिण्ड ।
प्रोद्यत (त्रि०) (तः । ता । तम्) तयार ।
प्रोष्ठ (पुं० । स्त्री) (ष्ठः । ष्ठी) एक तरह की मछली ।
प्रोष्ठपद (पुं० । स्त्री) (दः । दा) (पुं०) भादों महीना, (स्त्री) पूर्वभाद्रपदा उत्तरभाद्रपदा नक्षत्र । [प्रौष्ठपद]
प्रौढ (त्रि०) (ढः । ढा । ढम्) बहुत बड़ा = ड़ी वा बड़े उमर वाला = ली ।
प्लक्षः (पुं०) पाकर वृक्ष, गेठी वृक्ष ।
प्लव (पुं० । नपुं०) (वः । वम्) (पुं०) बरनई डोंगी इत्यादि जल के पार उतरने के लिये वस्तु, मेढ़क, जलकौवा, चण्डाल वा डोम, (नपुं०) मोथा घास ।
प्लवगः (पुं०) बन्दर, मेढ़क, सारथी
प्लवङ्गः (पुं०) तथा ।
प्लवङ्गमः (पुं०) बन्दर, मेढ़क ।
प्लाक्षम् (नपुं०) पाकर वृक्ष का फल ।
प्लीहन् (पुं०) (हा) पिलही रोग जो पेट के बाँई ओर होता है ।
प्लीहशत्रुः (पुं०) रोहित एक घास ।
प्लुतम् (नपुं०) घोड़े की चौकचाल अर्थात् चौकड़ी मारते हुए चलना ।
प्लुष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) जलाया गया = ई । [प्रुष्ट]
प्लोषः (पुं०) दाह वा जलाना ।
प्सात (त्रि०) (तः । ता । तम्) खाया गया = ई ।

—✲✲—

(फ)

फः (पुं०) कफ, वात, पुकारना, फूंकना, व्यर्थ बोलना ।
फञ्जिका (स्त्री) ब्रह्मदण्डी ओषधी ।
फटा (स्त्री) सर्प का फण ।
फण (पुं० । स्त्री) (णः । णा) तथा ।
फणधरः (पुं०) सर्प ।
फणिज्जकः (पुं०) मरुआ वृक्ष ।
फणिन् (पुं०) (णी) सर्प ।

फलम् (नपुं०) वृक्ष इत्यादि का फल, जायफल, ढाल, हल के नीचे का काठ जिस का अग्र भाग लोहे से बना रहता है, हेतु से सिद्ध किया गया (जैसे यज्ञ का फल स्वर्ग), बाण का अग्र भाग, त्रिफला, कङ्कोल परिणाम, लाभ वा नफा ।

फलक (पुं० नपुं०) (कः । कम्) ढाल

फलकपाणिः (पुं०) ढाल बाँधने वाला ।

फलपूरः (पुं०) बिजौरा नीबू ।

फलवत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) फलयुक्त (वृक्ष इत्यादि) ।

फलसः (पुं०) कटहर तरकारी ।

फलाध्यक्षः (पुं०) खिरनी वृक्ष, फल का स्वामी ।

फलिन (त्रि०) (नः । ना । नम्) फलसहित (वृक्ष इत्यादि) ।

फलिनी (स्त्री) गोंदी वृक्ष, इन्द्रपुष्पी लताविशेष ।

फलिन् (त्रि०) (ली । लिनी । लि) फलसहित (वृक्ष इत्यादि), (पुं०) गोंदी वृक्ष ।

फली (स्त्री) गोंदी वृक्ष ।

फलेग्रहि (त्रि०) (हिः । हिः—ही । हि) समय पर फलने वाला (वृक्ष इत्यादि) ।

फलेरुहा (स्त्री) पाँडर वृक्ष ।

फल्गु (त्रि०) (ल्गुः । ल्गुः । ल्गु) थोड़ा = ड़ी, निर्बल, (स्त्री) कटुम्बरी वृक्ष ।

फाणितम् (नपुं०) राब जो ऊख के रस से बनती है ।

फाण्ट (त्रि०) (ण्टः । ण्टा । ण्टम्) एक प्रकार का काढ़ा जो बिना परिश्रम बनाया जा सकता है।

फाल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) (पुं०) फार अर्थात् हल के नीचे का काठ जिस में लोहा लगा रहता है, (नपुं०) रूई से बना वस्त्र ।

फाल्गुनः (पुं०) फागुन महीना, अर्जुन (युधिष्ठिर का एक भाई)। [फाल्गुणः]

फाल्गुनिकः (पुं०) फागुन महीना। [फाल्गुणिकः]

फाल्गुनी (स्त्री) फागुन की पौर्णमासी । [फाल्गुणी]

फुल्ल (त्रि०) (ल्लः । ल्ला । ल्लम्) फूला हुआ = ई (वृक्ष इत्यादि) ।

फेनः (पुं०) फेन, समुद्रफेन। [फेणः]

फेनिल (त्रि०) (लः । ला । लम्) फेनयुक्त (पानी इत्यादि), (पुं०) रीठी एक वृक्ष, (नपुं०) बदर का फल ।

फेरवः (पुं०) सियार जन्तु ।
फेरुः (पुं०) तथा ।
फेला (स्त्री) खाय कर फेंकी हुई वस्तु । [फेली:]

—✻✻—

(ब)

बः (पुं०) वरुण देवता, घड़ा, फल, छाती, गदा ।
बकः (पुं०) बकुला पक्षी, गुम्मा भाजी ।
बकुलः (पुं०) मौलसरी पुष्पवृक्ष ।
बङ्गम् (नपुं०) राँगा धातु ।
बडवा (स्त्री) घोड़ी ।
बडवानलः (पुं०) बड़वाग्नि जो समुद्र में है ।
बडिशम् (नपुं०) मछली पकड़ने की बंसी ।
बदरम् (नपुं०) बदर का फल ।
बदरा (स्त्री) कपास, वाराहीकन्द ।
बदरी (स्त्री) बदर का वृक्ष ।
बद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) बाँधा हुआ = ई ।
बधिर (त्रि०) (रः । रा । रम्) बहिरा = री ।
बन्धकी (स्त्री) कुलटा वा खानगी स्त्री ।
बन्धनम् (नपुं०) बन्धन, बाँधना ।
बन्धनी (स्त्री) पगहा ("पशुरज्जु" में देखो) ।
बन्धुः (पुं०) समानगोत्रवाला भाई इत्यादि, मित्र ।
बन्धुकः (पुं०) दुपहरिया पुष्पवृक्ष ।
बन्धुजीवः (पुं०) तथा ।
बन्धुजीवकः (पुं०) तथा ।
बन्धुता (स्त्री) समानगोत्रवालों का समूह, मित्रों का समूह ।
बन्धुर (त्रि०) (रः । रा । रम्) स्वभावही से ऊँचा कोई पदार्थ जो कि किसी कारण वश से झुक गया हो । [बन्धूर]
बन्धुलः (पुं०) कुलटा का पुत्र ।
बन्धूकः (पुं०) दुपहरिया पुष्पवृक्ष ।
बन्धूकपुष्पः (पुं०) बिजयसार एक लकड़ी ।
बभ्रु (त्रि०) (भ्रुः । भ्रुः । भ्रु) पीले रङ्ग वाली वस्तु, (पुं०) पीला रङ्ग, बड़ा नेउर, विष्णु, एक यादव ।
बर्बणा (स्त्री) माछी ।
बर्बरः (पुं०) अझदण्डी ओषधी, एक देश का नाम, एक म्लेच्छजाति ।

बर्बरा (स्त्री) एक प्रकार की तरकारी ।

बर्ह (पुं० । नपुं०) (र्हः । र्हम्) मोर का पङ्ख वा पोंछ, पत्ता, करौंदा वृक्ष

बर्हपुष्पम् (नपुं०) करौंदा ।

बर्हिणः (पुं०) मोर पक्षी ।

बर्हिन् (पुं०) (र्ही) तथा ।

बर्हिपुष्पम् (नपुं०) करौंदा ।

बर्हिर्मुखः (पुं०) देवता ।

बर्हिष् (पुं० । नपुं०) (र्हिः । र्हिः) (पुं०) अग्नि वा आग, (नपुं०) करौंदा वृक्ष ।

बर्हिष्ठम् (नपुं०) नेत्रबाला ओषधी ।

बल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) (पुं०) बलदेव, कौवा पक्षी, (नपुं०) सामर्थ्य वा बल, सेना, मोटाई ।

बलजम् (नपुं०) खेत, नगर का फाटक ।

बलजा (स्त्री) सुन्दरी स्त्री ।

बलदेवः (पुं०) बलदेव (कृष्ण के भाई) ।

बलभद्रः (पुं०) तथा ।

बलभद्रिका (स्त्री) "त्रायमाणा" ओषधी ।

बलय (पुं० । नपुं०) (यः । यम्) मण्डल, हाथ का गहना (कंगना इत्यादि, "आवापक" में देखो) ।

बलयित (त्रि०) (तः । ता । तम्) चारो ओर से घेरा हुआ = ई (जैसा नदी इत्यादि से नगर) ।

बलवत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) बलवान् वा बलयुक्त, (नपुं०) अतिशयित वा अत्यन्त (क्रिया विशेषण में) ।

बला (स्त्री) बरिआर ओषधी ।

बलाका (स्त्री) बकुलों की पाँती जो मिल कर आकाश में उड़ती है, एक प्रकार का बकुला ।

बलात्कारः (पुं०) ज़बरदस्ती ।

बलारातिः (पुं०) इन्द्र ।

बलाहकः (पुं०) मेघ, कृष्ण के चार घोड़ों में से एक का नाम ।

बलि (पुं० स्त्री) (लिः । लिः—ली) (पुं०) कर वा मासूल जो राजा लेता है, एक दैत्य का नाम, भेंट वा नज़र, (स्त्री) बुढ़ौती में मनुष्य के शरीर पर की सिकुड़न, ललाट पर की सिकुड़न, पेट पर की सिकुड़न

बलिध्वंसिन् (पुं०) (सी) विष्णु ।

बलिन (त्रि०) (नः । ना । नम्) जिस का चमड़ा बुढ़ाई से सिकुड़ गया हो ।

बलिपुष्टः (पुं०) कौवा पक्षी ।
बलिभ (त्रि०) (भः । भा । भम्) "बलिन" में देखो ।
बलिभुज् (पुं०) (क्—ग्) कौवा पक्षी ।
बलिसद्मन् (नपुं०) (द्म) पाताल ।
बलीमुखः (पुं०) बन्दर ।
बलीवर्दः (पुं०) बैल । [वरीवर्दः]
बल्लवः (पुं०) अहीर, रसोईदार ।
बहिर्द्वारम् (नपुं०) द्वार के बाहर का हिस्सा, बाहर का द्वार ।
बहिस् (अव्यय) (हिः) बाहर ।
बहु (त्रि०) (हुः । ह्वी—हुः । हु) बहुत ।
बहुकरः (पुं०) झाड़ देना पानी छिड़कना इत्यादि कामों का करनेवाला ।
बहुपाद् (पुं०) (त्—द्) बड़ वृक्ष ।
बहुप्रद (त्रि०) (दः । दा । दम्) बहुत देनेवाला =ली वा दानशूर ।
बहुरूप (त्रि०) (पः । पा । पम्) अनेक रूप वाला = ली, (पुं०) राल वा धूप, बहुरूपिया ।
बहुल (त्रि०) (लः । ला । लम्) बहुत, काले रङ्ग वाला = ली, (पुं०) अग्नि वा आग, कृष्ण पक्ष, काला रङ्ग, (स्त्री) नेवारी पुष्पवृक्ष, स्त्री, गैया, (एक वचन) बड़ी लायची, (नपुं०) आकाश ।
बहुलाः, बहुवचन, (स्त्री) कृत्तिका नक्षत्र ।
बहुलीकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) बहुत किया गया = ई, ओसाय कर साफ किया गया अन्न ।
बहुवारकः (पुं०) लसोड़ा वृक्ष ।
बहुविध (त्रि०) (धः । धा । धम्) नाना प्रकार की वस्तु ।
बहुसुता (स्त्री) सतावर ओषधी, बहुत पुत्र वाली स्त्री ।
बहुसूतिः (स्त्री) बहुत ब्याने वाली गाय ।
बंहिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त बहुत ।
बाकुची (स्त्री) बकुची ओषधी ।
बाडवः (पुं०) बडवानल (समुद्र का अग्नि) ।
बाढ (त्रि०) (ढः । ढा । ढम्) बड़ा वा दृढ़, (नपुं०) प्रतिज्ञा, अङ्गीकार, अत्यन्त ।
बाण (पुं० । स्त्री) (णः । णा) नीली कठसरैया पुष्पवृक्ष, (पुं०) बाण, बलि का पुत्र ।
बाणवार (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) योद्धों के पहिनने का कवच ।
बादरम् (नपुं०) कपास से बनी हुई वस्तु ।

बाधा (स्त्री) पीड़ा, चिन्ता वा शोक
बान्धकिनेयः (पुं०) कुलटा का पुत्र।
बान्धवः (पुं०) समान गोत्र वाला, मित्र ।
बार्हतम् (नपुं०) भटकटैया का फल।
बाल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) (पुं०) लड़का, केश वा बाल, मूर्ख, (नपुं०) नेत्रवाला ओषधी।
बालतनयः (पुं०) खैर ।
बालतृणम् (नपुं०) कोमल वा नया घास ।
बालधिः (पुं०) केशसमूह करके युक्त पोंछ का अग्रभाग ।
बालपाश्या (स्त्री) "पारितथ्या" में देखो।
बालमूषिका (स्त्री) छोटी मुसरी जन्तु ।
बालहस्तः (पुं०) "बालधि" मे देखो ।
बाला (स्त्री) छोटे वय वाली स्त्री, छोटी लड़की ।
बालिशः (पुं०) बालक, मूर्ख ।
बालेयः (पुं०) गदहा पशु ।
बालेयशाकः (पुं०) ब्रह्मदण्डी ओषधी ।
बाल्यम् (नपुं०) लड़कई ।
बाष्पिका (स्त्री) हींग का वृक्ष ।
बाष्पीका (स्त्री) तथा ।
बाहः (पुं०) बाँह वा भुजा ।
बाहुः (पुं०) तथा ।
बाहुजः (पुं०) क्षत्रिय अर्थात् दूसरा वर्ण ।
बाहुदा (स्त्री) एक नदी ।
बाहुमूलम् (नपुं०) काँख वा बगल ।
बाहुयुद्धम् (नपुं०) बाहुयुद्ध वा मल्लयुद्ध (कुस्ती) ।
बाहुलः (पुं०) कातिक महीना ।
बाहुलेयः (पुं०) स्वामिकार्तिक ।
बाह्लिक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) (पुं०) बाह्लीक देश का घोड़ा, (नपुं०) केसर ।
बाह्लीक (त्रि०) (कः । का । कम्) धीर, (पुं०) बाह्लीक देश का घोड़ा, एक देश का नाम, (नपुं०) केसर, हींग ।
बाह्य (त्रि०) (ह्यः । ह्या । ह्यम्) बाहर का ।
बिडालः (पुं०) बिलार पशु ।
बिबधः (पुं०) ध्यान मौन जप इत्यादि नियम, रस्ता, बोझा ।
बिभीतक (त्रि०) (कः । की । कम्) बहेड़ा वृक्ष वा फल ।
बिलम् (नपुं०) बिल ।
बिलेशयः (पुं०) सर्प ।
बिल्व (पुं० । नपुं०) (ल्वः । ल्वम्)

(पुं०) बेल वृक्ष, (नपुं०) बेल फल।

बीजम् (नपुं०) बीया, कारण वा हेतु, वीर्य वा शुक्र वा धातु ।

बीजकोशः (पुं०) कमलगट्टा का छाता ।

बीजपूरः (पुं०) बिजौरा नीबू ।

बीजाकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) जो खेत वा कियारी बोय कर पीछे जोता गया ।

बीज्यः (पुं०) कुल में उत्पन्न वा कुलीन ।

बीवधः (पुं०) "विवध" में देखो।

बीभत्स (त्रि०) (त्सः । त्सा त्सम्) जिसको देख कर घिन उत्पन्न हो, घात करनेवाला, क्रूर वा कठोर, (पुं०) बीभत्स रस ।

बुक्का (स्त्री) करेजा ।

बुद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) जानागया = ई, (पुं०) बुद्धमतावलम्बियों की देवता का नाम ।

बुद्धिः (स्त्री) बुद्धि वा ज्ञान ।

बुद्बुदः (पुं०) बुल्ला ।

बुधः (पुं०) पण्डित, एक ग्रह ।

बुधित (त्रि०) (तः । ता । तम्) जाना गया = ई ।

बुध्नः (पुं०) वृक्ष इत्यादि की जड़, किसी वस्तु की पेंदी ।

बुभुक्षा (स्त्री) भोजन की इच्छा वा भूख ।

बुभुक्षित (त्रि०) (तः । ता । तम्) भूखा = खी ।

बुषम् (नपुं०) भूसा ।

बुसम् (नपुं०) तथा ।

बृहतिका (स्त्री) दुपट्टा, परदा ।

बृहत् (त्रि०) (न् । ती । त्) विस्तीर्ण वा बड़ा = ड़ी, (स्त्री) भटकटैया, "क्षुद्रवार्ताकी" ओषधी, वाणी, एक छन्द का नाम

बृहत्कुक्षिः (पुं०) बड़े पेटवाला ।

बृहद्भानुः (पुं०) अग्नि ।

बृहस्पतिः (पुं०) बृहस्पति (देवताओं के गुरु वा एक ग्रह)

बृंहितम् (नपुं०) हाथी का शब्द ।

बोधकरः (पुं०) जगानेवाला ।

बोधिद्रुमः (पुं०) पीपर वृक्ष ।

बोलः (पुं०) गन्धरस, गन्धक ।

ब्रध्नः (पुं०) सूर्य्य ।

ब्रह्मचारिन् (पुं०) (री) ब्रह्मचारी वा प्रथम आश्रम वाला ।

ब्रह्मण्यः (पुं०) ब्राह्मण का भक्त, तून वृक्ष ।

ब्रह्मत्वम् (नपुं०) मोक्ष ।

ब्रह्मदर्भा (स्त्री) अजवाइन ओषधी।

ब्रह्मदारुः (पुं०) तून ।

ब्रह्मन् (पुं० । नपुं०) (ह्मा । ह्म)

(पुं०) ब्रह्मा, ब्राह्मण, (नपुं०) वेद, चैतन्य, तप, ईश्वर ।
ब्रह्मपुत्रः (पुं०) ब्रह्मा का पुत्र, एक विष ।
ब्रह्मबन्धुः (पुं०) ब्राह्मण का भाई वा मित्र (यह शब्द निन्दापूर्वक बोलने में दिया जाता है (जैसा "ब्रह्मबन्धो दुष्टोऽसि"—हे ब्रह्मबन्धु तू दुष्ट है), निर्देश में बोला जाता है ।
ब्रह्मभूयम् (नपुं०) मोक्ष ।
ब्रह्मयज्ञः (पुं०) विधि पूर्वक वेद का पढ़ना ।
ब्रह्मवर्चसम् (नपुं०) सदाचार के पालन और वेद के अभ्यास की वृद्धि ।
ब्रह्मवादिन् (पुं०) (दी) वेदान्त शास्त्र का जाननेवाला ।
ब्रह्मविन्दवः, बहुवचन, (पुं०) वेद पढ़ने में मुख से निकले हुये थूक के विन्दु ।
ब्रह्मसायुज्यम् (नपुं०) मोक्ष ।
ब्रह्मसूः (पुं०) कामदेव, अनिरुद्ध अर्थात् प्रद्युम्न का बेटा ।
ब्रह्मसूत्रम् (नपुं०) जनेऊ ।
ब्रह्माञ्जलिः (पुं०) वेद पढ़ने के प्रारम्भ में ओङ्कार को उच्चारण करके जोड़ा हुआ हाथ ।
ब्रह्मासनम् (पुं०) ध्यान और योग के समय का आसन (स्वस्तिक, सिद्ध, पद्म इत्यादि) ।
ब्राह्मम् (नपुं०) अङ्गुष्ठ के मूल का तीर्थ ।
ब्राह्मणः (पुं०) ब्राह्मण अर्थात् प्रथम वर्ण ।
ब्राह्मणयष्टिका (स्त्री) ब्रह्मदण्डी ओषधी, ब्राह्मण की लाठी ।
ब्राह्मणी (स्त्री) ब्रह्मदण्डी ओषधी, ब्राह्मण जाति की स्त्री, बम्हनी एक जन्तु ।
ब्राह्मण्यम् (नपुं०) ब्राह्मण का धर्म, ब्राह्मणों का झुण्ड ।
ब्राह्मी (स्त्री) ब्रह्मशक्ति देवता, एक ओषधी, सरस्वती, वचन ।

—***—

(भ)

भ (पुं० । नपुं०) (भः । भम्) (पुं०) वर, (नपुं०) अश्विनी भरणी इत्यादि तारा ।
भक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) भक्त वा सेवक वा अत्यन्त चा-

छने वाला = ली, (नपुं०) भात (अन्न)।

भक्षक (त्रि०) (क्षकः । क्षिका । क्षकम्) खानेवाला = ली ।

भक्षकार (त्रि०) (रः । री । रम्) रसोईदार ।

भक्षित (त्रि०) (तः । ता । तम्) खाया गया = ई ।

भक्ष्यकार (त्रि०) (रः । री । रम्) "भक्षकार" मे देखो ।

भग (पुं० । नपुं०) (गः । गम्) (पुं०) सूर्य, (नपुं०) लक्ष्मी, इच्छा, बड़ाई, पराक्रम वा सामर्थ्य, उपाय, कीर्ति वा यश, स्त्री का मूत्रद्वार, माहात्म्य ।

भगन्दरः (पुं०) एक रोग ।

भगवत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) पूज्य अर्थात् पूजा वा आदर के योग्य, (पुं०) जिन (एक बुद्धमतावलम्बियों की देवता), (स्त्री) गौरी वा पार्वती ।

भगिनी (स्त्री) बहिन ।

भङ्गः (पुं०) हानि वा नाश, टुकड़ा, टूटना, तरङ्ग वा लहर ।

भङ्गा (स्त्री) भाँग (एक अमल करने वाली वस्तु)।

भङ्गी (स्त्री) रीति वा प्रकार, रचना

भङ्ग्यम् (नपुं०) भाँग का खेत ।

भजमान (त्रि०) (नः । ना । नम्) न्याय वा नीति के अनुसार जो होता है वा हुआ = ई, सेवक ।

भटः (पुं०) योद्धा वा युद्ध करने वाला ।

भटित्र (त्रि०) (त्रः । त्रा । त्रम्) लोहे के डण्डा पर लपेट के पकाया हुआ (मांस इत्यादि) ।

भट्टारकः (पुं०) राजा (नाट्य में)।

भट्टिनी (स्त्री) (नाट्य में) राजा की वह स्त्री जिसको अभिषेक नहीं भया है ।

भणित (त्रि०) (तः । ता । तम्) कहा गया = ई, (नपुं०) रति के समय का शब्द, बोलना ।

भण्टाकी (स्त्री) वन का भण्टा ।

भण्डिरः (पुं०) सिरसा वृक्ष ।

भण्डिरी (स्त्री) मजीठ (एक रङ्ग की लकड़ी) ।

भण्डिलः (पुं०) सिरसा वृक्ष ।

भण्डी (स्त्री) मजीठ (एक रङ्ग की लकड़ी) ।

भण्डीरी (स्त्री) तथा ।

भण्डीलः (पुं०) सिरसा वृक्ष ।

भद्र (त्रि०) (द्रः । द्रा । द्रम्) साधु वा भला आदमी, (पुं०) बैल, (नपुं०) कल्याण वा मङ्गल

भद्रकुम्भः (पुं०) भरा घड़ा ।

भद्रदारु (नपुं०) देवदार वृक्ष ।
भद्रपदा (स्त्री) पूर्वभाद्रपदा उत्तरभाद्रपदा नक्षत्र ।
भद्रपर्णी (स्त्री) खंभारी वृक्ष ।
भद्रबला (स्त्री) कुब्जप्रसारिणी ओषधी ।
भद्रमुस्तकः (पुं०) नागरमोथा घास
भद्रयवम् (नपुं०) इन्द्रजव ओषधी।
भद्रश्रीः (पुं०) मलयगिरिचन्दन।
भद्राकरणम् (नपुं०) मुण्डन वा मूड़ना ।
भद्रासनम् (नपुं०) राजा का आसन।
भयम् (नपुं०) डर ।
भयङ्कर (त्रि०) (रः । री । रम्) जिसको देखने से डर उत्पन्न हो, (पुं०) भयानक रस ।
भयानक (त्रि०) (कः । का । कम्) तथा ।
भरः (पुं०) अतिशय वा अत्यन्त, बोझा ।
भरणम् (नपुं०) पोषण वा पालना, मजूरी वा तलब ।
भरण्यम् (नपुं०) मजूरी वा तलब ।
भरण्यभुज् (पुं०) (क—ग्) मजूर ("कर्मकर" में देखो)।
भरण्या (स्त्री) मजूरी वा तलब ।
भरतः (पुं०) रामचन्द्र के एक भाई का नाम, एक राजा जिसके नाम से हिन्दुस्तान 'भारतवर्ष' कहलाता है,एक देवतों के ऋषि, नट ।
भरद्वाजः (पुं०) एक ऋषि का नाम, भरदूल पक्षी ।
भर्गः (पुं०) शिव ।
भर्तृ (त्रि०) (र्ता । त्री । र्तृ) धारण करने वाला = ली, पोषण करनेवाला = ली, (पुं०) स्त्री का पति ।
भर्तृदारकः (पुं०) युवराज (नाट्य में)।
भर्तृदारिका (स्त्री) राजा की कन्या (नाट्य में)।
भर्त्सनम् (नपुं०) डपटना वा धिक्कारना ।
भर्मन् (नपुं०) (र्म) घर, सुवर्ण वा सोना, मजूरी वा तलब ।
भल्लः (पुं०) भालू ।
भल्लातकी (स्त्री) भेलाँवाँ (एक ओषधीवृक्ष)।
भल्लुकः (पुं०) भालू वनपशु ।
भल्लूकः (पुं०) तथा ।
भवः (पुं०) संसार, जन्म, शिव ।
भवनम् (नपुं०) घर, होना ।
भवानी (स्त्री) पार्वती ।

भविक (त्रि०) (कः । का—की । कम्) सुन्दर, (नपुं०) कल्याण वा मङ्गल ।
भविता (त्रि०) (ता । त्री । तृ) होने वाला = ली, जिस का होने का स्वभाव है ।
भविष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः । ष्णु) जिस का होने का स्वभाव है ।
भव्य (त्रि०) (व्यः । व्या । व्यम्) सुन्दर, (नपुं०) कल्याण वा मङ्गल ।
भषकः (पुं०) कुत्ता ।
भसितम् (नपुं०) भस्म वा राख ।
भस्त्रा (स्त्री) भाथी जिस से सोनार वा लोहार आग सुलगाते हैं ।
भस्मगन्धिनी (स्त्री) रेणुकबीज (एक गन्धद्रव्य) ।
भस्मगर्भा (स्त्री) एक सीसो वृक्ष जिस का फूल कपिल रङ्ग का होता है ।
भस्मन् (नपुं०) (स्म) राख ।
भा (स्त्री) प्रभा वा प्रकाश, शोभा ।
भागः (पुं०) बाँटा वा बखरा, अंश वा हिस्सा ।
भागधेय (पुं० । नपुं०) (यः । यम्) (पुं०) कर वा मासूल, (नपुं०) भाग्य वा पूर्व जन्म के किए हुए अच्छे वा बुरे कर्म ।
भागिनेयः (पुं०) बहिन का लड़का ।
भागीरथी (स्त्री) गङ्गा नदी ।
भाग्यम् (नपुं०) भाग्य वा पूर्व जन्म के किए हुए अच्छे वा बुरे कर्म ।
भाङ्गीनम् (नपुं०) भाँग का खेत ।
भाजनम् (नपुं०) पात्र वा बरतन ।
भाण्डम् (नपुं०) तथा, घोड़ों का गहना, बनियाँ का मूल धन वा पूंजी ।
भाद्रः (पुं०) भादों महीना ।
भाद्रपदः (पुं०) तथा ।
भाद्रपदा (स्त्री) पूर्वभाद्रपदा नक्षत्र, उत्तरभाद्रपदा नक्षत्र ।
भानुः (पुं०) सूर्य्य, किरण ।
भानुज (पुं० । स्त्री) (जः । जा) (पुं०) शनैश्चर, यमराज, (स्त्री) यमुना नदी ।
भामिनी (स्त्री) क्रोध वाली स्त्री ।
भारः (पुं०) तौल में बीस तुला वा २००० पल वा काशी की तौल से ४ मन ।
भारत (पुं० । नपुं०) (तः । तम्) (पुं०) नट, (नपुं०) भारत वर्ष वा हिन्दुस्तान देश ।
भारतवर्षम् (नपुं०) हिन्दुस्तान देश ।
भारती (स्त्री) सरस्वती, वचन ।

भारद्वाजी (स्त्री) नरमा एक कपास ।

भारयष्टिः (स्त्री) बंहगी का डण्डा ।

भारवाहः (पुं०) बोझा ढोनेवाला ।

भारिकः (पुं०) तथा ।

भार्गवः (पुं०) शुक्र वा दैत्यों का गुरु ।

भार्गवी (स्त्री) भृगु मुनि के गोत्र की स्त्री, दूर्वा घास, लक्ष्मी ।

भार्गी (स्त्री) ब्रह्मदण्डी ओषधी ।

भार्या (स्त्री) विवाहिता स्त्री ।

भार्यापती, द्विवचन, (पुं०) स्त्री पुरुष वा पत्नी पति ।

भाल्लुकः (पुं०) भालू जङ्गली पशु ।

भाल्लूकः (पुं०) तथा ।

भावः (पुं०) अभिप्राय वा तात्पर्य, विद्वान् वा पण्डित (नाट्य में पारिपार्श्विक सूत्रधार को "भाव" इस नाम से पुकारता है), सत्ता वा रहने वाले का धर्म, स्वभाव, आत्मा, जन्म वा उत्पत्ति, चेष्टा, मन का विकार ।

भावित (त्रि०) (तः । ता । तम्) उत्पन्न किया गया = ई वा जन्माया गया = ई, वासा गया = ई (फूल इत्यादि से) प्राप्त वा मिला = ली, विचारा गया = ई ।

भावुक (त्रि०) (कः । का । कम्) सुन्दर वा भला वा साधु, (नपुं०) कल्याण वा मङ्गल ।

भाषा (स्त्री) वचन वा बोलना, बोली, सरस्वती ।

भाषित (त्रि०) (तः । ता । तम्) कहा गया = ई, (नपुं०) बोलना ।

भाष्यम् (नपुं०) पदों के अर्थों का प्रकाश करना ।

भासः (पुं०) एक प्रकार का सुरगा पक्षी ।

भास् (स्त्री) (भाः) प्रभा वा प्रकाश ।

भास्करः (पुं०) सूर्य्य ।

भास्वत् (पुं०) (स्वान्) तथा ।

भिक्षा (स्त्री) भीख, सेवा, प्रार्थना, मजूरी ।

भिक्षुः (पुं०) भिखारी, सन्न्यासी ।

भित्तम् (नपुं०) टुकड़ा ।

भित्तिः (स्त्री) भीत ।

भिदा (स्त्री) भेद वा प्रकार, फरक, फटना, फाड़ना, तोड़ना।

भिदुरम् (नपुं०) वज्र ।

भिन्दिपालः (पुं०) ढेलवाँस ।

भिन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) अन्य वा दूसरा = री, फाड़ा गया = ई ।

भिषज् (पुं०) (क्—ग्) वैद्य ।
भिस्सटा (स्त्री) जला हुआ भात ।
भिस्सा (स्त्री) भात अन्न ।
भीः (स्त्री) भय वा डर ।
भीत (त्रि०) (तः । ता । तम्) डरा हुआ = ई ।
भीतिः (स्त्री) भय वा डर ।
भीम (त्रि०) (मः । मा । मम्) भयङ्कर वा जिसके देखने से डर उत्पन्न हो, (पुं०) भीमसेन (युधिष्ठिर के एक भाई का नाम), शिव, भयानक रस, (स्त्री) एक देवी का नाम ।
भीरु (त्रि०) (रुः । रूः । रु) डरनेवाला = ली ।
भीरुक (त्रि०) (कः । का । कम्) तथा ।
भीलु (त्रि०) (लुः । लुः । लु) तथा ।
भीलुक (त्रि०) (कः । का । कम्) तथा ।
भीषण (त्रि०) (णः । णा । णम्) भयङ्कर वा जिस के देखने से डर उत्पन्न हो, (पुं०) भयानक रस ।
भीष्म (त्रि०) (ष्मः । ष्मा । ष्मम्) तथा, (पुं०) कौरव पाण्डवों के पितामह ।
भीष्मसूः (स्त्री) गङ्गा नदी ।
भुक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) खाया गया = ई, भोगा गया = ई ।
भुग्न (त्रि०) (ग्नः । ग्ना । ग्नम्) टेढ़ा = ढ़ी, टूटा हुवा = ई वा टेढ़ा हो गया = ई ।
भुज (पुं० । स्त्री) (जः । जा) बाँह वा भुजा ।
भुजगः (पुं०) सर्प ।
भुजङ्गः (पुं०) तथा ।
भुजङ्गभुज् (पुं०) (क्—ग्) मोर पक्षी ।
भुजङ्गमः (पुं०) सर्प ।
भुजङ्गाक्षी (स्त्री) रासन ओषधी ।
भुजशिरस् (नपुं०) (रः) काँधा वा कन्धा ।
भुजान्तरम् (नपुं०) वक्षःस्थल वा छाती ।
भुजिष्यः (पुं०) दास ।
भुजिष्या (स्त्री) दासी ।
भुवनम् (नपुं०) स्वर्गादि लोक, जल ।
भूः (स्त्री) पृथ्वी वा भूमि ।
भूत (त्रि०) (तः । ता । तम्) हुआ = ई, प्राप्त वा मिला = ली, सदृश, (पुं०) प्रेत वा पिशाच एक देवयोनि, (नपुं०) पञ्चभूत (पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश), न्याययुक्त कार्य, सत्य,

प्राणी वा जीवधारी ।
भूतकेशः (पुं०) जटामाँसी ओषधी।
भूतधात्री (स्त्री) पृथिवी ।
भूतयज्ञः (पुं०) बलि चढ़ाना ।
भूतवेशी (स्त्री) श्वेत नेवारी पुष्पवृक्ष, तुलसी वृक्ष ।
भूतात्मन् (पुं०) (त्मा) ब्रह्मा, देह, धारण करने वाला ।
भूतावासः (पुं०) बहेड़ा वृक्ष वा फल ।
भूतिः (स्त्री) अणिमा महिमा इत्यादि आठ प्रकार की सिद्धि, भस्म वा राख, सम्पत्ति वा दौलत ।
भूतिकम् (नपुं०) चिरायता ओषधी, रोहिस एक प्रकार की घास, एक प्रकार का तृण वा घास ।
भूतेशः (पुं०) शिव ।
भूदारः (पुं०) सूअर पशु ।
भूदेवः (पुं०) ब्राह्मण ।
भूधरः (पुं०) पर्वत ।
भूनिम्बः (पुं०) चिरायता ओषधी।
भूपः (पुं०) राजा ।
भूपदी (स्त्री) बेइल वा लता ।
भूभृत् (पुं०) राजा, पर्वत ।
भूमन् (पुं०) (मा) बहुताई ।
भूमिः (स्त्री) पृथिवी ।
भूमिजम्बुका (स्त्री) नारङ्गी वृक्ष वा फल, भूमिजम्बू एक वृक्ष ।
भूमिधरः (पुं०) पर्वत ।
भूमिस्पृश् (पुं०) (क्—ग्) वैश्य वा तीसरा वर्ण, भूमि का स्पर्श करने वाला ।
भूयस् (त्रि०) (यान् । यसी । यः) अत्यन्त बहुत ।
भूयस् (अव्यय । नपुं०) (यः । यः) पुनः वा फेर ।
भूयिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त बहुत ।
भूरि (त्रि०) (रिः । रिः । रि) बहुत, (पुं०) विष्णु, शिव, ब्रह्मा, (नपुं०) सुवर्ण वा सोना।
भूरिफेना (स्त्री) एक तरह का सेंहुड़, सिकाकाई ।
भूरिमायः (पुं०) सियार ।
भूरुण्डी (स्त्री) एक तरह की साग जिसका पत्ता हाथी के कान के ऐसा होता है ।
भूर्जः (पुं०) भोजपत्र का वृक्ष ।
भूषणम् (नपुं०) सिंगारना, गहना।
भूषा (स्त्री) तथा ।
भूषित (त्रि०) (तः । ता । तम्) भूषित वा सिंगारा हुआ = ई ।
भूष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः । ष्णु) जिस का होने का स्वभाव है।
भूस्तृणम् (नपुं०) एक तृण वा घास

भृगुः (पुं०) एक ऋषि का नाम, पर्वत का वह स्थान जहाँ से गिरती हुई कोई वस्तु बीच में रुक न सकै ।

भृङ्ग (त्रि०) (ङ्गः । ङ्गी । ङ्गम्) (पुं०) भंवरा, तरबूज, तज एक वृक्ष वा पत्ता, (स्त्री) भंवरी

भृङ्गरजस् (पुं०) (जाः) भृङ्गराज एक सुगन्ध वृक्ष वा लता ।

भृङ्गराजः (पुं०) तथा ।

भृङ्गारः (पुं०) झारी वा गडुआ एक जलपात्र ।

भृङ्गारी (स्त्री) "चीरी" में देखो ।

भृङ्गिन् (पुं०) (ङ्गी) शिव के एक गण का नाम ।

भृतकः (पुं०) मजूर ।

भृतिः (स्त्री) मजूरी वा तलब ।

भृतिभुज् (पुं०) (क्—ग्) मजूर।

भृत्यः (पुं०) नौकर वा दास ।

भृत्या (स्त्री) मजूरी वा तलब ।

भृश (त्रि०) (शः । शा । शम्) बहुत, अत्यन्त बहुत, (नपुं०) अत्यन्त वा बहुत (क्रिया-विशेषण) ।

भेक (पुं० । स्त्री) (कः । की) मेंढक ।

भेदः (पुं०) मिले हुए का जुदा करना, फाड़ना, फ़र्क़, प्रकार ।

भेदित (त्रि०) (तः । ता । तम्) फोड़ा गया वा फाड़ा गया वा जुदा किया गया = दे ।

भेरी (स्त्री) एक नगाड़ा ।

भेषजम् (नपुं०) औषध ।

भैक्षम् (नपुं०) भिक्षाओं का समूह ।

भैरव (त्रि०) (वः । वा—वी । वम्) भयङ्कर वा डराने वाला = ली, (पुं०) भैरव देवता, भयानक रस, (स्त्री) (भैरवी) दुर्गा ।

भैषजम् (नपुं०) औषध ।

भैषज्यम् (नपुं०) तथा ।

भोगः (पुं०) एक प्रकार की सेना की रचना, सुख, सुख वा दुःख का भोगना, वेश्या हस्ती घोड़ा इत्यादि का पालना, सर्प का फण वा शरीर ।

भोगधरः (पुं०) सर्प ।

भोगवती (स्त्री) एक नागों की नदी, नागों की नगरी ।

भोगिनी (स्त्री) राजा की वह स्त्री जिस को अभिषेक नहीं हुआ है ।

भोगिन् (पुं०) (गी) सुख वा दुःख का भोग करने वाला, सर्प।

भोजनम् (नपुं०) खाना ।

भोस् (अव्यय) (भोः) हे ! (स-

म्बोधन में बोला जाता है, जैसा,—भवन्)।

भौमः (पुं०) मङ्गल ग्रह ।

भौरिकः (पुं०) सुवर्णाध्यक्ष वा सोने का खजानची ।

भ्रकुटिः (स्त्री) क्रोधादि से ललाट का सिकोरना ।

भ्रकुंसः (पुं०) वह पुरुष जो कि स्त्री का वेष करके नाचता है।

भ्रमः (पुं०) मिथ्या ज्ञान, घूमना, जल निकलने का छिद्र।

भ्रमरः (पुं०) भंवरा ।

भ्रमरकाः, बहुवचन, (पुं०) टेढ़े टेढ़े केश।

भ्रमिः (स्त्री) घूमना वा भ्रमण, मिथ्या ज्ञान।

भ्रष्ट (त्रि०) (ष्टः। ष्टा। ष्टम्) च्युत वा चुय पड़ा = ड़ी ।

भ्राजिष्णु (त्रि०) (ष्णुः। ष्णुः। ष्णु) अत्यन्त शोभमान वा प्रकाशमान।

भ्रातरौ, ऋदन्त, द्विवचन, (पुं०) भाई बहिन।

भ्रातृजः (पुं०) भतीजा अर्थात् भाई का बेटा।

भ्रातृजाया (स्त्री) भौजाई ।

भ्रातृव्यः (पुं०) भाई का लड़का वा भतीजा, शत्रु ।

भ्रात्रीयः (पुं०) भतीजा अर्थात् भाई का लड़का।

भ्रान्तिः (स्त्री) मिथ्या ज्ञान, घूमना ।

भ्रामरम् (नपुं०) भंवरे का सहद।

भ्राष्ट्र (त्रि०) (ष्ट्रः। ष्ट्रा। ष्ट्रम्) भरसाईं वा भाड़ ।

भ्रुकुटिः (स्त्री) क्रोधादिक से ललाट का सिकोरना ।

भ्रुकुंसः (पुं०) "भ्रकुंस" में देखो ।

भ्रूः (स्त्री) भौं ।

भ्रूकुटिः (स्त्री) क्रोधादिक से ललाट का सिकोरना ।

भ्रूकुंसः (पुं०) "भ्रकुंस" में देखो ।

भ्रूणः (पुं०) स्त्री के पेट का गर्भ, लड़का ।

भ्रेषः (पुं०) यथोचित स्वरूप से बदल जाना वा यथोचित स्वरूप का भ्रंश हो जाना।

भ्रंशः (पुं०) गिर पड़ना, नाश।

—***—

(म)

मः (पुं०) शिव, चन्द्रमा, ब्रह्मा।

मकरः (पुं०) मगर (एक जलजन्तु),

मेषादि १२ राशियों में से एक राशि का नाम, एक निधि ।
मकरध्वजः (पुं०) कामदेव ।
मकरन्दः (पुं०) फूल का रस जिस को लेकर मक्खियाँ वा भंवरे सहद बनाते हैं ।
मकुष्टकः (पुं०) मोट नामक अन्न ।
मकुष्ठकः (पुं०) तथा ।
मकूलकः (पुं०) वज्रदन्ती औषधी ।
मक्षिका (स्त्री) मक्खी ।
मक्षीका (स्त्री) तथा ।
मखः (पुं०) यज्ञ ।
मगधः (पुं०) एक देश जिस को मग्गह कहते हैं, भाट अर्थात् स्तुति करने वाला ।
मघवत् (पुं०) (वान्) इन्द्र ।
मघवन् (पुं०) (वा) तथा ।
मङ्क्षु (अव्यय) जल्दी ।
मङ्गल (त्रि०) (लः । ला । लम्) मनोहर वा मङ्गलयुक्त, (पुं०) एक ग्रह का नाम, (नपुं०) कल्याण वा मङ्गल ।
मङ्गल्यकः (पुं०) मसुरी अन्न ।
मङ्गल्या (स्त्री) एक प्रकार का अगर जिस में बेला के फूल के ऐसी सुगन्ध आती है ।
मचर्चिका (स्त्री) प्रशस्त वा पूजित वा प्रशंसा के योग्य वा स्तुति किया गया = हूं ।
मज्जा (स्त्री) वृक्ष इत्यादि का हीर, हड्डी के भीतर का सार जो घी के सदृश रहता है ।
मञ्चः (पुं०) ऊंचा आसन (मचिया मोढ़ा कुरसी इत्यादि) ।
मञ्जरी (स्त्री) तुलसी इत्यादि वृक्ष में फूल के सहित निकली हुई एक कलंगी के ऐसी वस्तु (बाल), नया अङ्कुर । [मञ्जरिः]
मञ्जिष्ठा (स्त्री) मजीठ एक रङ्ग ।
मञ्जीर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) स्त्री के पैर का गहना (पायल पैजनी इत्यादि, जो बजता है)
मञ्जील (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) तथा ।
मञ्जु (त्रि०) (ञ्जुः । ञ्जुः । ञ्जु) मनोहर वा सुन्दर ।
मञ्जुल (त्रि०) (लः । ला । लम्) तथा ।
मञ्जूषा (स्त्री) सन्दूक वा पेटारा ।
मठः (पुं०) सन्न्यासियों का वा विद्यार्थियों का घर ।
मड्डुः (पुं०) एक तरह का बाजा ।
मणि (पुं० । स्त्री) (णिः । णी) रत्न वा जवाहिर ।
मणिक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) मेटिया वा मटका ।

मणिबन्धः (पुं०) हाथ का गट्टा।

मण्ड (पुं०। नपुं०) (ण्डः। ण्डम्) भात इत्यादि का माँड़, (पुं०) रेंड़ वृक्ष ।

मण्डन (पुं०। नपुं०) (नः। नम्) (पुं०) अलङ्कार करने वाला वा सिंगारिया, (नपुं०) भूषण वा सिंगार ।

मण्डप (पुं०। नपुं०) (पः। पम्) जनों के रहने का स्थान ।

मण्डल (त्रि०) (लः लो। लम्) सूर्य वा चन्द्र का मण्डल, चन्द्र वा सूर्य के चारो ओर जो मण्डल पड़ता है, चक्राकार समूह, समूह ।

मण्डलकम् (नपुं०) बाण चलाने के समय का एक आसन, "कोठ" में देखो ।

मण्डलाग्रः (पुं०) तलवार ।

मण्डलेश्वरः (पुं०) भूमि के एक प्रदेश का राजा ।

मण्डहारकः (पुं०) कलवार ।

मण्डित (त्रि०) (तः। ता। तम्) भूषित वा सिंगारा हुआ = ई ।

मण्डोरी (स्त्री) मजीठ एक रङ्ग की लकड़ी ।

मण्डूकः (पुं०) मेढ़क जन्तु ।

मण्डूकपर्णः (पुं०) सोनापाढ़ा एक लकड़ी ।

मण्डूकपर्णी (स्त्री) मजीठ एक रङ्ग ।

मण्डूरम् (नपुं०) लोहा की मैल जिस को लोहकीट भी कहते हैं।

मतङ्गः (पुं०) हाथी, एक ऋषि का नाम ।

मतङ्गजः (पुं०) हाथी ।

मतल्लिका (स्त्री) "मचर्चिका" में देखो ।

मतिः (स्त्री) बुद्धि ।

मत्त (त्रि०) (त्तः। त्ता। त्तम्) मतवाला = ली, हर्षित, (पुं०) मद बहानेवाला हाथी ।

मत्तकाशिनी (स्त्री) गुणों में सब स्त्रियों से उत्तम स्त्री ।

मत्तकासिनी (स्त्री) तथा ।

मत्सर (त्रि०) (रः। रा। रम्) ईर्ष्या वा डाह करने वाला = ली, कृपण वा सूम, (पुं०) ईर्ष्या वा डाह ।

मत्स्यः (पुं०) मछली ।

मत्स्यण्डी (स्त्री) राब जो ऊख के रस से बनती है ।

मत्स्यपित्ता (स्त्री) कुटुकी ।

मत्स्यवेधनम् (नपुं०) मछली पकड़ने की बंसी ।

मत्स्याक्षी (स्त्री) ब्राह्मी ओषधीलता ।

मत्स्याधानी (स्त्री) मछली रखने की थैली ।

मथित (त्रि०) (तः । ता । तम्) मथा गया = ई, (नपुं०) बिना जल का मथा दही ।

मथिन् (पुं०) (न्थाः) मन्थनदण्ड वा मथनिया ।

मदः (पुं०) घमण्ड वा अहङ्कार, अमल, हर्ष, हस्ती का मदजल, पुरुष की धातु ।

मदकलः (पुं०) मद से मतवाला हाथी, मतवाला वा हर्षित ।

मदनः (पुं०) कामदेव, मयनफल का वृक्ष, धतूरा ।

मदस्थानम् (नपुं०) कलवरिया ।

मदिरा (स्त्री) मद्य ।

मदिरागृहम् (नपुं०) हौली वा कलवरिया ।

मदोत्कटः (पुं०) मद से मतवाला (हाथी इत्यादि) ।

मद्गुः (पुं०) जलकौआ ।

मद्गुरः (पुं०) एक मछली ।

मद्गुरी (स्त्री) तथा ।

मद्यम् (नपुं०) शराब ।

मधु (पुं० । नपुं०) (धुः । धु) (पुं०) एक दैत्य का नाम, चैत महीना, (नपुं०) महुवा से बना हुआ मद्य, मक्खी का सहद, फूल का मकरन्द वा रस

मधुक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) (पुं०) महुवा वृक्ष, स्तुति का पढ़नेवाला वा भाट, (नपुं०) जेठीमधु (एक लकड़ी ओषधी) ।

मधुकरः (पुं०) भंवरा ।

मधुक्रमः (पुं०) मद्य पीने का क्रम ।

मधुद्रुमः (पुं०) महुवा वृक्ष ।

मधुपः (पुं०) भंवरा ।

मधुपर्णिका (स्त्री) खभारी वृक्ष, नील ।

मधुपर्णी (स्त्री) गुरुच ओषधीलता

मधुमक्षिका (स्त्री) सहद बनानेवाली मक्खी ।

मधुयष्टिका (स्त्री) जेठीमधु (एक मीठी लकड़ी ओषधी) ।

मधुर (त्रि०) (रः । रा । रम्) मीठा = ठी, स्वादयुक्त, प्रिय वा प्यारा = री, (पुं०) मीठा रस, (स्त्री) सौंफ ।

मधुरकः (पुं०) ओषधियों के अष्टवर्ग में की एक ओषधी ।

मधुरसा (स्त्री) दाख एक फल, मुर्रा (जिस से लोग पनच बनाते हैं) ।

मधुरिका (स्त्री) बनसौंफ ।

मधुरिपुः (पुं०) विष्णु ।

मधुलः (पुं०) महुवा वृक्ष । [मधूलः]

मधुलिह (पुं०) (ट्—ड) भंवरा ।
मधुपानः (पुं०) मद्य पीने का क्रम।
मधुव्रतः (पुं०) भंवरा ।
मधुशिग्रुः (पुं०) लाल फूल वाला सहिंजन वृक्ष ।
मधुश्रेणी (स्त्री) मुर्रा वृक्ष ।
मधुष्ठीलः (पुं०) महुआ वृक्ष ।
मधुस्रवा (स्त्री) गुजरात देश का एक वृक्ष जिस को 'दोडी' कहते हैं ।
मधूकः (पुं०) महुवा वृक्ष ।
मधूच्छिष्टम् (नपुं०) मोम ।
मधूलः (पुं०) महुवा वृक्ष ।
मधूलकः (पुं०) जलमहुवा (सामान्य महुवे से इस का पत्ता लम्बा होता है) ।
मधूलिका (स्त्री) "मूर्वा" में देखो।
मध्य (त्रि०) (ध्यः । ध्या । ध्यम्) बिचला=ली वा बीचवाला=ली, अधम वा नीच, न्याययुक्त वा न्याय के सदृश, (पुं०। नपुं०) कमर, बीच।
मध्यदेशः (पुं०) विन्ध्य और हिमालय के बीच का देश ।
मध्यम (त्रि०) (मः । मा । मम्) बिचला=ली वा बीचवाला=ली, (पुं०) मध्य देश, एक स्वर (जैसा कोइल पक्षी बोलता है), (स्त्री) मध्यमा वा हाथ की बीच की अंगुली, प्रथमरजस्वला स्त्री (नपुं०) कमर ।
मध्याह्नः (पुं०) दोपहर वा दुपहरिया ।
मध्वासवः (पुं०) महुवा का मद्य ।
मनःशिल (पुं० । स्त्री) (लः । ला) मैनसिल ओषधीधातु ।
मनसिजः (पुं०) कामदेव ।
मनस् (नपुं०) (नः) मन ।
मनस्कारः (पुं०) मन की सुखादि में तत्परता वा आसक्ति ।
मनाक् (अव्यय) थोड़ा ।
मनित (त्रि०) (तः । ता । तम्) जानागया=ई ।
मनीषा (स्त्री) बुद्धि।
मनीषिन् (पुं०) (षी) पण्डित।
मनुः (पुं०) ब्रह्मा के पुत्र का नाम।
मनुजः (पुं०) मनुष्य वा आदमी।
मनुष्यः (पुं०) तथा ।
मनुष्यधर्मन् (पुं०) (र्मा) कुबेर ।
मनुष्ययज्ञः (पुं०) अतिथियों को सन्तुष्ट करना ।
मनोगुप्ता (स्त्री) मैनसिल ओषधीधातु ।
मनोजवः (पुं०) कामदेव, पिता के तुल्य ।

मनोजवसः (पुं०) पिता के तुल्य।
मनोज्ञ (त्रि०) (ज्ञः। ज्ञा। ज्ञम्) सुन्दर।
मनोभवः (पुं०) कामदेव।
मनोरथः (पुं०) इच्छा।
मनोरम (त्रि०) (मः। मा। मम्) सुन्दर।
मनोहत (त्रि०) (तः। ता। तम्) जिस का मन टूट गया वा उदास हो गया है।
मनोहर (त्रि०) (रः। रा। रम्) सुन्दर।
मनोहारिन् (त्रि०) (री। रिणी। रि) मनोहर।
मनोह्वा (स्त्री) मैनसिल औषधी-धातु।
मन्तुः (पुं०) अपराध।
मन्त्रः (पुं०) मन्त्र वा सलाह, एक वेद का भेद, गुप्त बोलना।
मन्त्रिन् (पुं०) (न्त्री) राजा का मन्त्री वा राजा को सलाह देनेवाला।
मन्थः (पुं०) मन्थनदण्ड वा मथनियाँ।
मन्थदण्डकः (पुं०) तथा।
मन्थनी (स्त्री) दही इत्यादि मथने का पात्र।
मन्थर (त्रि०) (रः। रा। रम्) धीरे २ चलनेवाला = ली।
मन्थानः (पुं०) मन्थनदण्ड वा मथनियाँ।
मन्द (त्रि०)। (न्दः। न्दा। न्दम्) मूर्ख, आलसी, थोड़ा = ड़ी, निर्भाग्य वा अभागा = गी, (पुं०) शनैश्वर ग्रह, (नपुं०) धीरे।
मन्दगामिन् (त्रि०) (मी। मिनी। मि) धीरे चलनेवाला = ली।
मन्दाकिनी (स्त्री) आकाशगङ्गा।
मन्दाक्षम् (नपुं०) लज्जा।
मन्दारः (पुं०) एक देववृक्ष का नाम, बकाइन वृक्ष, मंदार वृक्ष।
मन्दिरम् (नपुं०) गृह, नगर।
मन्दुरा (स्त्री) घोड़साल अर्थात् घोड़ों के रहने का स्थान।
मन्दोष्ण (त्रि०) (ष्णः। ष्णा। ष्णम्) थोड़ा गरम वस्तु, (नपुं०) थोड़ा गरम।
मन्द्रः (पुं०) गम्भीर शब्द (जैसा मेघ का)।
मन्मथः (पुं०) कामदेव, कइत वृक्ष।
मन्या (स्त्री) गले के पास की नस वा नाड़ी।
मन्युः (पुं०) यज्ञ, क्रोध, दीनता वा गरीबी, चिन्ता वा शोक।
मन्वन्तरम् (नपुं०) दिव्य युग।
मपष्टकः (पुं०) मोट नामक अन्न।

मयष्ठः (पुं०) तथा ।
मपुष्टः (पुं०) तथा ।
मपुष्टकः (पुं०) तथा ।
मयः (पुं०) एक दैत्य का नाम, ऊंट।
मयष्टकः (पुं०) मोट नामक अन्न।
मयुः (पुं०) किन्नर ।
मयुष्टकः (पुं०) मोट नामक अन्न ।
मयूखः (पुं०) किरण, प्रभा वा प्रकाश, ज्वाला ।
मयूरः (पुं०) मोर पक्षी, मोर की शिखा, अजमोदा ओषधी ।
मयूरक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) (पुं०) चिचिड़ा वृक्ष, (नपुं०) तुतिया ओषधी ।
मरकतम् (नपुं०) हरा मणि अर्थात् पन्ना ।
मरणम् (नपुं०) मरना ।
मरिचम् (नपुं०) मिरिच ।
मरीचम् (नपुं०) तथा ।
मरीचि (पुं० । स्त्री) (चिः चिः—ची) किरण, (पुं०) एक ऋषि का नाम ।
मरीचिका (स्त्री) "मृगतृष्णा।" में देखो ।
मरुः (पुं०) निर्जल देश, पर्वत ।
मरुत् (पुं०) वायु, देवता, मरुयक ओषधी ।
मरुत्वत् (पुं०) (त्वान्) इन्द्र ।
मरुन्माला (स्त्री) मरुयक ओषधी, देवतों का समूह, वायु का समूह ।
मरुवकः (पुं०) मयनफल, मरुवा एक वृक्ष ।
मर्कटः (पुं०) बन्दर ।
मर्कटकः (पुं०) मकड़ी (जो जाला लगाती है) ।
मर्कटी (स्त्री) केंवाच तरकारी, एक प्रकार का करञ्ज ।
मर्त्यः (पुं०) मनुष्य ।
मर्दनम् (नपुं०) मर्दन करना वा मलना ।
मर्दलः (पुं०) मृदङ्ग के ऐसा एक बाजा ।
मर्मन् (नपुं०) (र्म) शरीर का एक देश जिस में चोट लगने से प्राण जाने का भय रहता है, तात्पर्य वा मतलब ।
मर्मरः (पुं०) वस्त्र का वा पत्तों का शब्द ।
मर्मस्पृश् (त्रि०) (क्—ग् । क्—ग् । क्—ग्) चोखा = खी (छुरी इत्यादि), मर्मस्थान को फोड़ने वा तोड़नेवाला = ली ।
मर्यादा (स्त्री) न्यायपूर्वक व्यवहार करना ।
मल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्)

मैल, पाप, विष्ठा ।
मलदूषित (त्रि०) (तः । ता । तम्) मलिन वा मैला = ली ।
मलपूः (स्त्री) कुटुम्बरी ओषधी ।
मलयः (पुं०) एक पर्वत ।
मलयजः (पुं०) चन्दन वृक्ष ।
मलयूः (स्त्री) कुटुम्बरी ओषधी ।
मलापूः (स्त्री) तथा ।
मलिन (त्रि०) (नः । ना । नम्) मैला = ली ।
मलिनी (स्त्री) रजस्वला स्त्री ।
मलिम्लुचः (पुं०) चोर ।
मलीमस (त्रि०) (सः । सा । सम्) मलिन वा मैला = ली ।
मल्लः (पुं०) पहलवान् (कुश्ती-बाज़) ।
मल्लकः (पुं०) एक पुष्पलता ।
मल्लिका (स्त्री) बेला का फूल, बेइल का फूल ।
मल्लिकाक्षः (पुं०) बत्तक पक्षी ।
मल्लिकाख्यः (पुं०) तथा ।
मषि (स्त्री) (षिः—षी) लिखने की स्याही, करिखा वा काजर, जटामासी ओषधी ।
मसि (स्त्री) (सिः—सी) तथा ।
मसुरा (स्त्री) मसूरी (एक अन्न) ।
मसूर (पुं० । स्त्री) (रः । रा) तथा ।
मसूरविदला (स्त्री) श्यामतिधारा (ओषधी) ।
मसृण (त्रि०) (णः । णा । णम्) चिकना = नी ।
मस्करः (पुं०) बाँस ।
मस्करिन् (पुं०) (री) सन्न्यासी ।
मस्तक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) मस्तक वा माथा ।
मस्तिष्कम् (नपुं०) मस्तक के भीतर को घी के सदृश एक चिकनी वस्तु ।
मस्तिस्कम् (नपुं०) तथा ।
मस्तु (नपुं०) दही का पानी ।
महः (पुं०) उत्सव वा खुशी ।
महती (स्त्री) नारद की वीणा ।
महत् (त्रि०) (हान् । हती । हत्) बड़ा = ड़ी, विस्तीर्ण वा विस्तारयुक्त, (नपुं०) राज्य ।
महस् (नपुं०) (हः) तेज ।
महाकन्दः (पुं०) लहसुन ।
महाकुल (त्रि०) (लः । ला । लम्) कुलीन वा बड़े कुल में पैदा हुआ = ई । [माहाकुल]
महाङ्गः (पुं०) ऊंट पशु ।
महाजाली (स्त्री) पीले फूलवाला घोषक वा घोया वृक्ष ।
महादेवः (पुं०) शिव ।
महाधन (त्रि०) (नः । ना । नम्)

बड़े दाम की वस्तु ।
महानटः (पुं०) शिव ।
महानसम् (नपुं०) रसोई का घर ।
महापद्मः (पुं०) एक निधि ।
महाबिलम् (नपुं०) आकाश ।
महामात्रः (पुं०) राजा का मुख्य सहायक ।
महायज्ञः (पुं०) पाठ होम अतिथिपूजन तर्पण बलि ये पाँचो महायज्ञ कहे जाते हैं ।
महारजतम् (नपुं०) सुवर्ण वा सोना
महारजनम् (नपुं०) कुसुम (एक रंगने का फूल) ।
महारण्यम् (नपुं०) बड़ा बन ।
महाराजिकाः, बहुवचन, (पुं०) एक देवतों का समूह जो गिनती में २२० हैं ।
महारौरवः (पुं०) एक नरक ।
महावातः (पुं०) आँधी ।
महाशयः (पुं०) उदार चित्तवाला वा बड़े अभिप्रायवाला ।
महाशूद्री (स्त्री) अहिरिन ।
महाश्वेता (स्त्री) काला भुइंकोंहड़ा ।
महासहा (स्त्री) कठसरैया, जङ्गली उरद ।
महासेनः (पुं०) स्वामिकार्तिक ।
महिमन् (पुं०) (मा) बड़ाई ।
महिला (स्त्री) स्त्री । [महला] [महेला]
महिलाह्वया (स्त्री) गोंदी वृक्ष ।
महिषः (पुं०) भैंसा ।
महिषी (स्त्री) भैंस, राजा की पटरानी ।
मही (स्त्री) पृथिवी वा भूमि ।
महीक्षित् (पुं०) राजा ।
महीध्रः (पुं०) पर्वत ।
महीरुहः (पुं०) वृक्ष ।
महीलता (स्त्री) केंचुवा जन्तु ।
महीसुतः (पुं०) मङ्गल ग्रह ।
महीसूनुः (पुं०) तथा ।
महेच्छः (पुं०) उदार चित्तवाला वा बड़े अभिप्रायवाला ।
महेरणा (स्त्री) साल वा सलई ।
महेरुणा (स्त्री) तथा ।
महेश्वरः (पुं०) शिव ।
महोक्षः (पुं०) बड़ा बैल ।
महोत्पलम् (नपुं०) कमल ।
महोत्साहः (पुं०) बड़े उत्साहवाला अर्थात् दुराप वा दुर्घट कामों में भी प्रवृत्त होनेवाला ।
महोद्यमः (पुं०) तथा ।
महौषधम् (नपुं०) अतीस, लहसुन, सोंठ ।
मा (अव्यय) मत ।
मा (स्त्री) लक्ष्मी ।

माक्षिकम् (नपुं०) मक्खी का सहद ।

मागध (त्रि०) (धः । धी । धम्) मगध देश में उत्पन्न हुआ = ई, (पुं०) वैश्य से क्षत्रिया स्त्री में उत्पन्न, भाट, (स्त्री) जूही (एक पुष्पवृक्ष), पीपर ओषधी ।

माघः (पुं०) माघ महीना ।

माघ्यम् (नपुं०) कुन्द पुष्प ।

माठरः (पुं०) एक सूर्य का पार्श्ववर्ती

माढिः (स्त्री) पत्ते की नस,दीनता

माणवकः (पुं०) लड़का, हार के बीच का मणि वा सुमेर, बीस लड़ का हार ।

माणव्यम् (नपुं०) लड़कों का झुण्ड

माणिक्यम् (नपुं०) लाल (मणि) ।

माणिमन्थम् (नपुं०) सेंधा नोन ।

मातङ्गः (पुं०) हाथी, चण्डाल वा डोम ।

मातरपितरौ, कृदन्त, द्विवचन, (पुं०) मा बाप ।

मातरिश्वन् (पुं०) (श्वा) वायु ।

मातलिः (पुं०) इन्द्र का सारथी ।

मातापितरौ, कृदन्त, द्विवचन, (पुं०) मा बाप ।

मातामहः (पुं०) नाना अर्थात् माता के पिता ।

मातुलः (पुं०) मामा अर्थात् माता का भाई, धतूरा ।

मातुलपुत्रकः (पुं०) धतूरा का फल, मामा का लड़का ।

मातुलानी (स्त्री) मामी, भाँग वा बूटी ।

मातुलाहिः (पुं०) चित्रसर्प ।

मातुली (स्त्री) मामी । [मातुला]

मातुलुङ्गकः (पुं०) बिजौरा नीबू ।

मातृ (स्त्री) (ता) माता, गैया ।

मातृष्वसेयः (पुं०) मौसी का बेटा।

मातृष्वस्रीयः (पुं०) तथा ।

मात्र (स्त्री । नपुं०) (त्रा । त्रम्) (स्त्री) परिच्छद वा सामग्री, परिमाण, सूक्ष्म वा पतला, (नपुं०) सम्पूर्णता, अवधारण वा निश्चय ।

मादः (पुं०) हर्ष ।

माधवः (पुं०) विष्णु, वैसाख महीना ।

माधवकः (पुं०) महुवा का मद्य ।

माधविका (स्त्री) वासन्तीलता (कुन्दभेद, जो वसन्त ही में फूलता है) ।

माधवी (स्त्री) तथा ।

माधवीलता (स्त्री) तथा ।

माध्वीकम् (नपुं०) महुवा का मद्य ।

मान (पुं० । नपुं०) (नः । नम) (पुं०) मान वा आदर, (नपुं०)

नाप वा तौल ।

मानवः (पुं०) मनुष्य ।

मानसम् (नपुं०) मन, एक सरोवर वा झील ।

मानसौकस (पुं०) (काः) हंस ।

मानिनी (स्त्री) मानवती स्त्री ।

मानुषः (पुं०) मनुष्य ।

मानुष्यकम् (नपुं०) मनुष्यों का समूह ।

माया (स्त्री) माया वा इन्द्रजाल।

मायाकारः (पुं०) बाजीगर ।

मायादेवीसुतः (पुं०) शाक्य मुनि ।

मायुः (पुं०) पित्त (एक शरीर का धातु) ।

मायूरम् (नपुं०) मोरों का समूह।

मारः (पुं०) कामदेव ।

मारजित् (पुं०) बुद्ध वा बौद्धों की देवता ।

मारणम् (नपुं०) मार डालना ।

मारिषः (पुं०) आर्य वा आदर करने के योग्य वा श्रेष्ठ (नाट्य में सूत्रधार पारिपार्श्विक को "मारिष" कह कर पुकारता है) ।

मारुतः (पुं०) वायु ।

मार्कवः (पुं०) भृङ्गराज वा भंगरैया वृक्ष ।

मार्गः (पुं०) रस्ता, अगहन महीना ।

मार्गण (पुं०। नपुं०) (णः। णम्) (पुं०) बाण, याचक, (नपुं०) खोजना वा ढूंढना ।

मार्गशीर्षः (पुं०) अगहन महीना।

मार्गित (त्रि०) (तः। ता। तम्) खोजागया = ई ।

मार्जन (त्रि०) (नः। नी। नम) साफ करनेवाला = ली, (पुं०) लोध औषधी, (स्त्री) झाड़, (नपुं०) साफ करना ।

मार्जना (स्त्री) साफ करना ।

मार्जारः (पुं०) बिलार ।

मार्जित (त्रि०) (तः। ता। तम्) साफ कियागया = ई, (स्त्री) "रसाला" में देखो ।

मार्जितृ (त्रि०) (ता। त्री। तृ) साफ करनेवाला = ली ।

मार्तण्डः (पुं०) सूर्य ।

मार्दङ्गिकः (पुं०) मृदङ्ग बजानेवाला

मार्द्वीकम् (नपुं०) महुवा का मद्य।

मार्ष्टिः (स्त्री) पोंछना, साफ करना

मालकः (पुं०) नीम वृक्ष ।

मालती (स्त्री) चमेली पुष्पवृक्ष ।

माला (स्त्री) माला, पङ्क्ति, अस्यरक औषधी ।

मालाकारः (पुं०) माली ।

मालातृणम् (नपुं०) एक घास ।

मालातृणकम् (नपुं०) तथा ।

मालिकः (पुं०) माली ।
मालुधानः (पुं०) चित्रसर्प ।
मालूरः (पुं०) बेल वृक्ष ।
माल्यम् (नपुं०) माला, मस्तक से धारण की गई पुष्पपङ्क्ति ।
माल्यवत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) जिस ने माला पहिनी है, (पुं०) एक पर्वत, रावण का नाना ।
माषः (पुं०) उरद अन्न ।
माषपर्णी (स्त्री) जङ्गली उरद ।
माषीणम् (नपुं०) उरद का खेत ।
माष्यम् (नपुं०) तथा ।
मासः (पुं०) महीना, पितर लोगों की दिन रात्रि ।
मासरः (पुं०) भात का माँड़ ।
मासिक (त्रि०) (कः । की । कम्) महीने का ।
मास्म (अव्यय) मत ।
माहिषः (पुं०) क्षत्रिय से वैश्या स्त्री में उत्पन्न लड़का ।
माहिष्यः (पुं०) तथा ।
माहेयी (स्त्री) गैया ।
माहेश्वरी (स्त्री) शिवशक्ति देवता, पार्वती ।
मांसम् (नपुं०) माँस ।
मांसलः (पुं०) मोटा वा थुथला, बलवान् ।

मांसिकः (पुं०) मांस बेचनेवाला ।
मितम्पचः (पुं०) सूम ।
मित्र (पुं० । नपुं०) (त्रः । त्रम्) (पुं०) सूर्य, (नपुं०) मित्र वा दोस्त, अपने समीप के राजा से व्यवहित राजा ।
मिथस (अव्यय) (थः) परस्पर, एकान्त ।
मिथुनम् (नपुं०) स्त्री पुरुष का जोड़ा, मेषादि १२ राशियों में से एक राशि का नाम ।
मिथ्या (अव्यय) झूठा ।
मिथ्यादृष्टिः (स्त्री) नास्तिक बुद्धि अर्थात् स्वर्गादिक परलोक को न मानना ।
मिथ्याभियोगः (पुं०) मिथ्या विवाद वा जाल करना ।
मिथ्याभिशंसनम् (नपुं०) झूठा दोष लगाना ।
मिथ्यामतिः (स्त्री) झूठा ज्ञान ।
मिशि (स्त्री) (शिः—शी) बनसौंफ ।
मिश्रेया (स्त्री) तथा ।
मिषि (स्त्री) (षिः—षी) जटामाँसी ओषधी ।
मिसि (स्त्री) (सिः—सी) सौंफ, बनसौंफ ।
मिहिका (स्त्री) हिम वा पाला ।

मिहिरः (पुं०) सूर्य ।

मीढ (त्रि०) (ढः । ढा । ढम्) मूतागया = ई वा पेशाब कियागया = ई ।

मीनः (पुं०) मछली, मेषादि १२ राशियों में से एक राशि का नाम ।

मीनकेतनः (पुं०) कामदेव ।

मीमांसकः (पुं०) मीमांसा शास्त्र का जाननेवाला ।

मुकुटम् (नपुं०) एक माथे का भूषण । [मकुटम्]

मुकुन्दः (पुं०) विष्णु, एक निधि, पालकी साग, कुन्द्रू तरकारी ।

मुकुरः (पुं०) दर्पण । [मकुरः]

मुकुल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) थोड़ी फूली हुई कली ।

मुकुष्ठकः (पुं०) मोट नामक अन्न ।

मुकूलकः (पुं०) वज्रदन्ती ओषधी ।

मुक्ता (स्त्री) मोती ।

मुक्तावली (स्त्री) मोती का हार ।

मुक्तास्फोटः (पुं०) मोती की सीप ।

मुक्तिः (स्त्री) मोक्ष वा छूट जाना ।

मुखम् (नपुं०) मुख, प्रारम्भ, प्रथम सन्धि (नाट्य में), निकलने पैठने की रस्ता ।

मुखर (त्रि०) (रः । रा । रम्) वेरोक बोलनेवाला = ली ।

मुखवासन (त्रि०) (नः । नी । नम्) मुख को सुगन्धित करनेवाला पदार्थ (बीड़ा इत्यादि), (नपुं०) मुख को सुगन्धित करना ।

मुख्य (त्रि०) (ख्यः । ख्या । ख्यम्) प्रधान, पहिला = ली ।

मुग्ध (त्रि०) (ग्धः । ग्धा । ग्धम्) सुन्दर, मूढ़ वा मूर्ख ।

मुण्ड (त्रि०) (ण्डः । ण्डा । ण्डम्) जिस का माथा मुण्डित वा मूड़ा है, (नपुं०) सिर ।

मुण्डनम् (नपुं०) मूड़ना वा हजामत करना ।

मुण्डित (त्रि०) (तः । ता । तम्) मूड़ागया = ई ।

मुण्डिन् (पुं०) (ण्डी) हज्जाम, सन्न्यासी ।

मुदिरः (पुं०) मेघ ।

मुद् (स्त्री) (त्—द्) हर्ष वा सुख ।

मुद्गः (पुं०) मूंग (अन्न) ।

मुद्गपर्णी (स्त्री) मुगौंनी (एक वृक्ष का फल) ।

मुद्गरः (पुं०) मुंगरा वा जोड़ी ।

मुधा (स्त्री) मिथ्या वा झूठ ।

मुनिः (पुं०) ऋषि, बुद्ध (एक विष्णु का अवतार), मौनव्रती वा चुपचाप रहना जिस का व्रत है ।

मुनीन्द्रः (पुं०) मुनियों में श्रेष्ठ, बुद्ध (एक विष्णु का अवतार) ।
मुरः (पुं०) एक दैत्य का नाम ।
मुरजः (पुं०) मृदङ्ग बाजा ।
मुरमर्दनः (पुं०) विष्णु ।
मुरा (स्त्री) एक सुगन्धद्रव्य ।
मुषकः (पुं०) चोर, मूसा ।
मुषित (त्रि०) (तः । ता । तम्) चोराया गया = ई, (नपुं०) चोरी ।
मुष्कः (पुं०) अण्डकोश अर्थात् पुरुष के मूत्रद्वार के नीचे का अङ्ग
मुष्ककः (पुं०) एक तरह की लोध ओषधी ।
मुसल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) मूसर ।
मुसलिन् (पुं०) (ली) बलदेव अर्थात् कृष्ण के बड़े भाई ।
मुसली (स्त्री) मुष्टी जन्तु, मुसरी ओषधी, बिस्तुइया जन्तु ।
मुसल्य (त्रि०) (ल्यः । ल्या । ल्यम्) मूसर से मारडालने के लायक (जैसा सुवर्ण का चोरानेवाला) ।
मुस्तक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) मोथा घास ।
मुस्ता (स्त्री) तथा ।
मुहुर्भाषा (स्त्री) बार २ बोलना।
मुहुस् (अव्यय) (हुः) बार बार वा फेर फेर ।
मुहूर्त्त (पुं० । नपुं०) (र्त्तः । र्त्तम्) १२ क्षण वा ४८ मिनिट ।
मूक (त्रि०) (कः । का । कम्) गूंगा = गी ।
मूढ (त्रि०) (ढः । ढा । ढम्) मूढ वा मूर्ख ।
मूत (त्रि०) (तः । ता । तम्) बाँधा हुआ = ई ।
मूत्रम् (नपुं०) मूत वा पेशाब ।
मूत्रकृच्छ्रम् (नपुं०) करकसुत्ती एक रोग (जिस के होने से बार २ लघुशंका होती है और लघुशङ्का करने के समय मूत्रद्वार में पीड़ा होती है ।
मूत्रितम् (नपुं०) मूतागया, मूतना ।
मूर्ख (त्रि०) (र्खः । र्खा । र्खम्) मूढ वा अज्ञान ।
मूर्च्छा (स्त्री) मोह वा बेहोशी, बढ़ना वा बढ़ती वा वृद्धि ।
मूर्च्छाल (त्रि०) (लः । ला । लम्) जिस को मूर्च्छा हो ।
मूर्च्छित (त्रि०) (तः । ता । तम्) बेहोश हो गया = ई, बढ़ा = ढ़ी
मूर्ण (त्रि०) (र्णः । र्णा । र्णम्) "मूत" में देखो ।

मूर्त्त (त्रि०) (र्त्तः। र्त्ता। र्त्तम्) "मूर्च्छित" में देखो, मूर्त्तिमान्, कठोर।

मूर्त्तिः (स्त्री) प्रतिमा, कठोरता।

मूर्त्तिमत् (त्रि०) (मान्। मती। मत्) मूर्त्तिमान्, कठोर।

मूर्द्धन् (पुं०) (र्द्धा) मस्तक वा माथा।

मूर्द्धाभिषिक्तः (पुं०) क्षत्रिय (एक वर्ण), राजा, प्रधान वा मुख्य।

मूर्वा (स्त्री) मुर्रा (जिस से पनच बनती है)।

मूर्वी (स्त्री) तथा।

मूलम् (नपुं०) जड़, पहिला, वृक्ष की जटा, आदिकारण।

मूलकम् (नपुं०) मुरई साग।

मूलधनम् (नपुं०) मूर (धन) जिस का व्याज मिलता है।

मूल्यम् (नपुं०) मोल वा दाम, मजूरी वा तलब।

मूषकः (पुं०) मूसा (जन्तु)। [मुषकः]

मूषा (स्त्री) सुवर्ण इत्यादि धातु गलाने की घरिया। [मुषा] [मुषी]

मूषिकः (पुं०) मूसा (जन्तु)। [मूषकः] [मुषकः]

मूषिकपर्णी (स्त्री) मूसाकर्णी ओषधी।

मूषित (त्रि०) (तः। ता। तम्) चोराया हुआ = ई। [मुषित]

मृगः (पुं०) हरिण, खोजना, पशु।

मृगणा (स्त्री) खोजना।

मृगतृष्णा (स्त्री) मृगों का निर्जल स्थान में जल का ज्ञान होना।

मृगदंशकः (पुं०) कुत्ता, बिल्ली।

मृगदृष्टिः (पुं०) सिंह।

मृगद्विष् (पुं०) (ट्—ड्) तथा, मृग का बैरी (बाघ इत्यादि)।

मृगधूर्त्तकः (पुं०) सियार जन्तु।

मृगनाभिः (पुं०) कस्तूरी।

मृगबधाजीवः (पुं०) व्याध वा बहेलिया (मृग फसानेवाला)।

मृगबन्धनी (स्त्री) मृग फसाने का जाल।

मृगमदः (पुं०) कस्तूरी।

मृगया (स्त्री) आखेट वा शिकार।

मृगयुः (पुं०) व्याध वा बहेलिया (मृग पकड़नेवाला)।

मृगरिपुः (पुं०) सिंह।

मृगव्यम् (नपुं०) शिकार खेलना।

मृगशिरस् (नपुं०) (रः) मृगशीर्षा (एक नक्षत्र का नाम)

मृगशीर्षम् (नपुं०) तथा।

मृगाङ्कः (पुं०) चन्द्रमा।

मृगादनः (पुं०) "तरक्षु" में देखो।

मृगाशनः (पुं०) सिंह ।
मृगित (त्रि०) (तः । ता । तम्) खोजागया = ई ।
मृगेन्द्रः (पुं०) सिंह ।
मृजा (स्त्री) सफाई वा शुद्धि ।
मृडः (पुं०) शिव ।
मृडानी (स्त्री) पार्वती ।
मृणाल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) कमल इत्यादि की जड़, कमलदण्ड ।
मृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) मरगया = ई, (नपुं०) भीख माँगना ।
मृतस्नात (त्रि०) (तः । ता । तम्) किसी के मरने में जिसने स्नान किया है ।
मृतालकम् (नपुं०) रहर (अन्न) ।
मृत्तालकम् (नपुं०) तथा । [मृत्तालम्]
मृत्तिका (स्त्री) मट्टी ।
मृत्यु (पुं० । स्त्री) (त्युः । त्युः) मरण
मृत्युञ्जयः (पुं०) शिव ।
मृत्सा (स्त्री) अच्छी मट्टी ।
मृत्स्ना (स्त्री) तथा, रहर (अन्न) ।
मृदङ्गः (पुं०) मृदङ्ग बाजा ।
मृदु (त्रि०) (दुः । दुः—द्वी । दु) कोमल ।
मृदुत्वच् (पुं०) (क्—ग्) भोजपत्र का वृक्ष ।
मृदुल (त्रि०) (लः । ला । लम्) कोमल ।
मृद् (स्त्री) (त्—द्) मट्टी ।
मृद्वीका (स्त्री) दाख वा मुनक्का ।
मृधम (नपुं०) सङ्ग्राम वा युद्ध ।
मृषा (स्त्री) झूठ वा मिथ्या ।
मृष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) साफ़ कियागया = ई ।
मेकलकन्यका (स्त्री) रेवा नदी ।
मेखलकन्यका (स्त्री) तथा ।
मेखला (स्त्री) स्त्री के कमर का एक गहना जो ८ लड़ का होता है (करधनी, क्षुद्रघण्टिका इत्यादि), चमड़ा इत्यादि से बना हुआ खड्ग इत्यादि का कटिबन्ध, युद्ध में हाथ से खड्ग के न खसकने के लिये गट्टे में का चमड़े का बन्धन ।
मेघः (पुं०) बादल ।
मेघज्योतिष् (पुं०) (तिः) मेघ का तेज जिस के गिरने से वृक्षादि नष्ट हो जाते हैं ।
मेघनादानुलासिन् (पुं०) (सी) मोर पक्षी ।
मेघनामन् (पुं०) (मा) मोथा घास ।
मेघनिर्घोषः (पुं०) मेघ का गरजना ।

मेघपुष्पः (पुं०) कृष्ण के चार घोड़ों में से एक का नाम ।
मेघपुष्पम् (नपुं०) जल वा पानी।
मेघमाला (स्त्री) मेघ की घटा ।
मेघवाहनः (पुं०) इन्द्र ।
मेघाध्वन् (पुं०) (ध्वा) आकाश।
मेचक (त्रि०) (कः। का। कम्) काले रङ्गवाला = लो, (पुं०) काला रङ्ग, भेड़ा, मोर के पङ्ख पर का चन्द्राकार चिह्न ।
मेढ्र (पुं०। नपुं०) (ढ्रः। ढ्रम्) पुरुष का मूत्रद्वार, (पुं०) भेड़ा ।
मेदकः (पुं०) मद्य के लिये कुछ पीसा वस्तु, किसी के पिसान से बनाहुआ मद्य ।
मेदस् (नपुं०) (दः) चरबी ।
मेदिनी (स्त्री) पृथ्वी वा भूमि ।
मेदुर (त्रि०) (रः। रा। रम्) घन वा गझिन और चिकना ।
मेधा (स्त्री) वह बुद्धि जो कोई अर्थ को धारण कर सक्ती है ।
मेधिः (पुं०) बैल इत्यादि के बाँधने का खूंटा [मेथिः]
मेध्य (त्रि०) (ध्यः। ध्या। ध्यम्) पवित्र ।
मेनका (स्त्री) स्वर्ग की एक अप्सरा का नाम ।
मेनकात्मजा (स्त्री) पार्वती ।
मेरुः (पुं०) सुमेरु पर्वत ।
मेलकः (पुं०) सङ्गम वा मेल करनेवाला, सङ्गम वा मेल ।
मेला (स्त्री) बहुतों का झुण्ड, नील
मेषः (पुं०) भेड़ा, एक राशि का नाम ।
मेषकम्बलः (पुं०) कम्बल वा कमरा।
मेहः (पुं०) प्रमेह रोग ।
मेहनम् (नपुं०) मूतने का इन्द्रिय, मूतना ।
मैत्रावरुणिः (पुं०) वाल्मीकि ऋषि।
मैत्री (स्त्री) मित्रता ।
मैत्र्यम् (नपुं०) तथा ।
मैथुनम् (नपुं०) स्त्री पुरुष का संयोग, सङ्गति ।
मैनाकः (पुं०) एक पर्वत का नाम।
मैरेयम् (नपुं०) ऊख के पक्के रस से बनाया हुआ मद्य ।
मोक्षः (पुं०) मुक्ति वा छूट जाना, एक तरह की लोध ।
मोघ (त्रि०) (घः। घा। घम्) निष्फल वा व्यर्थ, (स्त्री) पाँडर एक वृक्ष, बाभीरङ्ग ओषधी।
मोचकः (पुं०) सहँजन वृक्ष ।
मोचा (स्त्री) केला वृक्ष, सेमर वृक्ष
मोट्टायितम् (नपुं०) एक प्रकार का हाव अर्थात् शृङ्गार के भाव से उत्पन्न क्रिया जिस में पुरुष

वा स्त्री कुछ देह मोड़ कर जंभाई ले ।
मोदक (त्रि०) (दकः । दिका । दकम्) प्रसन्न होनेवाला = ली, (पुं० । नपुं०) लड्डू ।
मोरटम् (नपुं) ऊंख की जड़ ।
मोरटा (स्त्री) "मूर्वा" में देखो।
मोषक (पुं०) चोर ।
मोहः (पुं०) मूर्च्छा ।
मौकलिः (पुं०) कौआ पक्षी ।
मौकुलिः (पुं०) तथा ।
मौक्तिकम् (नपुं०) मोती ।
मौद्गीनम् (नपुं०) मूंग का खेत।
मौनम् (नपुं०) चुप रहना ।
मौरजिकः (पुं०) मृदङ्ग बजानेवाला
मौर्वी (स्त्री) प्रत्यञ्चा वा पनच ।
मौलिः (पुं०) माथा, शिखा वा चोटी, किरीट वा सिरपेंच, बाँधेहुये बाल ।
मौहूर्त्तः (पुं०) ज्योतिषी ।
मौहूर्त्तिकः (पुं०) तथा ।
म्रक्षणम् (नपुं०) तेल, चिकना करना ।
म्लिष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) अस्पष्ट ।
म्लेच्छमुखम् (नपुं०) ताँबा ।

—***—

(य)

यः (पुं०) यश वा कीर्ति, वायु, सवारी, गमन करनेवाला, त्याग।
यकृत् (नपुं०) पेट की दहिनी ओर कोठ कलेजे के सामने का एक मांस का पिण्ड ।
यक्षः (पुं०) एक देवजाति, कुवेर ।
यक्षकर्दमः (पुं०) कपूर अगर कस्तूरी और कङ्कोल इन सब वस्तुओं को मिलाय कर बनाया हुआ एक प्रकार का सुगन्धचूर्ण।
यक्षधूपः (पुं०) राल वा धूप ।
यक्षराज् (पुं०) (ट्—ड्) कुवेर ।
यक्ष्मन् (पुं०) (क्ष्मा) क्षय रोग।
यजमानः (पुं०) यज्ञ करनेवाला, "व्रती" में देखो ।
यजुष् (पुं० । नपुं०) (जुः । जुः) यजुर्वेद ।
यज्ञः (पुं०) यज्ञ वा याग ।
यज्ञपुरुषः (पुं०) विष्णु ।
यज्ञाङ्गः (पुं०) गूलर वृक्ष ।
यज्ञिय (त्रि०) (यः । या । यम्) यज्ञकर्म के योग्य वस्तु (ब्राह्मण द्रव्य इत्यादि) ।
यज्वन् (पुं०) (ज्वा) जिस ने विधिपूर्वक यज्ञ किया है ।
यतस् (अव्यय) (तः) जिस लिये।

यतिः (पुं०) जितेन्द्रिय ।
यतिन् (पुं०) (ती) तथा ।
यत् (अव्यय) यदि, जिस लिये, कि।
यथा (अव्यय) जैसा, तुल्यता ।
यथाजात (त्रि०) (तः । ता । तम्) मूर्ख ।
यथातथम् (नपुं०) सत्य (क्रियाविशेषण) ।
यथायथम् (नपुं०) यथायोग्य वा जैसा उचित है (क्रियाविशेषण)।
यथार्थम् (नपुं०) सत्य (क्रियाविशेषण) ।
यथार्हवर्णः (पुं०) हलकारा वा दूत
यथास्वम् (नपुं०) "यथायथम्" में देखो ।
यदि (अव्यय) जो वा अगर ।
यद् (त्रि०) (यः । या । यत्—द्) जो
यदृच्छा (स्त्री) स्वच्छन्दता वा अपनी इच्छा ।
यन्तृ (पुं०) (न्ता) हाथीवान्, सारथी ।
यमः (पुं०) यमराज, संयम (योग का एक अङ्ग), केवल शरीर से साध्य कर्म (जैसा अहिंसा, सत्य, अस्तेय वा चोरी न करना, ब्रह्मचर्य इत्यादि)।
यमनिका (स्त्री) कनात वा परदा।
यमराज् (पुं०) (ट्—ड्) यमराज ।
यमुना (स्त्री) एक नदी ।
यमुनाभ्रातृ (पुं०) (ता) यमराज ।
ययुः (पुं०) अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा
यवः (पुं०) जव (एक अन्न) ।
यवक्य (त्रि०) (क्यः । क्या । क्यम्) तृणादि रहित जव का खेत ।
यवक्षारः (पुं०) जवाखार (एक नोन) ।
यवफलः (पुं०) बाँस वृक्ष ।
यवसम् (नपुं०) तृण वा घास ।
यवागूः (स्त्री) लपसी (एक भक्ष्य वस्तु) ।
यवाग्रजः (पुं०) जवाखार (एक नोन)
यवानिका (स्त्री) अजवाइन ओषधी
यवासः (पुं०) जवासा वा हिंगुवा (एक कंटेला वृक्ष) ।
यविष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) जवान, नया = यी, (पुं०) छोटा भाई ।
यवीयस् (त्रि०) (यान् । यसी । यः) जवान, छोटा = टी, नया = ई ।
यव्य (त्रि०) (व्यः । व्या । व्यम्) जव का खेत ।
यशस् (नपुं०) (शः) यश वा कीर्ति ।
यष्टि (पुं० । स्त्री) (ष्टिः । ष्टिः) लाठी।
यष्टिमधुकम् (नपुं०) जेठीमधु । [यष्टीमधुकम्]

यष्टृ (पुं०) (ष्टा) यज्ञ करनेवाला, "व्रती" में देखो ।
यागः (पुं०) यज्ञ ।
याचकः (पुं०) माँगनेवाला ।
याचनकः (पुं०) तथा ।
याचना (स्त्री) माँगना ।
याचित (त्रि०) (तः । ता । तम्) माँगाहुआ = ई, (नपुं०) माँगना ।
याचितकम् (नपुं०) मंगनी की वस्तु ।
याच्ञा (स्त्री) माँगना ।
याजकः (पुं०) यज्ञ में ब्रह्मा उद्गाता होता अध्वर्यु ब्राह्मणाच्छंसी, अच्छावाक् नेष्टा इत्यादि १६ ऋत्विक् "याजक" कहे जाते हैं ।
यातना (स्त्री) कठोर दुःख ।
यातयाम (त्रि०) (मः । मा । मम्) पुराना = नी, बासी (अन्न इत्यादि), भोजन कर के त्याग कियागया = ई ।
यातु (नपुं०) राक्षस ।
यातुधानः (पुं०) तथा ।
यातृ (त्रि०) (ता । त्री । तृ) गमन करने वा चलनेवाला = ली ।
यातृ (स्त्री) (ता) देवरानी वा जेठानी (भाइयों की स्त्रियाँ परस्पर "याता" कहलाती हैं) ।
यात्रा (स्त्री) गमन वा चलना, चलाना ।
यादवन्धनम् (नपुं०) गैया भैंस इत्यादि पशुरूप धन ।
यादसाम्पतिः (पुं०) वरुण ।
यादस् (नपुं०) (दः) जल का जन्तु ।
यादःपतिः (पुं०) समुद्र ।
यानम् (नपुं०) वाहन वा सवारी, चढ़ाई करना ।
यानमुखम् (नपुं०) रथ इत्यादि सवारी का अग्रभाग ।
याप्य (त्रि०) (प्यः । प्या । प्यम्) अधम वा नीच ।
याप्ययानम् (नपुं०) पालकी सवारी ।
यामः (पुं०) पहर वा ३ घण्टे का काल, संयम (योग का एक अङ्ग) ।
यामिनी (स्त्री) रात्रि वा रात ।
यामुनम् (नपुं०) सुरमा ।
यायजूकः (पुं०) जिस का यज्ञ करने का स्वभाव है ।
यावः (पुं०) महावर (एक रङ्ग) ।
यावकः (पुं०) तथा, आधा पकाहुआ जव इत्यादि ।
यावत् (अव्यय) जबतक, पहिले,

साकल्य वा सम्पूर्णरूप से निश्चय वा सिद्धान्त ।
यावत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) जितना = नी ।
यावनः (पुं०) लोहबान (एक धूप)।
याष्टीकः (पुं०) लाठीवाला वा जिस का हथियार लाठी है ।
यासः (पुं०) जवासा वा हिंगुवा (एक कांटैला वृक्ष) ।
युक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) जुटाहुआ = ई, न्याय के अनुसार ।
युक्तरसा (स्त्री) "एलापर्णी" ओषधी ।
युग (पुं० । नपुं०) (गः । गम्) (पुं०) जूआ अर्थात् बैल के कांधे पर रखने का एक काष्ठ, (नपुं०) जोड़ा वा दो, सत्य त्रेता द्वापर कलि—ये चारो युग, चार हाथ, एक प्रकार का औषध ।
युगकीलकः (पुं०) जूआ की कील।
युगन्धरः (पुं०) वह काठ जहाँ कि रथ में घोड़ा जोता जाता है ।
युगपत् (अव्यय) एकही काल में।
युगपत्त्रकः (पुं०) कचनार वृक्ष ।
युगपार्श्वगः (पुं०) "प्रष्ठवाह्" में देखो ।
युगलम् (नपुं०) जोड़ा वा दो ।
युग्मम् (नपुं०) तथा ।
युग्य (पुं० । नपुं०) (ग्यः । ग्यम्) (पुं०) जूआ के काठ को ढोने वाला बैल, (नपुं०) वाहन वा सवारी ।
युध् (स्त्री) (त्—द्) सङ्ग्राम वा युद्ध ।
युद्धम् (नपुं०) तथा ।
युवति (स्त्री) (तिः—ती) जवान स्त्री ।
युवन् (पुं०) (वा) जवान पुरुष।
युवराजः (पुं०) राजा के हाथ के नीचे का छोटा राजा ।
यूथ (पुं० । नपुं०) (थः । थम्) पक्षियों का झुण्ड, पशुओं का झुण्ड ।
यूथनाथः (पुं०) हाथियों के झुण्ड में का मुख्य हाथी ।
यूथपः (पुं०) तथा ।
यूथिका (स्त्री) जूही (एक पुष्प-वृक्ष) ।
यूप (पुं० । नपुं०) (पः । पम्) यज्ञ में पशु बाँधने का खम्भा, (पुं०) तूत वृक्ष ।
यूपखण्डम् (नपुं०) यज्ञस्तम्भ के छीलने के समय गिरता हुआ पहिला टुकड़ा ।

यूष (पुं० । नपुं०) (षः । षम्) माँड़ ।

योक्त्रम् (नपुं०) बैल इत्यादि के गले में जूआ जोड़ने की रस्सी।

योगः (पुं०) कवच, साम दान भेद और दण्ड—ये चारो उपाय, ध्यान, मेल, जोड़ना वा जोड़ ।

योगेष्टम् (नपुं०) सीसा (धातु) ।

योग्य (त्रि०) (ग्यः । ग्या । ग्यम) उचित, (नपुं०) एक औषध जिस को "ऋद्धि" "वृद्धि" और "सिद्धि" भी कहते हैं ।

योजनम् (नपुं०) चार कोस, परमात्मा, जोड़ना वा मिलाना

योजनवल्ली (स्त्री) एक रङ्ग की लकड़ी ।

योत्रम् (नपुं०) "योक्त्र" में देखो ।

योद्धृ (पुं०) (द्धा) युद्ध करनेवाला ।

योधः (पुं०) तथा ।

योनि (पुं० । स्त्री) (निः । निः) हेतु वा कारण, स्त्री का मूत्रद्वार ।

योषा (स्त्री) स्त्री ।

योषिता (स्त्री) तथा ।

योषित् (स्त्री) तथा ।

यौतकम् (नपुं०) दैजा ।

यौतुकम् (नपुं०) तथा ।

यौतवम् (नपुं०) मान वा नाप वा तौल ।

यौवतम् (नपुं०) युवतियों का समूह वा झुण्ड ।

यौवनम् (नपुं०) जवानी ।

—***—

(र)

रः (पुं०) अग्नि, बलदेव, वायु, भूमि, धन, इन्द्रिय, धन का-रोक ।

रक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) रंगा हुआ = ई, अनुरक्त, लाल रङ्ग, (नपुं०) लोहू, केसर, ताँबा का रङ्ग ।

रक्तकः (पुं०) दुपहरिया (एक पुष्पवृक्ष) ।

रक्तचन्दनम् (नपुं०) रक्तसार, लाल चन्दन ।

रक्तपा (स्त्री) जोंक (एक जलजन्तु)

रक्तफला (स्त्री) कुन्दरू तरकारी ।

रक्तमालः (पुं०) करञ्ज वृक्ष ।

रक्तसन्ध्यकम् (नपुं०) लाल कल्हार पुष्प वा लाल रङ्ग का ती-

जो सन्ध्या में फूलनेवाला पुष्प ।
रक्तसरोरुहम् (नपुं०) लाल कमल।
रक्ताङ्गः (पुं०) कमीला ओषधी।
रक्तोत्पलम् (नपुं०) लाल कमल।
रक्षस् (नपुं०) (क्षः) राक्षस ।
रक्षस्सभम् (नपुं०) राक्षसों की सभा, राक्षसों का झुण्ड ।
रक्षा (स्त्री) बचाना, राख ।
रक्षित (त्रि०) (तः । ता । तम्) बचायागया = ई, (नपुं०) बचाना ।
रक्षिवर्गः (पुं०) राजा के रक्षकों का समूह ।
रक्षणः (पुं०) रक्षा करना ।
रङ्कुः (पुं०) चीता (एक बनपशु)।
रङ्ग (पुं० । नपुं०) (ङ्गः । ङ्गम्) (पुं०) अखाड़ा अर्थात् राग रङ्ग और कसरत का स्थान, (नपुं०) राँगा धातु ।
रङ्गाजीवः (पुं०) रंगरेज, रंगसाज।
रचना (स्त्री) रचना वा बनाना ।
रजत (त्रि०) (तः । ता । तम्) श्वेत रङ्ग की वस्तु, (पुं०) श्वेत रङ्ग, (नपुं०) चाँदी, सोना ।
रञ्जनम् (नपुं०) रंगना, तस्वीर खींचना ।
रजनि (स्त्री) (निः—नी) रात्रि वा रात, चकवड़ वृक्ष, हरदी ।
रजनीमुखम् (नपुं०) सन्ध्याकाल वा साँझ ।
रजस् (नपुं०) (जः) धूली वा धूर, रजोगुण, स्त्री का हर महीने का रुधिर ।
रजस्वला (स्त्री) जो स्त्री कपड़े से भई है ।
रजोमूर्तिः (पुं०) ब्रह्मा ।
रज्जुः (स्त्री) डोरी वा रस्सी ।
रञ्जनम् (नपुं०) रंगना, रक्त चन्दन ।
रञ्जनी (स्त्री) नील ।
रण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) सङ्ग्राम वा युद्ध, (पुं०) शब्द ।
रण्डा (स्त्री) विधवा वा राँड़ स्त्री, मूसाकर्णी ओषधी ।
रतम् (नपुं०) मैथुन वा सुरत वा स्त्री पुरुष का संयोग ।
रतिः (स्त्री) तथा, प्रीति वा प्रेम, कामदेव की स्त्री का नाम ।
रतिपतिः (पुं०) कामदेव ।
रत्नम् (नपुं०) जवाहिर, अपनी जातिवालों में श्रेष्ठ वा उत्तम (जैसा,—'स्त्रीरत्नम्' = स्त्रियों में श्रेष्ठ) ।
रत्नगर्भा (स्त्री) पृथ्वी ।
रत्नसानुः (पुं०) सुमेरु पर्वत ।
रत्नाकरः (पुं०) समुद्र ।

रत्निः (पुं०) एक नाप ("सरत्नि" में देखो) ।
विस्फोटः (पुं०) फोड़ा वा फिरकी।

विस्मयः (पुं०) आश्चर्य, अद्भुतरस।

विस्मृत (त्रि०) (तः। ता। तम्) भूलाहुआ = ई वा भूलगया = ई।

विस्रम् (नपुं०) अपक्व वा कच्चे मांस इत्यादि का गन्ध।

विस्रम्भः (पुं०) "विश्रम्भ" में देखो।

विस्रसा (स्त्री) बुढ़ाई।

विहगः (पुं०) पक्षी।

विहङ्गः (पुं०) तथा।

विहङ्गमः (पुं०) तथा।

विहङ्गिका (स्त्री) बँहँगी का दण्डा, बँहँगी।

विहसितम् (नपुं०) मधुर हँसना।

विहस्त (त्रि०) (स्तः। स्ता। स्तम्) व्याकुल वा बे इख्तियार।

विहापित (त्रि०) (तः। ता। तम्) दियागया = ई, (नपुं०) दान।

विहायसः (पुं०) आकाश।

विहायस् (पुं० । नपुं०) (याः । यः) तथा, (पुं०) पक्षी ।
विहायित (त्रि०) (तः । ता । तम्) दियागया = ई, (नपुं०) दान ।
विहारः (पुं०) क्रीड़ा वा खेलना, पैर से चलना ।
विहृतम् (नपुं०) स्त्रियों का एक प्रकार का हाव अर्थात् छल से वक्तव्य बात का न बोलना ।
विह्वल (त्रि०) (लः । ला । लम्) व्याकुल, शोक वा चिन्ता से जिस का अङ्ग भङ्ग होगया हो ।
वीकाशः (पुं०) एकान्त, प्रकाश ।
वीचि (पुं० । स्त्री) (चिः । चिः) जल इत्यादि का तरङ्ग वा लहर ।
वीणा (स्त्री) बीन एक बाजा ।
वीणावादः (पुं०) वीणाबजानेवाला, वीणा का बजाना वा शब्द
वीत (त्रि०) (तः । ता । तम्) खर्च हो गया वा खोराय गया वा नष्ट हो गया = ई, (नपुं०) निर्बल वा बे काम हाथी, निर्बल वा बे काम घोड़ा, हाथी को अङ्कुश से शिक्षा देना ।
वीतंसः (पुं०) मृग वा पक्षियों के बझाने का हथियार (जाल इत्यादि) ।
वीति (पुं० । स्त्री) (तिः । तिः) (पुं०) घोड़ा, (स्त्री) गमन वा चलना, प्रकाश, गर्भ का धारण करना, भोजन करना, दौड़ना ।
वीतिहोत्रः (पुं०) अग्नि वा आग ।
वीथी (स्त्री) पङ्क्ति वा पाँती, मार्ग वा रास्ता वा गल्ली ।
वीध्र (त्रि०) (ध्रः । ध्रा । ध्रम्) स्वभाव से मलरहित वा निर्मल ।
वीनाहः (पुं०) कूएँ की जगत् ।
वीरः (पुं०) शूर वा बीर, वीर रस
वीरणम् (नपुं०) गाँड़र एक घास जिसकी जड़ खस कहलाती है) ।
वीरतरम् (नपुं०) तथा ।
वीरतरुः (पुं०) अर्जुन वृक्ष ।
वीरपत्नी (स्त्री) शूर की स्त्री ।
वीरपाणम् (नपुं०) युद्ध के पहिले वा पीछे वीर लोगों का मद्यादि का पीना ।
वीरपानम् (नपुं०) तथा ।
वीरभार्या (स्त्री) शूर की स्त्री ।
वीरमातृ (स्त्री) (ता) वीर की माता ।
वीरवृक्षः (पुं०) भेलावाँ (एक श्रोषधीवृक्ष) ।
वीरसूः (स्त्री) वीर की माता ।
वीरहन् (पुं०) (हा) जिसके अग्निहोत्र का अग्नि बुत गया वह ।
वीराशंसनम् (नपुं०) भयङ्कर युद्ध

का स्थान जहाँ कटे हुए वीर वा हाथी वा घोड़े पड़े हैं और जिन को देखने से भय लगता है ।

वीरुध् (स्त्री) (त्—द्) शाखा पत्ता इत्यादियुक्त लता ।

वीर्यम् (नपुं०) धातु, बल वा सामर्थ्य, प्रभाव वा तेज ।

वुकः (पुं०) गुम्मा एक भाजी ।

वृकः (पुं०) हुंडार वा भेंड़िया पशु, मूसा एक जन्तु ।

वृकधूपः (पुं०) कई एक सुगन्धद्रव्यों के मिलाने से बनाहुआ धूप, "श्रीवास" में देखो ।

वृकधूपकः (पुं०) तथा ।

वृक्ण (त्रि०) (क्णः । क्णा । क्णम्) खण्डित वा काटाहुआ = ई ।

वृक्षः (पुं०) पेड़ ।

वृक्षभेदिन् (पुं०) (दी) काष्ठ के काटने का हथियार (बँसुला इत्यादि)

वृक्षरुहा (स्त्री) अकासबँवर एक लता ।

वृक्षवाटिका (स्त्री) वेश्या का बगीचा, राजा के मन्त्री का बगीचा ।

वृक्षादनी (स्त्री) "वृक्षभेदिन्" में देखो, "वृक्षरुहा" में देखो ।

वृक्षाम्लम् (नपुं०) चुक्र वा अमसुल (एक खटाई) ।

वृजिन (त्रि०) (नः । ना । नम्) वक्र वा टेढ़ा = ढ़ी, मुण्डित वा मूड़ा हुआ = ई, (पुं०) केश वा बाल, (नपुं०) क्लेश वा दुःख, पाप, रँगा चमड़ा ।

वृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) घेरा हुआ = ई, वरण कियागया वा अङ्गीकार कियागया = ई ।

वृतिः (स्त्री) वस्त्र इत्यादि का घेरा, वर जो प्रसन्न होकर देवता देते हैं ।

वृत्त (त्रि०) (त्तः । त्ता । त्तम्) गोल वा गोलाकार वस्तु, वरण कियागया वा अङ्गीकार कियागया = ई, बीत गया = ई वा हुआ = ई वा सम्पूर्ण हुआ = ई, पढ़ागया = ई, मरगया = ई, दृढ़ अर्थात् जो हिल न सकै, (पुं० । नपुं०) छन्द ("अनुष्टुप्" इत्यादि), चारित्र वा लोकाचार, जीविका वा जीवनोपाय ।

वृत्तान्तः (पुं०) समाचार वा खबर, प्रकरण वा ग्रन्थ का एक देश, भाव वा अभिप्राय, साकल्य वा सम्पूर्णता ।

वृत्तिः (स्त्री) जीविका वा जीवनोपाय, ऋषियों के बनाए हुए सूत्रों का अर्थ, भारती सात्वती कैशिकी और आरभटी (ये चारो नाटक में "वृत्ति" नाम से कही जाती हैं)।

वृत्रः (पुं०) वृत्रासुर एक दैत्य, अन्धकार, शत्रु।

वृत्रहन् (पुं०) (हा) इन्द्र।

वृथा (अव्यय) निरर्थक, विधि से रहित।

वृद्ध (त्रि०) (द्धः। द्धा। द्धम्) बुड्ढा = ड्ढी, बड़ा = ड़ी, पण्डित, (नपुं०) शिलाजीत ओषधी।

वृद्धत्वम् (नपुं०) बुढ़ौती वा बुढ़ाई।

वृद्धदारकः (पुं०) एक ओषधीवृक्ष।

वृद्धनाभिः (पुं०) वात रोग से जिस की नाभी ऊँची होगई है।

वृद्धप्रमातामहः (पुं०) माता का परदादा।

वृद्धश्रवस् (पुं०) (वाः) इन्द्र।

वृद्धिः (स्त्री) बढ़ती।

वृद्धिजीविका (स्त्री) व्याज वा सूद।

वृद्धिमत् (त्रि०) (मान्। मती। मत्) बढ़ताहुआ = ई।

वृद्धोक्षः (पुं०) बुड्ढा बैल।

वृद्ध्याजीवः (पुं०) व्याज खानेवाला

वृन्तम् (नपुं०) वृक्ष में की ठोंठी जिस में फूल फल और पत्ते अटके रहते हैं।

वृन्दम् (नपुं०) समूह।

वृन्दारक (त्रि०) (रकः। रिका—रका। रकम्) रूपवान् वा सुन्दर, प्रधान वा मुख्य, (पुं०) देवता।

वृन्दिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः। ष्ठा। ष्ठम्) अत्यन्त सुन्दर, अत्यन्त मुख्य।

वृश्चिकः (पुं०) बिच्छी (एक डङ्क वाला जन्तु), केकड़ा जन्तु, एक वृक्ष, मेष इत्यादि १२ राशियों में की एक राशि का नाम, ऊन खानेवाला कीड़ा, भँवरा।

वृषः (पुं०) मूसा जन्तु, श्रेष्ठ वा मुख्य, अरुस एक वृक्ष, ऋषभ नामक औषध, बैल, अण्डकोष, धर्म, मेष इत्यादि १२ राशियों में की एक राशि का नाम, सिँगिया (एकविष), एक सुगन्धचूर्ण

वृषणः (पुं०) अण्डकोश।

वृषदंशकः (पुं०) बिलार पशु।

वृषध्वजः (पुं०) शिव।

वृषन् (पुं०) (षा) इन्द्र।

वृषभः (पुं०) बैल, श्रेष्ठ वा प्रधान।

वृषलः (पुं०) शूद्र (एक वर्ण)।

वृषस्यन्ती (स्त्री) सुरत वा सम्भोग

की इच्छा करने वाली स्त्री ।
वृषा (स्त्री) मूसाकर्णी ओषधी ।
वृषाकपायी (स्त्री) लक्ष्मी, पार्वती ।
वृषाकपिः (पुं०) शिव, विष्णु ।
वृषी (स्त्री) मुनि लोगों का आसन । [वृसी]
वृष्टिः (स्त्री) वर्षा वा बरसना ।
वृष्णिः (पुं०) एक राजा जिस के वंश में कृष्ण ने अवतार लिया, भेड़ा एक पशु ।
वेगः (पुं०) झोंक, जल का प्रवाह ।
वेगिन् (त्रि०) (गी । गिनी । गि) वेगयुक्त ।
वेणि (स्त्री) (णिः—णी) केशों की चोटी जो सर्पाकार बनाई है, नद्यादि जलाशयका मध्यभाग वा धारा ।
वेणी (स्त्री) बन्दाल एक ओषधीवृक्ष
वेणुः (पुं०) बाँसुली बाजा, बाँस एक वृक्ष ।
वेणुकम् (नपुं०) हाथियों के मारने के लिये एक डण्डा ।
वेणुध्मः (पुं०) बाँसुली बजानेवाला
वेणुनिस्स्रुतिः (पुं०) एक प्रकार का ऊख ।
वेतनम् (नपुं०) मजूरी वा तलब ।
वेतसः (पुं०) बेंत वृक्ष ।
वेतस्वत् (त्रि०) (स्वान् । स्वती । स्वत्) जिस नदी वा तलाव वा भूमि पर बेंत बहुत हैं वह स्थान ।
वेतालः (पुं०) वह मुर्दा जिस में भूत ने प्रवेश किया है (बैताल)।
वेत्रवती (स्त्री) एक नदी ।
वेदः (पुं०) ऋक् यजुष् साम और अथर्वण इन को वेद कहते हैं।
वेदन (स्त्री। नपुं०) (ना। नम्) अनुभव और स्मृति से भिन्न ज्ञान अर्थात् प्रत्यक्ष अनुमिति उपमिति और शाब्द, (स्त्री) पीड़ा।
वेदान्तिन् (पुं०) (न्ती) वेदान्तशास्त्र का जाननेवाला ।
वेदि (स्त्री) (दिः—दी) रच कर बनाई हुई भूमि, यज्ञ के लिये डमरू के सदृश बनाई हुई भूमि, अँगुटी (एक भूषण), बर्रे (एक जन्तु) ।
वेदिका (स्त्री) अँगना में बनाया हुआ चौतरा इत्यादि बैठने का स्थान ।
वेधः (पुं०) छेद, बेधना वा छेदना।
वेधनिका (स्त्री) "आस्फोटनी" में देखो।
वेधमुख्यकः (पुं०) कचूर ओषधी ।
वेधस् (पुं०) (धाः) ब्रह्मा, विष्णु, पण्डित ।

वेधित (त्रि०) (तः । ता । तम्) छेदागया वा बेधागया = ई ।

वेपथुः (पुं०) कम्प वा काँपना ।

वेमन् (पुं०) (मा) जोलहों का एक हथियार जिस से बीनने के समय सूत बराबर करते हैं ।

वेला (स्त्री) समुद्र का तीर, काल वा समय, मर्यादा वा हद्द ।

वेल्लम् (नपुं०) धाभीरङ्ग ओषधी ।

वेल्लजम् (नपुं०) मिरिच (एक तीता दाना) ।

वेल्लित (त्रि०) (तः । ता । तम्) टेढ़ा = ढ़ी, थोड़ा कम्पित वा थोड़ा काँपता ।

वेशः (पुं०) वेश्या का घर, "आकल्प" में देखो [वेषः], स्वरूप [वेषः] ।

वेशन्तः (पुं०) छोटा सरोवर ।

वेश्मन् (नपुं०) (श्म) घर ।

वेश्या (स्त्री) वेश्या वा खराब स्त्री वा खानगी । [वेष्या]

वेषः (पुं०) अलङ्कार की रचना इत्यादि से की गई शोभा ।

वेशवारः (पुं०) सेंधानोन सोंठ पीपर मिरिच धनियाँ जीरा अनार हरदी हींग इन सब पदार्थों को इकट्ठा कर के बनाया हुआ चूर्ण (सोंठ पीपर मिरिच सेंधानोन धनियाँ हींग राई अनार अजवाइन—किसी के मत में इन सब वस्तुओं के चूर्ण को "वेशवार" कहते हैं)।

वेषवारः (पुं०) तथा ।

वेष्टित (त्रि०) (तः । ता । तम्) लपेटाहुआ वा घेराहुआ = ई ।

वेसवारः (पुं०) "वेशवार" में देखो ।

वेहत् (स्त्री) बैलके संयोग से अपने गर्भ को गिरा देनेवाली गैया।

वै (अव्यय) निश्चय, श्लोक के पादपूरण करने में ।

वैकक्षकम् (नपुं०) जनेऊ के ऐसी पहिनी हुई माला ।

वैकक्षिकम् (नपुं०) तथा ।

वैकङ्कतः (पुं०) विकङ्कत वा कँठेर वृक्ष

वैकुण्ठ (पुं० । नपुं०) (ण्ठः । ण्ठम्) (पुं०) विष्णु, (नपुं०) विष्णुलोक ।

वैजननः (पुं०) लड़का जनने का महीना अर्थात् गर्भ का नवाँ या दसवाँ महीना ।

वैजयन्तः (पुं०) इन्द्र का घर वा महल ।

वैजयन्तिकः (पुं०) झण्डी वा फरहरा ढोनेवाला ।

वैजयन्तिका (स्त्री) टेकार वृक्ष ।

वैजयन्ती (स्त्री) पताका ।

वैज्ञानिक (त्रि०) (कः । की । कम्) निपुण वा चतुर।

वैणव (त्रि०) (वः । वी । वम्) बाँस की बनी हुई वस्तु, (नपुं०) बाँस का फल।

वैणविकः (पुं०) बाँसुली बजानेवाला।

वैणिकः (पुं०) तथा, वीणा का बजानेवाला।

वैणुकम् (नपुं०) हाथियों के ताड़न के लिये एक दण्ड।

वैतनिकः (पुं०) मजूर।

वैतरणि (स्त्री) (णिः—णी) एक नरक की नदी।

वैतालिकः (पुं०) प्रातःकाल के समय गाय कर राजा को जगानेवाला।

वैतंसिकः (पुं०) मांस बेंचनेवाला।

वैदेहकः (पुं०) बनियाँ, वैश्य से ब्राह्मणी में उत्पन्न हुआ।

वैदेही (स्त्री) पीपर ओषधी, सीता (रामचन्द्र की स्त्री)।

वैद्यः (पुं०) वैद्य वा रोग दूर करने वाला।

वैद्यमातृ (स्त्री) (ता) अड़ूस (एक वृक्ष)।

वैधात्रः (पुं०) सनत्कुमार (एक ब्रह्मा का पुत्र)।

वैधेय (त्रि०) (यः । यी । यम्) मूर्ख।

वैनतेयः (पुं०) गरुड़ पक्षी।

वैनीतक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) मनुष्य की सवारी (पालकी, डोली इत्यादि)।

वैमात्रः (पुं०) माता के सवत का लड़का।

वैमात्रेयः (पुं०) तथा।

वैमेयः (पुं०) अदल बदल वा एक चीज दे कर दूसरी लेना।

वैयाघ्रः (पुं०) बाघ के चमड़े से घेरा वा ओढ़ारा हुआ रथ।

वैरम् (नपुं०) बैर वा शत्रुता।

वैरशुद्धिः (स्त्री) बैरी से बदला लेना वा बैर का बदला लेना।

वैरिन् (पुं०) (री) शत्रु।

वैवधिकः (पुं०) काँवर ढोनेवाला, बहँगी ढोनेवाला।

वैवस्वतः (पुं०) यमराज।

वैशाखः (पुं०) दही दूध इत्यादि के मथने का दण्ड, एक महीने का नाम, बाण चलाने वाले का एक प्रकार का आसन।

वैशेषिकः (पुं०) एक कणादनामक न्यायशास्त्र का बनानेवाला जो कि ७ पदार्थों को मानता है।

वैश्यः (पुं०) वैश्य (एक वर्ण)।

वैश्रवणः (पुं०) कुबेर (एक दिक्पाल)।
वैश्वानरः (पुं०) अग्नि वा आग।
वैष्णवी (स्त्री) विष्णुशक्ति देवता।
वैसारिणः (पुं०) मछली।
वौषट् (अव्यय) यह शब्द यज्ञ में देवतों को हवि देने में बोला जाता है।
वंशः (पुं०) बाँस वृक्ष, वंश वा कुल, एक तरह का ऊख।
वंशकम् (नपुं०) अगर (एक चन्दन)
वंशरोचना (स्त्री) वंशलोचन (एक औषधी)।
वंशलोचना (स्त्री) तथा।
वंशिकम् (नपुं०) अगर (एक चन्दन)।
व्यक्त (त्रि०) (क्तः। क्ता। क्तम्) स्पष्ट वा प्रकट वा प्रकाशित, (पुं०) पण्डित।
व्यक्तिः (स्त्री) स्पष्टता वा प्रकाश वा प्रकटता, प्राणियों के समूह में से एक।
व्यग्र (त्रि०) (ग्रः। ग्रा। ग्रम्) व्याकुल वा घबड़ाया = ई, दुचित्ता।
व्यङ्गा (स्त्री) हीन अङ्गवाली।
व्यजनम् (नपुं०) पङ्खा।
व्यञ्जक (त्रि०) (ञ्जकः। ञ्जिका। ञ्जकम्) प्रकाश करनेवाला वा जाहिर करनेवाला = ली, मन के अभिप्राय का जनाने वाला = ली (नाट्य में)।
व्यञ्जन (त्रि०) (नः। नी। नम्) जिस के द्वारा कोई बात प्रकट की जाय, (नपुं०) मीठा खट्टा तीता इत्यादि ६ रस, चिह्न (जिस से कोई वस्तु पहिचानी जाय), मोछ, कढ़ी (एक भोज्य वस्तु), हाथ पैर इत्यादि अङ्ग।
व्यडम्बकः (पुं०) रेंड़ वृक्ष।
व्यडम्बनः (पुं०) तथा।
व्यत्ययः (पुं०) उलटा पुलटा वा विपरीत।
व्यत्यासः (पुं०) तथा।
व्यथा (अव्यय) पीड़ा, मन की पीड़ा
व्यधः (पुं०) बेधना वा छेदना।
व्यध्वः (पुं०) खराब रस्ता।
व्यपेत (त्रि०) (तः। ता। तम्) छूटगया वा चलागया वा नष्ट हो गया = ई।
व्ययः (पुं) खर्च वा छीजना वा कम होना वा घटजाना।
व्यलीक (त्रि०) (कः। का। कम्) अप्रिय वा जो प्यारा नहीं है, करने के योग्य नहीं, मिथ्यावादी वा झूठ बोलनेवाला = ली,

(नपुं०) दुःख वा पीड़ा, लज्जा, मिथ्या वा झूठ।

व्यवधा (स्त्री) अन्तर्द्धान वा गुप्त होना वा छिप जाना, आड़।

व्यवसायः (पुं०) उद्योग।

व्यवहारः (पुं०) व्यवहार वा काम में लाना, विवाद वा झगड़ा।

व्यवायः (पुं०) मैथुन वा स्त्री और पुरुष का संयोग।

व्यसनम् (नपुं०) विपत्ति वा मुसीबत, हानि वा नुकसान, काम से उत्पन्न हुआ दोष, क्रोध से उत्पन्न हुआ दोष, लत्त वा बान।

व्यसनार्त (त्रि०) (र्तः। र्ता। र्तम्) दुःखित वा पीड़ित।

व्यस्त (त्रि०) (स्तः। स्ता। स्तम्) व्याकुल वा घबरायाहुआ = ई, छितरायाहुआ = ई।

व्याकरणम् (नपुं०) व्याकरण वा शब्दशास्त्र, व्याख्या करना वा टीका करना।

व्याकुल (त्रि०) (लः। ला। लम्) घबराया हुआ = ई।

व्याकोश (त्रि०) (शः। शा। शम्) फलाहुआ = ई (वृक्ष इत्यादि), फूलाहुआ = ई (पुष्प) [व्याकोष]

व्याघ्रः (पुं०) बाघ, श्रेष्ठ वा उत्तम।

व्याघ्रनखम् (नपुं०) व्याघ्रनख (एक गन्धद्रव्य)।

व्याघ्रपाद् (पुं०) (त्—द्) विकङ्कत वा कँठेर वृक्ष।

व्याघ्रपुच्छः (पुं०) रेंड़ वृक्ष।

व्याघ्राटः (पुं०) भरदूल (एक पक्षी)

व्याघ्री (स्त्री) भटकटैया ओषधी, बाघिन।

व्याजः (पुं०) स्वरूप का छिपाना वा ढांकना, बहाना करना।

व्याडः (पुं०) सर्प, मांस का खानेवाला पशु (बाघ इत्यादि)। [व्यालः]

व्याडायुधम् (नपुं०) व्याघ्रनख (एक गन्धद्रव्य)।

व्याधः (पुं०) बहेलिया वा मृग पक्षी इत्यादि का बझाने वा मारनेवाला।

व्याधिः (पुं०) रोग, कुट् (एक ओषधी)।

व्याधिघातः (पुं०) रोग का नाश, अमिलतास (एक ओषधीवृक्ष)

व्याधित (त्रि०) (तः। ता। तम्) रोगी।

व्यानः (पुं०) सब देह में घूमनेवाला वायु।

व्यापादः (पुं०) द्रोह करना वा वैर करना, मारडालना।

व्यापादित (त्रि०) (तः। ता। तम्)

मारे डालागया = ई ।

व्यामः (पुं०) अँकवार वा दोनों बाहुओं के फैलाने से जितना स्थान खाली रहता है ।

व्याल (त्रि०) (लः । ला । लम्) धूर्त वा दगाबाज, (पुं०) सर्प, चीता (एक वनपशु), दुष्ट हाथी, सिंह ।

व्यालग्राहिन् (पुं०) (ही) सर्प का पकड़नेवाला ।

व्यावृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) वरण किया गया वा अङ्गीकार कियागया = ई, निवृत्त हो गया वा हट गया = ई ।

व्यावृत्त (त्रि०) (त्तः । त्ता । त्तम्) तथा । [वावृत्त]

व्यासः (पुं०) पराशर के पुत्र व्यास, विस्तार ।

व्याहारः (पुं०) बोलना ।

व्युतिः (स्त्री) कपड़ा इत्यादि का बीनना ।

व्युत्थानम् (नपुं०) तिरस्कार वा अनादर, विरोध करना, स्वतन्त्रता से काम करना ।

व्युष्टिः (स्त्री) फल, सम्पत्ति वा सम्पदा ।

व्यूढ (त्रि०) (ढः । ढा । ढम्) स्थापित किया गया = ई, एकट्ठा हुआ = ई, मोटा ताजा = जो ।

व्यूढकङ्कटः (पुं०) वह योधा जिस ने कवच पहिना है ।

व्यूतिः (स्त्री) कपड़ा इत्यादि का बीनना ।

व्यूहः (पुं०) समूह, एक प्रकार की सेना की रचना ।

व्यूहपार्ष्णिः (पुं०) रची हुई सेना के पीछे का भाग ।

व्यो (अव्यय) लोहा ।

व्योकारः (पुं०) लोहार ।

व्योमकेशः (पुं०) शिव ।

व्योमन् (नपुं०) (म) आकाश ।

व्योमयानम् (नपुं०) विमान वा उड़नखटोला ।

व्योषम् (नपुं०) सोंठ मिरिच पीपर (यह शब्द मिले हुए इन तीनो का वाचक है) ।

व्रजः (पुं०) समूह, गैया का गोठा, मार्ग ।

व्रज्या (स्त्री) पर्यटन वा घूमना, यात्रा वा कूँच ।

व्रण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) घाव वा खत ।

व्रत (पुं० । नपुं०) (तः । तम्) चान्द्रायण इत्यादि व्रत ।

व्रततिः (स्त्री) लता, विस्तार ।

व्रतिन् (पुं०) (ती) चान्द्रायण इत्यादि व्रत का करने वाला, वह अध्वर्यु जो यज्ञ में ऋत्विजों को आज्ञा करता है ।

व्रश्चनः (पुं०) काटने का हथियार (कुल्हाड़ी वा टँगारी इत्यादि)

व्रातः (पुं०) समूह वा झुण्ड, दुष्टाचरण वा ख़राब काम करना ।

व्रात्यः (पुं०) वह ब्राह्मण जिस का यज्ञोपवीत नहीं हुआ है, अधम वा नीच ।

व्रीडा (स्त्री) लज्जा ।

व्रीहिः (पुं०) धान, अन्न (जव इत्यादि) ।

व्रैहेय (वि०) (यः । यी । यम्) धान का खेत ।

—***—

(श)

श (पुं० । नपुं०) (शः । शम्) (पुं०) शिव, सोमा वा रुद्र, सूतना, हिंसा वा मारडालना, (नपुं०) सुख, कल्याण ।

शकट (वि०) (टः । टी । टम्) छकड़ा वा बैल की गाड़ी ।

शकल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) टुकड़ा ।

शकलिन् (पुं०) (ली) मछली ।

शकुलिन् (पुं०) (ली) तथा ।

शकुन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) सगुन (भुजा वा आँख का फरकना इत्यादि), (पुं०) पक्षी ।

शकुनिः (पुं०) पक्षी ।

शकुन्तः (पुं०) तथा, एक प्रकार का मुरगा पक्षी ।

शकुन्तिः (पुं०) तथा ।

शकुलः (पुं०) एक मछली ।

शकुलाक्षका (स्त्री) सफेद रङ्ग की दूब ।

शकुलादनी (स्त्री) जलपीपर लता, कुटकी वृक्ष ।

शकुलार्भकः (पुं०) गड़क नामक मछली ।

शकृत् (नपुं०) विष्ठा वा गूह ।

शकृत्करिः (पुं०) बछवा वा बछड़ा ।

शक्तिः (स्त्री) सामर्थ्य वा बल, बरछी वा भाला (एक अस्त्र), प्रभाव उत्साह और मन्त्र इन तीनों से उत्पन्न भया राजों का सामर्थ्य ।

शक्तिधरः (पुं०) भाला धारण करनेवाला, स्वामिकार्तिक ।

शक्तिहेतिकः (पुं०) भाला धारण करनेवाला ।

शक्रः (पुं०) इन्द्र, कोरैया (एक पुष्पवृक्ष) ।

शक्रधनुष् (नपुं०) (नुः) इन्द्र का धनुष् जो प्रायः वर्षाकाल में आकाश में देख पड़ता है ।

शक्रपादपः (पुं०) देवदार वृक्ष ।

शक्रपुष्पी (स्त्री) इन्द्रपुष्पी (एक लता) ।

शक्ल (त्रि०) (क्लः । क्ला । क्लम्) प्रिय वा मीठा वचन बोलनेवाला = ली ।

शङ्करः (पुं०) शिव ।

शङ्कुः (पुं०) खूँटा वा खूँटी, एक जलका जन्तु, ठूँठा वृक्ष, बरछी वा भाला ।

शङ्ख (पुं० । नपुं० (ङ्खः । ङ्खम्) खङ्ख, (पुं०) एक निधि, नख नामक एक गन्धद्रव्य, ललाट की हड्डी ।

शङ्खनखः (पुं०) छोटा शङ्ख ।

शङ्खपुष्पी (स्त्री) कौड़ेना (एक ओषधीलता) ।

शङ्खिनी (स्त्री) एक प्रकार की स्त्री, शङ्खाहुली (एक लतावृक्ष) ।

शची (स्त्री) इन्द्राणी वा इन्द्र की स्त्री ।

शचीपतिः (पुं०) इन्द्र ।

शटी (स्त्री) आँबाहरदी ।

शठ (त्रि०) (ठः । ठा । ठम्) धूर्त वा दगाबाज ।

शण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) सन जिस से डोरी कागज, इत्यादि बनता है ।

शणपर्णी (स्त्री) पटशण एक वृक्ष ।

शणपुष्पिका (स्त्री) घण्टानाम एक लता ।

शणसूत्रम् (नपुं०) सन से बना हुआ जाल ।

शण्ढः (पुं०) नपुंसक वा हिँजड़ा वा खोजा । [शण्डः]

शतम् (नपुं०) सौ सङ्ख्या (१००)।

शतकोटिः (पुं०) इन्द्र का वज्र ।

शतद्रुः (स्त्री) सतलज नदी ।

शतपत्रम् (नपुं०) कमल पुष्प ।

शतपत्रकः (पुं०) कठफोड़वा पक्षी ।

शतपदी (स्त्री) गोजर एक जन्तु ।

शतपर्वन् (पुं०) (र्वा) बाँस ।

शतपर्विका (स्त्री) दूब (एक घास) [शतपर्णिका], बच (एक ओषधी)

शतपुष्पा (स्त्री) सौंफ ।

शतप्रासः (पुं०) कँदइल (पुष्पवृक्ष)।

शतभीरुः (स्त्री) बेइल वा छोटा बेला (पुष्पवृक्ष) ।

शतमन्युः (पुं०) इन्द्र ।

शतमान (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) एक प्रकार की तौल ।
शतमूली (स्त्री) सतावर (ओषधी)।
शतवीर्या (स्त्री) सफेद दूब ।
शतवेधिन् (पुं०) (धी) चुक्र (एक खट्टी वस्तु) ।
शतह्रदा (स्त्री) बिजुली ।
शताङ्गः (पुं०) युद्ध का रथ ।
शतावरी (स्त्री) सतावर (ओषधी)।
शत्रुः (पुं०) वैरी, राजा के अपने देश के पास का राजा ।
शनैश्चरः (पुं०) एक ग्रह ।
शनैस् (अव्यय) (नैः) धीरे ।
शपथः (पुं०) शपथ वा किरिया वा कसम ।
शपनम् (नपुं०) तथा, शाप देना वा गाली देना ।
शफ (पुं० । नपुं०) (फः । फम) पशु का खुर ।
शफर (पुं० । स्त्री) (रः । री) प्रोष्ठीनाम मछली ।
शबरः (पुं०) पर्वतवासी मनुष्यों की एक म्लेच्छजाति ।
शबल (त्रि०) (लः । ला । लम्) चितकबरा रङ्ग वाला = ली, (पुं०) चितकबरा रङ्ग, (स्त्री) एक गैया [शबली] ।
शब्दः (पुं०) शब्द वा आवाज, अक्षर वा वर्णों से बनाहुआ राम कृष्ण घट इत्यादि शब्द ।
शब्दग्रहः (पुं०) वह इन्द्रिय जिस से शब्द का ग्रहण हो अर्थात् कान ।
शब्दन (त्रि०) (नः । ना । नम्) जिस का शब्द करने का स्वभाव है ।
शमः (पुं०) शान्ति (इन्द्रियों की वा काम क्रोध इत्यादि की), मन की शान्ति ।
शमथः (पुं०) चित्त वा मन की शान्ति ।
शमन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) (पुं०) यमराज, (नपुं०) यज्ञ के पशु को मारना ।
शमनस्वसृ (पुं०) (सा) यमुना नदी ।
शमलम् (नपुं०) विष्ठा वा गूह ।
शमित (त्रि०) (तः । ता । तम्) शान्त कियागया = ई ।
शमी (स्त्री) शमी (एक वृक्ष), छीमी ।
शमीधान्यम् (नपुं०) वह अन्न जो छीमी से निकलता है (मूँग इत्यादि) ।
शमीरः (पुं०) छोटा शमी का वृक्ष।
शम्पा (स्त्री) बिजुली ।

शम्पाकः (पुं०) अमिलतास (एक ओषधीवृक्ष)।

शम्बः (पुं०) इन्द्र का वज्र।

शम्बर (पुं०। नपुं०) (रः। रम) (पुं०) सावरनाम एक मृग, एक दैत्य का नाम, (नपुं०) जल वा पानी।

शम्बरारिः (पुं०) कामदेव।

शम्बरी (स्त्री) मूसाकर्णी ओषधी।

शम्बलम् (नपुं०) एक प्रकार का रङ्ग, राह का कलेवा।

शाम्बाकृत (त्रि०) (तः। ता। तम) दो बेर जोताहुआ = ई (खेत इत्यादि)।

शम्बूक (पुं०। स्त्री) (कः। का) छोटी सीप, (पुं०) घोंघा, (स्त्री) घोंघी।

शम्भली (स्त्री) कुटनी वा स्त्री पुरुष को मिलानेवाली स्त्री।

शम्भुः (पुं०) शिव, ब्रह्मा।

शम्या (स्त्री) जूआ की कील वा खूँटी।

शम्याकः (पुं०) अमिलतास (एक ओषधीवृक्ष)।

शयः (पुं०) हाथ। [शमः]

शयनम् (नपुं०) खटिया इत्यादि (जिस पर सूता जाय), सूतना।

शयनीयम् (नपुं०) खटिया इत्यादि (जिस पर सूता जाय)।

शयालु (त्रि०) (लुः। लुः। लु) सूतनेवाला = ली।

शयित (त्रि०) (तः। ता। तम्) सूताहुआ = ई।

शयुः (पुं०) अजगर सर्प।

शय्या (स्त्री) खटिया।

शरः (पुं०) बाण, सरहरी।

शरजन्मन् (पुं०) (न्मा) स्वामिकार्तिक।

शरणम् (नपुं०) घर, रक्षा करने वाला = ली।

शरद् (स्त्री) (त्—द्) कुआर और कार्तिक का महीना, वर्ष वा बरिस।

शरभः (पुं०) एक मृग।

शरव्य (त्रि०) (व्यः। व्या। व्यम्) बाण का लक्ष्य वा निशाना।

शराभ्यासः (पुं०) बाण चलाने का अभ्यास।

शरारिः (स्त्री) आड़ी एक पक्षी।

शरारु (त्रि०) (रुः। रुः। रु) हिंसक वा मार डालनेवाला = ली।

शरालिः (स्त्री) आड़ी पक्षी। [शराली]

शरावः (पुं०) आरती साजने का बरतन, कसोरा वा परई।

शरावती (स्त्री) एक नदी।

शरासनम् (नपुं०) धनुष् ।
शरीरम् (नपुं०) शरीर वा देह।
शरीरिन् (त्रि०) (री । रिणी । रि) प्राणी वा देहधारी ।
शर्करा (स्त्री) सक्कर वा खाँड़ सिकटी वा कङ्कड़ी, वह भूमि जहाँ सिकटी बहुत हैं, बालू ।
शर्करावत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) वह भूमि जिस में सिकटी बहुत है ।
शर्करिल (त्रि०) (लः । ला । लम्) तथा ।
शर्मन् (नपुं०) (र्म) सुख वा आनन्द ।
शर्वः (पुं०) शिव ।
शर्वरी (स्त्री) रात्रि वा रात ।
शर्वला (स्त्री) गँड़ासा (एक शस्त्र)
शर्वाणी (स्त्री) पार्वती ।
शलम् (नपुं०) साही पशु का रोम वा रोंआँ ।
शलभः (पुं०) टिड्डी (एक जन्तु), फतिङ्गा जो उड़ कर दीया में गिरने से जल जाता है ।
शललम् (नपुं०) साही पशु का रोम वा रोंआँ ।
शलली (स्त्री) तथा, साही पशु ।
शलाटु (त्रि०) (टुः । टुः । टु) कच्चा फल ।
शलकम् (नपुं०) छिलका वा बोकला, टुकड़ा ।
शलमलि (पुं० । स्त्री) (लिः । लिः) सेमर वृक्ष ।
शल्य (पुं० । नपुं०) (ल्यः । ल्यम्) बरछी वा भाला, (पुं०) बाण, मदनफल का वृक्ष, साही (पशु), एक राजा का नाम ।
शल्लकी (स्त्री) सलई (वृक्ष) ।
शव (पुं० । नपुं०) (वः । वम्) मुरदा वा मरे हुए का शरीर ।
शवरः (पुं०) पर्वतवासी मनुष्यों की एक म्लेच्छजाति ।
शवली (स्त्री) चितकबरी गैया ।
शशः (पुं०) खरहा वा खरगोश (एक जन्तु) ।
शशधरः (पुं०) चन्द्रमा ।
शशादनः (पुं०) बाज पक्षी ।
शशोर्णम् (नपुं०) खरहे का रोम वा रोंआँ ।
शश्वत् (अव्यय) सदा वा सर्वदा, निरन्तर वा हरदम, फेर फेर।
शष्कुली (स्त्री) पूरी, कचौरी ।
शष्पम् (नपुं०) कोमल तृण वा नरम घास ।
शसनम् (नपुं०) मार डालना, यज्ञ के पशु को मारना ।
शस्त (त्रि०) (स्तः । स्ता । स्तम्) सुन्दर वा बड़ाईयुक्त मङ्गलयुक्त,

कहागया = ई, (नपुं०) मङ्गल वा कल्याण।
शस्त्रम् (नपुं०) हथियार (तलवार इत्यादि), लोहा।
शस्त्रकम् (नपुं०) लोहा।
शस्त्रमार्जः (पुं०) शस्त्रों को साफ करनेवाला वा माँजनेवाला।
शस्त्राजीवः (पुं०) शस्त्र से जीने वाला अर्थात् सिपाही।
शस्त्रिन् (पुं०) (स्त्री) तथा, योद्धा।
शस्त्री (स्त्री) छूरी, गुप्ती।
शस्पम् (नपुं०) कोमल तृण वा नरम घास।
शस्यम् (नपुं०) वृक्ष इत्यादि का फल।
शस्यसम्बरः (पुं०) सखुआ वृक्ष।
शाक (पुं०। नपुं०) (कः। कम्) भाजी वा साग (बथुवा इत्यादि), (नपुं०) भोजन का सरञ्जाम (पत्ता फूल फल जड़ इत्यादि तरकारी)।
शाकट (त्रि०) (टः। टी। टम्) छकड़े में जोता हुआ वा छकड़े को ढोनेवाला (बैल इत्यादि)।
शाकशाकटम् (नपुं०) तरकारी का खेत।
शाकशाकिनम् (नपुं०) तथा।
शाकुनिकः (पुं०) बहेलिया वा चिड़ियों का बझाने वाला।
शाक्तीकः (पुं०) बरछी वा भाला का बाँधने वा धारण करनेवाला
शाक्यमुनिः (पुं०) एक बौद्धों के आचार्य।
शाक्यसिंहः (पुं०) तथा।
शाखा (स्त्री) वृक्ष इत्यादि की डार।
शाखानगरम् (नपुं०) राजधानी के अगल बगल के छोटे २ नगर
शाखामृगः (पुं०) बन्दर।
शाखिन् (पुं०) (खी) वृक्ष।
शाङ्खिकः (पुं०) शङ्ख बजानेवाला, शङ्ख के काम का बनानेवाला।
शाटक (पुं०। नपुं०) (कः। कम्) पहिरने की साड़ी वा धोती।
शाटी (स्त्री) साड़ी।
शाठ्यम् (नपुं०) धूर्त्तता वा दगाबाज़ी।
शाण (पुं०। नपुं०) (णः। णम्) (पुं०) सोने की परीक्षा के लिए कसने की कसौटी (एक पत्थर), (नपुं०) चन्दन इत्यादि रगड़ने का पत्थर, (स्त्री) सन का बना हुआ वस्त्र।
शाणी (स्त्री) सन का बनां हुआ वस्त्र।
शाण्डिल्यः (पुं०) एक ऋषि का

नाम, बेल (वृक्ष) ।

शात (त्रि०) (तः । ता । तम्) सान रक्खी हुई वा चोखी की हुई तलवार इत्यादि, (नपुं०) सुख।

शातकुम्भम् (नपुं०) सुवर्ण वा सोना ।

शातला (स्त्री) सीकाकाई (एक बाल साफ करने का मसाला ।

शात्रवः (पुं०) शत्रु वा वैरी ।

शादः (पुं०) घास, चहला वा कीचड़ ।

शाद्वल (त्रि०) (लः । ला । लम्) वह स्थान जिस में हरी हरी घास लगी हो ।

शान्त (त्रि०)(न्तः । न्ता । न्तम्) शान्त वा ठण्ढा होगया वा ढीला होगया वा बन्द होगया वा धीर, नष्ट होगया = ई ।

शान्तिः (स्त्री) आश्वासन वा तसल्ली वा धीरता, नाश ।

शापः (पुं०) शाप वा गाली देना ।

शाम्बरी (स्त्री) माया वा इन्द्रजाल, बाजीगर का खेल ।

शार (त्रि०) (रः । री । रम्) चितकबरा = री, (पुं० । स्त्री) चौपड़ इत्यादि के खेलने की गोटी, (पुं०) वायु ।

शारङ्ग (त्रि०) (ङ्गः । ङ्गा । ङ्गम्) चितकबरा = री, पपीहा पक्षी।

शारङ्ग (पुं० । स्त्री) (ङ्गः । ङ्गी) (पुं०) हरिण, (स्त्री) हरिणी ।

शारद (त्रि०) (दः । दी । दम्) नया वा टटका = की, डरपोकना = नी, (पुं०) छितिउन (वृक्ष), (स्त्री) जलपीपर ओषधी।

शारदा (स्त्री) सरस्वती ।

शारिफलम् (नपुं०) चौपड़ इत्यादि के खेलने का घर ।

शारिवा (स्त्री) उत्पलशिखा वा सरिवन ओषधी ।

शार्कर (त्रि०) (रः । री । रम्) शक्कर से बना हुआ = ई (मिठाई इत्यादि), कङ्कड़हा वा बलुहा (स्थान इत्यादि) ।

शार्ङ्गम् (नपुं०) धनुष, विष्णु का धनुष, सिंगिया (विष) ।

शार्ङ्गिन् (पुं०) (ङ्गी) विष्णु ।

शार्दूलः (पुं०) बाघ (एक वनपशु), श्रेष्ठ ।

शार्वर (त्रि०) (रः । री । रम्) मारने वाला = ली, (नपुं०) घन वा बड़ा अन्धकार ।

शालः (पुं०) वृक्ष, सखुआ वृक्ष, एक मछली, नगर के घेरे की भीत वा शहरपनाह ।

शालपर्णी (स्त्री) एक ओषधी,

शालपर्णी की जड़, शालपर्णी का फूल।
शाला (स्त्री) घर, स्कन्ध की प्रथम शाखा।
शालावृकः (पुं०) कुत्ता, बन्दर, सियार।
शालिः (पुं०) साठीधान जो साठ दिन में पकता है।
शालीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) लज्जित वा लजायाहुआ = ई।
शालूकम् (नपुं०) कमल की जड़।
शालूरः (पुं०) मेढ़क (एक जलजन्तु वा स्थलजन्तु)।
शालेय (त्रि०) (यः । यी । यम्) साठीधान का खेत, (पुं०) बनसौंफ (ओशधी)।
शाल्मलः (पुं०) सेमर वृक्ष।
शाल्मलि (पुं० । स्त्री) (लिः । लिः—ली) तथा।
शाल्मलीवेष्टः (पुं०) सेमर का गोंद वा लासा।
शावकः (पुं०) बच्चा वा लड़का।
शावरः (पुं०) लाक्ष (एक ओषधी), लोध ओषधी, साबर (एक मृग)।
शाश्वत (त्रि०) (तः । ती । तम्) निरन्तर वा सर्वकाल में रहने वाला वा उत्पत्ति और नाश से रहित (नित्य)।
शाष्कुल (त्रि०) (लः । ली । लम्) मांस और मछली का खाने वाला।
शाष्कुलिकम् (नपुं०) पूरियों का समूह, कचौरियों का समूह।
शासनम् (नपुं०) आज्ञा, शिक्षा।
शास्तृ (त्रि०) (स्ता । स्त्री । स्तृ) सिखाने वाला वा आज्ञा देने वाला = ली, (पुं०) बुद्ध अर्थात् विष्णु का नवम अवतार।
शास्त्रम् (नपुं०) ६ शास्त्र (१ न्याय, २ वैशेषिक, ३ योग, ४ वेदान्त, ५ साङ्ख्य, ६ मीमांसा), आज्ञा, ग्रन्थ।
शास्त्रविद् (पुं०) (त्—द्) शास्त्रों का जाननेवाला।
शिक्यम् (नपुं०) सिकहर वा छींका।
शिक्यित (त्रि०) (तः । ता । तम्) सिकहर पर रक्खा हुआ = ई।
शिक्षा (स्त्री) सिखाना वा शिक्षा देना, एक वेद का अङ्ग।
शिक्षित (त्रि०) (तः । ता । तम्) सिखाया हुआ = ई, निपुण वा चतुर।
शिखण्डः (पुं०) मोर की पोंछ।
शिखण्डकः (पुं०) "काकपक्ष" में देखो। [शिखाण्डकः] [शिखिण्डकः]

शिखण्डिन् (पुं०) (ण्डी) मोर पक्षी।
शिखर (पुं०। नपुं०) (रः। रम्) पर्वत का शृङ्ग वा चोटी, वृक्ष इत्यादि के ऊपर का भाग ।
शिखरिन् (पुं०। स्त्री) (री। रिणी) (पुं०) पर्वत, वृक्ष, (स्त्री) एक छन्द ।
शिखा (स्त्री) माथे की चोटी वा चुन्दी, आग की ज्वाला, मोर की पोंछ, किरण वा प्रकाश ।
शिखावत् (पुं०) (वान्) आग ।
शिखावलः (पुं०) मोर पक्षी ।
शिखिग्रीवम् (नपुं०) तुतिया ओषधी ।
शिखिन् (पुं०) (खी) मोर पक्षी, अग्नि वा आग ।
शिखिवाहनः (पुं०) स्वामिकार्त्तिक।
शिग्रु (पुं०। नपुं०) (ग्रुः। ग्रु) बथवा की भाजी (पुं०) सहिंजन वृक्ष ।
शिग्रुजम् (नपुं०) सहिंजन की बीया।
शिञ्जितम् (नपुं०) भूषण वा गहने का शब्द ।
शिञ्जिनी (स्त्री) धनुष् की डोरी वा प्रत्यञ्चा वा पनच ।
शितशूकः (पुं०) जव (एक अन्न)।
शितिः (स्त्री) काला रङ्ग, श्वेत रङ्ग।
शितिकण्ठः (पुं०) शिव ।
शितिसारकः (पुं०) तेंदू वृक्ष ।
शिपिविष्टः (पुं०) शिव, टाल अर्थात् जिस पुरुष के चांदी के बाल झड़ गए हैं, शरीर वा वह चमड़ा जिसकी खाल खुरदर गई है।
शिफा (स्त्री) कमल का कन्द, वृक्ष की जड़ जो जटा के ऐसी होती है ।
शिफाकन्दः (पुं०) तथा ।
शिम्बा (स्त्री) छीमी ।
शिम्बि (स्त्री) (म्बिः—म्बी) तथा।
शिरस् (नपुं०) (रः) मस्तक वा माथा, वृक्ष इत्यादि का ऊपर का भाग, पिपरामूल ।
शिरस्त्रम् (नपुं०) सिर का पहिरावा (टोपी पगड़ी इत्यादि), योद्धों का टोप जो युद्ध के समय पहिनते हैं ।
शिरस्यः (पुं०) निर्मल केश ।
शिरा (स्त्री) एक मोटी नस जिस को नाड़ी कहते हैं ।
शिरीषः (पुं०) सिरसा का वृक्ष ।
शिरोगृहम् (नपुं०) घर में सब से ऊपर की कोठरी अर्थात् बँगला।
शिरोधिः (स्त्री) कन्धरा वा गरदन ।
शिरोरत्नम् (नपुं०) माथे का मणि।
शिरोरुहः (पुं०) बाल वा केश ।

शिलम (नपुं०) एक तरह की ऋषि मुनिलोगों की जीविका (खेत कट जाने के पीछे जो उस में टूटी फूटी बाल रह जाती है उन को ला कर अपने भोजन का काम चलाना, इस को शिलवृत्ति भी कहते हैं)।

शिला (स्त्री) पत्थर की पटिया, द्वार के नीचे की आर लकड़ी जिस के सहारे से चौखटा रहता है)।

शिलाजतु (नपुं०) सिलाजीत ओषधी (पत्थर की लाही वा गोंद)।

शिली (स्त्री) केंचुई।

शिलीमुखः (पुं०) बाण, भँवरा।

शिलोच्चयः (पुं०) पर्वत।

शिल्पम् (नपुं०) कारीगरी।

शिल्पिन् (त्रि०) (ल्पी। ल्पिनी। ल्पि) कारीगर, मुसव्विर।

शिव (त्रि०) (वः। वा। वम्) सुन्दर वा कल्याणरूप वा मङ्गलरूप, (पुं०) शिव वा महादेव, (स्त्री) पार्वती, सियारिन, शमी वृक्ष, हरें, भुँइ-अँवरा ओषधी, (नपुं०) कल्याण वा मङ्गल।

शिवकः (पुं०) खूँटा वा कील वा मेख।

शिवमल्ली (स्त्री) गुम्मा साग।

शिविका (स्त्री) पालकी (सवारी)।

शिविरम् (नपुं०) कपड़े का घर वा तम्बू, नवीन आए हुए सेना के टिकने का स्थान।

शिशिर (त्रि०) (रः। रा। रम्) शीतल वा ठण्ढी वस्तु, (पुं०। नपुं०) माघ और फागुन महीने का ऋतु।

शिशुः (पुं०) बालक (लड़का वा लड़की)।

शिशुकः (पुं०) सूँइँस (एक जलजन्तु)।

शिशुत्वम् (नपुं०) लड़काई।

शिशुमारः (पुं०) सूँइँस (जलजन्तु)।

शिश्नः (पुं०) पुरुष का मूत्रेन्द्रिय।

शिश्विदान (त्रि०) (नः। ना। नम्) पवित्र वा शुद्ध कामों का करनेवाला = ली।

शिष्टिः (स्त्री) आज्ञा वा हुकुम।

शिष्य (त्रि०) (ष्यः। ष्या। ष्यम्) चेला वा शागिर्द, सिखलाने वा बतलाने के योग्य।

शिंशपा (स्त्री) सीसो वृक्ष।

शीकरः (पुं०) पानी के बहुत छोटे २ बूँद।

शीघ्र (त्रि०) (घ्रः। घ्रा। घ्रम्) जल्दीबाज़, (नपुं०) जल्दी।

शीत (त्रि०) (तः। ता। तम्) शीतल वा ठण्ढी वस्तु, (पुं०) बेंत वृक्ष, लसोड़ा वृक्ष, सुस्त, (स्त्री) खेत में हल चलाने से पड़ी लकीर, आकाशगङ्गा, सीता (रामचन्द्र की स्त्री), (नपुं०) शीतल स्पर्श, जाड़ा।

शीतक (त्रि०) (कः। का। कम्) आलसी वा सुस्त।

शीतभीरु (त्रि०) (रुः। रुः। रु) ठण्ढा से डरनेवाला = ली, (स्त्री) बेइल वा छोला बेला (एक पुष्पवृक्ष)।

शीतल (त्रि०) (लः। ला। लम्) ठण्ढी वस्तु, (स्त्री) एक देवी, पटशण (एक वृक्ष)।

शीतशिव (पुं०। नपुं०) (वः। वम्) (पुं०) बनसौंफ, (नपुं०) सेंधा नोन, सिलाजीत (ओषधी)।

शीतशीवम् (नपुं०) सिलाजीत (ओषधी)।

शीतांशुः (पुं०) चन्द्रमा।

शीत्य (त्रि०) (त्यः। त्या। त्यम्) जोता हुआ (खेत इत्यादि)।

शीधु (पुं०। नपुं) (धुः। धु) मैरेयनाम एक मद्य। [सीधु]

शीफालिका (स्त्री) नेवारी (एक पुष्पवृक्ष)।

शीरः (पुं०) हल वा हर। [सीरः]

शीर्षम् (नपुं०) मस्तक वा माथा।

शीर्षकम् (नपुं०) योद्धालोगों का टोप।

शीर्षच्छेद्य (त्रि०) (द्यः। द्या। द्यम्) मस्तक काट लेने के योग्य अपराधी।

शीर्षण्य (पुं०। नपुं०) (ण्यः। ण्यम्) (पुं०) निर्मल केश वा साफ बाल, (नपुं०) योद्धा लोगों का टोप।

शीलम् (नपुं०) शुद्ध कर्म वा पवित्र काम, स्वभाव।

शीहुण्डः (पुं०) सेंहुड़ वृक्ष।

शुक (पुं०। नपुं) (कः। कम्) (पुं०) सुग्गा पक्षी, व्यास मुनि का पुत्र, (नपुं०) कुरोदा वृक्ष।

शुकनासः (पुं०) सोनापाढ़ा (एक ओषधीकाष्ठ)।

शुकबर्हम् (नपुं०) कुरोदा वृक्ष।

शुक्त (त्रि०) (क्तः। क्ता। क्तम्) पवित्र वा शुद्ध, खट्टा = ट्टी, कठोर वा कड़ा = ड़ी।

शुक्तिः (स्त्री) सीप वा सुतुही, नखनामक गन्धवस्तु।

शुक्र (पुं०। नपुं०) (क्रः। क्रम्) (पुं०) दैत्यों के गुरु, जेठ महीना, अग्नि वा आग, (नपुं०) पुरुष

वा स्त्री का वीर्य्य वा धातु ।
शुक्लः (पुं०) अण्डकोश ।
शुक्रशिष्यः (पुं०) दैत्य ।
शुक्ल (त्रि०) (क्लः । क्ला । क्लम्) श्वेत रङ्ग की वस्तु, (पुं०) श्वेत रङ्ग ।
शुचि (त्रि०) (चिः । चिः । चि) पवित्र, श्वेत वा सफेद वस्तु, छलरहित, (पुं०) श्वेत रङ्ग, असाढ़ महीना, शृङ्गार रस, अग्नि वा आग, राजा का मन्त्री।
शुण्ठि (स्त्री) (ण्ठिः—ण्ठी) सोंठ औषधी ।
शुण्डा (स्त्री) मदिरा का गृह वा कलवरिया ।
शुण्डापानम् (नपुं०) तथा "शुण्डा" "पानम्" ऐसा पृथक् २ शब्द भी उसी अर्थ का वाचक है)।
शुतुद्रिः (स्त्री) शतद्रू नदी ।
शुद्धान्तः (पुं०) राजों का जनानखाना, राजों का चोरमहल, आशौच वा अशुद्धता का अन्त ।
शुनकः (पुं०) कुत्ता ।
शुनासीरः (पुं०) इन्द्र ।
शुनी (स्त्री) कुतिया ।
शुभ (त्रि०) (भः । भा । भम्) सुन्दर वा कल्याणरूप वा मङ्गलरूप, (पुं०) बकरा (पशु), (नपुं०) कल्याण वा मङ्गल ।
शुभंयु (त्रि०) (युः । युः । यु) शुभयुक्त वा कल्याणयुक्त वा मङ्गलयुक्त ।
शुभ्र (त्रि०) (भ्रः । भ्रा । भ्रम्) श्वेतवर्ण वस्तु, उद्दीप्त वा प्रकाशमान, (पुं०) श्वेत रङ्ग ।
शुभ्रदन्ती (स्त्री) पुष्पदन्तनामक दिग्गज की स्त्री ।
शुभ्रांशुः (पुं०) चन्द्रमा ।
शुल्क (पुं० । नपुं०) (ल्कः । ल्कम्) कर वा महसूल वा मालगुजारी, स्त्री का धन ।
शुल्व (स्त्री । नपुं०) (ल्वा । ल्वम्) डोरी वा रस्सी, (नपुं०) ताँबा धातु ।
शुश्रूषा (स्त्री) गुरु इत्यादि बड़ों की सेवा, खुशामद ।
शुषि (स्त्री) (षिः—षी) छिद्र वा बिल ।
शुषिर (त्रि०) (रः । रा । रम्) छिद्रयुक्त वस्तु, (नपुं०) छिद्र वा बिल, बाँसुली इत्यादि बाजा जो फूँकने से बजता है ।
शुष्क (त्रि०) (ष्कः । ष्का । ष्कम्) सूखा=खी ।
शुष्कल (त्रि०) (लः । ला । लम्) मांस और मछली का खानेवाला।

शुष्मम् (नपुं॰) सामर्थ्य वा बल।
शुष्मन् (पुं॰) (ष्मा) अग्नि वा आग।
शूकः (पुं॰) जव इत्यादि का चोखा अग्रभाग वा टूँड़ा ।
शूककीटः (पुं॰) ऊन खानेवाला कीड़ा ।
शूकधान्यम् (नपुं॰) वह अन्न जिसमें टूँड़ा रहता है (जव गोंहूँ इत्यादि)।
शूकरः (पुं॰) सूअर (पशु) ।
शूकशिम्बा (स्त्री) केवाँच तरकारी।
शूकशिम्बि (स्त्री) (म्बिः—म्बी) तथा ।
शूद्रः (पुं॰) शूद्र अर्थात् चौथा वर्ण।
शूद्रा (स्त्री) शूद्रजाति की स्त्री।
शूद्री (स्त्री) शूद्र की स्त्री ।
शून्य (त्रि॰) (न्यः । न्या । न्यम्) सूनसान वा निर्जन स्थान, (नपुं॰) आकाश, सुन्ना (०)। [शुन्य]
शून्यवादिन् (पुं॰) (दी) एक प्रकार का नास्तिक (“सौगत” में देखो)।
शूरः (पुं॰) वीर ।
शूरणः (पुं॰) सूरन (एक कन्द) ।
शूर्प (पुं॰ । नपुं॰) (र्पः । र्पम्) सूप (अन्न पछोड़ने का पात्र)। [सूर्प]
शूल (पुं॰ । नपुं॰) (लः । लम्) शूल रोग (जो पेट में होता है), शूल एक अस्त्र ।
शूलाकृत (त्रि॰) (तः । ता । तम्) लोहे के दण्डे पर लपेट कर पकाया हुआ = ई (मांस इत्यादि)।
शूलिन् (पुं॰) (ली) शिव ।
शूल्य (त्रि॰) (ल्यः । ल्या । ल्यम्) “शूलाकृत” में देखो।
शृगालः (पुं॰) सियार (एक पशु)।
शृङ्खल (स्त्री । नपुं॰) (ला । लम्) बेड़ी (जो कैदी के पैर में डाली जाती है), सिकड़ा (स्त्रियों के पैर का गहना), सिकड़ी, (नपुं॰) पुरुष के कमर का गहना (करधनी इत्यादि) ।
शृङ्खलकः (पुं॰) ऊँट का बच्चा जिस के पैर में काठ का बन्धन लगा रहता है ।
शृङ्ग (पुं॰ । नपुं॰) (ङ्गः । ङ्गम्) (पुं॰) औषधियों के अष्टवर्ग में की जीवकनाम एक औषधी, (नपुं॰) सींग, पहाड़ की चोटी, प्रधानता ।
शृङ्गवेरम् (नपुं॰) आदी (एक तीता कन्द)।
शृङ्गाटकम् (नपुं॰) चौरहा वा चौमोहानी, सिंघाड़ा ।

शृङ्गारः (पुं०) शृङ्गार रस जिस में स्त्री पुरुष की प्रीति वा क्रीड़ा का वर्णन रहता है, सिँगार।
शृङ्गिणी (स्त्री) गैया।
शृङ्गिन् (त्रि०) (ङ्गी । ङ्गिणी । ङ्गि) सींगवाला पशु, (पुं०) नन्दी (शिव के एक गण का नाम), ऋषभनामक औषध, (नपुं०) गहने का सोना।
शृङ्गी (स्त्री) "मङ्गुर" जन्तु की स्त्री, अतीस औषधी।
शृङ्गीकनकम् (नपुं०) गहने का सोना।
शृणिः (स्त्री) अङ्कुश वा आँकुस।
शृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) पकायाहुआ (जैसा भात इत्यादि), (नपुं०) पकायाहुआ दूध घी और पानी।
शेखरः (पुं०) माथा वा ललाट, माथा वा ललाट का गहना ("आपीड" में देखो)।
शेफः (पुं०) पुरुष का मूत्रद्वार।
शेफस् (नपुं०) (फः) तथा। [शेपस्—(पः)]
शेफालिका (स्त्री) हरफारेवड़ीवृक्ष, नेवारी पुष्पवृक्ष, नेवारी फूल।
शेमुषी (स्त्री) बुद्धि।
शेलुः (पुं०) लसोड़ा वृक्ष।
शेवधिः (पुं०) निधि वा एक खज़ाना (१ महापद्म, २ पद्म, ३ शङ्ख, ४ मकर, ५ कच्छप, ६ मुकुन्द, ७ कुन्द, ८ नील, ९ खर्व)।
शेवलः (पुं०) पानी की सेवार।
शेवाल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) तथा। [शेपालः]
शेष (त्रि०) (षः । षा । षम्) (पुं०) शेषनाग, (स्त्री) किसी देवता की प्रसाद की माला, (पुं० । नपुं०) बाकी वा बचा हुआ=ई।
शैक्षः (पुं०) वह विद्यार्थी जिस ने पहिले पहिल पढ़ना आरम्भ किया है।
शैखरिकः (पुं०) चिचिड़ा (एक लता)।
शैलः (पुं०) पर्वत।
शैलालिन् (पुं०) (ली) नट।
शैलूषः (पुं०) तथा, बेल वृक्ष।
शैलेयम् (नपुं०) सिलाजीत औषधी अर्थात् एक सुगन्धवस्तु जो पत्थर से निकलती है।
शैवल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) पानी की सेवार।
शैवाल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) तथा।

शैवलिनी (स्त्री) नदी ।
शैव्यः (पुं०) कृष्ण के चार घोड़ों में से एक का नाम ।
शैशवम् (नपुं०) लड़काई वा लड़कपन ।
शोकः (पुं०) शोक वा चिन्ता ।
शोचिष् (नपुं०) (चिः) प्रभा वा ज्वाला ।
शोचिःकेशः (पुं०) अग्नि वा आग।
शोण (त्रि०) (णः । णा । णम) लाल रङ्गवाली वस्तु (जैसा कमल के फूल के पत्ते का रङ्ग होता है), (पुं०) लाल रङ्ग, एक नद ।
शोणकः (पुं०) सोनापाढ़ा (काष्ठौषधी) ।
शोणरत्नम् (नपुं०) लाल मणि वा मानिक ।
शोणाकः (पुं०) सोनापाढ़ा औषधी।
शोणितम् (नपुं०) रुधिर वा लोहू।
शोथः (पुं०) सूज वा सूजन (एक रोग) ।
शोथघ्नी (स्त्री) गदहपूर्णा (एक लताऔषधी) ।
शोधनकः (पुं०) झाड़ू देनेवाला वा सफाई करने वाला ।
शोधनी (स्त्री) झाड़ू वा कूँची ।
शोधित (त्रि०) (तः । ता । तम्) शोधागया वा मलरहित किया गया वा साफ़ कियागया = हुई ।
शोनकः (पुं०) सोनापाढ़ा औषधी।
शोफः (पुं०) सूज वा सूजन (एक रोग) ।
शोभन (त्रि०) (नः । ना । नम्) सुन्दर ।
शोभा (स्त्री) शोभा वा सुन्दरता।
शोभाञ्जनः (पुं०) सहँजन वृक्ष ।
शोषः (पुं०) सूखना वा सूखजाना, क्षय रोग ।
शौकम् (नपुं०) सुग्गों का झुण्ड ।
शौक्तिकेयः (पुं०) एक प्रकारका विष।
शौक्ल्यम् (नपुं०) सफेदी ।
शौण्ड (त्रि०) (ण्डः । ण्डी । ण्डम्) चतुर, मतवाला = ली, (स्त्री) पीपर औषधी ।
शौण्डिकः (पुं०) मद्य बनानेवाला वा कलवार ।
शौद्धोदनिः (पुं०) शाक्य मुनि ।
शौभाञ्जनः (पुं०) सहँजन वृक्ष।
शौरिः (पुं०) ब्राह्मण ।
शौर्यम् (नपुं०) शूरता, सामर्थ्य ।
शौल्विकः (पुं०) ताँबा का काम बनानेवाला ।
शौष्कल (त्रि०) (लः । ली । लम्) मछली मांस का खाने वाला । [शौष्कल]

श्च्योतः (पुं०) पानी इत्यादि पतली वस्तु का बहना वा चूना।
श्मशानम् (नपुं०) प्राणी के बध का स्थान।
श्मश्रु (नपुं०) मोछ और डाढ़ी के बाल।
श्याम (त्रि०) (मः । मा । मम्) काले रङ्गवाली वस्तु, हरे रङ्ग वाली वस्तु, (पुं०) काला रङ्ग, हरा रङ्ग, प्रयाग का वट, मेघ, वृद्धदारक एक ओषधीवृक्ष, कोकिल पक्षी, (स्त्री) उत्पलशारिवा ओषधी, सोलह बरस की स्त्री, वह स्त्री जिस को लड़का नहीं हुआ है, गोंदी वृक्ष, यमुना नदी, रात्रि वा रात, श्यामत्रिधारा ओषधी, नेवारी पुष्पवृक्ष, (नपुं०) मिरिच, समुद्र का नोन।
श्यामल (त्रि०) (लः । ला । लम्) काले रङ्गवाला = ली, (पुं०) काला रङ्ग।
श्यामाकः (पुं०) साँवाँ (एक अन्न)।
श्यालः (पुं०) पत्नी का भाई।
श्याव (त्रि०) (वः । वा । वम्) काला पीला मिश्रित रङ्गवाला = ली (जैसा वानर का रोम), (पुं०) काला पीला मिश्रित रङ्ग।
श्येत (त्रि०) (तः । ता—नी । तम्) श्वेत वा सफेद रङ्गवाला = ली, (पुं०) श्वेत रङ्ग।
श्येनः (पुं०) बाज पक्षी।
श्येनम्पाता (स्त्री) एक प्रकार का अहेर।
श्योनाकः (पुं०) सोनापाढ़ा ओषधी।
श्रद्धा (स्त्री) आदर, आकाङ्क्षा, विश्वास।
श्रद्धालु (त्रि०) (लुः । लुः । लु) श्रद्धा करने वाला वा विश्वास करनेवाला = ली, (स्त्री) गर्भ से कोई वस्तु पर इच्छा चलानेवाली स्त्री।
श्रयणम् (नपुं०) सेवा करना, आश्रय वा अवलम्ब करना।
श्रवः (पुं०) सुनना।
श्रवणम् (नपुं०) कान, सुनना।
श्रवस् (नपुं०) (वः) कान।
श्रविष्ठा (स्त्री) धनिष्ठा नक्षत्र।
श्राणा (स्त्री) लपसी (एक भोजन की वस्तु)।
श्राद्धम् (नपुं०) शास्त्रविहित एक पितृसम्बन्धी कर्म (पिण्डा पारना)।
श्राद्धदेवः (पुं०) यमराज।
श्रायः (पुं०) सेवा।
श्रावणः (पुं०) सावन महीना।

श्रावणिकः (पुं०) तथा ।
श्राव्यम् (नपुं०) स्पष्ट वचन ।
श्रीः (स्त्री) लक्ष्मी, धन, शोभा ।
श्रीकण्ठः (पुं०) शिव ।
श्रीघनः (पुं०) बुद्ध वा विष्णु का नवम अवतार ।
श्रीदः (पुं०) धन देनेवाला, कुबेर।
श्रीपतिः (पुं०) विष्णु ।
श्रीपर्णम् (नपुं०) अगेथू वृक्ष, कमल।
श्रीपर्णिका (स्त्री) कायफल ।
श्रीपर्णी (स्त्री) खम्भारी वृक्ष ।
श्रीपिष्टः (पुं०) "श्रीवास" में देखो।
श्रीफलः (पुं०) बेल वृक्ष ।
श्रीफली (स्त्री) नील ।
श्रीमत् (त्रि०) (मान् । मती । मत्) धनी, शोभावान्, (पुं०) विष्णु, तिलक वृक्ष ।
श्रील (त्रि०) (लः । ला । लम्) लक्ष्मीवान् वा धनी [श्लील], (पुं०) कुबेर ।
श्रीवत्सः (पुं०) विष्णु के छाती पर का भृगु मुनि के लात का चिह्न ।
श्रीवत्सलाञ्छनः (पुं०) विष्णु ।
श्रीवासः (पुं०) एक प्रकार का धूप जो सरल देवदारु के वासा का होता है ।
श्रीवेष्टः (पुं०) तथा ।
श्रीसञ्ज्ञम् (नपुं०) लवँग (एक वृक्ष का फूल) ।
श्रीहस्तिनी (स्त्री) एक प्रकार की भाजी जिस का पत्ता हाथी के कान के ऐसा होता है ।
श्रुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) सुना गया वा सुनपड़ा, = ड़ी (नपुं०) शास्त्र ।
श्रुतिः (स्त्री) वेद, कान, सुनना, वीणा इत्यादि तारवाले बाजों के बजाने से पहिले पहिल निकला हुआ सूक्ष्म शब्द वा पहिले शब्द की प्रतिध्वनि ।
श्रेणि (पुं० । स्त्री) (णिः । णिः —णी) पङ्क्ति वा पाँती, एकही काम करनेवाले कारीगरों का झुण्ड, समूह वा झुण्ड ।
श्रेयस् (त्रि०) (यान् । यसी । यः) अच्छा वा भला वा मङ्गलरूप, अत्यन्त प्रशंसा वा बड़ाई के योग्य, (स्त्री) गजपीपर ओषधी, हरें, सोनापाठा ओषधी, (नपुं०) पुण्य, मोक्ष, मङ्गल वा कल्याण।
श्रेष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) श्रेष्ठ वा अत्यन्त प्रशंसा के योग्य।
श्रोण (त्रि०) (णः । णा । णम्) जङ्घाहीन अर्थात् जिस्की जङ्घा कटगई है ।

श्रोणि (स्त्री) (णिः—णी) कमर के पीछे का भाग वा चूतड़, कमर
श्रोत्रम् (नपुं०) कान ।
श्रोत्रियः (पुं०) वेद का पढ़नेवाला।
श्रौषट् (अव्यय) यज्ञ में इस शब्द को उच्चारण कर के देवता को हवि दी जाती है ।
श्लक्ष्ण (त्रि०) (क्ष्णः । क्ष्णा । क्ष्णम्) चिकना = नो, सूक्ष्म वा अल्प।
श्लीपदम् (नपुं०) पीलपाँव (एक प्रकार का रोग) ।
श्लेषः (पुं०) आलिङ्गन वा देह से देह लपटाना, आश्रय वा अवलम्ब, एक काव्य का अलङ्कार।
श्लेष्मण (त्रि०) (णः । णा । णम्) कफ रोगवाला = ली, कफप्रकृतिवाला = ली ।
श्लेष्मन् (पुं०) (ष्मा) कफ ।
श्लेष्मल (त्रि०) (लः । ला । लम्) "श्लेष्मण" में देखो ।
श्लेष्मातकः (पुं०) लसोड़ा वृक्ष।
श्लोकः (पुं०) पद्य वा श्लोक, यश वा कीर्ति ।
श्वदंष्ट्रा (स्त्री) गोखुरु ओषधी, कुत्ता का दाँत ।
श्वन् (पुं०) (श्वा) कुत्ता ।
श्वनिश (स्त्री । नपुं०)(शा । शम्) कुत्तों की रात ।

श्वपचः (पुं०) चाण्डाल वा डोम ।
श्वपाकः (पुं०) तथा ।
श्वभ्रम् (नपुं०) छिद्र वा बिल वा गड्ढा, पाताल ।
श्वयथुः (पुं०) सूज वा सूजन ।
श्ववृत्ति (पुं० । स्त्री) (त्तिः । त्तिः) (पुं०) चाण्डाल वा डोम, (स्त्री) सेवा वा नौकरी ।
श्वशुरः (पुं०) ससुर अर्थात् पत्नी वा पति का पिता ।
श्वशुरौ, द्विवचन, (पुं०) सास ससुर
श्वशुर्यः (पुं०) साला, देवर, जेठ ।
श्वश्रूः (स्त्री) सास ।
श्वश्श्रेयस (त्रि०)(सः । सा । सम्) अच्छा वा भला वा मङ्गलरूप, (नपुं०) कल्याण वा मङ्गल ।
श्वसनः (पुं०) वायु, मयनफल का वृक्ष ।
श्वस् (अव्यय) (श्वः) कल वा आनेवाला दिन ।
श्वाविध् (पुं०)(त्—द्) साही पशु।
श्वित्रम् (नपुं०) श्वेत कुष्ठ रोग ।
श्वेत (त्रि०) (तः । ता । तम्) सफेद रङ्गवाला = ली, (पुं०) सफेद रङ्ग, (नपुं०) चाँदी धातु, रुपया ।
श्वेतगरुत् (पुं०) हंस पक्षी ।
श्वेतच्छदः (पुं०) तथा ।

श्वेतमरिचम् (नपुं०) सहिंजन की बीया ।
श्वेतरक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) गुलाबी रङ्गवाला = ली, (पुं०) गुलाबी रङ्ग ।
श्वेतसुरसा (स्त्री) सफेद नेवारी (पुष्पवृक्ष), तुलसी वृक्ष ।

—***—

(ष)

षः (पुं०) प्रधान वा श्रेष्ठ, गहिरी आँखवाला, उपद्रव, परोक्ष ।
षट्कर्मन् (पुं०) (र्मा) यजन याजन अध्ययन अध्यापन दान और प्रतिग्रह इन छः कर्मों को करनेवाला ब्राह्मण ।
षट्पदः (पुं०) भ्रमर वा भँवरा ।
षडभिज्ञः (पुं०) बुद्ध वा विष्णु का नवम अवतार ।
षडाननः (पुं०) स्वामिकार्तिक ।
षड्ग्रन्थः (पुं०) एक प्रकार का करञ्ज वृक्ष ।
षड्ग्रन्था (स्त्री) वच ओषधी ।
षड्ग्रन्थिका (स्त्री) आँबाहरदी ।
षड्जः (पुं०) खरज स्वर वा सात स्वरों में से पहिला स्वर (जैसा बरसात में मोर बोलता है) ।
षण्ड (पुं० । नपुं०) (ण्डः । ण्डम्) कमल इत्यादि पुष्पवृक्षों का झुण्ड, वृक्षों का झुण्ड, (पुं०) साँड़ वा मोटा ताज़ा बैल ।
षण्ढः (पुं०) हिंजड़ा वा नपुंसक । [षण्डः]
षष् (त्रि०) (ट्—ड् । ट्—ड् । ट्—ड्) छः सङ्ख्या (६), छः पदार्थ ।
षष्टिकः (पुं०) साठीधान ।
षष्टिक्य (त्रि०) (क्यः । क्या । क्यम्) साठी चावल का खेत ।
षाण्मातुरः (पुं०) स्वामिकार्तिक ।

—***—

(स)

स (पुं० । स्त्री)(सः । सा) (पुं०) क्रोध, ईश्वर, वरण वा अङ्गीकार, शिव, (स्त्री) लक्ष्मी, पार्वती ।
सकल (त्रि०) (लः । ला । लम्) अखण्ड वा सम्पूर्ण ।
सकृत् (अव्यय) एक बार वा एक

दर्फ़े, साथ वा सङ्ग ।
सकृत्प्रजः (पुं०) कौआ पक्षी ।
सकृत्प्रजस् (पुं०) (जाः) तथा ।
सक्तुफला (स्त्री) शमी वृक्ष ।
सक्तुफली (स्त्री) तथा ।
सक्थि (नपुं०) जङ्घा (पैर का एक हिस्सा) ।
सखि (पुं०) (खा) मित्र ।
सखी (स्त्री) सखी वा सहेली ।
सख्यम् (नपुं०) मित्रता वा मैत्री वा दोस्ती ।
सगर्भ्यः (पुं०) एक माता के पेट से उत्पन्न वा सहोदर भाई ।
सगोत्रः (पुं०) समान गोत्रवाला वा गोती ।
सग्धिः (स्त्री) साथ में भोजन करना ।
सङ्कट (त्रि०) (टः । टा । टम्) सकेत वा सकरा वा कम चौड़ा (रस्ता इत्यादि) ।
सङ्करः (पुं०) कई एक विजातीय वस्तुओं का मेल, कतवार ।
सङ्कर्षणः (पुं०) बलदेव (कृष्ण के बड़े भाई) ।
सङ्कलित (त्रि०) (तः । ता । तम्) मिलायागया वा जोड़ागया = ई, (नपुं०) जोड़ना (जैसे २ और ३ = ५) ।
सङ्कल्पः (पुं०) मानसकर्म वा मनसुबा ।
सङ्कसुक (त्रि०) (कः । का । कम्) चञ्चल प्रकृतिवाला वा चञ्चल स्वभाववाला = ली, दुर्जन ।
सङ्काश (त्रि०) (शः । शा । शम्) सदृश वा तुल्य ।
सङ्कीर्ण (त्रि०)(र्णः । र्णा । र्णम्) भराहुआ = ई, कम चौड़ा = ड़ी, अशुद्ध, अमित्र अर्थात् जो मित्र नहीं है, (पुं०) वर्णसङ्कर जाति (अम्बष्ठ करण इत्यादि से लेकर चाण्डाल पर्य्यन्त ।
सङ्कुल (त्रि०) (लः । ला । लम्) भराहुआ = ई, गड़बड़ कियाहुआ = ई, बे मेल का बोलना वा विरुद्धार्थ बोलना (जैसा— 'मेरी माता वन्ध्या है') ।
सङ्केतः (पुं०) सान वा इशारा ।
सङ्कोच (पुं० । नपुं०) (चः । चम्) (पुं०) सिकोरना वा फैलेहुए को बटोरना, (नपुं०) केसर एक सुगन्धवस्तु ।
सङ्क्रन्दनः (पुं०) इन्द्र ।
सङ्क्रमः (पुं०) मिल जाना, दुर्ग मार्ग वा दुर्गम स्थान में प्रवेश करना ।
सङ्क्षेपः (पुं०) थोड़ा वा मुख-

तसर, एकट्ठा करना वा बटोर लेना ।

सङ्क्षेपणम् (नपुं०) एकट्ठा करना वा बटोर लेना ।

सङ्ख्यम् (नपुं०) सङ्ग्राम वा युद्ध ।

सङ्ख्या (स्त्री) गिनती (१-२-३ इत्यादि), विचार, गिनती करना ।

सङ्ख्यात (त्रि०) (तः । ता । तम्) गिनागया वा गिनाहुआ = ई ।

सङ्ख्यावत् (पुं०) (वान्) पण्डित ।

सङ्ख्येय (त्रि०) (यः । या । यम्) गिनने के योग्य वा जिस को गिन सकते हैं ।

सङ्गः (पुं०) मेल वा भेंट ।

सङ्गत (त्रि०) (तः । ता । तम्) मिलगया = ई, युक्ति से मिला हुआ = ई (वचन इत्यादि), (नपुं०) मेल वा भेंट ।

सङ्गम (पुं० । नपुं०) (मः । मम्) मेल वा भेंट ।

सङ्गरः (पुं०) सङ्ग्राम वा युद्ध, प्रतिज्ञा, सलाह, आपत्ति वा विपत्ति ।

सङ्गीर्ण (त्रि०) (र्णः । र्णा । र्णम्) अङ्गीकार कियागया = ई ।

सङ्गूढ (त्रि०) (ढः । ढा । ढम्) जोड़ाहुआ = ई (जैसा २ ३ और ५ मिल कर १० हुए) ।

सङ्ग्रहः (पुं०) बटोरना वा एकट्ठा करना, फैले हुए को एक जगह करना ।

सङ्ग्रामः (पुं०) युद्ध ।

सङ्ग्राहः (पुं०) ढाल की मूठ अर्थात् पकड़ने का स्थान, मूठी से दृढ़ पकड़ना ।

सङ्घः (पुं०) प्राणियों का समूह ।

सङ्घातः (पुं०) समूह वा झुण्ड, एक नरक ।

सचिवः (पुं०) राजा का मन्त्री, सहाय वा मददगार ।

सच्चिदानन्दः (पुं०) परमात्मा वा ईश्वर ।

सज्जः (पुं०) वह योद्धा जिसने कवच पहिना है ।

सज्जन (त्रि०) (नः । ना । नम्) (पुं०) कुलीन, (स्त्री) नायक वा सरदार के चढ़ने के लिए हाथी का तयार करना वा साजना, (नपुं०) पहरा वा चौकी देना ।

सञ्चयः (पुं०) राशि वा ढेरी ।

सञ्चारिका (स्त्री) दूती वा पुरुष का स्त्री के पास वा स्त्री का पुरुष के पास समाचर पहुंचानेवाली ।

सञ्जनम् (नपुं०) जोड़ना वा सटाना, सङ्ग करना वा साथ करना

सञ्जवनम् (नपुं०) वह घर जिस में चार कोठरी आम्हने साम्हने है ।
सञ्ज्ञपनम् (नपुं०) मार डालना।
सञ्ज्ञा (स्त्री) नाम, बुद्धि वा ज्ञान, ज्ञान बुझाना वा इशारा करना, गायत्री मन्त्र, सूर्य के स्त्री का नाम ।
सञ्ज्ञुः (पुं०) सटी जाँघ वाला अर्थात् मोटाई से जिसकी जङ्घा सटी मालूम पड़ती है। [सञ्ज्ञः]
सञ्ज्वरः (पुं०) सन्ताप वा गरमी
सटा (स्त्री) जटा, सिंह घोड़ा इत्यादि के गले पर के बाल ।
सण्डीनम् (नपुं०) पक्षियों का मिल कर चलना ।
सततम् (अव्यय) सर्वदा वा सर्वकाल में ।
सती (स्त्री) पतिव्रता, दक्ष की कन्या जो पहिले शिव को व्याही थी
सतीनकः (पुं०) मटर (एक अन्न)।
सतीर्थ्यः (पुं०) एक साथ का पढ़नेवाला ।
सतीलकः (पुं०) मटर (एक अन्न) ।
सत् (त्रि०) (न्—ती। त्) सत्य वा सच्चा = ची, साधु वा भलामानुस, विद्यमान वा जो है, प्रशस्त वा प्रशंसायुक्त, पूजित वा प्रतिष्ठित, (पुं०) पण्डित ।

सत्तम (त्रि०) (मः। मा। मम्) अत्यन्त सज्जन वा भलामानुस।
सत्पथः (पुं०) अच्छा मार्ग वा रस्ता
सत्य (त्रि०) (त्यः। त्या। त्यम्) सच्चा = ची, (स्त्री) सत्यभामा (एक कृष्ण की स्त्री), (नपुं०) सत्यता वा सचाई, शपथ वा कसम, सतयुग ।
सत्यकः (पुं०) ब्रह्मा ।
सत्यङ्कारः (पुं०) 'मैं अवश्य यह कार्य करूँगा' ऐसी प्रतिज्ञा करना ।
सत्यवचस् (त्रि०) (चाः। चाः। चः) सच्ची बात बोलनेवाला = ली, (पुं०) ऋषि वा मुनि ।
सत्यवतीसुतः (पुं०) व्यास मुनि अर्थात् पराशर मुनि के पुत्र ।
सत्याकृतिः (स्त्री) "सत्यङ्कार" में देखो ।
सत्यानृतम् (नपुं०) वाणिज्य वा बनियई वा बनियाँ का रोजगार
सत्यापनम् (नपुं०) "सत्यङ्कार" में देखो ।
सत्रम् (नपुं०) आच्छादन (वस्त्र इत्यादि), यज्ञ, सदावर्त, धन, वन, धूर्तता वा दगाबाजी ।
सत्रा (अव्यय) सङ्ग वा साथ ।
सत्रिन् (त्रि०) (त्री। त्रिणी। त्रि)

सदाव्रत देनेवाला = ली ।

सत्व (पुं० । नपुं०) (त्वः । त्वम्) जन्तु, (नपुं०) सत्वगुण, द्रव्य, प्राण, अत्यन्त पराक्रम वा सामर्थ्य, धीर ।

सत्वर (त्रि०) (रः । रा । रम्) जल्दीबाज, (नपुं०) जल्दी ।

सदनम् (नपुं०) घर ।

सदस् (नपुं०) (दः) सभा ।

सदस्यः (पुं०) सभा में बैठनेवाला, यज्ञ में क्रियासमूह का देखनेवाला ।

सदा (अव्यय) सर्वकाल में ।

सदागतिः (पुं०) वायु ।

सदातन (त्रि०) (नः । नी । नम्) सर्वकाल में रहनेवाला = ली, नित्य वस्तु ।

सदानन्दः (पुं०) ब्रह्मा ।

सदानीरा (स्त्री) "करतोया" में देखो ।

सदृक्ष (त्रि०) (क्षः । क्षा । क्षम्) सदृश वा तुल्य ।

सदृश (त्रि०)(शः । शी । शम्) तथा ।

सदृश् (त्रि०) (क्—ग् । क्—ग् । क्—ग्) तथा ।

सदेश (त्रि०)(शः । शा । शम्) एक देश का वा एक स्थान का वा एक जगह का रहनेवाला = ली, समीपवाला = ली, (पुं०) समीप ।

सद्मन् (नपुं०) (द्म) घर ।

सद्यस् (अव्यय) (द्यः) उसी क्षण में, अभी ।

सध्र्यञ्च् (त्रि०)(ध्र्यङ् । ध्रीची । ध्र्यक्) साथ में चलनेवाला वा एक साथ काम करने वाला, साथमें पूजा करनेवाला ।

सनत्कुमारः (पुं०) एक ब्रह्मा के पुत्र का नाम ।

सनपर्णी (स्त्री) पटसण एक वृक्ष ।

सना (अव्यय) सर्वकाल में वा नित्य।

सनातन (त्रि०) (नः । नी । नम्) नित्य अर्थात् सर्वकाल में रहनेवाला = ली ।

सनाभिः (पुं०) सात पुरुष तक का वा ७ पुस्त तक का सम्बन्धी ।

सनिः (स्त्री) 'अध्येषणा' में देखो।

सनीड (त्रि०) (डः । डा । डम्) समीपवाला = ली ।

सन्तत (त्रि०) (तः । ता । तम्) सर्वकाल में रहनेवाला = ली, विस्तृत वा विस्तारयुक्त, (नपुं०) निरन्तर वा सर्वकाल में ।

सन्ततम् (अव्यय) निरन्तर वा सर्वकाल में ।

सन्ततिः (स्त्री) गोत्र वा वंश, सन्तान (पुत्र पौत्र प्रपौत्र इत्यादि), पङ्क्ति वा पाँती ।
सन्तप्त (त्रि०) (प्तः । प्ता । प्तम्) सन्ताप को प्राप्त हुआ वा क्लेश को प्राप्त हुआ = ई, गरम हुआ = ई ।
सन्तमसम् (नपुं०) चारो ओर अन्धकार ।
सन्तानः (पुं०) देवतों का एक वृक्ष, पुत्र पौत्र इत्यादि वंश ।
सन्तापः (पुं०) गरमी ।
सन्तापित (त्रि०) (तः । ता । तम्) गरम कियागया = ई, दुःख दियागया = ई ।
सन्दानम् (नपुं०) पशु बाँधने की डोरी ।
सन्दानित (त्रि०)(तः । ता । तम्) बाँधाहुआ = ई ।
सन्दावः (पुं०) भागना ।
सन्दित (त्रि०) (तः । ता । तम्) गूथाहुआ = ई, बाँधाहुआ = ई।
सन्देशः (पुं०) सँदेसा वा समाचार
सन्देशवाच् (स्त्री) (क्—ग्) तथा ।
सन्देशहरः (पुं०) दूत वा हलकारा
सन्देहः (पुं०) संशय वा सन्देह ।
सन्दोहः (पुं०) समूह ।
सन्द्रावः (पुं०) भागना ।

सन्धा (स्त्री) प्रतिज्ञा, मर्यादा ।
सन्धानम् (नपुं०) मद्य का बनाना वा चुआना, दो वस्तुओं को मिलाना वा संयुक्त करना।
सन्धिः (पुं०) पड़िवा और पुनवाँसी का मध्यभाग, पड़िवा और अमावस का मध्यभाग, धन देकर शत्रु को प्रीति को बढ़ाना, आश्रय वा अवलम्ब, जोड़ना ।
सन्धिनी (स्त्री) बैल के साथ लगाई गई गैया ।
सन्ध्या (स्त्री) सन्ध्याकाल वा साँझ
सन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) दुःखित वा पीड़ित, नाश को प्राप्त हुआ = ई ।
सन्नकद्रुः (पुं०) प्यारमेवा वृक्ष ।
सन्नद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) कामों के करने में उद्यत वा तयार, (पुं०) जिस योद्धा ने कवच पहिना है ।
सन्नयः (पुं०) अच्छी नीतिवाला वा अच्छा न्याय करनेवाला, सेना के पीछे की सेना, समूह।
सन्निकर्षः (पुं०) पास वा नगीच ।
सन्निकर्षणम् (नपुं०) तथा, पास करना वा नगीच करना ।
सन्निकृष्ट (त्रि०)(ष्टः । ष्टा । ष्टम्) पा-

सवाला वा नगीचवाला = ली।
सन्निधिः (पुं०) पास वा नगीच। [सन्निधम्]
सन्निवेशः (पुं०) नगर इत्यादि में घर के लिये नापी हुई भूमि, टिकने की जगह वा भूमि, टिकना वा बास करना ।
सपत्नः (पुं०) शत्रु वा बैरी ।
सपत्नी (स्त्री) सवत वा पति की दूसरी स्त्री ।
सपदि (अव्यय) जल्दी, उसीक्षण में
सपर्या (स्त्री) पूजा वा आदर ।
सपिण्डः (पुं०) समानगोत्रवाला वा गोती, सात पुस्त तक का सम्बन्धी ।
सपीतिः (स्त्री) मद्य इत्यादि का एक साथ पीना ।
सप्तकी (स्त्री) एक तरह की मेखला वा स्त्री के कमर का गहना ।
सप्ततन्तुः (पुं०) यज्ञ ।
सप्तपर्णः (पुं०) छितिवन वृक्ष ।
सप्तर्षि, बहुवचनान्त, (पुं०) (र्षयः) सनक सनन्दन इत्यादि ७ ऋषि (किसी के मत में मरीचि इत्यादि ७ ऋषि हैं, १ सनक २ सनन्दन ३ सनातन ४ कपिल ५ आसुरि ६ वोढु ७ पञ्चशिख; १ मरीचि २ अङ्गिरा ३ अत्रि ४ पुलस्त्य ५ पुलह ६ क्रतु ७ वशिष्ठ) ।
सप्तला (स्त्री) एक तरह का पुष्पवृक्ष, सिकाकाई (एक डाल का मसाला) ।
सप्तार्चिष् (पुं०) (र्चिः) अग्नि वा आग ।
सप्ताश्वः (पुं०) सूर्य वा सूरज ।
सप्तिः (पुं०) घोड़ा ।
सब्रह्मचारिन् (पुं०) (री) एक शाखा के वेद का पढ़नेवाला ।
सभर्तृका (स्त्री) जिस स्त्री का पति जीता है अर्थात् पतियुक्त स्त्री ।
सभा (स्त्री) सभा, घर ।
सभाजनम् (नपुं०) पूजा करना, स्वागतादि शब्द से आदर करना । [स्वभाजनम्]
सभासद् (पुं०) (त्—द्) सभा में बैठनेवाला ।
सभास्तारः (पुं०) तथा ।
सभिकः (पुं०) जूआ का नालिया।
सभ्यः (पुं०) सभा में चतुर, कुलीन ।
सम (त्रि०) (मः । मा । मम्) समान वा तुल्य, समग्र वा सब, (स्त्री) वर्ष, वा बरिस, (नपुं०) साथ वा सङ्ग ।

समग्र (त्रि०) (ग्रः। ग्रा। ग्रम्) अखण्ड वा सम्पूर्ण।
समङ्गा (स्त्री) मजीठ (एक रङ्ग की लकड़ी), लजारू लता।
समजः (पुं०) पशुओं का झुण्ड।
समज्ञा (स्त्री) कीर्ति वा यश।
समज्या (स्त्री) सभा वा बैठक।
समञ्जसम् (नपुं०) न्याय वा नीति।
समधिक (त्रि०) (कः। का। कम्) बहुत अधिक।
समन्ततस् (अव्यय) (तः) चारो ओर से।
समन्तदुग्धा (स्त्री) सेँहुड़ (ओषधीवृक्ष)।
समन्तभद्रः (पुं०) बुद्ध (एक बौद्धों की देवता)।
समन्तात् (अव्यय) चारो ओर से।
समपदम् (नपुं०) एक प्रकार का बाण चलाने का आसन जिस में कि दोनों पैर बराबर रहते हैं।
समम् (अव्यय) साथ वा सङ्ग।
समयः (पुं०) काल वा समय, शपथ वा किरिया, आचार वा अपने मत के सदृश व्यवहार, सिद्धान्त अर्थात् निर्णय कियाहुआ पदार्थ, बातचीत करना।
समया (अव्यय) समीप, मध्य वा बीच।
समर (पुं०। नपुं०) (रः। रम्) सङ्ग्राम वा युद्ध।
समर्थ (त्रि०) (र्थः। र्था। र्थम्) समर्थ वा बलवान्, सम्बन्धयुक्त पदार्थ, हित।
समर्थनम् (नपुं०) 'यही उचित है' ऐसा निश्चय करना।
समर्द्धक (त्रि०) (कः। का। कम्) बर देनेवाला = ली।
समर्याद (त्रि०) (दः। दा। दम्) समीपवाला वा साम्हनेवाला = ली, (पुं०) समीप।
समवर्त्तिन् (पुं०) (र्त्ती) यमराज।
समवायः (पुं०) सम्बन्ध, समूह।
समष्ठिला (स्त्री) गाँडरदूर्वा वा गण्डिनी (एक प्रकार की साग)।
समसनम् (नपुं०) सङ्क्षेप करना वा थोड़ा करना, मिलाना।
समस्त (त्रि०) (स्तः। स्ता। स्तम्) अखण्ड वा सम्पूर्ण।
समस्या (स्त्री) कवि की शक्ति की परीक्षा के लिये अपूर्ण पढ़े हुए श्लोक के पूर्ण होने की इच्छा।
समाः बहुवचन, (स्त्री) बरिस।
समाकर्षिन् (त्रि०) (र्षी। र्षिणी। र्षि) खींचनेवाला = ली, (पुं०) दूर तक जानेवाला गन्ध।
समागमः (पुं०) मेल वा भेंट।

समाघातः (पुं०) सङ्ग्राम वा युद्ध ।
समाजः (पुं०) पशु से भिन्न प्राणियों का झुण्ड ।
समाधानम् (नपुं०) चित्त की एकाग्रता ।
समाधिः (पुं०) चित्त के व्यापार का रोकना, अङ्गीकार, "समर्थन" में देखो, चुप रहना, नियम, ध्यान ।
समान (त्रि०) (नः । ना । नम्) सदृश वा तुल्य, एक वा बड़ो, (पुं०) नाभिस्थान का वायु, पण्डित ।
समानोदर्यः (पुं०) सहोदर वा एक पेट का भाई ।
समापनम् (नपुं०) समाप्त करना वा पूरा करना ।
समाप्तिः (स्त्री) समाप्त होना वा पूरा होना ।
समालम्भः (पुं०) केसर इत्यादि से देह को उबटना ।
समावृत्तः (पुं०) जिस "अनूचान" ने वा गुरुकुलवासी ब्रह्मचारी ने गार्हस्थ्य इत्यादि दूसरे आश्रम में जाने के लिये गुरु से आज्ञा पाई ।
समासः (पुं०) मेल, सङ्क्षेप ।
समासाद्य (त्रि०) (द्यः । द्या । द्यम्) प्राप्त करने के योग्य ।
समाहारः (पुं०) ढेरी करना वा एकट्ठा करना ।
समाहित (त्रि०) (तः । ता । तम्) समाधान कियागया = ई, अङ्गीकार कियागया = ई ।
समाहृतिः (स्त्री) विस्तार से कहे हुए पदार्थों को सूत्र और भाष्य में मिलाय कर रखना, सङ्क्षेप करना वा थोड़ा करना, बटोरना ।
समाह्वयः (पुं०) प्राणी से जूआ खेलना (जैसा बुलबुल बटेर लाल इत्यादि को लड़ाय कर जूआ खेलते हैं) ।
समांसमीना (स्त्री) वह गैया जो प्रत्येक वर्ष में बियाती है ।
समितिः (स्त्री) सङ्ग्राम वा युद्ध, सभा, सङ्ग वा साथ ।
समित् (स्त्री) सङ्ग्राम वा युद्ध ।
समिध् (स्त्री) (त्—द्) लकड़ी, होम की लकड़ी ।
समीकम् (नपुं०) युद्ध वा सङ्ग्राम ।
समीप (त्रि०) (पः । पा । पम्) समीपवाला वा पासवाला = ली
समीरः (पुं०) वायु ।
समीरणः (पुं०) तथा, मरुआ एक वृक्ष ।

समुच्चयः (पुं०) समूह वा ढेरी ।
समुच्छ्रयः (पुं०) ऊँचाई, विरोध ।
समुच्छ्रायः (पुं०) ऊँचाई ।
समुच्छ्रित (त्रि०) (तः । ता । तम्) ऊँचा = ची ।
समुज्झित (त्रि०) (तः । ता । तम्) त्याग कियागया वा छोड़ दियागया = ई ।
समुत्पिञ्ज (त्रि०) (ञ्जः । ञ्जा । ञ्जम्) "पिञ्जल" में देखो ।
समुद्‌क्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) ऊपर खींचागया = ई (जैसा कूँआँ में से पानी इत्यादि) ।
समुदयः (पुं०) समूह, युद्ध ।
समुदायः (पुं०) तथा ।
समुद्गः (पुं०) डब्बा वा पेटारा ।
समुद्गकः (पुं०) तथा ।
समुन्निरसनम् (नपुं०) क्षय करना वा छाँट करना, जल इत्यादि का खींचना, उखाड़ना ।
समुद्गीर्ण (त्रि०) (र्णः । र्णा । र्णम्) क्षय कियाहुआ वा छाँट कियाहुआ = ई, कूआँ इत्यादि से खींचाहुआ = ई, उखाड़ाहुआ = ई
समुद्धत (त्रि०) (तः । ता । तम्) अहङ्कारी वा गर्ववाला = ली, दुष्ट ।
समुद्रः (पुं०) समुद्र वा सागर ।
समुद्रान्ता (स्त्री) कपास वा रूई, जवासा वा हिंगुआ (एक कँटैला वृक्ष), अस्यरक ओषधी ।
समुन्दनम् (नपुं०) थोड़ा होना ।
समुन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) थोड़ाहुआ = ई ।
समुन्नद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) अपने को पण्डित माननेवाला = ली, गर्वित वा गर्वयुक्त ।
समुपजोषम् (नपुं०) आनन्द वा सुख
समूरुः (पुं०) वह मृग जिस के खाल का मृगचर्म बनता है ।
समूहः (पुं०) झुण्ड ।
समूह्यः (पुं०) यज्ञ में का एक अग्नि का आधार (उस के योग से वहाँ के अग्नि का यह नाम है) ।
समृद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) बड़ा धनी ।
समृद्धिः (स्त्री) माल (धन इत्यादि), वृद्धि ।
सम्, उपसर्ग, (अव्यय) अच्छीतरह से, चारो तरफ ।
सम्पत्तिः (स्त्री) बढ़ती, माल (धन इत्यादि) ।
सम्पद् (स्त्री) (त्—द्) तथा ।
सम्परायः (पुं०) युद्ध वा सङ्ग्राम, उत्तरकाल वा अगाड़ी का समय

सम्पाकः (पुं०) अमिलतास वृक्ष ।
सम्पिधानम् (नपुं०) ढाँपना ।
सम्पुटकः (पुं०) डब्बा वा झाँपी वा पेटारा ।
सम्प्रति (अव्यय) इस घड़ी ।
सम्प्रदायः (पुं०) "आम्नाय" में देखो ।
सम्प्रधारणम् (नपुं०) निश्चय करना।
सम्प्रधारणा (स्त्री) 'यही उचित है' ऐसा निश्चय करना ।
सम्प्रहारः (पुं०) सङ्ग्राम वा युद्ध ।
सम्फुल्ल (त्रि०) (ल्लः । ल्ला । ल्लम्) पुष्पित वा फूला हुआ =ई (वृक्ष इत्यादि) ।
सम्बर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) (पुं०) एक मृग, (नपुं०) जल ।
सम्बाकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) दो बेर जोता हुआ-ई (खेत इत्यादि) ।
सम्बाधः (पुं०) सकरा वा सकेत ।
सम्बोधनम् (नपुं०) पुकारना ।
सम्भली (स्त्री) कुटनी वा स्त्री का पुरुष के पास वा पुरुष का स्त्री के पास समाचार पहुँचाने वाली स्त्री ।
सम्भेदः (पुं०) दो नदियों का मुहाना वा सङ्गम ।
सम्भ्रमः (पुं०) हर्ष इत्यादि से कार्य्यों में जल्दी करना, संवेग वा जल्दी ।
सम्मदः (पुं०) हर्ष, सुख ।
सम्मार्जनी (स्त्री) झाड़ू वा कूँची।
सम्मूर्च्छनम् (नपुं०) चारो ओर से बढ़ना वा भरजाना ।
सम्मृष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) धो-धागया वा साफ़ कियागया = ई
सम्यक् (अव्यय) अच्छी तरह से ।
सम्यञ्च् (त्रि०) (म्यङ् । मीची । म्यक्) सुन्दर, अच्छा वा भला =ली, सङ्गत वा उचित, सच्चा =च्ची, (नपुं०) सच्च ।
सम्राज् (पुं०) (ट्—ड्) वह राजा जिस ने राजसूय यज्ञ किया है और बारह मण्डल का स्वामी है और जिस की आज्ञा से सब राजे व्यवहार करते हैं ।
सरः (पुं०) हार (गले का भूषण), बाण, सरहरी (एक तृणवृक्ष) ।
सरक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) ऊख का एक तरह का मद्य, मद्य का बरतन, मद्य का पीना।
सरघा (स्त्री) सहद की मक्खी ।
सरटः (पुं०) गिरगिटान जन्तु।
सरणा (स्त्री) कुब्जप्रसारणी ओ-षधी [सरणी], श्वेत त्रिधारा ओषधी ।

सरणि (स्त्री) (णिः—णी) मार्ग वा रस्ता ।
सरत्निः (पुं० । स्त्री) केहुनी से लेकर मूठी बँधाहुआ हाथ ।
सरमा (स्त्री) कुक्कुरी वा कुतिया ।
सरयूः (स्त्री) सरयू नदी ।
सरल (त्रि०) (लः । ला । लम्) सरल वा सूधा = धी, (पुं०) सरल नाम देवदार वृक्ष, (स्त्री) श्वेत त्रिधारा ओषधी ।
सरलद्रवः (पुं०) "श्रीवास" में देखो।
सरस (त्रि०) (सः । सा । सम्) ओदा वा रस से भरा = री ।
सरसी (स्त्री) खोदाहुआ तलाव जिस में कमल लगे हैं ।
सरसीरुहम् (नपुं०) कमल ।
सरस् (नपुं०) (रः) सरोवर वा झील
सरस्वती (स्त्री) सरस्वती देवी, वाणी, सरस्वती नदी, नदी ।
सरस्वत् (पुं०) (स्वान्) समुद्र, नद (सोनभद्र इत्यादि) ।
सरित् (स्त्री) नदी ।
सरित्पतिः (पुं०) समुद्र ।
सरीसृपः (पुं०) सर्प वा सांप ।
सर्गः (पुं०) सृष्टि, स्वभाव, त्याग, निश्चय, ग्रन्थ का अध्याय ।
सर्जः (पुं०) सखुआ वृक्ष ।
सर्जकः (पुं०) विजयसार (एक वृक्ष)।
सर्जरसः (पुं०) राल वा धूप ।
सर्जिकाक्षारः (पुं०) सज्जीखार।
सर्पः (पुं०) सर्प वा साँप ।
सर्पराजः (पुं०) साँपों का राजा वासुकी नाग ।
सर्पिष् (नपुं०) (र्पिः) घृत वा घी ।
सर्व (त्रि०) (र्वः । र्वा । र्वम्) समग्र वा सब, (पुं०) शिव वा महादेव ।
सर्वज्ञ (त्रि०) (ज्ञः । ज्ञा । ज्ञम्) सब जाननेवाला = ली, (पुं०) बुद्ध (बौद्धों के देवता), शिव ।
सर्वतस् (अव्यय) (तः) चारो ओर।
सर्वतोभद्रः (पुं०) राजा इत्यादि धनपात्रों का एक प्रकार का घर, नीम वृक्ष ।
सर्वतोभद्रा (स्त्री) खम्भारी वृक्ष ।
सर्वतोमुखम् (नपुं०) जल वा पानी
सर्वदा (अव्यय) सब काल में ।
सर्वधुरीणः (पुं०) सब बोझा ढोने वाला ।
सर्वमङ्गला (स्त्री) पार्वती ।
सर्वरसः (पुं०) राल वा धूप ।
सर्वला (स्त्री) गँड़ासा एक लोहे का हथियार ।
सर्वलिङ्गिन् (पुं०) (ङ्गी) बौद्ध क्षपणक इत्यादि दुष्टशास्त्र के मतावलम्बी अर्थात् एक प्रकार-

के नास्तिक ।

सर्ववेदस् (पुं०) (दाः) विश्वजित् नाम यज्ञ जिस ने किया हो ।

सर्वसन्नहनम् (नपुं०) चतुरङ्ग सैन्य का जमाव ।

सर्वसहा (स्त्री) पृथ्वी वा भूमि।

सर्वानुभूतिः (स्त्री) श्वेत निशोथ औषधी ।

सर्वान्नीनः (पुं०) सब जाति के अन्न का भोजन करनेवाला ।

सर्वाभिसारः (पुं०) चतुरङ्ग सेना का जमाव ।

सर्वार्थसिद्धः (पुं०) शाक्यमुनि (बौद्धों के आचार्य) ।

सर्वौघः (पुं०) चतुरङ्ग सैन्य का जमाव ।

सर्षपः (पुं०) सरसों (एक वृक्ष, जिस के दाने से तेल निकलता है) ।

सलिलम् (नपुं०) जल वा पानी ।

सलिलोद्वाहनम् (नपुं०) रहट (एक पानी निकालने का यन्त्र)।

सल्लकी (स्त्री) सलई वृक्ष ।

सवः (पुं०) यज्ञ, मद्य बनाना ।

सवनम् (नपुं०) सोमलता का कूटना

सवयस् (त्रि०) (याः । याः । यः) तुल्य वयवाला = ली, सखा वा मित्र ।

सविता (पुं०) (ता) सूर्य वा सूरज ।

सविध (त्रि०) (धः । धा । धम्) पासवाला = ली ।

सवेश (त्रि०) (शः । शा । शम) तथा।

सव्य (त्रि०) (व्यः । व्या । व्यम्) शरीर का बाँयाँ अङ्ग, बाँयाँ ।

सव्येष्ठः (पुं०) सारथी वा रथवाहक।

ससनम् (नपुं०) "परम्पराक" में देखो ।

सस्यम् (नपुं०) वृक्षादिकों का फल, अन्न (जव गोहूँ इत्यादि)।

सस्यसम्बरः (पुं०) सखुआ वृक्ष ।

सह (अव्यय) साथ वा सङ्ग ।

सह (त्रि०) (हः । हा । हम्) सहनेवाला = ली ।

सहकारः (पुं०) एक आम का वृक्ष जिसका फल सुगन्धित होता है।

सहचर (त्रि०) (रः । री । रम्) साथ २ रहनेवाला = ली (दास दासी इत्यादि), (पुं० । स्त्री) पीले फूलवाला कठसरैया वृक्ष ।

सहजः (पुं०) सहोदर भाई ।

सहधर्मिणी (स्त्री) विवाहिता स्त्री।

सहन (त्रि०) (नः । ना । नम्) सहने वाला = ली, (नपुं०) सहना ।

सहसा (अव्यय) जबर्दस्ती, जल्दी।

सहस् (पुं० । नपुं०) (हाः । हः) (पुं०) अगहन महीना, (नपुं०)

सामर्थ्य वा बल ।
सहस्यः (पुं०) पूस महीना ।
सहस्रम् (नपुं०) हजार (१०००) सङ्ख्या, हजार वस्तु ।
सहस्रदंष्ट्रः (पुं०) पहिना मछली।
सहस्रपत्रम् (नपुं०) कमल ।
सहस्रवीर्या (स्त्री) दूब घास ।
सहस्रवेधिः (पुं०) हींग (एक रसोई का मसाला) ।
सहस्रवेधिन् (पुं०) (धी) चुक्र् (एक खट्टी वस्तु) ।
सहस्राक्षः (पुं०) इन्द्र ।
सहस्रांशुः (पुं०) सूर्य वा सूरज ।
सहस्रिन् (पुं०) (स्त्री) हजार मनुष्यों की सेना का रखनेवाला
सहा (स्त्री) घिकुआर ओषधी, मुगौनी वृक्ष का मेवा ।
सहायः (पुं०) सहाय वा मददगार ।
सहायता (स्त्री) सहायों का झुण्ड, सहायता वा मदद ।
सहिष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः । ष्णु) क्षमा करनेवाला = ली ।
सहृदय (त्रि०) (यः । या । यम्) निर्मल चित्तवाला = ली, रसिक ।
सह्य (त्रि०) (ह्यः । ह्या । ह्यम्) सहने के योग्य, (पुं०) सह्याचल पर्वत ।
साकम् (अव्यय) साथ वा सङ्ग ।
साकल्यम् (नपुं०) सम्पूर्णता ।
साक्षात् (अव्यय) प्रत्यक्ष, तुल्य ।
सागरः (पुं०) समुद्र ।
सागराम्बरा (स्त्री) पृथ्वी ।
साङ्ख्यम् (नपुं०) साङ्ख्य शास्त्र।
साङ्ख्यः (पुं०) शाङ्ख्य शास्त्र का जाननेवाला ।
साचि (अव्यय) टेढ़ा बेंड़ा ।
सातम् (नपुं०) सुख ।
सातला (स्त्री) सिकाकाई (एक बाल साफ करने का मसाला)
सातिः (स्त्री) अन्त वा समाप्ति, दान ।
सातीनकः (पुं०) मटर अन्न ।
सात्त्विक (त्रि०) (कः । की । कम्) सत्वगुण युक्त (जैसे विष्णु इत्यादि), (पुं०) ८ सात्विकभाव (१ पसीना होना २ ठगमुरी ३ रोमाञ्च ४ बोली का बदल जाना ५ कम्प ६ रङ्ग बदल जाना ७ आँसू गिरना ८ मूर्च्छा होना, ये कामदेव के विकार से वा और किसी हेतु से उत्पन्न होते हैं) ।
सादिन् (पुं०) (दी) घोड़सवार, सारथी ।
साधनम् (नपुं०) पारा इत्यादि

रसायन का बनाना, चलना, पृथ्वी जल इत्यादि द्रव्य, धन दौलत, दिलवाना, धन इत्यादि का पैदा करना, उपाय, पीछे २ चलना, पुरुष का मूत्रेन्द्रिय, मृतक का अग्निसंस्कार ।

साधारण (त्रि०) (णः । णा । णम्) सदृश वा तुल्य, (नपुं०) सामान्य ।

साधित (त्रि०) (तः । ता । तम्) सिद्ध कियागया = ई, दिलवाने वाला = ली ।

साधिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त साधु वा भला = ली, अत्यन्त बहुत ।

साधीयस् (त्रि०) (यान् । यसी । यः) तथा ।

साधु (त्रि०) (धुः । धुः । धु) साधु, कुलीन, सुन्दर, रोजगारी, सज्जन ।

साध्याः, बहुवचन, (पुं०) साध्य नामक गणदेवता वा देवतों का एक झुण्ड जो गिनती में १२ हैं ।

साध्वसम् (नपुं०) भय ।

साध्वी (स्त्री) पतिव्रता स्त्री ।

सानु (पुं । नपुं०) (नुः । नु) पर्वत का शिखर वा शृङ्ग वा चोटी, पर्वत की समान वा बराबर भूमि ।

सान्त्व (त्रि०) (न्त्वः । न्त्वा । न्त्वम्) तसल्ली देने का वचन, (नपुं०) मीठा बोलना ।

सान्दृष्टिकम् (नपुं०) तात्कालिक वा उसी क्षण में उत्पन्नहुआ फल ।

सान्द्र (त्रि०) (न्द्रः । न्द्रा । न्द्रम्) निविड़ वा घन वा गझिन ।

सान्नाय्यम् (नपुं०) एक प्रकार की होम की वस्तु ।

साप्तपदीनम् (नपुं०) मैत्री वा दोस्ती अर्थात् ७ पद बोलने से जो हो ।

सामन् (नपुं०) (म) साम वेद, मीठा बोलना वा तसल्ली देना।

सामाजिकः (पुं०) सभा में बैठनेवाला ।

सामान्य (त्रि०) (न्यः । न्या । न्यम्) साधारण, (स्त्री) वेश्या, (नपुं०) जाति ।

सामि (अव्यय) आधा, निन्दित।

सामिधेनी (स्त्री) एक वेद की ऋचा जिस को पढ़कर यज्ञ में आग को प्रज्वलित करते हैं ।

साम्परायिकम् (नपुं०) सङ्ग्राम वा युद्ध। [सम्परायकम्]

साम्प्रतम् (अव्यय) इस घड़ी वा आजकल, योग्य वा उचित ।

सायः (पुं०) दिन का अन्त वा सांझ, अन्त ।

सायकः (पुं०) बाण, तलवार ।

सायम् (अव्यय) दिन का अन्त वा सांझ ।

सार (त्रि०) (रः । रा । रम्) श्रेष्ठ वा प्रधान, (पुं०) बल, वस्तु का स्थिरभाग वा हीर, मज्जा वा चरबी, (नपुं०) पानी, धन, उचित वा न्याय के अनुसार।

सारङ्ग (त्रि०) (ङ्गः । ङ्गी । ङ्गम्) चितकबरा रङ्गवाला = ली, (पुं०) चितकबरा रङ्ग, मृग पशु, पक्षी, पपीहा पक्षी, (स्त्री) मृगी ।

सारणी (स्त्री) कुब्जप्रसारणी ओषधी ।

सारथिः (पुं०) सारथि ।

सारमेयः (पुं०) कुत्ता ।

सारव (त्रि०) (वः । वी । वम्) सरयूसम्बन्धी (तरङ्ग वा लहर इत्यादि) ।

सारसः (पुं०) सहरस पक्षी ।

सारसम् (नपुं०) कमल ।

सारसनम् (नपुं०) "अधिकाङ्ग" में देखो, एक प्रकार की मेखला जो स्त्री लोग कमर में पहि- नती हैं ।

सारिका (स्त्री) मैना पक्षी ।

सारिवा (स्त्री) उत्पलशिखा वा सरिवन ओषधी ।

सार्थः (पुं०) साथ वा सङ्ग, प्रा- णियों का झुण्ड ।

सार्थवाहः (पुं०) बनियां ।

सार्द्धम् (अव्यय) साथ वा सङ्ग ।

सार्द्र (त्रि०) (द्रः । द्री । द्रम्) ओदा = दी ।

सार्वभौमः (पुं०) सब पृथ्वी का स्वामी, उत्तर दिशा का दिग्गज

सालः (पुं०) पेड़ वा वृक्ष, सखु- आ वृक्ष ।

सालपर्णी (स्त्री) शालपर्णी ओषधी

सास्ना (स्त्री) गैयों के गले का वह हिस्सा जो लटकता रहता है।

साहसम् (नपुं०) मरने जीने का भय छोड़ कर काम करना, दण्ड वा सजा ।

साहस्र (पुं० । नपुं०) (स्रः । स्रम्) (पुं०) हजार मनुष्य की सेना- वाला, (नपुं०) हजार मनुष्यों का झुण्ड ।

सिकता (स्त्री) बलुहा स्थान, सिकटी ।

सिकताः, बहुवचन, (स्त्री) बालू ।

सिकतावत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्)

जिस स्थान में बहुत बालू है ।
सिकतिल (त्रि०) (लः । ला । लम्) तथा ।
सिक्थकम् (नपुं०) मोम, सीत ।
सिङ्घाणम् (नपुं०) नकटी वा नासिका का मल, लोहा का मल।
सित (त्रि०) (तः । ता । तम्) बाँधाहुआ = ई, समाप्त हुआ वा पूरा हुआ = ई, सफेद रङ्गवाला = ली, (पुं०) सफेद रङ्ग, (स्त्री) चीनी ।
सितच्छत्रा (स्त्री) सौंफ ।
सिताभ्रः (पुं०) कपूर ।
सिद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) सिद्ध हुआ = ई (मन्त्र इत्यादि), एक देवजाति ।
सिद्धान्तः (पुं०) सिद्धान्त वा कई एक लोग मिल कर जिस बात को ठीक करें ।
सिद्धार्थः (पुं०) सरसों (एक दाना)
सिद्धिः (स्त्री) अणिमा इत्यादि ८ सिद्धि ("विभूतिः" में देखो), जिस का प्रारम्भ किया है उस को यथार्थ पूर्णता, ऋद्धि वा वृद्धि (एक ओषधी)।
सिद्ध्यः (पुं०) पुष्य नक्षत्र ।
सिध्मम् (नपुं०) सेंहुआँ (एक रोग)
सिध्मन् (नपुं०) (ध्म) तथा ।
सिध्मल (त्रि०) (लः । ला । लम्) सेंहुआँ रोगवाला = ली, (स्त्री) सूखी मछली ।
सिध्रका (स्त्री) एक वृक्ष ।
सिनीवाली (स्त्री) चन्द्रमायुक्त अमावस ।
सिन्दुकः (पुं०) म्योढ़ी वृक्ष ।
सिन्दुवारः (पुं०) तथा ।
सिन्दूरम् (नपुं०) सेंदुर ।
सिन्धु (पुं० । स्त्री) (न्धुः । न्धुः) (पुं०) समुद्र, एक नद, सिन्धु देश, (स्त्री) नदी ।
सिन्धुकः (पुं०) म्योढ़ी वृक्ष ।
सिन्धुजम् (नपुं०) सेंधा नोन ।
सिम्बा (स्त्री) छीमी ।
सिल्लकी (स्त्री) सलई वृक्ष ।
सिह्लः (पुं०) लोहबान (एक धूप की वस्तु)
सीता (स्त्री) राम की पत्नी, हर का मार्ग अर्थात् खेत में जोतने से पड़ी हुई लकीर ।
सीत्य (त्रि०) (त्यः । त्या । त्यम्) जोता हुआ खेत ।
सीधुः (पुं०) एक तरह का मद्य जो ऊख के रस से बनता है ।
सीमन् (स्त्री) (मा) मर्यादा वा हद्द वा सिवाना ।
सीमन्तः (पुं०) माँग ।

सीमन्तिनी (स्त्री) स्त्री ।

सीमा (स्त्री) मर्यादा वा हद्द वा सिवाना ।

सीरः (पुं०) जोतने का हर ।

सीरपाणिः (पुं०) बलदेव (कृष्ण के भाई) ।

सीवनम् (नपुं०) सीना ।

सीसम् (नपुं०) सीसा (एक धातु)।

सीसकम् (नपुं०) तथा ।

सीहुण्डः (पुं०) सेंहुड़ वृक्ष ।

सु (अव्यय) अत्यन्त, पूजा वा प्रतिष्ठा ।

सुकन्दकः (पुं०) प्याज वा पियाज (एक कन्द) ।

सुकर (त्रि०) (रः । रा । रम्) सुख से करने के योग्य, (स्त्री) क्रोधरहित स्त्री ।

सुकल (त्रि०) (लः । ला । लम्) देनेवाला और खानेवाला वा खाने खिलाने वाला = ली ।

सुकुमार (त्रि०) (रः । रा ।—री । रम्) मृदु वा कोमल ।

सुकुमारकः (पुं०) एक प्रकार का ऊख ।

सुकृतम् (नपुं०) पुण्य ।

सुकृतिन् (त्रि०) (ती । तिनी । ति ।) पुण्यवान्, भाग्यवान् ।

सुख (त्रि०) (खः । खा । खम्) सुख देनेवाला = ली, (नपुं०) सुख ।

सुखवर्चकः (पुं०) सज्जीखार ।

सुखसन्दुह्या (स्त्री) सुख से दूहने के योग्य गैया ।

सुखसन्दोह्या (स्त्री) तथा ।

सुगतः (पुं०) बुद्ध (बौद्धों की देवता) ।

सुगन्ध (त्रि०) (न्धः । न्धा । न्धम्) सुगसन्धयुक्त वस्तु, (स्त्री) रासन वृक्ष ।

सुगन्धि (त्रि०) (न्धिः । न्धिः । न्धि) सुगन्धयुक्त वस्तु, (पुं०) सुगन्ध, (नपुं०) वालुका नाम गन्धद्रव्य ।

सुग्रीव (त्रि०) (वः । वा । वम्) सुन्दर गरदन वाला = ली, वालि वानर का भाई, कृष्ण के चार घोड़ों में से एक का नाम।

सुचरित्रा (स्त्री) पतिव्रता स्त्री ।

सुतः (पुं०) पुत्र, राजा ।

सुतश्रेणी (स्त्री) मूसाकर्णी औषधी ।

सुता (स्त्री) कन्या ।

सुत्या (स्त्री) सोमलता का कूटना।

सुत्रामन् (पुं०) (मा) इन्द्र ।

सुत्वन् (पुं०) (त्वा) जिस ने यज्ञसमाप्ति में अवभृथ नाम

एक स्नाम किया है ।

सुदर्शन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) विष्णु का चक्र ।

सुदायः (पुं०) कन्यादान के समय में और व्रत भिक्षा इत्यादि में जो द्रव्य दिया जाता है (दहजा इत्यादि) ।

सुदूर (त्रि०) (रः । रा । रम्) अत्यन्त दूरवाला = लो, (नपुं०) अत्यन्त दूर ।

सुधर्मन् (पुं० । स्त्री) (र्मा) अच्छे धर्म वाला वा अच्छा धर्मात्मा, (स्त्री) देवतों की सभा।

सुधर्मा (स्त्री) देवतों की सभा ।

सुधा (स्त्री) अमृत, चूना, बिजुली, भोजन, भँवरा, सँहुड़ (एक वृक्ष) ।

सुधांशुः (पुं०) चन्द्रमा ।

सुधीः (पुं०) पण्डित वा बुद्धिमान् ।

सुनासीरः (पुं०) इन्द्र ।

सुनिषण्णकम् (नपुं०) बिसखपरिया ओषधी ।

सुन्दर (त्रि०) (रः । री । रम्) सुन्दर वा मनोहर, (स्त्री) सुन्दर स्त्री ।

सुपथिन् (पुं०) (न्थाः) अच्छा मार्ग वा रास्ता ।

सुपर्णः (पुं०) गरुड़ पक्षी ।

सुपर्णकः (पुं०) अमिलतास वृक्ष।

सुपर्वन् (पुं०) (र्वा) देवता ।

सुपार्श्वकः (पुं०) गेठी वृक्ष ।

सुप्रतीकः (पुं०) ईशान कोण का दिग्गज ।

सुप्रलापः (पुं०) अच्छा बोलना ।

सुभग (त्रि०) (गः । गा । गम्) सुडौल वा देखने में अच्छा ।

सुभिक्षा (स्त्री) धव वृक्ष ।

सुमम् (नपुं०) फूल । [समम्]

सुमन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) (पुं०) गोंहूँ अन्न, (नपुं०) फूल ।

सुमनस् (पुं० । स्त्री) (नाः) (पुं०) देवता, (स्त्री) चमेली पुष्पवृक्ष ।

सुमनसः, बहुवचन, (स्त्री) फूल ।

सुमना (स्त्री) चमेली पुष्पवृक्ष ।

सुमेरुः (पुं०) एक पर्वत का नाम ।

सुरः (पुं०) देवता ।

सुरङ्गा (स्त्री) सुरङ्ग ।

सुरज्येष्ठः (पुं०) ब्रह्मा ।

सुरदीर्घिका (स्त्री) आकाशगङ्गा ।

सुरद्विष् (पुं०) (ट्—ड्) असुर वा दैत्य ।

सुरनिम्नगा (स्त्री) आकाशगङ्गा, गङ्गा ।

सुरपतिः (पुं०) इन्द्र ।

सुरभि (त्रि०) (भिः । भिः—भी ।

भि) सुन्दर वा मनोहर, सुगन्धयुक्त, प्रसिद्ध, (पुं०) चम्पा (पुष्पवृक्ष), वसन्त ऋतु, जायफल, (स्त्री) कामधेनु, सलई वृक्ष, (नपुं०) सुवर्ण वा सोना, कमल (पुष्पवृक्ष)।
सुरर्षिः (पुं०) देवऋषि (नारद इत्यादि)।
सुरलोकः (पुं०) स्वर्ग।
सुरवर्त्मन् (नपुं०) (र्त्म) आकाश।
सुरसा (स्त्री) रासन वृक्ष, सर्पों की माता।
सुरा (स्त्री) मद्य।
सुराचार्यः (पुं०) बृहस्पति।
सुरालयः (पुं०) स्वर्ग।
सुराह्वजम् (नपुं०) रहर पत्र।
सुरोदः (पुं०) मद्य का समुद्र।
सुवचनम् (नपुं०) अच्छा बोलना।
सुवर्ण (पुं०। नपुं०) (र्णः। र्णम्) सोलह मासे भर सोना, (नपुं०) सुवर्ण वा सोना।
सुवर्णकः (पुं०) अमिलतास वृक्ष।
सुवल्लि (स्त्री) (ल्लिः—ल्ली) बकुची ओषधी।
सुवह (त्रि०) (हः। हा। हम्) सुख से ढोने के योग्य, (स्त्री) सलई वृक्ष, एलापर्णी ओषधी, गोधापदी वा हंसपदी ओषधी, नेवारी पुष्पवृक्ष, रासन वृक्ष, बीन (बाजा)।
सुवासिनी (स्त्री) कुछ जवान विवाहिता स्त्री।
सुव्रत (त्रि०) (तः। ता। तम्) अच्छे व्रत का करने वाला वा अच्छे नियमवाला = ली, (स्त्री) सुख से दूहने के योग्य गैया।
सुषम (त्रि०) (मः। मा। मम्) सुन्दर वा रूपवान्, (स्त्री) अति सुन्दरता वा शोभा।
सुषवी (स्त्री) करैला तरकारी [सुसवी] [सुशवी], कालीजीरी।
सुषिः (स्त्री) छिद्र वा बिल।
सुषिरम् (नपुं०) बांसुली इत्यादि जो मुख से बजाया जाय, छिद्र वा बिल।
सुषिरा (स्त्री) मालकँगुनी ओषधी।
सुषीम (त्रि०) (मः। मा। मम्) ठण्ढी वस्तु, मनोहर वा सुन्दर, एक प्रकार का सर्प।
सुषेणः (पुं०) करौंदा वृक्ष, एक बन्दर का नाम।
सुषेणिका (स्त्री) श्याम निशोथ ओषधी।
सुष्ठु (अव्यय) अत्यन्त, प्रशंसा।
सुसंस्कृत (त्रि०) (तः। ता। तम्) अच्छी तरह से संस्कार किया

हुआ वा प्रशंसनीय ।
सुहृद् (पुं०) (त्—द्) मित्र ।
सुहृदय (त्रि०) (यः । या । यम्) साफ दिलवाला वा निर्मल चित्तवाला = ली, (पुं०) मित्र ।
सूकरः (पुं०) सूअर पशु ।
सूक्ष्म (त्रि०) (क्ष्मः । क्ष्मा । क्ष्मम्) अति छोटा = टी, अत्यन्त थोड़ा = ड़ी, (पुं०) दगाबाज़ी, लिङ्ग शरीर, परमाणु, (नपुं०) दूध, आकाश ।
सूचकः (पुं०) चुगलखोर ।
सूचनम् (नपुं०) अभिप्राय प्रकाश करना, चुगली खाना ।
सूची (स्त्री) सूई, एक प्रकार का नृत्य, चोटी ।
सूतः (पुं०) सारथि, पारा धातु, क्षत्रिय से ब्राह्मणी में पैदा हुआ लड़का, एक प्रकार का कारीगर (बढ़ई), बन्दी ।
सूतिकागृहम् (नपुं०) जनने का घर वा सौर का घर ।
सूतिमासः (पुं०) लड़का जनने का महीना अर्थात् नवाँ वा दसवाँ महीना ।
सूत्थान (त्रि०) (नः । ना । नम्) चतुर ।
सूत्रम् (नपुं०) सङ्क्षेप में ऋषियों का बनाया हुआ शास्त्र का तात्पर्यार्थ, सूत वा डोरा ।
सूत्रामन् (पुं०) (मा) इन्द्र ।
सूदः (पुं०) रसोईंदार, दही दूध खट्टा मीठा इत्यादि व्यञ्जनवस्तु, कढ़ी ।
सूना (स्त्री) प्राणी का बधस्थान, गले की घाँटी, पुत्री वा कन्या।
सूनु (पुं० । स्त्री) (नुः । नुः) (पुं०) लड़का, (स्त्री) लड़की ।
सूनृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) सत्य और प्रियवचन ।
सूपः (पुं०) दाल (एक भोज्यवस्तु)
सूपकारः (पुं०) रसोईंदार ।
सूरः (पुं०) सूर्य वा सूरज ।
सूरणः (पुं०) सूरन (एक तरकारी)।
सूरत (त्रि०) (तः । ता । तम्) दयावान् वा दयालु । [सुरत]
सूरसूतः (पुं०) अरुण (सूर्य का सारथि) ।
सूरिः (पुं०) पण्डित ।
सूर्प (पुं० । नपुं०) (र्पः । र्पम्) अनाज पछोड़ने का सूप ।
सूर्मि (स्त्री) (र्मिः—र्मी) लोहे की प्रतिमा वा मूर्ति ।
सूर्यः (पुं०) सूर्य वा सूरज ।
सूर्यतनया (स्त्री) यमुना नदी ।
सूर्यप्रिया (स्त्री) सूर्य की स्त्री

(१ छाया, २ संज्ञा, ३ राज्ञी)।
सूर्यसूतः (पुं०) अरुण (सूर्य का सारथि)।
सूर्येन्दुसङ्गमः (पुं०) अमावस तिथि।
सृक्कन् (नपुं०) (क) दोनों ओठों के किनारे।
सृक्कि (नपुं०) तथा।
सृक्किणी (स्त्री) तथा।
सृगः (पुं०) टेलवांस।
सृगालः (पुं०) सियार।
सृजिकाक्षारः (पुं०) सज्जीखार।
सृणि (स्त्री) (णिः—णी) हाथी का आंकुस।
सृणिका (स्त्री) मुहँ का लार।
सृणीका (स्त्री) तथा।
सृतिः (स्त्री) मार्ग वा रास्ता।
सृपाट (पुं० । स्त्री) (टः । टी) एक प्रकार का परिमाण।
सृमरः (पुं०) एक मृग जो बहुत दौड़ता है।
सृष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) बनायागया = ई, छोड़ दिया गया = ई, बहुत, निश्चय कियागया = ई।
सृष्टिः (स्त्री) जगत् वा संसार, निर्माण वा बनावट।
सेकपात्रम् (नपुं०) नाव के पानी के फेकने का एक काठ का बरतन।
सेचनम् (नपुं०) तथा, सींचना।
सेतुः (पुं०) सेतु वा पुल, वरुण वृक्ष।
सेना (स्त्री) सेना वा फौज।
सेनाङ्गम (नपुं०) हाथी घोड़ा रथ और पैदल—ये चारो।
सेनानीः (पुं०) स्वामिकार्तिक, सेनापति।
सेनामुखम् (नपुं०) वह सेना जिस में ३ हाथी ३ रथ ८ घोड़े और १५ पैदल रहते हैं।
सेनारक्षः (पुं०) सेना की खबरदारी करनेवाला।
सेलुः (पुं०) लसोड़ा वृक्ष।
सेवक (त्रि०) (वकः । विका । वकम्) सेवा करनेवाला = ली।
सेवनम् (नपुं०) सेवा करना, सीना (कपड़ा इत्यादि)।
सेवा (स्त्री) सेवा वा खिदमत।
सेव्य (त्रि०) (व्यः । व्या । व्यम्) सेवा करने के योग्य, (नपुं०) गांडर वृक्ष की जड़ वा खस (एक तरह की घास)।
सैकतम् (नपुं०) बालूयुक्त नदी इत्यादि का तीर।
सैतवाहिनी (स्त्री) बाहुदा नदी।
सैनिकः (पुं०) सेना का रक्षक, सेना का सिपाही।
सैन्धव (पुं० । नपुं०) (वः । वम्)

सेंधा नोन, (पुं०) घोड़ा ।
सैन्य (पुं० । नपुं०) (न्यः । न्यम्) (पुं०) सेना का सिपाही, (नपुं०) सेना वा फौज ।
सैरन्ध्री (स्त्री) दूसरे घर में रहनेवाली और स्वतन्त्र स्त्री जो स्त्रियों का सिँगार करती हो। [सैरिन्ध्रिः]
सैरिक (त्रि०) (कः । की । कम्) हरसम्बन्धी कोई वस्तु, (पुं०) हर जोतनेवाला ।
सैरिभः (पुं०) भैंसा पशु ।
सैरीयकः (पुं०) कठसरैया (एक पुष्पवृक्ष) ।
सैरेयकः (पुं०) तथा ।
सोढ (त्रि०) (ढः । ढा । ढम्) सहागया = है ।
सोत्प्रासम् (नपुं०) उपहास के सहित वचन ।
सोदर्यः (पुं०) एक पेट का भाई ।
सोन्माद (त्रि०) (दः । दा । दम्) उन्मत्त वा सनकी वा पागल ।
सोपप्लव (त्रि०) (वः । वा । वम्) उपद्रव के सहित, (पुं०) राहु से ग्रस्त अर्थात् जिन को ग्रहण लगा है ऐसे चन्द्र वा सूर्य ।
सोपानम् (नपुं०) सीढ़ी ।
सोभाञ्जनः (पुं०) सहेंजन वृक्ष ।
सोमः (पुं०) चन्द्र, सोमलता ।
सोमपाः (पुं०) सोमयाग करनेवाला । [सोमपः]
सोमपीथिन् (पुं०) (थी) तथा । [सोमपीती] [सोमपीवी]
सोमराजी (स्त्री) बकुची ओषधी ।
सोमवल्कः (पुं०) सफेद खैर, कायफल ओषधी ।
सोमवल्लरि (स्त्री)(रिः—री) ब्राह्मी (एक ओषधी) ।
सोमवल्लिका (स्त्री) बकुची ओषधी
सोमवल्ली (स्त्री) गुरुच ओषधी ।
सोमोद्भवा (स्त्री) नर्मदा नदी ।
सोल्लुण्ठनम् (नपुं०) उपहास के सहित वचन ।
सौगतः (पुं०) बौद्ध अर्थात् "जगत् का कारण कुछ भी नहीं है" ऐसे मत का अवलम्बी नास्तिक।
सौगन्धिकम् (नपुं०) सफेद कमल पुष्प, मुण्डी ओषधी, रोहिस तृण, एक प्रकार का अञ्जन जिसको रसाञ्जन वा गन्ध कहते हैं।
सौचिकः (पुं०) सूई से काम करनेवाला (दरजी रफूगर इत्यादि) ।
सौदामनी (स्त्री) बिजुली ।
सौदामिनी (स्त्री) तथा ।
सौध (पुं० । नपुं०) (धः । धम्)

चूना से बनाहुआ घर, अति उत्तम घर ।
सौभागिनेयः (पुं०) सुन्दरी वा प्यारी स्त्री का पुत्र ।
सौभाञ्जनः (पुं०) सहिंजन वृक्ष ।
सौम्य (त्रि०) (म्यः । म्या । म्यम्) सुधा = धी, सुन्दर, चन्द्र को निवेदन करने के योग्य वस्तु, (पुं०) बुध (एक ग्रह) ।
सौरभेयः (पुं०) बैल ।
सौरभेयी (स्त्री) गैया ।
सौराष्ट्रिक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) सुराष्ट्र देश का विष ।
सौरिः (पुं०) शनैश्चर ग्रह ।
सौवर्चकम् (नपुं०) सोंचरखार ।
सौवर्चल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) तथा ।
सौविदः (पुं०) राजों के अन्तःपुर वा जनानखाने का रक्षक वा डेउढ़ीदार ।
सौविदल्लः (पुं०) तथा ।
सौवीरम् (नपुं०) बेर का फल, सुरमा, काँजी ।
सौवीर्यम् (नपुं०) तथा ।
सौहित्यम् (नपुं०) तृप्ति वा सन्तुष्टता ।
संयत् (स्त्री) सङ्ग्राम वा युद्ध ।
संयत (त्रि०) (तः । ता । तम्) बाँधाहुआ वा जकड़ाहुआ = ई ।
संयमः (पुं०) बाँधना, इन्द्रियों का निग्रह ।
संयामः (पुं०) तथा ।
संयुगः (पुं०) सङ्ग्राम वा युद्ध ।
संयुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) संयुक्त वा मिलाहुआ = ई ।
संयोजित (त्रि०) (तः । ता । तम्) जोड़ाहुआ = ई । [संयोगित]
संरावः (पुं०) शब्द ।
संलापः (पुं०) परस्पर बातचीत करना ।
संवत् (अव्यय) वर्ष वा बरस वा साल ।
संवत्सरः (पुं०) तथा ।
संवननम् (नपुं०) मणि मन्त्र ओषधी इत्यादि से वशीकरण वा बस करना ।
संवर्तः (पुं०) प्रलय वा युग का अन्त ।
संवर्तिका (स्त्री) कमल इत्यादि का नया पत्ता ।
संवसथः (पुं०) गाँव ।
संवाहनम् (नपुं०) पैर हाथ इत्यादि के दबाने से शरीर की पीड़ा का दूर करना ।
संविद् (स्त्री) (त्—द्) बुद्धि वा ज्ञान, अङ्गीकार, युद्ध, बातचीत करना, कर्म वा काम, संयम,

नाम, सन्तुष्ट करना, सङ्केत, आचार ।

संवीक्षणम् (नपुं०) तात्पर्य से वस्तु को खोजना ।

संवीत (त्रि०) (तः । ता । तम्) घेराहुआ = ई, (जैसा नदी इत्यादि से नगर) ।

संवेगः (पुं०) हर्ष इत्यादि से कामों में जल्दी करना ।

संवेदः (पुं०) अनुभव वा ज्ञान ।

संवेशः (पुं०) सूतना ।

संव्यानम् (नपुं०) ओढ़ना वा दुपट्टा इत्यादि ऊपर का वस्त्र ("उत्तरीय" में देखो) ।

संशप्तकः (पुं०) जो पुरुष शपथ खाकर युद्ध में पीठ नहीं देता।

संशयः (पुं०) सन्देह ।

संश्रवः (पुं०) अङ्गीकार ।

संश्रुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) अङ्गीकार कियागया वा मान लियागया = ई ।

संश्लेषः (पुं०) आलिङ्गन वा लपटना ।

संसक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) लगाहुआ वा सटाहुआ = ई ।

संसद् (स्त्री) (त्—द्) सभा ।

संसरणम् (नपुं०) राजमार्ग वा सड़क, प्राणी का जन्म, बेरोक सेना की यात्रा ।

संसिद्धिः (स्त्री) स्वभाव, अच्छी तरह से कामों का पूरा होना।

संस्कारः (पुं०) किसी वस्तु में किसी गुण का स्थापन करना (जैसा फूल इत्यादि से वस्त्र को बासना), अनुभव वा ज्ञान करना, मनोरथ, उपनयन इत्यादि संस्कार ।

संस्कृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) संस्कारयुक्त, लक्षणयुक्त, कृत्रिम वा बनाउटी वस्तु ।

संस्तरः (पुं०) कुश का बिछौना, बिछौना, यज्ञ ।

संस्तवः (पुं०) परिचय वा जानपहिचान ।

संस्तावः (पुं०) यज्ञों में की वह भूमि जहाँ पर छन्दोग ब्राह्मण लोग स्तुति करते हैं ।

संस्त्यायः (पुं०) समूह, बैठक, विस्तार ।

संस्था (स्त्री) आधार, मर्यादा वा न्यायपूर्वक व्यवहार करना, मरना वा नाश ।

संस्थानम् (नपुं०) किसी वस्तु के अवयवों का विभाग, चौरहा, मरना वा नाश ।

संस्थित (त्रि०) (तः । ता । तम्)

मरगया = ई ।
संस्पर्शः (पुं०) स्पर्श करना वा छूना।
संस्पर्शा (स्त्री) चकवड़ (ओषधीवृक्ष)
संस्फोटः (पुं०) सङ्ग्राम वा युद्ध ।
[संस्फेटः]
संहत (त्रि०) (तः । ता । तम्) दृढ़ वा मज़बूत, मिलाहुआ वा एकट्ठा हुआ = ई ।
संहतलः (पुं०) "सिंहतल" में देखो।
संहतिः (स्त्री) समूह वा झुण्ड ।
संहननम् (नपुं०) शरीर वा देँह।
संहारः (पुं०) नाश, बटोरना वा एकट्ठा करना, एक नरक ।
संहूतिः (स्त्री) बहुत लोगों का एकट्ठा हो कर पुकारना ।
सांयात्रिकः (पुं०) जहाज़ लादने वाला व्यापारी ।
सांयुगीनः (पुं०) सङ्ग्राम वा युद्ध में चतुर, युद्ध का रथ ।
सांवत्सरः (पुं०) ज्योतिषी ।
सांशयिक (त्रि०) (कः । की । कम्) सन्देहयुक्त ।
सिंहः (पुं०) सिंह (एक वनपशु), मेषादि १२ राशियों में से एक राशि का नाम, श्रेष्ठ ।
सिंहतलः (पुं०) मिली हुई बाँईं और दहिनी हथेली ।
सिंहनादः (पुं०) वीरों का सिंह की तरह गरजना ।
सिंहपुच्छी (स्त्री) पिठवन ओषधी।
सिंहसंहनन (त्रि०) (नः । ना । नम्) दृढ़ अङ्ग और रूप से संयुक्त, (पुं०) अच्छा जवान ।
सिंहाणम् (नपुं०) लोहा की मैल।
सिंहानम् (नपुं०) तथा ।
सिंहासनम् (नपुं०) सोने से बना हुआ राजा के बैठने का आसन।
सिंहास्यः (पुं०) अडूस वृक्ष ।
सिंही (स्त्री) सिंह की स्त्री, अडूस वृक्ष, बनैला भण्टा ।
सैंहिकेयः (पुं०) राहु दैत्य ।
स्कन्दः (पुं०) स्वामिकार्तिक ।
स्कन्धः (पुं०) वृक्ष का धड़ अर्थात् शाखा पत्ता छोड़ कर शेष वृक्ष का भाग, काँधा, समूह, डार, राजा ।
स्कन्धशाखा (स्त्री) "स्कन्ध" से पहिली निकली हुई शाखा ।
स्कन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) चुयपड़ा वा गिरपड़ा = ड़ी ।
स्खलनम् (नपुं०) धर्म इत्यादि से बिचल जाना वा अन्याय करना, बालक के हाथ पैर, बिछलाय कर गिरना ।
स्खलित (त्रि०) (तः । ता । तम्) गिर पड़ा = ड़ी, (नपुं०) भूल

जाना, युद्ध की मर्यादा से अन्यथा करना वा युद्ध की मर्यादा को छोड़ देना ।
स्तनः (पुं०) स्तन वा चूँची ।
स्तनन्धय (पुं० । स्त्री) (यः । यी) दूधपिउवा बालक ।
स्तनप (पुं० । स्त्री) (पः । पा) तथा।
स्तनयित्नुः (पुं०) गर्जनेवाला मेघ।
स्तनितम् (नपुं०) मेघ का शब्द।
स्तब्धरोमन् (पुं०) (मा) सूअर पशु।
स्तभः (पुं०) बकरा पशु । [स्तुभः]
स्तम्बः (पुं०) तृण यव इत्यादि का गुच्छा, बिना डार का वृक्ष, डण्डा वा डाँठ ।
स्तम्बकरिः (पुं०) जव इत्यादि अन्न
स्तम्बघनः (पुं०) घास काटने का हथियार (खुरपा इत्यादि)।
स्तम्बघ्नः (पुं०) तथा ।
स्तम्बेरमः (पुं०) हाथी ।
स्तम्भः (पुं०) खम्भा, ठगमुरी ।
स्तवः (पुं०) स्तुति वा प्रशंसा ।
स्तवकः (पुं०) गुच्छा, वह कली जो फूलने चाहती है ।
स्तिमित (त्रि०) (तः । ता । तम्) स्थिर वा निश्चल, ओदा वा गीला = ली ।
स्तुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) जिस की प्रशंसा वा बड़ाई की गई, जिस का वर्णन वा बयान किया गया ।
स्तुतिः (स्त्री) स्तुति वा प्रशंसा ।
स्तूपः (पुं०) यज्ञ में पशु बाँधने का खम्भा, बड़ा (भोज्यवस्तु)।
स्तेनः (पुं०) चोर ।
स्तेमः (पुं०) ओदा होना, पानी इत्यादि का बूँद ।
स्तेयम् (नपुं०) चोरी ।
स्तैन्यम् (नपुं०) तथा ।
स्तोक (त्रि०) (कः । का । कम्) अल्प वा थोड़ा = ड़ी ।
स्तोत्रम् (नपुं०) स्तुति वा प्रशंसा ।
स्तोमः (पुं०) समूह, स्तोत्र वा स्तुति, यज्ञ ।
स्त्री (स्त्री) स्त्री वा मेहरारू ।
स्त्रीधर्मिणी (स्त्री) रजस्वला वा कपड़े से भई स्त्री ।
स्त्रीपुंसौ, द्विवचन, (पुं०) स्त्री पुरुष ।
स्त्रैण (त्रि०) (णः । णी । णम्) स्त्रीसम्बन्धी वस्तु, (पुं०) स्त्रीलम्पट पुरुष ।
स्थण्डिलम् (नपुं०) व्रती लोगों की सूतने की भूमि, यज्ञ के लिये संस्कारयुक्त की हुई भूमि।
स्थण्डिलशायिन् (पुं०) (यी) स्थण्डिल पर सूतनेवाला व्रतधारी।
स्थपतिः (पुं०) चितेरा, कञ्चुकी,

जीवेष्टि नाम यज्ञ करनेवाला, थवई वा मकान बनानेवाला राजगीर, बृहस्पतिसव नाम यज्ञ करनेवाला ।

स्थपुट (त्रि०) (टः । टा । टम्) टेढ़ामेढ़ा ऊँचाखाला सङ्कीर्ण स्थान ।

स्थलम् (नपुं०) स्थान वा जगह ।

स्थला (स्त्री) बनाई हुई भूमि ।

स्थली (स्त्री) बिना बनाई हुई भूमि ।

स्थविर (त्रि०) (रः । रा । रम्) बुड्ढा = ड्ढी ।

स्थविष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त मोटा = टी ।

स्थाणुः (पुं०) शिव, अत्यन्त स्थिर (खम्भा इत्यादि), ठूँठा वृक्ष ।

स्थाण्डिलः (पुं०) "स्थण्डिलशायिन्" में देखो ।

स्थानम् (नपुं०) स्थान, अवकाश, स्थिति ।

स्थानीयम् (नपुं०) राजमार्ग वा सड़क ।

स्थाने (अव्यय) योग्य वा उचित ।

स्थापत्यः (पुं०) "सौविदल्ल" में देखो ।

स्थापनम् (नपुं०) स्थापन करना वा रखना ।

स्थापनी (स्त्री) सोनापाढ़ा ओषधी

स्थामन् (नपुं०) (म) बल वा सामर्थ्य ।

स्थायुकः (पुं०) एक गाँव का अधिपति वा स्वामी ।

स्थालम् (नपुं०) एक प्रकार का पात्र ।

स्थाली (स्त्री) बटलोही (एक रसोई का बरतन), पाँडर (एक पुष्पवृक्ष) ।

स्थावरः (पुं०) जो चलता फिरता नहीं (पर्वत वृक्ष इत्यादि) ।

स्थाविरम् (नपुं०) बुढ़ाई वा बुढ़ौती ।

स्थासकः (पुं०) चन्दन इत्यादि से देह का लेपन, पानी इत्यादि का बुल्ला ।

स्थास्नु (त्रि०) (स्नुः । स्नुः । स्नु) बहुत काल तक स्थिर रहनेवाला = ली ।

स्थितिः (स्त्री) ठहरना, न्यायपूर्वक व्यवहार करना, बैठना ।

स्थिर (त्रि०) (रः । रा । रम्) स्थिर वा जो हिलता डोलता नहीं, (स्त्री) भूमि वा पृथ्वी, शालपर्णी ओषधी ।

स्थिरायुः (पुं०) सेमर वृक्ष ।

स्थूणा (स्त्री) खम्भा वा थून्ही,

लोहे की प्रतिमा वा मूर्ति ।
स्थूल (त्रि०) (लः । ला । लम्) मोटा = टी, निर्बुद्धि वा बुद्धि-रहित, (नपुं०) समूह ।
स्थूललक्ष (त्रि०) (क्षः । क्षा । क्षम्) दान देने में शूर ।
स्थूललक्ष्य (त्रि०) (क्ष्यः । क्ष्या । क्ष्यम्) तथा ।
स्थूलोच्चयः (पुं०) पर्वत का बड़ा ढोंका, असम्पूर्णता, हाथियों की मध्यम गति अर्थात् न जल्दी न धीरे ।
स्थेयस् (त्रि०) (यान् । यसी । यः) अत्यन्त स्थिर वा निश्चल ।
स्थौणेयम् (नपुं०) कुरोदा (एक सुगन्धवृक्ष) ।
स्थौरिन् (पुं०) (री) बोझा ढोनेवाला घोड़ा । [स्थोरी]
स्थौल्यम् (नपुं०) मोटाई ।
स्नवः (पुं०) स्राव वा बहना ।
स्नातकः (पुं०) जो ब्राह्मण वेद समाप्त कर के गृहस्थ हुआ, जो वेद समाप्त कर के दूसरे आश्रम को ग्रहण नहीं करता है ।
स्नानम् (नपुं०) स्नान वा नहाना ।
स्नायुः (स्त्री) वह नाड़ी वा नस जिस से अङ्ग प्रत्यङ्ग के जोड़ बँधे रहते हैं ।
स्निग्ध (त्रि०) (ग्धः । ग्धा । ग्धम्) चिकना = नी, स्नेहयुक्त, एक उमरवाला = ली ।
स्नु (पुं० । नपुं०) (स्नुः । स्नु) पर्वत की चोटी, पर्वत का समान भूमिभाग ।
स्नुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) बह निकला (जैसा गैया के स्तन से दूध) ।
स्नुषा (स्त्री) पुत्र की स्त्री ।
स्नुहा (स्त्री) सेंहुड़ एक वृक्ष ।
स्नुही (स्त्री) तथा ।
स्नुह् (स्त्री) (क्—ग्) तथा ।
स्नेहः (पुं०) प्रेम ।
स्पर्शः (पुं०) एक तरह का गुण (ठण्ढा गरम और मातदिल), छूना, उपताप नाम रोग [स्पशः]।
स्पर्शन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) (पुं०) वायु, (नपुं०) दान, छूना वा स्पर्श करना ।
स्पशः (पुं०) दूत वा हलकारा, सङ्ग्राम वा युद्ध, उपतापनाम रोग
स्पष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) प्रकट वा साफ़ वा खुलासा ।
स्पृक्का (स्त्री) असबरक (एक ओषधीवृक्ष) ।
स्पृशी (स्त्री) भटकटैया (एक कँटैली लता) ।

स्पृष्टिः (स्त्री) स्पर्श करना वा छूना ।

स्पृहा (स्त्री) इच्छा ।

स्प्रष्टृ (त्रि०) (ष्टा । ष्ट्री । ष्टृ) स्पर्श करनेवाला वा छूनेवा-ला = ली, (पुं०) उपतापनाम रोग [स्प्रष्टृ—(टा)] ।

स्फटा (स्त्री) सांप का फन ।

स्फरणम् (नपुं०) "स्फारणम्" में देखो ।

स्फातिः (स्त्री) वृद्धि ।

स्फार (त्रि०) (रः । रा । रम्) बहुत ।

स्फारणम् (नपुं०) स्फुरण वा फु-रफुराना वा फरकना ।

स्फिच् (स्त्री) (क्—ग्) कमर के मांस का पिण्ड जिस को कु-लहा कहते हैं ।

स्फिर (त्रि०) (रः । रा । रम्) बहुत ।

स्फुट (त्रि०) (टः । टा । टम्) फू-लाहुआ (वृक्ष इत्यादि), "स्पष्ट" में देखो ।

स्फुटनम् (नपुं०) पुष्प इत्यादि का फूलना, फूटना वा फटना ।

स्फुरण (स्त्री । नपुं०) (णा । णम्) "स्फारण" में देखो ।

स्फुलनम् (नपुं०) तथा ।

स्फुलिङ्ग (त्रि०) (ङ्गः । ङ्गा । ङ्गम्) आग की चिनगारी ।

स्फूर्जकः (पुं०) तेँदू वृक्ष ।

स्फूर्जथुः (पुं०) वज्र की ध्वनि वा बिजुली की कड़क ।

स्फेष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त बहुत ।

स्फोटनम् (नपुं०) "स्फुटनम्" में देखो ।

स्फोरणम् (नपुं०) "स्फारणम्" में देखो ।

स्म (अव्यय) भूतकाल का द्योतक, पादपूरणार्थक ।

स्मयः (पुं०) गर्व ।

स्मरः (पुं०) कामदेव ।

स्मरहरः (पुं०) शिव ।

स्मितम् (नपुं०) मुसकुराना वा मुसकान ।

स्मृतिः (स्त्री) स्मरण वा याद, मनु इत्यादि के कहे हुए धर्म-शास्त्र के ग्रन्थ ।

स्मेर (त्रि०) (रः । रा । रम्) मुसकानेवाला ।

स्यदः (पुं०) वेग वा वेग के स-हित चलना ।

स्यन्दन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) युद्ध के लिये रथ, (पुं०) बञ्जुल एक प्रकार का वृक्ष, (नपुं०)

बहना, पानी ।

स्यन्दनारोहः (पुं०) रथ का सवार

स्यन्दिनी (स्त्री) मुंह का लार ।

स्यन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) बह निकला (जैसा गैया के स्तन से दूध) ।

स्याद्वादिकः (पुं०) 'मोक्ष है वा नहीं है" ऐसा सन्देही वा दोनों बात का अङ्गीकार करने वाला नास्तिक ।

स्यूत (त्रि०) (तः । ता । तम्) थैली, पोयागया, सीयागया ।

स्यूतिः (स्त्री) सीना ।

स्योनः (पुं०) थैली ।

स्योनाकः (पुं०) सोनापाढ़ा ओषधी

स्रज् (स्त्री) (क्—ग्) माला ।

स्रवः (पुं०) बहना ।

स्रवद्गर्भा (स्त्री) अकस्मात् जिस का गर्भ पात हो गया ।

स्रवन्ती (स्त्री) नदी ।

स्रवा (स्त्री) मुर्रा एक वृक्ष ।

स्रष्टृ (पुं०) (ष्टा) ब्रह्मा ।

स्रस्त (त्रि०) (स्तः । स्ता । स्तम्) खसक गया वा गिरपड़ा = ड़ी।

स्राक् (अव्यय) शीघ्र वा जलदी ।

स्रुच् (स्त्री) (क्—ग्) होम में घी की आहुति देने का पात्र (ध्रुवा उपभृत् जुहू और स्रुवा—इन चारों के लिये यही नाम है) ।

स्रुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) "स्यन्न" में देखो ।

स्रुव (पुं० । स्त्री) (वः । वा) एक प्रकार का होम करने का स्रुवा, (स्त्री) मुर्रा वृक्ष ।

स्रुवावृक्षः (पुं०) विकङ्कत वा कँठेर वृक्ष । [स्रुवोवृक्षः]

स्रोतस् (नपुं०) (तः) सोता वा आप से जल का बहना, इन्द्रिय, नदी का वेग ।

स्रोतस्वती (स्त्री) नदी ।

स्रोतोञ्जनम् (नपुं०) सुरमा ।

स्रंसिन् (त्रि०) (सी । सिनी । सि) खसकनेवाला वा गिरनेवाला = ली, (पुं०) अखरोट (एक मेवा)।

स्व (त्रि०) (स्वः । स्वा । स्वम्) आत्मसम्बन्धी वा अपना = नी, (पुं०) आत्मा वा आप वा खुद, भाई बिरादर, सगोत्र, आत्मा, (पुं० । नपुं०) धन ।

स्वच्छन्द (त्रि०) (न्दः । न्दा । न्दम्) स्वाधीन वा स्वतन्त्र ।

स्वजनः (पुं०) अपना प्राणी, समान गोत्रवाला ।

स्वतन्त्र (त्रि०) (न्त्रः । न्त्रा । न्त्रम्) स्वाधीन वा स्वतन्त्र ।

स्वधा (अव्यय) पितृ लोगों को हवि वा पिण्ड इत्यादि देने में यह शब्द बोला जाता है।
स्वधिति (स्त्री) (तिः—ती) वृक्ष इत्यादि काटने की कुल्हाड़ी।
स्वनः (पुं०) शब्द।
स्वनित (त्रि०) (तः। ता। तम्) शब्दित वा शब्दयुक्त हुआ = ई, (नपुं०) शब्द।
स्वप्नः (पुं०) सूतना, सपना।
स्वप्नज् (त्रि०) (क्—ग्) सूतने वाला वा सुतक्कड़।
स्वभावः (पुं०) स्वभाव वा प्रकृति।
स्वभूः (पुं०) विष्णु।
स्वयम् (अव्यय) आप वा खुद।
स्वयम्भूः (पुं०) ब्रह्मा।
स्वयंवरा (स्त्री) वह कन्या जो अपनी इच्छा से पति को वरे।
स्वरः (पुं०) उदात्त अनुदात्त और स्वरित (ये ३ स्वर वेद के हैं), निषाद ऋषभ गान्धार षड्ज मध्यम धैवत पञ्चम (ये ७ स्वर गानशास्त्र के हैं)।
स्वरितः (पुं०) उदात्त और अनुदात्त स्वर मिल कर बनाहुआ एक प्रकार का स्वर।
स्वरुः (पुं०) इन्द्र का वज्र, यज्ञ में खम्भा के छीलने के समय उस में से गिरा पहिला टुकड़ा।
स्वरूप (त्रि०) (पः। पा। पम्) सुन्दर वा मनोहर, (पुं०) पण्डित, (नपुं०) स्वभाव।
स्वर् (अव्यय) (स्वः) स्वर्ग, परलोक।
स्वर्गः (पुं०) स्वर्ग।
स्वर्णम् (नपुं०) सुवर्ण वा सोना।
स्वर्णकारः (पुं०) सोनार।
स्वर्णक्षीरी (स्त्री) मकोय वृक्ष।
स्वर्णदी (स्त्री) आकाशगङ्गा।
स्वर्णदीर्घिका (स्त्री) तथा।
स्वर्भानुः (पुं०) राहु ग्रह।
स्वर्वेश्या (स्त्री) स्वर्ग की वेश्या वा अप्सरा।
स्वर्वैद्यौ, द्विवचन, (पुं०) अश्विनीकुमार।
स्ववासिनी (स्त्री) वह स्त्री जिसका पति जीता है, कुछ जवान विवाहिता स्त्री।
स्वसृ (स्त्री) (सा) बहिन।
स्वस्ति (अव्यय) कल्याण, आशीर्वाद, पुण्य, इच्छा।
स्वस्तिकः (पुं०) राजा इत्यादि धनपात्रों का एक प्रकार का घर।
स्वस्रियः (पुं०) बहिन का लड़का वा भाञ्जा।
स्वस्रीयः (पुं०) तथा।
स्वस्रेयः (पुं०) तथा।

स्वातिः (पुं० । स्त्री) एक नक्षत्र का नाम ।

स्वादु (त्रि०) (दुः । दुः—द्वी । दु) स्वादयुक्त, इष्ट वा चाहा हुआ =ई, मीठा =ठी ।

स्वादुकण्टकः (पुं०) कँटैर वृक्ष, गोखरू वृक्ष ।

स्वादुरसा (स्त्री) ककोड़ी औषधी।

स्वादूदः (पुं०) स्वादयुक्त जलवाला समुद्र ।

स्वाद्वी (स्त्री) दाख (एक मेवा)।

स्वाध्यायः (पुं०) वेद का पढ़ना ।

स्वानः (पुं०) शब्द ।

स्वान्तम् (नपुं०) मन ।

स्वापः (पुं०) सूतना ।

स्वापतेयम् (नपुं०) धन ।

स्वामिन् (पुं०) (मी) स्वामी वा प्रभु वा मालिक ।

स्वाराज् (पुं०) (ट्—ड्) इन्द्र ।

स्वाहा (स्त्री । अव्यय) (स्त्री) अग्नि की पत्नी, (अव्यय) देवतों को हवि देने में इस शब्द का उच्चारण करते हैं ।

स्वित् (अव्यय) प्रश्न वा पूछना, तर्क करना ।

स्वेदः (पुं०) पसीना, गरमी ।

स्वेदज (त्रि०) (जः । जा । जम्) स्वेद वा पसीने से उत्पन्न भया जन्तु (चीलर खटमल इत्यादि)।

वेदनी (स्त्री) मद्य बनाने का बरतन ।

स्वैर (त्रि०) (रः । री । रम्) मन्द वा ढीला =ली, स्वच्छन्द वा अपने मन का काम करनेवाला =ली।

स्वैरिणी (स्त्री) कुलटा वा वेश्या वा खानगी स्त्री ।

स्वैरिता (स्त्री) स्वच्छन्दता वा स्वतन्त्रता ।

स्वैरिन् (त्रि०) (री । रिणी । रि) स्वतन्त्र वा अपने मन का काम करनेवाला =ली ।

—***—

(ह)

ह (अव्यय) हर्ष, पादपूरण में ।

हः (पुं०) कोप, हाथी, शिव ।

हञ्जिका (स्त्री) ब्रह्मदण्डी औषधी।

हञ्जे (अव्यय) चेटी वा दासी का सम्बोधन (नाट्य में) ।

हट्टः (पुं०) बाजार ।

हट्टविलासिनी (स्त्री) वेश्या, न-

ख नाम गन्धद्रव्य ।
हठः (पुं०) हठ वा ज़बरदस्ती ।
हण्डे (अव्यय) नीच स्त्री का सम्बोधन (नाट्य में) ।
हत (त्रि०) (तः । ता । तम्) मारागया=ई, मन में टूट गया वा उदास हो गया=ई ।
हतिः (स्त्री) घात करना ।
हनुः (पुं० । स्त्री) ठुड्ढी, नख नाम गन्धद्रव्य ।
हन्त (अव्यय) खेद, हर्ष, दया, वाक्य का आरम्भ ।
हन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) हगा गया=ई, हगा=गी, (नपुं०) हगना ।
हयः (पुं०) घोड़ा ।
हयनम् (नपुं०) स्त्रियों के चढ़ने की गाड़ी ।
हयपुच्छी (स्त्री) माषपर्णी ओषधी।
हयमारकः (पुं०) कँदइल पुष्पवृक्ष।
हयी (स्त्री) घोड़ी ।
हरः (पुं०) शिव ।
हरणम् (नपुं०) हर लेना वा छीन लेना, "सुदाय" में देखो।
हरि (त्रि०) (रिः रिः—री । रि) हरे रङ्गवाला पदार्थ, कपिल वा कुछ पीली वस्तु, (पुं०) विष्णु, घोड़ा, इन्द्र, बन्दर, मेढ़क, वायु, सिंह, यम, चन्द्र, सूर्य, किरण वा प्रकाश, सुग्गा, सर्प ।
हरिचन्दन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) एक देवतों का वृक्ष, कपिल वा कुछ पीले रङ्ग का चन्दन ।
हरिण (त्रि०) (णः । णी । णम्) श्वेत पीत मिश्रित रङ्गवाली वस्तु (जैसी केवड़े के फूल की धूली होती है), (पुं०) हरिण वा मृग, श्वेत पीत मिश्रित रङ्ग, (स्त्री) हरिणी वा मृगी, सोने की मूर्ति, हरे रङ्ग की मूर्ति ।
हरित् (त्रि०) (त्—द्) हरे रङ्ग की वस्तु, (पुं०) हरा रङ्ग, घोड़ा, (स्त्री) दिशा (पूर्व पश्चिम इत्यादि), (पुं० । नपुं०) तृण ।
हरित (त्रि०) (तः । ता । तम्) हरे रङ्ग की वस्तु, (पुं०) हरा रङ्ग (स्त्री) हरी घास ।
हरितकम् (नपुं०) साग ।
हरितालम् (नपुं०) हरताल (एक धातु) ।
हरितालकम् (नपुं०) तथा ।
हरिदश्वः (पुं०) सूर्य वा सूरज।
हरिद्रा (स्त्री) हरदी ।
हरिद्राभः (पुं०) सुवर्ण वा सोना ।
हरिद्रुः (पुं०) दारुहरदी ।

हरिन्मणिः (पुं०) पन्ना एक मणि।
हरिप्रियः (पुं०) कदम्ब वृक्ष ।
हरिप्रिया (स्त्री) लक्ष्मी ।
हरिवालुकम् (नपुं०) बालुका (एक गन्धवस्तु)।
हरिमन्थकः (पुं०) चना (अन्न)।
हरिहयः (पुं०) इन्द्र ।
हरीतकी (स्त्री) हरैं ।
हरेणुः (पुं० । स्त्री) (पुं०) मटर (अन्न), (स्त्री) रेणुकबीज (एक सुगन्धवस्तु) ।
हर्म्यम् (नपुं०) धनियों का घर ।
हर्यक्षः (पुं०) सिंह ।
हर्षः (पुं०) सुख वा आनन्द ।
हर्षमाण (त्रि०) (णः । णा । णम्) प्रसन्नचित्त वा आनन्दित ।
हलम् (नपुं०) खेत जोतने का हर।
हला (अव्यय) सखी के सम्बोधन में (नाट्य में)।
हलायुधः (पुं०) बलदेव (कृष्ण के भाई)।
हलाहल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) एक तरह का विष ।
हलिन् (पुं०) (ली) बलदेव (कृष्ण के भाई)।
हलिप्रिय (पुं० । स्त्री) (यः । या) (पुं०) कदम्ब वृक्ष, (स्त्री) मद्य ।
हल्य (त्रि०) (ल्यः । ल्या । ल्यम्) जोताहुआ खेत, (स्त्री) हलों का समूह ।
हल्लकम् (नपुं०) लाल कल्हार पुष्प ।
हवः (पुं०) पुकारना, आज्ञा वा हुक्म, यज्ञ वा याग ।
हविष् (नपुं०) (विः) होम की वस्तु, (घी इत्यादि), घी ।
हव्यम् (नपुं०) होम की वस्तु ।
हव्यवाहनः (पुं०) अग्नि वा आग।
हसः (पुं०) हँसना, हास्यरस ।
हसनी (स्त्री) आग की बोरसी ।
हसन्ती (स्त्री) तथा ।
हस्तः (पुं०) हाथ, हस्त नक्षत्र, केहुनी से लेकर बिचली अँगुली तक का हाथ, (यह नाप में लिया जाता है), (यह शब्द जब "केश"वाचक शब्द के आगे रहता है तब इस का अर्थ समूह होता है, जैसे,—केशहस्तः—बालों का समूह)।
हस्तधारणम् (नपुं०) हाथ पकड़ना, रक्षा करना । [हस्तवारणम्]
हस्तिनखः (पुं०) नगर के द्वार पर से उतरने के वास्ते बनाई हुई उतार चढ़ाव वा ढार भूमि।
हस्तिन् (पुं०) (स्ती) हाथी ।